आज

३.००

तीन रुपये मात्र


भाजन

गौरवशाली परम्परा

१०७ वर्ष

पितृऋण से मिलेगी मुक्ति, पितरों की प्रसन्नता से आयेगी जीवन में खुशहाली

सर्वपितृविसर्जन



वाराणसी, सोमवार ५ अक्तूबर, २०२६ सौर १९, आश्विन कृष्ण १०, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

भदोही के हुनर को मिल रहे विकास, बाजार और अवसर के नये द्वार-योगी

विश्वविद्यालय के साथ भदोही में मेडिकल कालेज भी शीघ्र



भदोही। (हसं) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कालीन नगरी भदोही में 50वें इंडिया कारपेट एक्सपो का उद्घाटन करने के बाद भिखारीपुर मैदान में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जिले के लिए 1340 करोड़ रुपये से अधिक की 112 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें 440.84 करोड़ रुपये की 65 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 899.27 करोड़ रुपये की 47 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने कालीनों की दुनिया में मांग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कारीगरों के हुनर को वैश्विक बाजार उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने वाराणसी, भदोही और मिर्जापुर को मिलाकर सिल्क क्लस्टर के रूप में विकसित करने की बात भी कही। जनसभा में मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले की प्रदेश सरकारों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उस दौर में युवाओं को रोजगार के (शेष पृष्ठ ९ पर)

कहा कि भदोही का हुनर अब विकास, बाजार और अवसरों से जुड़ रहा है। हाथ से बने भदोही के

भदोही हुआ अब संत रविदास नगर

भदोही (हसं)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में भदोही के नाम को लेकर भी बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि जिला अब संत रविदास नगर भदोही के नाम से जाना जायेगा। मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद नाम को लेकर जनसभा में चर्चा तेज हो गयी। मुख्यमंत्री ने सपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि उसके एजेंडे में युवा और महिला नहीं हैं। सपा की राजनीति परिवार, माफिया और दंगाइयों के इर्द-गिर्द रही है। भाजपा सरकार ने प्रदेश को इस व्यवस्था से बाहर निकालकर कानून-व्यवस्था और विकास का माहौल बनाया है।

हर साल राहत नहीं स्थायी समाधान चाहिए-राहुल

बिहार की बाढ़ पर सरकार पर साधा निशाना

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बिहार में बाढ़ की स्थिति को लेकर चिंता जताते हुए राज्य की भाजपा नीत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बाढ़ से लाखों लोग प्रभावित हैं और सैकड़ों गांव जलमग्न हैं। कई लोगों की मौत और लापता होने की खबरें भी सामने आई हैं। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर कहा कि बिहार में बाढ़ का संकट नया नहीं है। हर साल बाढ़ से लोगों की जान जाती है, परिवार उजड़ते हैं और लोगों को पलायन करना पड़ता है। उन्होंने भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार से सवाल किया कि पिछले 17 वर्षों में इस वार्षिक त्रासदी से निपटने के लिए क्या कदम उठाए गए और जमीन पर क्या बदलाव आया। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों को हर साल राहत और आश्वासन नहीं, बल्कि बाढ़ की समस्या का स्थायी समाधान चाहिए। राहुल ने बाढ़ में अपनों को खोने वाले परिवारों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की।



भाजपा पूर्व जिला कोषाध्यक्ष के घर से अवैध शराब की खेप बरामद

दतिया (एजेंसी)। दतिया में अवैध शराब के खिलाफ सिविल लाइन पुलिस ने बड़ी कारवाई की है। पुलिस ने उनाव रोड स्थित बस बाड़ी के पास एक मकान से करीब 59 लीटर देशी और अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, यह मकान भाजपा के पूर्व जिला कोषाध्यक्ष बद्री साहू से जुड़ा है। कारवाई के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इंडिया गेट मार्च में हिरासत में कई नेता

नयी दिल्ली (आससे)। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और महिला पत्रकारों से कथित बदसलूकी के आरोपी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर रविवार को इंडिया गेट से जंतर-मंतर की ओर प्रस्तावित मार्च के दौरान पुलिस ने आम आदमी पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। मार्च को रोकने के लिए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि हिरासत में लेते समय पुलिस ने उन्हें उल्टा लटका दिया, ताकि कैमरों में उनका चेहरा न आ सके। उन्होंने सोशल मीडिया पर पुलिस कार्रवाई का वीडियो साझा करते हुए यह आरोप लगाया। भारद्वाज समेत अन्य नेताओं को पुलिस वाहनों में ले जाया गया। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे 'चौंकाने वाला' बताया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखी टिप्पणी की।

जीएसटी 2.0 में हो सकते हैं और बदलाव

नयी दिल्ली (आससे)। जीएसटी व्यवस्था में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। जीएसटी परिषद सात अक्तूबर को होने वाली बैठक में कर अधिकारियों की गिरफ्तारी की शक्तियां खत्म करने और गिरफ्तारी के लिए अदालत की मंजूरी अनिवार्य करने के प्रस्ताव पर विचार कर सकती है। इसके साथ ही, कर से जुड़े अपराधों में आपराधिक मुकदमा शुरू करने की सीमा एक करोड़ रुपये से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव है। सरकार का जोर अब गिरफ्तारी के बजाय टैक्स वसूली, ब्याज और जुर्माने के जरिये कारवाई करने पर है। ये प्रस्ताव मंजूर होने पर जीएसटी के तहत कारोबारियों के खिलाफ कारवाई का तरीका बदल सकता है। जीएसटी परिषद के सामने केंद्रीय जीएसटी कानून की धारा 69 में बदलाव का प्रस्ताव है। अभी इस धारा के तहत तय शर्तें पूरी होने और निर्धारित अपराध होने का विश्वास करने के आधार पर आयुक्त किसी अधिकारी को गिरफ्तारी की अनुमति दे सकता है।

अंतरिम से पहले आ सकता है एक और अनुपूरक बजट

लखनऊ (आससे)। अंतरिम बजट से पहले योगी सरकार एक और अनुपूरक बजट ला सकती है। सूत्र बताते हैं कि इसकी तैयारियों के लिए वित्त विभाग को संकेत दिए जा चुके हैं। चुनाव में जाने के पहले योगी सरकार और योजनाओं में पैसा डालने के अलावा इस अनुपूरक बजट में कुछ नई घोषणाओं के लिए रकम का इंतजाम कर सकती है। चुनाव के पहले महिलाओं को 40 हजार रुपये देकर उनका व्यापार शुरू करने की योजना को अमल में लाया जा सकता है। योगी सरकार इस दिशा में आगे बढ़ती है तो उसे रकम का इंतजाम करना होगा, जिसकी व्यवस्था वह अनुपूरक में कर सकती है।

पोती ने की दादा की हत्या

इंदौर (एजेंसी)। इंदौर के एरोड्रम थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां एक युवती पर अपने ही दादा की हत्या करने का आरोप लगा है। पुलिस ने मामले में आरोपी पोती को गिरफ्तार कर लिया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि युवती अपने दादा की कथित अश्लील हरकतों और प्रताड़ना से परेशान थी। 20 साल की युवती ने पुलिस को बताया कि 75 वर्षीय दादा द्वारा उसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म और अश्लील हरकतें की जाती थीं, जिसके चलते वह लंबे समय से मानसिक रूप से परेशान थी।



मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,

हमारी महान सनातन संस्कृति अतीत को स्मरण करने की परंपरा मात्र नहीं, अपितु अतीत से वर्तमान और वर्तमान से भविष्य को जोड़ने वाली जीवन-दृष्टि है। पितृ पक्ष इसी सनातन भाव की अभिव्यक्ति का अवसर है। आश्विन कृष्ण प्रतिपदा (27 सितंबर) से प्रारंभ हुआ यह पवित्र पक्ष आश्विन कृष्ण अमावस्या, अर्थात् सर्वपितृ अमावस्या (10 अक्टूबर) के साथ पूर्ण होगा। इन दिनों श्राद्ध के माध्यम से हम अपने पूर्वजों का स्मरण करते हैं, तर्पण कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। पिंडदान हमें याद दिलाता है कि आज हम जो कुछ हैं, उसमें हमारे पूर्वजों के तप, त्याग, परिश्रम और संस्कारों का भी योगदान है।

पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता अपने उत्तरदायित्व को समझने का संस्कार भी है। ***हमसे पहले की पीढ़ियों ने हमें जो दिया, उसे संरक्षित रखना और आने वाली पीढ़ियों को उससे अधिक समृद्ध विरासत सौंपना हमारा धर्म है।*** सतत विकास का यही भाव परिवार को पिरोता है, समाज को अपनी जड़ों से जोड़े रखता है तथा प्रदेश एवं राष्ट्र को नई ऊर्जा प्रदान करता है।

इतिहास में एक प्रसिद्ध प्रसंग वर्णित है। ***आगरा किले में अपने पुत्र औरंगजेब की कैद में रह रहे शाहजहां ने पानी के लिए व्यग्र होकर उसे पत्र लिखा था। शाहजहां ने पत्र में सनातन परंपरा का उल्लेख किया, जिसमें दिवंगत पूर्वजों को भी जल अर्पित किया जाता है।*** वहीं, क्रूर औरंगजेब ने जीवित पिता को भी जल के लिए व्याकुल कर दिया। यह प्रसंग हमें बताता है कि पूर्वजों के प्रति श्रद्धा हमारी सनातन जीवन-पद्धति में कितनी गहराई से रची-बसी है।


मेरा आप सभी से विशेष आग्रह है कि हम इस विरासत को केवल स्मरण तक सीमित न रखें, बल्कि अपने आचरण में उतारें। परिवार के वृद्धजनों का सम्मान करें, बच्चों को अपने संस्कारों से परिचित कराएं तथा ज्ञान, सेवा और सदाचार की उस परंपरा को आगे बढ़ाएं जो पीढ़ियों को जोड़ती है और भविष्य को दिशा देती है।

पूर्वजों से मिली स्वस्थ और सुरक्षित जीवन की विरासत को आगे बढ़ाना भी हमारा दायित्व है। हमारी सरकार प्रदेश के प्रत्येक परिवार के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य के लिए निरंतर कार्य कर रही है। ***इसी कड़ी में 1 से 31 अक्टूबर, 2026 तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 12 से 31 अक्टूबर, 2026 तक दस्तक अभियान चलेगा।*** स्वास्थ्यकर्मी, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां और अन्य विभागीय कर्मी घर-घर पहुंचकर स्वच्छता, रोग-लक्षणों की पहचान और समय पर उपचार के लिए लोगों को जागरूक करेंगे। पूर्वी उत्तर प्रदेश में कभी अभिशाप मानी जाने वाली इंसेफेलाइटिस का उन्मूलन यह सिद्ध करता है कि समग्र प्रयास और जनभागीदारी से असंभव को भी संभव किया जा सकता है।

आइए, स्वच्छता को अपनी दिनचर्या बनाएं, अपने आस-पास झाड़ियां न उगने दें, जलभराव न होने दें, बुखार जैसे लक्षणों को गंभीरता से लें और 'दस्तक' को हर घर में स्वास्थ्य-जागरूकता का अभियान बनाएं। स्वस्थ परिवार और स्वस्थ समाज से ही विकसित उत्तर प्रदेश का सपना साकार होगा।

आपका

योगी आदित्यनाथ



सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

स्वच्छ प्रदेश-स्वस्थ प्रदेश



*नियम और शर्तें लागू. बचत केवल सीमित समय तक लागू. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैश ऑफ़र से प्राप्त बचत की कुल राशि, ज़ीरो प्रोसेसिंग फ़ीस और 5 फ्री सर्विसेस (2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). शून्य पीएफ़ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. लागू होने वाले ऑफर अलग-अलग मॉडल या क्षेत्र के हिसाब से अलग-अलग हो सकते हैं. बताई गई एक्स-शोरूम कीमतें संबंधित मॉडल के बेस वैरिएंट की हैं. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

Authorised Dealers For Bajaj Auto Ltd.: Aurimore: OM BAJAJ 9628331199 • Azamgarh: HIMALAYA BAJAJ 9648877771 •PARAM BAJAJ 7310000838, 7310000949 • Bhadohi OMKAR BAJAJ 7272000065 • Gopiganj 9140833628 • SURIYAWAN 8286145562 Ballia : DASHRATH BAJAJ 9115051593 • Ghazipur: KPJ BAJAJ 9415972327 • THE HIND BAJAJ 9628372574 • Jaunpur: • Polytechnic Chouraha ANI AUTO SALES 9044287210 • Mau: Hanumant Bajaj 9140876212 , 8840041383•Mirzapur: KRISHNAMANI MOTORS 18008896008 •Janggi Road 9125745538 •Mughalsarai : RL BAJAJ 9151099545 • Robertsganj: SINGH BAJAJ 9721661000 • Varanasi: UDAY BAJAJ Sigra 7705008662 • Maduadih 9670047700 • Kuwar 7705008616 • Rajatalab 7705008683 • Ramnagar 8303638340 • Varunapul 7376236856 • RL BAJAJ Pahadiya 9151830563.

जांच में हो रही देर से सभासदों में आक्रोश

जमानियां,गाजीपुर। नगर पालिका परिषद जमानिया में सभासदों और पालिका प्रशासन के बीच विवाद एक बार फिर गहराता नजर आ रहा है। सभासदों ने 11 बिंदुओं पर गठित जांच समिति की जांच में हो रही देरी तथा बोर्ड बैठक में गृहकर समाप्त किए जाने के बावजूद जनता से कथित तौर पर गृहकर की वसूली जारी रहने को लेकर अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर सभासदों ने 8 अक्टूबर से नगर पालिका कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है। सभासदों ने उपजिलाधिकारी जमानिया को दिए पत्र में कहा कि नगर पालिका से संबंधित 11 बिंदुओं की जांच के लिए जिलाधिकारी गाजीपुर के निर्देश पर 25 अगस्त 2026 को जांच समिति गठित की गई थी। समिति को 15 दिनों के भीतर जांच आख्या प्रस्तुत करनी थी, लेकिन निर्धारित समय सीमा बीतने के बाद भी जांच पूरी नहीं हुई और आख्या सामने नहीं आई। सभासदों ने जांच में लगातार हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए तत्काल जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत कराने की मांग की है। वहीं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका जमानिया को दिए दूसरे पत्र में सभासदों ने दावा किया कि 11 सितंबर 2026 को हुई बोर्ड बैठक में सभासदों की सहमति से गृहकर संबंधी प्रस्ताव को समाप्त किया गया था। इसके बावजूद नगर पालिका अध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता पर जनता से गृहकर की कथित वसूली कराए जाने का आरोप लगाया गया है। सभासदों का कहना है कि इस संबंध में पहले भी एसडीएम, जिलाधिकारी, नगर निकाय प्रभारी और मंडलायुक्त वाराणसी मंडल को पत्र देकर शिकायत की जा चुकी है, लेकिन वसूली पर रोक नहीं लगी। इस दौरान सभासद अंजनी कुमार गुप्ता, राहुल वर्मा, मोहन गुप्ता, सचिन कुमार वर्मा, राकेश प्रजापति, सुरेंद्र चौधरी, उमराव सिंह यादव, शिवबचन सिंह यादव, मोहन राम, प्रमोद यादव, मनीष सिंह यादव,आदि मौजूद रहे।

पोखरी में डूबने से वृद्ध की मौत

मोहम्मदाबाद, गाजीपुर। थाना क्षेत्र के भदेसर गांव में रविवार सुबह पोखरी में डूबने से 65 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भदेसर गांव निवासी कालिका राजभर पुत्र स्वर्गीय भुवाली राजभर रविवार सुबह करीब सात बजे शौच के लिए खेत की ओर गए थे। इसी दौरान सड़क किनारे स्थित पोखरीनुमा खेत में पानी का प्रयोग करने के लिए गए, जहां पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चले गए। पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों की इच्छा पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस भेज दिया गया।



एसडीएम को सौंपते ज्ञापन। छाया:आज



रैली निकालते सपाई।

मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर सपाइयों ने निकाली रैली

गाजीपुर। राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर चुनाव आयोग के मुख्य आयुक्त ज्ञानेश कुमार और मोदी सरकार के द्वारा रची जा रही वोट काटने की साजिश का पर्दाफाश करने के उद्देश्य से मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी गाजीपुर ने आज दिनांक 4 अक्टूबर को जिलाध्यक्ष गोपाल यादव के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय डॉ लोहिया -मुलायम सिंह यादव भवन से लंका होते हुए सरजू पांडे पार्क तक पदयात्रा कर विरोध प्रदर्शन किया। पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। पदयात्रा के पुर्व पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पुर्व कैबिनेट मंत्री एवं जमानियां के विधायक माननीय ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि मोदी सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र है तो गरीब और आम आवाम जिंदा है।जिस दिन देश से लोकतंत्र खत्म हो जायेगा गरीब पूंजीपतियों और उनके आकाओं का गुलाम बनकर रह जायेगी। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त को लोकतंत्र के लिए कलंक बताते हुए कहा कि ज्ञानेश कुमार गरीब आवाम के सपनों को रौंदने का काम कर रहे हैं। इस मौके पर सरजू पांडे पार्क में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने कहा कि बाबा साहेब ने जो संविधान के माध्यम से मत देने का अधिकार दिया था जनता को उस अधिकार से वंचित करने की मोदी सरकार एवं चुनाव आयोग नापाक साजिश रच रही है। विधायक डॉ विरेन्द्र यादव ने कहा कि जनता मोदी सरकार और ज्ञानेश जी के खिलाफ आक्रोशित हैं , जनता के मन में इनके खिलाफ गुस्सा है। जिसकी वजह से देश क्रान्ति के मुहाने पर है। विधायक जै किशन साहू ने कहा कि जनता की अदालत में अपनी हार सुनिश्चित देखकर भाजपा बौखला गयी है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पुर्व विधायक त्रिवेणी राम, राष्ट्रीय सचिव राजेश कुशवाहा, पुर्व जिलाध्यक्ष सुदर्शन यादव, रामधारी यादव, डॉ नन्हकू यादव, अशोक कुमार यादव, सुग्गु यादव आदि मौजूद रहे।

अवैध अस्पताल को प्रशासन ने किया सीज

दिलदारनगर (गाज़ीपुर)। स्थानीय पावर हाउस के पास किराए के एक मकान में बिना पंजीकरण के संचालित हो रहे हड्डी रोग अस्पताल पर रविवार को प्रशासन का डंडा चला। स्वास्थ्य विभाग और प्रशासनिक टीम की संयुक्त छापेमारी व जांच के बाद अस्पताल को सीज कर दिया गया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में बिना पंजीकरण के चल रहे अस्पताल संचालकों में खलबली मच गई। अस्पताल में प्रत्येक रविवार को वाराणसी से हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.सिदार्थ सिंह आते है।जहां मरीजों की भीड़ लगती थी। सेवराई एसडीएम गजराज सिंह यादव व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेवराई के प्रभारी धनंजय आनंद अस्पताल पहुंचे। टीम ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और संचालन से संबंधित वैधानिक दस्तावेज व पंजीकरण प्रमाणपत्र मांगे जिन्हें संचालक प्रस्तुत करने में असमर्थ रहे।जांच में अस्पताल के पूर्णत: गैर-पंजीकृत पाए जाने पर अधिकारियों ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उसे तुरंत सीज कर दिया। यह कार्रवाई स्वास्थ्य विभाग की नियमित जांच प्रक्रिया के तहत की गई है। दिलदारनगर का यह हड्डी रोग अस्पताल बिना वैध पंजीकरण के संचालित होता पाया गया, जिसके बाद इसे सीज कर दिया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि क्षेत्र में बिना पंजीकरण या मानकों के विपरीत चल रहे अन्य सभी निजी चिकित्सा संस्थानों के खिलाफ भी जांच और सख्त कार्रवाई आगे जारी रहेगी।

गांजा के साथ ई-रिक्शा चालक गिरफ्तार

उतराव/ दुबिहां गाजीपुर। करीमुद्दीनपुर थाना पुलिस ने शनिवार की रात मंगई नदी पुल के पास से 5.296 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से गांजा के अलावा 220 रुपये नकद, मोबाइल फोन और एक ई-रिक्शा बरामद किया है।थानाध्यक्ष करीमुद्दीनपुर पवन उपाध्याय ने बताया की पुलिस टीम शनिवार की रात गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि लट्ठूडीह से गोड़उर की ओर जाने वाली सड़क पर मंगई नदी पुल के पास एक व्यक्ति गांजा लेकर मौजूद है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर रात करीब 8:25 बजे एक युवक को पकड़ लिया।

नाबालिग से छेड़खानी की सूचना पर मचा हड़कंप

जखनियां, गाजीपुर । क्षेत्र के भुड़कुड़ा कोतवाली अंतर्गत एक गांव में मंदिर के पास सुनसान स्थान पर नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी की जानकारी होते ही गांव मे चर्चा का बिषय बना रहा। नाबालिग लडकी ने सुबह घटना की सूचना डायल-112 पर दिए जाने के बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची । मौके समय जांच के बाद नाबालिग लड़की को अपने साथ थाने ले आई। सूचना मिलने के बाद लड़की के पिता , बाबा भी मौके पर पहुंचे ।घटना की सूचना के बाद भुड़कुड़ा क्षेत्राधिकारी राम कृष्ण तिवारी ,कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र पांडेय, सहित शादियाबाद , बहरियाबाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए गाजीपुर से फॉरेंसिक टीम भी बुलाई गयी ।पीड़ित पक्ष से अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है । जांच के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी।घटना की जानकारी फैलने के बाद गांव सहित आसपास के क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। फिर भी कोई मुंह खोलने के लिए तैयार नहीं है । लोग मामले की वास्तविकता सामने आने का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस और फॉरेंसिक टीम की जांच के बाद ही पूरे मामले की तस्वीर साफ होने की उम्मीद जताई है।

अलग-अलग मोबाइल नंबरों से अश्लील बातें करने पर दी तहरीर

दिलदारनगर, गाजीपुर। अलग-अलग मोबाइल नंबरों से अश्लील बातें और गाली-गलौज किए जाने से परेशान युवती ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दिलदारनगर गांव निवासी रागिनी कुमारी ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह नौकरी की तैयारी कर रही है। उसके मोबाइल नंबर पर अज्ञात व्यक्ति ने 8 सितंबर को एक नंबर और 9 सितंबर को दूसरे नंबर से फोन कर गाली-गलौज करने के साथ अश्लील बातें कीं। लगातार फोन आने से वह काफी परेशान और भयभीत है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर उपनिरीक्षक हरि माधव पांडे को विवेचना सौंपी है।

एमडीएम खाते से ४.६५ लाख की अनियमित निकासी

प्रधानाध्यापक निलंबित

गाजीपुर। देवकली विकासखंड के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बरहपुर में मध्याह्न भोजन (एमडीएम) के खाते से 4.65 लाख रुपये की कथित अनियमित निकासी का मामला सामने आया है। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए बेसिक शिक्षा विभाग ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार यादव को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई बीएसए उपासना रानी के निर्देश पर की गई। बताया गया कि विद्यालय में एमडीएम खाते से धनराशि निकाले जाने और वित्तीय अनियमितता की शिकायत एक गुमनाम पत्र के माध्यम से अधिकारियों को मिली थी। शिकायत के बाद विभाग ने मामले की जांच शुरू कराई। जांच में सामने आया कि 7 अप्रैल 2026 को एमडीएम खाते से 4,63,830 रुपये तथा 4 अगस्त 2026 को 74,812 रुपये की निकासी की गई थी। जांच के अनुसार दोनों बार निकाली गई कुल 4.65 लाख रुपये की राशि विद्यालय में कार्यरत एक शिक्षामित्र की मां के बैंक खाते में स्थानांतरित की गई थी। धनराशि के इस तरह स्थानांतरण को लेकर विद्यालय के प्रधान और प्रधानाध्यापक की भूमिका पर सवाल उठे हैं। हालांकि, मामले की विस्तृत विभागीय जांच अभी जारी है। जांच शुरू होने के बाद संबंधित खाते में पूरी 4.65 लाख रुपये की राशि 29 सितंबर 2026 को वापस जमा करा दी गई।राशि वापस जमा होने के बावजूद बेसिक शिक्षा विभाग ने प्रकरण को गंभीर वित्तीय अनियमितता मानते हुए प्रधानाध्यापक के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है। बीएसए उपासना रानी ने कहा कि जांच में यदि किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका सामने आती है तो उसके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विभागीय जांच पूरी होने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

कठवामोड़, गाजीपुर। नोनहरा थाना पुलिस ने अपराध से संबंधित एक वांछित अभियुक्त को रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। नोनहरा थाने में बीएनएस तथा पॉक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं में वांछित कुलदीप पुत्र देवेंद्र निवासी ग्राम गौछी, थाना मुजेसर, जनपद फरीदाबाद, हरियाणा को पुलिस टीम ने रविवार को सुबह करीब 6:45 बजे भाला चौराहे के पास से गिरफ्तार किया।



बाइक रैली में शामिल कार्यकर्ता। छाया:आज

नवीन बने भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता

गाजीपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन में गाजीपुर का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णबिहारी राय और महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सरोज कुशवाहा के बाद अब पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने जिले के नवीन श्रीवास्तव को प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति की खबर मिलते ही जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने फोन और विभिन्न माध्यमों से नवीन श्रीवास्तव को बधाई दी।नवीन की नियुक्ति को जिले के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रदेश संगठन में गाजीपुर की भागीदारी लगातार मजबूत हो रही है।



उनके प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने से जिले के कार्यकर्ताओं में भी उत्साह बढ़ा है। बधाई देने वालों में भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, जिला महामंत्री विष्णु सिंह, नगर अध्यक्ष अजय कुशवाहा, नगरपालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, पंकज सिंह चंचल, विनोद अग्रवाल, डॉ. सानंद सिंह, सुरेश श्रीवास्तव सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।



बैठक में शामिल भाग्राप एसो. के सदस्यगण। छाया:आज

जननायक चंद्रशेखर की जन्म शताब्दी पर निकली बाइक रैली

बाराचवर/लाठूडीह, गाजीपुर। जननायक चंद्रशेखर जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को विकासखंड बाराचवर के लाठूडीह से चितबड़ागांव तक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली में बड़ी संख्या में युवाओं, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर जननायक चंद्रशेखर जी के विचारों और राष्ट्रसेवा की विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। बाइक रैली का नेतृत्व मनमोहन राय एवं प्रवीण सिंह राजपूत ने किया। रैली में शामिल युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। बाइक रैली के माध्यम से जननायक चंद्रशेखर जी के संघर्ष, समाजवादी विचारधारा, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं राष्ट्रहित में उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। रैली के उपरांत राज्यसभा सांसद नीरज शेखर द्वारा चितबड़ागांव में आयोजित विशाल जनसभा में भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए। जनसभा के दौरान जननायक चंद्रशेखर जी के व्यक्तित्व, कृतित्व और देशहित में उनके योगदान को याद किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं और युवाओं का उत्साह देखते ही बना। आयोजकों ने कहा कि जन्म शताब्दी वर्ष जननायक चंद्रशेखर जी के विचारों और उनके संघर्षों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण अवसर है।

महिला की सोने की चेन, जिउतिया-लाकेट चोरी

तीन महिला गिरफ्तार

जमानियां,गाजीपुर। कोतवाली पुलिस ने जियुतिया पर्व के दौरान महिला की सोने की चेन और जियुतिया लॉकेट चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित महिलाओं के कब्जे से चोरी की जियुतिया, दो चैन के टुकड़े और एक जोड़ी पायल बरामद की है। गिरफ्तार महिलाओं में एक के खिलाफ प्रयागराज और देवरिया में भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, मुकदमा संख्या 332/2026 धारा 303(2) बीएनएस की वादिनी ऊषा देवी ने चोरी की शिकायत की थी। पूछताछ के दौरान छोटा संसारपार, बड़हलगंज निवासी सुनीता पत्नी अमित हरिजन ने पहले चोरी से इनकार किया, लेकिन कड़ाई से पूछताछ में चेन और जियुतिया चोरी करने की बात स्वीकार कर ली। महिला हेल्प डेस्क पर तैनात महिला कांस्टेबल की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसके ब्लाउज के अंदर लाल धागे में बंधी पीली धातु की अर्धचंद्राकार जियुतिया बरामद हुई। वादिनी ने उसकी पहचान अपनी जियुतिया के रूप में की।इसके बाद पुलिस ने प्रकाश में आईं गुड्डी पत्नी शंभू निवासी छोटा संसारपार और प्रेमा पत्नी गोविंद निवासी बाराचवर को चक्का बांध पंप गृह के दूसरे गेट से गिरफ्तार किया। तलाशी में गुड्डी और प्रेमा के कब्जे से एक-एक चैन का टुकड़ा और एक-एक पायल बरामद हुई।

भट्ठा स्वामियों की समस्याओं के समाधान को लेकर बैठक

गाजीपुर। जनपद ईंट निर्माता समिति के सदस्यों की वार्षिक बैठक रविवार को राधेश्याम वाटिका, रौजा में आयोजित हुई। बैठक में जिले के ईंट-भट्ठा स्वामियों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें जीएसटी, खनन, प्रदूषण, जिला पंचायत की वार्षिक शुल्क, वैभव कर तथा भट्ठों पर कार्यरत मजदूरों से संबंधित समस्याएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं। बैठक में जीएसटी विभाग के खंड-3 के अधिकारी विकास चंद्र ने भट्ठा स्वामियों को जीएसटी से संबंधित प्रावधानों और समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने व्यापारियों की समस्याओं को सुनते हुए नियमानुसार उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। समिति के अध्यक्ष रजनीकांत राय ने बैठक में मौजूद अधिकारियों का स्वागत करते हुए उनके समक्ष भट्ठा स्वामियों की विभिन्न समस्याएं रखीं। इस दौरान बिरनो ब्लॉक प्रमुख राजन सिंह, रामकेर यादव, रिकू राय, गोपाल राय, पवन कुमार, आसिफ अली, रामप्रकाश उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य और भट्ठा स्वामी मौजूद रहे।

भाग्राप असोसिएशन की बैठक में संघटन विस्तार पर हुई चर्चा

गाजीपुर। भारतीय ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक रविवार को मिश्रबाजार स्थित कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कमलेश कुमार पाण्डेय ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन के विस्तार को लेकर विचार विमर्श के बाद रणनीति बनाई गयी।इस दौरान निर्णय लिया गया कि संगठन का विस्तार जनपद के साथ-साथ प्रदेश स्तर तक किया जाएगा। बैठक में सभी सदस्यों ने संगठन को मजबूत करने को लेकर अपने-अपने विचार प्रमुखता से रखे। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी तहसील अध्यक्ष अपनी-अपनी तहसील इकाई की बैठक प्रत्येक माह में अनिवार्य रूप से करेंगे। इसके साथ ही आगामी नवंबर माह से सदस्यता अभियान चलाकर सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया गया, ताकि आने वाले नए वर्ष में भारतीय ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जनपद में और मजबूती के साथ कार्य कर सके।अंत जिलाध्यक्ष कमलेश कुमार पाण्डेय ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारा संगठन पत्रकारों की समस्याओं के साथ सदैव उसके साथ खड़ा है। बैठक में मुख्य रूप से डॉ. रामअवतार यादव, विजय प्रकाश श्रीवास्तव, प्रहलाद दास जायसवाल, अरुण कुमार तिवारी, धर्मेन्द्र मिश्रा, मो0इफ्तेखार अहमद, रामविलास पाण्डेय,जयप्रकाश राय, नंदलाल गिरी आदि सदस्य उपस्थित रहे। संचालन रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने किया।

आज
३.००
तीन रुपये मात्र

आज

गौरवशाली परम्परा

१०७ वर्ष

सर्वपितृविसर्जन



पितृऋण से मिलेगी मुक्ति, पितरों की प्रसन्नता से आयेगी जीवन में खुशहाली

वाराणसी, सोमवार ५ अक्तूबर, २०२६ सौर १९, आश्विन कृष्ण १०, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

बंगाल में लागू होगा यूसीसी

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि राज्य में उत्तराखंड और गुजरात की तर्ज पर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जायेगी। इसके साथ ही सरकार 'लव जिहाद' और 'लैंड जिहाद' के खिलाफ भी कानून बनायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन कानूनों को अगले छह महीने में लाने की तैयारी है। मुख्यमंत्री ने कोलकाता में आयोजित विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के एक कार्यक्रम में कहा कि उनकी सरकार संविधान के अनुसार काम करेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार भारतीय संस्कृति पर किसी भी तरह का हमला नहीं होने देगी और पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक धार्मिक पर्यटन सर्किट भी विकसित किया जायेगा। इसे अगले दो वर्षों में करीब 1,000 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जायेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य राज्य में धार्मिक स्थलों और उनसे जुड़े पर्यटन को विकसित करना है, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार भारतीय संस्कृति, सनातन परंपराओं, मंदिरों, मठों और (शेष पृष्ठ ९ पर)

ज्ञानेश कुमार भाजपा का हथियार-ठाकरे

मुम्बई में ठाकरे बंधुओं का शक्ति प्रदर्शन, ईसीई के खिलाफ निकाला मार्च

मुम्बई (आससे)। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को आरोप लगाया कि मुख्य रैली में कांग्रेस नेता बालासाहेब थोरात और विजय वडेट्टीवार के साथ-साथ शरद पवार नीत



निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार सत्तारूढ़ भाजपा का 'हथियार' हैं, जबकि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता राज ठाकरे ने राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को रद्द करने की मांग की। ठाकरे बंधुओं (चचेरे भाइयों) ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ मुंबई में विरोध मार्च का नेतृत्व किया जो एक विशाल रैली में तब्दील हो गया। इस राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) के जयंत पाटिल, शशिकांत शिंदे, जितेंद्र आव्हाड और अनिल देशमुख भी शामिल हुए। मनसे प्रमुख ने मांग की कि देश में आगामी चुनाव मतपत्र के जरिए कराए जायं। उन्होंने महाराष्ट्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को रद्द करने की भी मांग की। उद्धव ठाकरे ने सवाल किया कि यदि मतदाता सूची से बांग्लादेशियों के नाम हटाने के लिए एसआईआर कराया गया था, तो सरकार को देश में अवैध रूप से रह रहे कितने बांग्लादेशी मिले? पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, ज्ञानेश कुमार भाजपा का एक हथियार हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थोरात ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी लंबे समय से 'वोट चोरी' के बारे में बोल रहे हैं और उन्होंने इसके सबूत भी पेश किये थे। उन्होंने निर्वाचन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के तरीके की आलोचना करते हुए कहा कि और अब निर्वाचन आयोग के जरिये इसके सबूत भी सामने आ गये हैं। सत्ता हासिल करने के लिए भाजपा कुछ भी कर सकती है। थोरात ने दावा किया कि निर्वाचन आयोग की नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव किया गया और चयन समिति से उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति को हटा दिया गया, और यहीं से इन अनियमितताओं की शुरुआत हुई। 'विराट गर्जना मोर्चा' मेट्रो सिनेमा से शुरू होकर दक्षिण मुंबई स्थित बृहन्मुंबई महानगरपालिका मुख्यालय पर समाप्त हुआ। प्रदर्शनकारियों ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में हुई कथित अनियमितताओं को लेकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पद से हटाने या उनके इस्तीफे की मांग की। मोर्चे में राजनीतिक दलों के झंडों के इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी गयी थी। इसमें शामिल कार्यकर्ताओं और समर्थकों से केवल राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर आने को कहा गया था। यह प्रदर्शन मुंबई के शिवाजी पार्क में मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ कॉकरोच जनता पार्टी द्वारा आयोजित जेल भरो आंदोलन के दो दिन बाद आयोजित किया गया।

महाराष्ट्र में छात्रों का उग्र प्रदर्शन, सरकार को दी चेतावनी

मुम्बई (आससे)। महाराष्ट्र में महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग (एमपीएससी) की परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के आंदोलन को समर्थन देने के लिए छात्र नेता अभिजीत दीपके पुणे पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा है कि राज्य में 20 लाख से अधिक युवा इन परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। दीपके ने सरकार को उनकी आवाज सुनने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ये युवा सिर्फ परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र नहीं हैं, बल्कि मतदाता भी हैं। युवाओं की नाराजगी का जवाब मतदान के जरिए भी सामने आ सकता है। अभिजीत दीपके ने अपने संदेश में कहा कि अगर सरकार आज युवाओं की आवाज नहीं सुनती है, तो कल यही युवा अपने वोट के जरिए सरकार को जवाब देंगे। उनका बयान ऐसे समय आया है, जब एमपीएससी अभ्यर्थियों का सत्याग्रह चल रहा है। रोहित पवार ने सोशल मीडिया पर बताया कि छात्र नेता अभिजीत दीपके बुधवार शाम एमपीएससी अभ्यर्थियों के सत्याग्रह में शामिल होने और आंदोलन को समर्थन देने पहुंच रहे हैं। उन्होंने अपनी पोस्ट में दीपके का जिक्र करते हुए (शेष पृष्ठ ९ पर)

सीट नहीं जीत मायने रखती है-अखिलेश

लखनऊ,। यूपी असेम्बली इलेक्शन में चंद महीने बाकी हैं। विधानसभा सीटों के बंटवारे पर कांग्रेस और उसकी सहयोगी समाजवादी पार्टी के बीच बयानबाजी हो रही है। बयानबाजी के बीच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यूपी में सीटों के बंटवारे पर बिना नाम लिए कांग्रेस को




सीट बंटवारे पर सपा सुप्रीमो की दो टूक

नसीहत दी है।अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट में लिखा है कि ये बड़ी बात नहीं कि गठबंधन में कितनी या कौन सी सीट किसके पास जा रही। अखिलेश यादव ने लिखा है कि हम सबको सुनिश्चित करना है कि जीत गठबंधन की हो। उन्होंने लिखा- बात सीट की नहीं जीत की है। बीते दिनों यूपी कांग्रेस प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने कहा था कि उनकी पार्टी को यूपी विधानसभा की 403 में आधी सीटें मिलनी चाहिए। गौतम ने कहा था कि किसी भी सूरत में कांग्रेस 150 सीट से कम पर नहीं लड़ेगी। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद को यूपी कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है। इमरान मसूद सीट बंटवारे के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी पर हमलावर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के सांसद एसपी सिंह पटेल ने पलटवार किया था। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस को अपनी राजनीतिक हैसियत देखनी चाहिए कि उसके कितने सांसद और विधायक हैं। समाजवादी पार्टी सांसद ने ल कहा था कि अगर यूपी में कांग्रेस को 50 सीट भी दी जाएं, तो भी ज्यादा होगा। 2022 में यूपी विधानसभा चुनाव कांग्रेस और समाजवादी पार्टी अलग-अलग लड़े थे। कांग्रेस को सिर्फ 2 विधानसभा सीट पर जीत मिली थी समाजवादी पार्टी ने 111 सीट पर जीत हासिल की थी। 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने विपक्षी दलों को साथ लेकर इंडी गठबंधन बनाया। समाजवादी पार्टी हिस्सा बनी।

महिलाओं के साथ बर्बरता बर्दाश्त नहीं-प्रियंका

नयी दिल्ली (आससे)। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश



दिल्लीमें महिला पत्रकारों के उत्पीड़नपर भड़की प्रियंका

कुमार के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा महिला पत्रकारों के कथित यौन उत्पीड़न को लेकर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से सवाल किया कि वे इस पर ध्यान क्यों नहीं दे रहे हैं। गांधी ने कहा कि महिला पत्रकारों ने जंतर-मंतर पर रिपोर्टिंग के दौरान पुलिसकर्मियों पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि दर्जनों पत्रकारों के विरोध के बावजूद न तो कोई एफआईआर दर्ज की गयी और न ही कोई ठोस कारर्वाई की गयी प्रियंका गांधी ने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से विरोध कर रही महिलाओं का यह भी आरोप है कि पुलिस उनके साथ बहुत बुरा बर्ताव कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाएं उसी पुलिस बल से असुरक्षित महसूस कर रही हैं, जिसका काम सुरक्षा देना है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि कॉलेज की छात्राओं से लेकर पत्रकारों तक, हर जगह महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं। प्रियंका गांधी ने ट्वीट मे कहा नरेंद्र मोदी जी, अमित शाह जी, क्या महिलाओं के साथ ये बर्ताव उचित है? अगर नहीं तो आप इसका संज्ञान क्यों नहीं लेते? एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि तीन अक्तूबर को जंतर-मंतर पर सीईसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान तीन महिला पत्रकारों ने पुलिसकर्मियों पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

महिला पत्रकारों ने पुलिस पर यौन उत्पीड़न का लगाया आरोप

नयी दिल्ली,(आससे)। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ शनिवार को जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन के दौरान तीन महिला पत्रकारों ने दिल्ली पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों पर हिरासत में लिए जाने के दौरान यौन उत्पीड़न और बदसलूकी का आरोप लगाया। शिकायत मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए इसे क्राइम ब्रांच को भेज दिया है। दिल्ली पुलिस ने 'एक्स' पर बताया कि 3 अक्टूबर को नई दिल्ली इलाके में विरोध-प्रदर्शन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दौरान महिला पत्रकारों की शिकायतें मिलीं। पुलिस के अनुसार, शिकायतें दर्ज करने के बाद तीनों का मेडिकल परीक्षण (शेष पृष्ठ ९ पर)

यूक्रेन : भारतीय दवा कंपनी के प्लांट पर रूसी ड्रोन का हमला


कीव (एजेंसी)। यूक्रेन के सूमी क्षेत्र में भारतीय समूह कुसुम ग्रुप द्वारा संचालित एक दवा निर्माण संयंत्र रूसी ड्रोन हमले में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हुए हैं। हमले में कुसुम ग्रुप के स्वामित्व वाले संयंत्र की मुख्य इमारत को भारी नुकसान पहुंचा और



एक की मौत, कई घायल, भारी नुकसान

उसका बड़ा हिस्सा नष्ट हो गया। घटनास्थल के सामने आए दृश्यों में ड्रोन हमले के बाद फैक्टरी से धुएं का बड़ा गुबार उठता दिखाई दिया। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि बचाव और नुकसान के आकलन का काम जारी है। ऐसे में मृतकों और घायलों की संख्या में बदलाव हो सकता है। कुसुम ग्रुप ने 1994 में यूक्रेन में भारतीय दवाओं के वितरक के तौर पर काम शुरू किया था। फिलहाल कंपनी भारतीय नागरिक राजीव गुप्ता के नेतृत्व में संचालित होती है। कंपनी खुद को भारतीय जड़ों वाली यूक्रेनी कंपनी बताती है। कंपनी ने 2002 में दूसरी कंपनियों की दवाओं के वितरण से आगे बढ़ते हुए अपने ब्रांड विकसित करना शुरू किया। इसके बाद उसने दवा निर्माण के क्षेत्र में कदम रखा। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने 2007 में भारत में एक विनिर्माण संयंत्र शुरू किया और इसके बाद 2009 में यूक्रेन के सूमी में अपना संयंत्र स्थापित किया। बाद में भारत में दो और विनिर्माण संयंत्र जोड़े गये। कुसुम ग्रुप 50 से अधिक दवाओं का उत्पादन करता है।

एशियाई खेलोंका रंगारंग समापन



राम मंदिर चढ़ावा चोरी की मामले की हो स्वतंत्र जांच-कांग्रेस

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मामलों को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सीसीटीवी में चोरी की 105 घटनाएं सामने आने के बावजूद जांच सीमित स्तर पर की जा रही है और जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय नहीं हुई है। रमेश ने 'एक्स' पर कहा कि इन मामलों में करीब 79.85 लाख रुपये की बरामदगी के आधार पर जांच को समाप्त करने का प्रयास क्यों किया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि मंदिर व्यवस्था से जुड़े चंपत राय और अनिल मिश्रा को आरोपी बनाने के बजाय गवाह क्यों बनाया गया। कांग्रेस नेता ने कहा कि 4 जून को चोरी की रकम से संबंधित वीडियो चंपत राय तक पहुंचने, 5 जून को सीसीटीवी देखने और 25 जून को प्राथमिकी दर्ज होने के बीच 21 दिनों की देरी का कारण स्पष्ट किया जाना चाहिए।

अनावश्यक चेन पुलिंग पर रेलवे की सख्ती

प्रयागराज (आससे)। ट्रेनों के सुरक्षित और समयबद्ध संचालन में बाधा डालने वाली अनावश्यक अलार्म चेन पुलिंग (एसीपी) के खिलाफ प्रयागराज मंडल ने सख्त रुख अपनाया है। मंडल में जनवरी से सितंबर 2026 तक चलाए गए विशेष अभियान के दौरान बिना उचित कारण अलार्म चेन खींचने के आरोप में 2833 लोगों को गिरफ्तार कर रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।रेलवे के मुताबिक जनवरी में 274, फरवरी में 244, मार्च में 341, अप्रैल में 318, मई में 386, जून में 397, जुलाई में 289, अगस्त में 279 और सितंबर में 305 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। सबसे अधिक 397 मामले जून में सामने आए।आरपीएफ पोस्ट के स्तर पर सबसे अधिक कार्रवाई कानपुर सेंट्रल में हुई, जहां 437 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद टूंडला में 275, अलीगढ़ में 213, इटावा में 212, प्रयागराज जंक्शन में 207, फतेहपुर में 189, नैनी में 180 और फफूंद में 170 लोगों पर कार्रवाई की गई।

नीट-यूजी पेपर लीक मामले में दूसरी चार्जशीट दाखिल करेगी सीबीआई

नयी दिल्ली (एजेंसी)। देशभर के लाखों छात्रों के भविष्य को अधर में लटकाने वाले और व्यापक विरोध प्रदर्शनों की वजह बने नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो अगले एक हफ्ते के भीतर अपनी दूसरी और अंतिम चार्जशीट दाखिल करने जा



ईडी कर रही साक्ष्यों की समीक्षा

रही है। जांच से जुड़े अधिकारियों के अनुसार, सीबीआई की इस अंतिम चार्जशीट में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी या शिक्षा मंत्रालय का कोई भी सरकारी अधिकारी आरोपी नहीं बनाया जाएगा। सीबीआई की इस जांच रिपोर्ट के बाद छात्रों और अभिभावकों के बीच नाराजगी है, क्योंकि जांच में केवल 13 निजी व्यक्तियों- विषय विशेषज्ञों, कोचिंग संचालकों और बिचौलियों की भूमिका ही तय हो सकी है।

यमुना एक्सप्रेसवे पर कार में लगी आग, एक की मौत

मथुरा (आससे)। मथुरा में यमुना एक्सप्रेस वे पर थाना राया क्षेत्र में माइल स्टोन 107 पर पुलिस की गश्त गाड़ी और होंडा सिटी में भीषण टक्कर हो गयी। हादसे में एक की मौत हो गयी जबकि पुलिसकर्मी सहित तीन घायल हो गये। दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। रविवार को यमुना एक्सप्रेस वे पर थाना राया क्षेत्र में माइल स्टोन 107 के समीप पुलिस की गश्त कर रही गाड़ी की होंडा सिटी कार से भिड़त हो गयी। टक्कर के बाद होंडा सिटी कार में भीषण आग लग गयी। कार में भीषण लपटें देख एक्सप्रेसवे पर वाहनों की रफ्तार थम गयी। सीओ मांट अमरनाथ यादव ने बताया की हादसे में कार में सवार दिल्ली के राजौरी गार्डन निवासी राघव की मौत हो गयी, जबकि उसकी बहन प्रतिभा घायल हो गईं है।

पूर्वांचल एक्सप्रेस पर हादसा, चार की मौत

लखनऊ (आससे)। रविवार को सुबह सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा हो गया। यहां सैनिक का पार्थिव शरीर ले जा रही



एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर

योगी ने जताया दुख

रविवार सुबह भारतीय सेना के जवान सत्यवान सिंह (50) का पार्थिव शरीर लेकर जा रही एंबुलेंस अनियंत्रित होकर खड़ी ट्रक में पीछे से टकरा गई। हादसे में हलियापुर के जरईकला (माइल स्टोन 79.6) के पास हुए हादसे में जवान के भाई, बेटे, रिश्तेदार और एंबुलेंस चालक की मौत हो गई।हादसे की सूचना पर डीएम इंद्रजीत सिंह और एसपी विनीत जायसवाल मौके पर पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य के निर्देश दिए हैं।

ट्रम्प ने बनायी सुपर इंटेलिजेंस फोर्स

वॉशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' के क्षेत्र में अमेरिका का वैश्विक नेतृत्व बनाये रखने के लिए एक नयी 'सुपर इंटेलिजेंस फोर्स'

एआई की दौड़ में अमेरिका को आगे रखने की तौयारी

यानी एसआईएफ के गठन की घोषणा की है। व्हाइट हाउस की यह टास्क फोर्स संघीय सरकार के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े प्रयासों के बीच समन्वय का काम करेगी। इसकी अगुवाई राष्ट्रीय खुफिया निदेशक जे क्लेटन करेंगे। ट्रंप ने रविवार को ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में इस नई फोर्स के गठन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अमेरिका सुपर इंटेलिजेंस के क्षेत्र में दुनिया में अपनी बढ़त बनाए रखे और साथ ही अमेरिकी हितों की रक्षा हो। ट्रंप ने लिखा, सुपर इंटेलिजेंस पर ऐतिहासिक व्हाइट हाउस समझौते के बाद, जिसमें दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी कंपनियां एक साथ आईं और अमेरिकी लोगों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों की पुष्टि की, मैं सुपर इंटेलिजेंस फोर्स के गठन की घोषणा कर रहा हूं। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि एसआईएफ का काम संघीय सरकार के उन प्रयासों में समन्वय करना होगा, जिनके जरिये यह सुनिश्चित किया जा सके कि अमेरिका सुपर इंटेलिजेंस के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व करता रहे।



अमेरिका ने जानबूझकर खुद को बनाया अकेली ताकत-जयशंकर

म्यूनिख (एजेंसी)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को वैश्विक भू-राजनीति के बदलते समीकरणों पर बात की। एस जयशंकर ने कहा कि अमेरिका का बदला हुआ रुख और चीन का उभार आज के अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के दो मुख्य स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा अब केवल अमेरिका और चीन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसने विभिन्न देशों के पास मौजूद प्रभाव और साधनों के इस्तेमाल को (शेष पृष्ठ ९ पर)

असम के घिलमारा में नाव पलटी, तीन की मौत

लखीमपुर (एजेंसी)। असम के लखीमपुर जिले में रविवार को एक आर्द्रभूमि में नाव पलटने से एक ही परिवार के दो सदस्यों समेत तीन लोगों की डूबने से मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोग घिलामारा इलाके के देबोलिया गांव के रहने वाले थे और वे अपने मवेशियों को चराने के लिए पास के गोसाईबाड़ी जाने के लिए मेरबिल पार कर रहे थे। रास्ते में छोटी नाव पलट गयी और आर्द्रभूमि में पानी अधिक होने के कारण तीनों डूब गये।

यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/
आज
निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राईब करें।

मौसम
सूर्योदय : ०५.१४
सूर्यास्त : ०६.५२
तापमान
अधि. : ३६.०
न्यून. : २९.०



एक नजर इधर भी

कलाकारों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

जिला प्रशासन की अभिनव सांस्कृतिक पहल सुबह-ए-बनारस के अंतर्गत आयोजित घाट संध्या में रविवार को सुर, साधना और बनारस घराने की थाप का अद्भुत संगम देखने को मिला।प्रथम चरण में कोलकाता से पधारे युवा कलाकार वायलिन वादक सौपर्णो घोष ने कार्यक्रम का शुभारंभ



वैष्णव जन को तेने कहिए एवं रघुपति राघव और समापन शिव कैलाशो के वासी से किया।संगत कलाकार के रूप मे तबला वादक सुमन सरकार उपस्थित रहे । द्वितीय चरण में वाराणसी की सुनिधि पाठक ने उत्तर भारत का प्रसिद्ध नृत्य शैली कथक नृत्य का शुभारंभ देवी स्तुति तत्पश्चात धमार ताल और समापन ताल ठुमरी से किया। प्रमाण पत्र अभिजीत दीक्षित ,समाजसेवी एवं सुरगंगा के आयोजक आलोक पारिख ,धर्मवीर यादव, पी के श्रीवास्तव, के के श्रीवास्तव ,प्रवीण कुमार केसरी ,अपराजिता केसरी ने प्रदान किया । धन्यवाद ज्ञापन श्याम कुमार केसरी ने किया।

माता नवमी पर कुष्ठ आश्रम में संकल्प ने बांटा सेवा और अपनत्व

पितृपक्ष की माता नवमी पर संकल्प संस्था ने सारनाथ स्थित काशी कुष्ठ सेवा आश्रम में सेवा कार्य किया। संस्था की ओर से आश्रम में रह रहे कुष्ठ रोगियों और अपनों से दूर जीवन की सांझ गुजार रहे वृद्धजनों को फल, मिष्ठान व आवश्यक खाद्यान्न सामग्री प्रदान की गई। सदस्यों ने आश्रमवासियों से मिलकर उनका हालचाल जाना और उनके साथ समय बिताया। इस मौके पर अमेरिका से आए शिवकुमार गुप्ता ने आश्रम के रमेश



चंद्र श्रीवास्तव 'बाबाजी' और वहां रहने वाले लोगों से आश्रम की व्यवस्थाओं व उनकी जरूरतों के बारे में जानकारी ली। संकल्प संस्था के संरक्षक अनिल कुमार जैन ने कहा कि पितृपक्ष में हम अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। माता नवमी मां के स्नेह, त्याग और ममता से जुड़े भावों के साथ सेवा की भावना को और मजबूत करता है। इस मौके पर रमेश चंद्र श्रीवास्तव शिवकुमार गुप्ता, लवजी अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, आलोक राय, सुशांत श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

अज्ञान और मोह को दूर करती है श्रीराम कथा

संतों का संग ही जीवन की सच्ची दिशा है। जैसे फूलों का संग सुगंध देता है, वैसे ही संतों का संग आत्मा को शुद्ध करता है। यह विचार झांसी से पधारे बालव्यास पंडित शशि शेखर महाराज के हैं, जो वे रविवार को दुर्गाकुंड स्थित अंध विद्यालय सभागार में चल रहे श्रीराम कथा के दूसरे दिन व्यक्त किया। श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार स्मृति सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में पांच दिवसीय श्रीभाई जी की १३४वीं जयंती महोत्सव कथा में उन्होंने



श्रोताओं को संदेश दिया कि संतों की संगति ही मानव को भटकाव से बचाकर प्रभु से जोड़ती है। बालव्यास ने कहा कि श्रीराम कथा अज्ञान और मोह को दूर करती है। जिससे मनुष्य में भगवान राम के प्रति दृढ़ प्रेम और भक्ति उत्पन्न होती है। इसके माध्यम से हृदय में प्रकाश आता है, हृदय शुद्ध होता है। और जीवन का परम लक्ष्य प्राप्त होता है। भगवान की कथा और संत महात्माओं का संग ही मोक्ष का मार्ग है। श्रीराम कथा से भक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है, जिससे मनुष्य को भगवान पर पूरा भरोसा होता है। यह वह दर्पण है जो मनुष्य के चरित्र को दिखाता और सुधारता है। जो सभी सुखों की खान है। और संसार के सभी भवबंधन टूटते हैं। प्रारंभ में व्यासपीठ का पूजन कृष्ण कुमार जालान एवं अखिलेश खेमका ने किया। इस अवसर पर श्याम सुंदर प्रसाद, नागर प्रसाद दाधिच, यदुराज कानोड़िया, विजय कुमार मिश्र, नीरज दूबे सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।

नयी ऊंचाइयों की ओर बढ़ाया भारत का सिविल इंजीनियरिंग आंदोलन

आईआईटी (बीएचयू) ने सिविल इंजीनियरिंग में बिल्डिंग भारत संपर्क इनोवेशन बूट कैंप इन सिविल इंजीनियरिंग के २०२६-२७ सीज़न की शुरुआत हुई। इसके साथ ही, देश का महत्वपूर्ण सिविल इंजीनियरिंग आंदोलन नए विस्तार और नए उत्साह के साथ अपने दूसरे सीज़न के लिए लौटा शुरुआत से ही उत्साह देखने को मिला। भारत भर के संस्थानों से ५०० से ज़्यादा रजिस्ट्रेशन और ८३ सिविलाथॉन एंट्री आईं। छात्रों ने उन चुनौतियों को सामने रखकर अपने विचार और समाधान प्रस्तुत किए, जो भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर के भविष्य को आकार देंगी। प्रोफेसर अमित पात्रा, डायरेक्टर, आईआईटी (बीएचयू) इस मंच को अटल इनोवेशन मिशन, नीति आयोग, भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार का कार्यालय, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स के समर्थन से मजबूती मिल रही है। डॉक्टर रजनीश दासगुप्ता, ट्रस्टी एवं डायरेक्टर, एसोसिएशन ऑफ इंफ्रास्ट्रक्चर इंडस्ट्री नेशनल डायरेक्टर, बिल्डिंग भारत संपर्क भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर के सपने उतने ही मज़बूत होंगे जितने मज़बूत उन्हें बनाने वाले इंजीनियर होंगे।जेएसडब्ल्यू ग्रुप तीन दिनों में, प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों के नेतृत्व में आयोजित मास्टरक्लास, इंटेंसिव मेंटरशिप और सिविलाथॉन में हिस्सा लिया।

कुत्ते के काटने से महिला घायल, शिकायत करने पर धमकी देने का आरोप

सेवापुरी। जंसा थाना क्षेत्र के चकरा खेवली गांव निवासी सरिता देवी ने जंसा पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही एक व्यक्ति पर उसके कुत्ते द्वारा काटने तथा शिकायत करने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। सरिता देवी के अनुसार वह अपने खेत की ओर जा रही थीं। रास्ते में प्रदीप पटेल का घर है। आरोप है कि घर के पास मौजूद कुत्ते ने अचानक उन पर हमला कर पेट में काट लिया, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। घटना की जानकारी मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और कुत्ते के मालिक प्रदीप पटेल से शिकायत की। आरोप है कि इस पर प्रदीप पटेल गाली-गलौज करने लगे और जान से मारने की धमकी देते हुए परिवार के लोगों को दौड़ा लिया।

हत्या किये जाने के आरोप में परिजनों ने आयुक्तके आवास के समक्ष शव रखकर किया प्रदर्शन

पुलिस ने परिजनों को समझाकर जांच का आश्वासन दिये जाने पर प्रदर्शन समाप्त

लोहता के मोढ़ेला तिराहे के पास ४० वर्षीय सतीश कुमार की हत्या किये जाने का आरोप लगाकर परिजनों ने रविवार को सायंकाल आयुक्त एस. राजलिंगम के आवास पहुंचे और गेट पर शव रखकर प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाकर जांच का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। पुलिस हादसे और हत्या दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। सतीश कुमार पुत्र स्व. राधेश्याम मूलरूप से कोल्हुआ विनायका, भेलूपुर का निवासी था। उसके भाई शैलेंद्र कुमार के अनुसार शनिवार की रात पुलिस ने फोन कर सतीश के सड़क हादसे में घायल होने की सूचना दी थी। मौके पर पहुंचने पर मोढ़ेला तिराहे के पास उसका शव पड़ा मिला। सिर से खून बह रहा था। शैलेंद्र ने आशंका जतायी कि सतीश की हत्या कर शव सड़क किनारे फेंका गया और घटना को हादसे का रूप देने का प्रयास किया गया। उसने लोहता थाने में तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। परिजनों का आरोप है कि कार्यवाही नहीं होने पर परिजन शव लेकर कचहरी स्थित आयुक्त आवास परिसर पर पहुंच कर प्रदर्शन करने लगे इसकी सूचना पर एसीपी रोहनिया अवधेश विश्वकर्मा, एसीपी कैंट प्रज्ञा पाठक के साथ लोहता और कैंट



थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने परिजनों को समझाने के साथ मामले की निष्पक्ष जांच का भरोसा दिया।लोहता थाना प्रभारी अभिजीत सिंह ने बताया कि रात में किसी वाहन की टक्कर से दुर्घटना की सूचना मिली थी। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की ओर से हत्या की आशंका जताए जाने पर इस पहलू को भी जांच में शामिल किया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट होगी। पुलिस के आश्वासन के बाद परिजनों ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया और पुलिस की मौजूदगी में शव अंतिम संस्कार के लिए ले गये।

दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के आरोप में पति समेत चार पर मुकदमा दर्ज

चौबेपुर। क्षेत्र के नारायनपुर निवासी प्रीती तिवारी ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने और हत्या के प्रयास का आरोप लगाते हुए पति समेत ससुराल के चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार पति बृजेश तिवारी समेत सास लालती तिवारी, देवरजयशंकर तिवारी और जेठ अजय तिवारी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। प्रीती के मुताबिक उसकी शादी वर्ष २०१० में ग्राम मदनी, मनोरथपुर, डोमनपुर निवासी बृजेश तिवारी से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद ससुराल पक्ष के लोग तीन लाख रुपये दहेज की मांग करने लगे। रुपये नहीं देने पर उसके साथ मारपीट और प्रताड़ना की गयी। आरोप है कि सात फरवरी की रात करीब नौ बजे ससुराल में चारों आरोपितों ने मिलकर उसकी हत्या का प्रयास किया। प्रीती के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर जुट गये, जिससे आरोपित अपने प्रयास में सफल नहीं हो सके। इसके बाद उसने मायके में पिता को घटना की जानकारी दी। आठ फरवरी को पिता ने चिरईगांव चौकी पहुंचकर शिकायत की थी।

जिला सहकारी बैंक में सीढ़ी एवं गैस कटर के सहारे घुसे चोर

दुकानदार की सूचना पर पहुंचे बैंक अधिकारी और पुलिस, की जांच पड़ताल

गोसाईपुर। चोलापुर थाना क्षेत्र के मुर्दहा पुलिस चौकी अंतर्गत आयर बाजार स्थित जिला सहकारी बैंक में शनिवार की रात चोरों ने सेंधमारी कर चोरी का असफल प्रयास किया। चोर बैंक के पिछले हिस्से में सीढ़ी लगाकर बाउंड्री वॉल फांदकर अंदर घुसे और गलियारे के लोहे के दरवाजे को गैस कटर से काट दिया, हालांकि वे किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने में नाकाम रहे।घटना की जानकारी सोमवार को सुबह तब हुई जब पास स्थित 'गायत्री पूजन सामग्री एवं पतंजलि स्टोर' के संचालक दीपक सिंह दुकान की तरफ गये। उन्होंने बैंक की गली का दरवाजा खुला और गैस कटर से कटा हुआ पाया। अनहोनी की आशंका पर उन्होंने तुरंत इसकी सूचना बैंक मैनेजर सुधीर रंजन और कैशियर मनीष नायक को दी। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित किया।

फॉरेंसिक टीम ने जुटाये साक्ष्य, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

पुलिस अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि यह चौकी प्रभारी



संध्या जायसवाल अपनी समस्त चौकी टीम के साथ सक्रियता व रात्रि में लगातार गश्त होने के कारण सायरन सुनकर कर चोरी करने में हुए असफल सूचना मिलते ही मुर्दहा चौकी प्रभारी संध्या जायसवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और आलाधिकारियों को घटना से अवगत कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी वरुण जोन राजेश कुमार पाण्डेय और एसीपी सारनाथ विनय कुमार द्विवेदी ने घटनास्थल का मुआयना किया। इसके बाद मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने फिंगरप्रिंट व अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए।

सुरक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

जांच के दौरान बैंक परिसर के भीतर सीसीटीवी कैमरा न होना प्रबंधन की एक बहुत बड़ी लापरवाही के रूप में सामने आया है। बैंक जैसे वित्तीय संस्थान में सुरक्षा कैमरों का न होना सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े करता है। फिलहाल पुलिस आसपास के दुकानों और मुख्य मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर संदिग्धों की तलाश में जुटी है।

हाईवे ट्रक मछली व्यवसाय को रौंदते हुए मकान में जा घुसी,

आक्रोशित परिजनों ने चमरहा बाजार में किया चक्का जाम

चोलापुर थाना क्षेत्र के चमरहा बाजार मे रविवार को दोपहर बाद वाराणसी शहर की तरफ से आ रही हाईवा ट्रक मछली विक्रेता को रौंदते हुए सड़क किनारे बिजली खम्भे को तोड़ते हुए मकान में घुस गयी। इस हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गयी जब की दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। इस हादसे से आक्रोशित परिजनों ने चमरहा बाजार मे चक्का जाम कर दिया। सूचना पाकर पहुंची कई थानों की पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर जाम समाप्त कराया। जानकारी के अनुसार रोज की भांति विकास और राजू सोनकर २६ वर्ष मछली के दुकान पर बैठा था। वाराणसी से आते हुए हाईवा अचानक नाला को तोड़ते



हुए पोल राजू को रौंदते हुए मकान में घुस गया, जिसमें तीन लोग और जख्मी हो गये। मृतक राजू तीन भाई है तीन भाइयों में यह बीच का है। मृतक के पत्नी का नाम मोनी सोनकर है इसको दो बच्चा है इसमें एक लड़का और एक लड़की है, तीनों घायलों में एक सोती हरिजन ४५ वर्ष जो गंभीर रूप से घायल है इसके अलावा दो और बुरी तरह से जख्मी है। इस घटना को लेकर आसपास बाजार के लोगों ने नेशनल हाईवे को जाम कर दिया। हाईवे जाम की सूचना पर स्थानी थाना के साथ कई थानों की फोर्स और एसीपी सारनाथ विनय कुमार द्विवेदी एसडीएम सदर नितिन सिंह जाम को छुड़ाने के लिए पीड़ित परिवार और ग्रामीणों से बात कर जाम छुड़ाने का प्रयास कर रही है।

नीलांचल एक्सप्रेस और गांधी धाम स्पेशल से महिला यात्री का पर्स चोरी

नीलांचल एक्सप्रेस और गांधी धाम स्पेशल में सवार महिला यात्रियों को उचक्कों ने अपना शिकार बना लिया। नींद का फायदा उठाकर महिलाओं का पर्स लेकर भाग निकले। लखनऊ के आशियाना क्षेत्र निवासी मीना मिश्रा ने लिखित शिकायती पत्र में बताया कि वह गत २५ सितंबर को नीलांचल एक्सप्रेस के बी-३ बोगी में यात्रा कर रही थी। ट्रेन वाराणसी जंक्शन पर रुकी तो उन्हें पर्स गायब होने की जानकारी हुई। बताया कि पर्स में सोने की चेन, ५४ हजार रुपये नकदी और मोबाइल फोन रखे थे। इसी तरह गत २९ सितंबर को गाड़ी संख्या ०९४५२ गांधी धाम स्पेशल ट्रेन के एस-४ बोगी में महिला यात्री लुसी झा का हैंडबैग चोरी हो गया बताया कि ट्रेन वाराणसी जंक्शन से चलने के बाद उन्हें घटना की जानकारी हुई। बैग में पांच हजार रुपये नकदी और मोबाइल फोन रखा था।

निर्माणाधीन अन्नपूर्णा भवन से छड़-ईंट सहित हज़ारों की चोरी

सेवापुरी। कंपसेठी थाना क्षेत्र के ऊपरवार गांव में निर्माणाधीन बरात घर-अन्नपूर्णा भवन से शनिवार की देर रात चोरो ने छड़ और ईंट समेत निर्माण सामग्री चोरी कर ले गये। रविवार सुबह कारीगरों के मौके पर पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई। जानकारी के अनुसार, ऊपरवार गांव में बरात घर-अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण के लिए ग्राम प्रधान की ओर से मौके पर बिल्डिंग मैटेरियल रखा गया था। शनिवार की रात चोर निर्माण स्थल पर पहुंचे और वहां रखी छड़, ईंट सहित अन्य सामग्री लेकर फरार हो गये। रविवार को सुबह आठ बजे कारीगर निर्माण स्थल पर पहुंचे तो वहां सामान गायब मिला। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना ग्राम प्रधान को दी। जानकारी मिलते ही ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजय सेठ मौके पर पहुंचे और डायल ११२ पर सूचना देकर पुलिस को घटना से अवगत कराया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए चोरी की घटना की जानकारी जुटायी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के अनुसार, चोर करीब ५० हजार रुपये मूल्य की छड़ और ईंट चोरी कर ले गये हैं। पुलिस मामले की जांच कर चोरों का पता लगाने में जुटी हुई है।

थाने से महज १५० मीटर दूर विद्यालय के शौचालय का दरवाजा भी उखाड़ ले गये चोर

चौबेपुर। थाना चौबेपुर से महज करीब १५० मीटर की दूरी पर स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में लगातार चोरी की घटनाओं से विद्यालय प्रशासन परेशान है। आरोप है कि चोर रात के समय विद्यालय की बाउंड्री फांदकर परिसर में प्रवेश करते हैं और आये दिन सामान चोरी कर ले जाते हैं। दो महीने पहले प्रधानाध्यापक योगेंद्र यादव ने चोरी की घटनाओं को लेकर थाना चौबेपुर में लिखित सूचना दी थी, इसके बावजूद चोरी का सिलसिला नहीं थमा।प्रधानाध्यापक के अनुसार विद्यालय से अब तक पंखे, दरवाजे और केबल के तार समेत कई सामान चोरी हो चुके हैं। पूर्व में चोर सीसी कैमरा भी खंभे सहित उखाड़कर ले गये थे। अब चोरों ने विद्यालय के शौचालय का दरवाजा ही उखाड़ लिया। इससे विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के सामने शौचालय के इस्तेमाल को लेकर गंभीर समस्या खड़ी हो गयी है। प्रधानाध्यापक ने थाना चौबेपुर को दोबारा प्रार्थना पत्र देकर विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि कंपोजिट विद्यालय होने के कारण यहां बड़ी उम्र की छात्राएं भी पढ़ती हैं। ऐसे में शौचालय की सुविधा प्रभावित होने से छात्राओं को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी नागेंद्र सरोज ने बताया कि विद्यालय में लगातार हो रही चोरी की जानकारी मिली है। मामले से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। विद्यालय की सुरक्षा को लेकर आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित स्तर पर जानकारी दी गयी है।

स्कूल जाने के लिए घर से निकली किशोरी लापता

चौबेपुर। क्षेत्र के एक गांव की किशोरी दो सितंबर को स्कूल जाने की बात कहकर घर से निकली थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। वही थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने बताया की पिता की तहरीर पर चौबेपुर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार किशोरी के मोबाइल नंबर समेत अन्य जानकारी के आधार पर तलाश की जा रही है।

पुरानी रंजिश में युवक को पीटा

बड़ागांव। थानाक्षेत्र के ईसीपुर गांव में शनिवार की शाम पुरानी रंजिश को लेकर घटित मारपीट की घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक के प्रार्थना पत्र पर बड़ागांव पुलिस हमलावर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस को दिये गये प्रार्थना पत्र में उपरोक्त गांव निवासी सुरेन्दर सरोज ने आरोप लगाया है कि घटना के समय मैं अपने घर जा रहा था कि रास्ते में रोककर मेरे ही गांव के आनंद सरोज ने पीछे से लाठी से वार कर दिया जिससे मुझे गंभीर चोट लगी है।

एक नजर इधर भी

पेड़ पर मिला युवती का शव, भाई ने दी तहरीर

पत्थर के नीचे मिला मोबाइल, मौत पर उठे सवाल

पिंडरा। फूलपुर थाना क्षेत्र के धनखरी (करखियाव) गांव में २० वर्षीय युवती का शव रविवार को घर से कुछ दूरी पर नीम के पेड़ से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवती की मौत को लेकर अब उसके भाई ने कई गंभीर सवाल उठाते हुए जांच की मांग की है। मृतका के भाई दिलीप कुमार राजभर के अनुसार उनकी बहन गांव के चंदन यादव नाम के युवक से मोबाइल पर बातचीत करती थी। दोनों के बीच कथित रूप से प्रेम संबंध होने की बात भी सामने आयी है। रविवार को युवती का शव घर के पास खेत के बगल में नीम के पेड़ से लटका मिला। परिजनों को जानकारी हुई तो उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। भेजना दिलीप का कहना है कि जिस पेड़ से बहन का शव लटका मिला, उस पर वह खुद चढ़ ही नहीं सकती थी। यही बात उन्हें सबसे ज्यादा परेशान कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि बहन का मोबाइल फोन शव मिलने की जगह से कुछ दूरी पर पत्थर के नीचे दबा मिला। भाई ने पुलिस को दिये प्रार्थना पत्र में गांव के युवक चंदन यादव के मोबाइल नंबरों की सर्विलांस के जरिये जांच कराने और घटनास्थल की गहरायी से जांच करने की मांग की है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि युवती ने आत्महत्या की या उसकी मौत के पीछे कोई अन्य कारण है। सूचना मिलने के बाद फूलपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच-पड़ताल की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। फूलपुर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अजय राज वर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान

लंका थाना क्षेत्र के भगवानपुर बंगाली कालोनी में रहने वाला नीरज बिंद १८ वर्षीय ने रविवार को शाम घर में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस फॉरेंसिक जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजवाया। मृतिका की मां लक्ष्मी बिंद नमो घाट पर चाय लस्सी की दुकान चलाती है। पांच बहनों में तीसरे नबंर का इकलौता भाई नीरज था। मृतक अहमदाबाद गुजरात में किसी कंपनी में नौकरी करता था। कुछ दिन दिनों पहले घर आया था। घटना की जानकारी के बगल में खेल रहे बच्चों को किसी तरह हुई। जिसके बाद मामले की जानकारी परिजनों को हुई। मृतक के पिता उसकी माँ से पहले अलग हो गये थे। घटना के बाद मृतक की मां और बहनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

खड़े ट्रक से टकराई बाइक, किशोर घायल

चिरईगांव। चौबेपुर थाना क्षेत्र के वाराणसी-गाजीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर संदहा रिंग रोड चौराहे के पास रविवार शाम खड़े ट्रक से बाइक टकराने से १७ वर्षीय किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर जुटे लोगों ने घायल को पीएचसी चिरईगांव पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद सिर में गंभीर चोट होने के कारण चिकित्सकों ने उसे पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार चंदौली जिले के सकलडीहा क्षेत्र के ओकनी गांव निवासी रोहित पुत्र प्यारेलाल बाइक से घर से स्वर्वेद मंदिर घूमने जा रहा था। संदहा रिंग रोड चौराहे के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक से उसकी बाइक टकरा गयी। हादसे में रोहित के सिर में गंभीर चोट आई।इस बाबत थाना प्रभारी अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

वर्गीकृत आज विज्ञापन

सूचना

सूचना- मेरा इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2010 अनुक्रमांक 1257796 का मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **नितेश कुमार उपाध्याय** पुत्र परमानन्द उपाध्याय ग्राम व ब्लॉक चौसा, जिला बक्सर, बिहार।

सूचना-मेरे आधार कार्ड सं0-708801732832 में जन्म तिथि 11.07.2012 गलतीवश अंकित हो गया है जबकि मेरा सही जन्मतिथि 11.07.2013 है यही सही माना जाय। **अनिकेत कुमार** पुत्र अनिल कुमार ग्राम-कपसेठा पो0-कलीचावाद, आजमगढ़, उ0प्र0

सूचना-मेरे आधार कार्ड सं0-701840390537 में मेरा नाम मोसम्बी पत्नी धर्मराज अंकित हो गया है जो गलत है जबकि मेरा सही नाम रेखा मौर्या पत्नी धर्मनाथ मौर्या है मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **रेखा मौर्या** पत्नी धर्मनाथ मौर्या ग्राम-शाहपुर बहोरराय पो0- जखनिया, गाजीपुर, उ0प्र0

सूचना

सूचना-सूचित किया जाता है कि आधार कार्ड में मेरा नाम मोहम्मद सलीम खुरशीद शेख पुत्र खुर्शीद शेख है जो गलत है। मेरा सही नाम मोहम्मद सलीम व पिता का नाम खुर्शीद आलम है जो मेरे हाईस्कूल प्रमाण पत्र व पासपोर्ट में दर्ज है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है। **मोहम्मद सलीम** पुत्र खुर्शीद आलम ग्रा. सरौनी पश्चिम पट्टी, केराकत , जनपद-जौनपुर।

आवश्यकता है

कौशिल्या देवी बैजनाथ जायसवाल मैना देवी शेर बहादुर सिंह महाविद्यालय, गुवावाँ, भीलमपुर, जौनपुर में D.EL.ED. पाठ्यक्रम हेतु कला विषय के एक पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी की योग्यता NCTE/SCERT एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार निर्धारित होगी। अभ्यर्थी अपने मूल शैक्षिक अभिलेख एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ दिनांक 20 अक्टूबर 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। **प्रबन्धक मोबाइल :9919130744**

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वतः जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबन्धक

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-3, लोक निर्माण विभाग, गाजीपुर

पत्रांक:- 2295/1.ए — दिनांक:- 28.09.2026

ई-निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाईन ई-निविदा https://etender.up.nic.in के माध्यम से "ए,बी,सी" एवं "डी" श्रेणी में मार्ग कार्य में लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से प्रतिशत दर के आधार पर दिनांक-07.10.2026 दोपहर 12:00 बजे से दिनांक-13.10.2026 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की टेक्निकल बिड दिनांक-13.10.2026 को दोपहर 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष ऑन लाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारों की वित्तीय बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी एवं यदि कोई शुद्धि-पत्र होगा तो उसे https://etender.up.nic.in पर दिनांक-13.10.2026 के पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुटटी होने की दशा में टेक्निकल बिड एवं वित्तीय बिड उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण https://etender.up.nic.in पर लाग-इन करें।

क्रम सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अधिशासी अभियन्ता	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	गाजीपुर	जनपद गाजीपुर के सेमरा शेरपुर एवं रेवतीपुर रामपुर के बीच बच्छलपुर घाट पर गंगा नदी पर पान्टून सेतु के अनुरक्षण का कार्य।	30.00	3.00	854.00	निर्माण खण्ड-3 लो0नि0वि0, गाजीपुर	12 माह

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

(किरण पाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0
गाजीपुर

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0
गाजीपुर

उ.प्र.:- 257423
दिनांक:- 01.10.2026
वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

परिजनों ने लगाया हत्या कर ट्रैक पर फेंकने का आरोप, दुल्हन ने बताया घटना का राज

दुद्धी(सोनभद्र)। कोतवाली क्षेत्र के खजुरी गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शनिवार को कोतवाली क्षेत्र के धनौरा गांव मे रेलवे ट्रैक पर सुनील

घटना खजुरी गांव की, जांच में जुटी पुलिस

का शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हालत में मिला। ट्रेन से कटकर मौत का मामला नजर आने वाली यह घटना अब एक उलझी हुई और रहस्यमय हत्या की गुत्थी बन चुकी है। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। शुक्रवार की रात तीन बजे विदाई होते ही शक का घेरा बन गया। भुंइया जाति के रीति-रिवाजों के अनुसार आमतौर पर शादियां देर से होती हैं, लेकिन इस घटना वाली रात ही रात के करीब तीन बजे जल्दबाजी में लड़की की विदाई करा दी गई। अचानक हुई इस विदाई ने परिजनों के मन में संदेह पैदा कर दिया। रविवार को विंढमगंज थाना क्षेत्र के धुमा गांव में दुल्हन ने सभी ग्रामीणों के समक्ष घटना की पूरी आपबीती बताई। नवविवाहिता दुल्हन ने उस रात में घटी घटना की पूरी जानकारी देते हुए बताया कि युवक की पहले बेरहमी से पिटाई की गई, फिर उसके शव को बोरे में बंद करके साजिश के तहत रेलवे ट्रैक पर रख दिया गया। ताकि यह हादसा या आत्महत्या लगे। जब ट्रेन रेलवे ट्रैक से गुजरी, तो बोरे में रखे शव के चीथड़े उड़ गए। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटना का मुआयना किया। परिजनों के आरोपों और दुल्हन से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने विभिन्न पहलुओं पर छानबीन शुरू कर दी है। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि दुल्हन की शादी इसके पूर्व में हो चुकी है। जहां दुल्हन की पहले शादी हुई थी, वहाँ भी हत्या जैसे मामले की जानकारी मिल रही है। सीओ विनय प्रभाकर साहनी ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस हर बिंदु पर साक्ष्य जुटा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आते ही पुलिस तहरीर के मुताबिक जांच कर उचित कार्यवाही करेगी।

एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाते समय रास्ते में प्रसव पीड़ा के बाद महिला की मौत

दुद्धी(सोनभद्र)। कोतवाली क्षेत्र के दिघुल गांव में रविवार को प्रसव पीड़ा से जूझ रही एक गर्भवती महिला ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही एंबुलेंस में दम तोड़ दिया। हॉस्पिटल में चिकित्सक डॉ विनोद सिंह ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि पीड़ित महिला सरिता 30 पत्नी प्रदीप कुमार निवासी दलेलपुर जिला फिरोजाबाद से बीते 15 दिन पहले अपने मायके पिता रामरती भुंइया के घर आई हुई थी। रविवार की सुबह करीब 9 बजे अचानक तेज प्रसव पीड़ा शुरू हुई। तो परिजनों ने तुरंत सरकारी नंबर पर कॉल कर 108 एंबुलेंस बुलाया। एम्बुलेंस से दुद्धी सीएचसी जाते समय ही बीच रास्ते मे महिला की मौत हो गई। हॉस्पिटल में पहुँचते ही डॉ विनोद सिंह ने गर्भवती महिला को देखते ही मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मेमो के जरिए कोतवाली पुलिस को दी गई।

फिरोजाबाद से १५ दिन पहले मायके आयी थी सरिता, परिजनों में कोहराम

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज कर जांच में जुट गई। मृतका के पिता रामरती ने बताया कि सरिता का ऑपरेशन से पहला बच्चा हुआ है। दूसरे बच्चे में दौरान साढ़े आठ महीने हो गए थे। लेकिन अचानक मौत हो गई। फिरोजाबाद में कोई लड़की को देखभाल करने वाला नहीं था। इसलिए हमारे यहां आई हुई थी लेकिन फिर भी सुरक्षित नही रह पाई।

प्रसव के बाद नवजात की मौत, स्वास्थ्य कर्मियों पर लापरवाही का आरोप

चिकित्सक नदारद होने पर फूटा गुस्सा, सीएमओ बोले-मामले की होगी जांच, दोषी पाये जाने पर होगी कारवाई

बीजपुर(सोनभद्र)। स्थानीय पुनर्वास प्रथम स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार तड़के प्रसव के तुरंत बाद नवजात शिशु की मौत का गंभीर मामला सामने आया है। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही और बदहाली का आरोप लगाते हुए जमकर नाराजगी जताई। ग्राम नेमना निवासी राजेश्वर प्रजापति अपनी गर्भवती पत्नी गायत्री को प्रसव पीड़ा होने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे थे। परिजनों के मुताबिक रविवार तड़के करीब तीन बजे महिला को केंद्र में भर्ती कराया गया जहां सामान्य प्रसव हुआ। लेकिन प्रसव के कुछ ही देर बाद नवजात की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि प्रसव के दौरान अस्पताल में कोई भी चिकित्सक मौजूद नहीं था पूरी प्रक्रिया केवल एक स्टाफ नर्स के भरोसे छोड़ दी गई थी। गंभीर स्थिति से निपटने के लिए केंद्र में न तो वेंटिलेटर या ऑक्सीजन जैसी कोई आपातकालीन मशीन उपलब्ध थी और न ही पीने के पानी की समुचित व्यवस्था। परिजनों ने आरोप लगाया कि यदि समय पर सही चिकित्सकीय हस्तक्षेप और जरूरी उपकरण मिलते तो उनके बच्चे की जान बचाई जा सकती थी। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पुनर्वास प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाओं और एंबुलेंस की अनुपलब्धता को लेकर लंबे समय से समस्याएं बनी हुई हैं। ग्रामीणों ने रोष जताते हुए याद दिलाया कि अभी दो दिन पूर्व ही एनटीपीसी रिहंद परिसर में एंबुलेंस न मिलने के कारण एक प्रसूता को सड़क पर ही बच्चे को जन्म देने के लिए विवश होना पड़ा था। अब इस केंद्र पर नवजात की मौत ने सरकारी दावों की पोल खोल दी है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि दूर-दराज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव जैसी आपातकालीन सेवाओं के लिए बुनियादी सुविधाएं और डॉक्टर उपलब्ध नहीं रहेंगे तो आम जनता का सरकारी व्यवस्था से भरोसा उठ जाएगा। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी सोनभद्र से पूरे प्रकरण का संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच कराने और दोषी कर्मियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। फ्लिहाल नवजात की मौत का सटीक कारण चिकित्सकीय जटिलता थी या अस्पताल की लापरवाही यह जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। सीएमओ आरके मिश्रा ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर कारवाई होगी।

खजुरी में शादी के दौरान मारपीट

दुद्धी(सोनभद्र)। शादी की खुशियां उस समय अचानक खूनी संघर्ष और हंगामे में बदल गईं, जब एक फोन कॉल पर हुई गलतफहमी के बाद घरातियों और बरातियों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में दूल्हा पक्ष के कई लोग घायल हुए हैं, जबकि शादी का माहौल पूरी तरह से खराब हो गया। जानकारी के अनुसार, खजूरी गांव के घरातियों ने शादी की रस्मों के सिलसिले में दूल्हे गोरखनाथ को फोन किया था। हालांकि, उस समय दूल्हे का फोन उसके करीबी दोस्त सुनील के पास था। फोन करने वाले घराती को लगा कि वह दूल्हे गोरखनाथ से ही बात कर रहा है, जबकि दूसरी तरफ से बातचीत सुनील कर रहा था। सुनील को भी इस बात का बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि उसे दूल्हा मानकर फोन किया जा रहा है। बारात में

घरातियों ने की दूल्हा पक्ष के लोगों की पिटाई

पहुंचने के बाद जब सभी लोग नाच-गाने में मग्न थे, तभी इस गलतफहमी और बातचीत के दौरान हुई किसी बात को लेकर घरातियों और दूल्हा पक्ष के बीच विवाद खड़ा हो गया। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घरातियों ने दूल्हा पक्ष के लोगों को जमकर पीट दिया, जिससे बारात में भगदड़ मच गई और कई लोग घायल हो गए। गांव में इस पूरी घटना के बाद से ही तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पहली शादी टूटने और बारात में हुई इस तरह की गंभीर घटना के बाद क्षेत्र में माहौल काफी गर्माया हुआ है। पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है।

सड़क पार कर रहे बालक की पिकअप से कुचलकर मौत

करमा(सोनभद्र)। स्थानीय थाना क्षेत्र के रामपथरा गांव में शनिवार की शाम सड़क पार करते समय पिकअप वाहन की चपेट में आने से 13 वर्षीय बालक की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही कर्मा पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृतक की पहचान प्रियांशु 13 वर्ष पुत्र ओम प्रकाश निवासी रामपथरा थाना करमा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि प्रियांशु शाम करीब पांच बजे सड़क पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आ गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने पिकअप वाहन को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस वाहन को थाने ले गई है। करमा थाना प्रभारी कमलेश पाल ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने के बाद मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

संघटन के सदस्य को आनलाइन जोड़ने की विधि समझाया

मधुपुर(सोनभद्र)। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन सोनभद्र की जिला इकाई व सदर तहसील इकाई की बैठक शनिवार को मधुपुर डोगिया बांध स्थित डाग बंगले में हुई। बैठक की अध्यक्षता ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र ने की। सदर तहसील अध्यक्ष जयनाथ मौर्या ने संगठन के सदस्य को आन लाइन सदस्यों को जोड़ने की विधि समझाया। बैठक में तहसील इकाई सदर अध्यक्ष जयनाथ मौर्या, घोरावल तहसील इकाई अध्यक्ष रोहित तिवारी, दुद्धी तहसील इकाई अध्यक्ष अमिताभ रोहित तिवारी, सेराज अहमद, विजय शंकर पाण्डेय, जयनाथ मौर्या मौजूद रहे।

कुएं में गिरी युवती की मौत

बभनी/आसनडीह(सोनभद्र)। बभनी थाना क्षेत्र के नधिरा गांव में दिन रविवार की दोपहर कुएं में गिरने से युवती की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बभनी पुलिस मौके पर पहुंच कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। रविवार को दोपहर नधिरा संवाकुड गांव निवासी बहादुर की 18 वर्षीय पुत्री सोनामती पानी भरने कुएं पर गई और कुएं पर रखी लकड़ी अचानक टूट गई और असंतुलित होकर कुएं के अंदर गिर गई। काफी देर बीत जाने पर जब सोनामती कही दिखाई नहीं दी तो परिजन और ग्रामीण खोजबीन करने लगे कुएं के पास चप्पल देखकर लोगों को शंका हुई और कुएं में तलाशने लगे तो कुएं में शव मिला परिजन तत्काल घटना की सूचना बभनी पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्ट मार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेज दिया गया है। पुलिस

पानी भरने के लिए कुएं के पास गयी थी सोनामती

अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

दुकान के बाहर रखा हुआ जनरेटर का अल्टरनेटर चोरी

बीना(सोनभद्र)। बीना में बीते तीन अक्टूबर की रात चोरों ने दुकान के बाहर रखा जनरेटर का अल्टरनेटर गायब कर दिया। पीड़ित दुकानदान महेन्द्र कुमार पुत्र ललन राम निवासी ग्राम चंदुआर पोस्ट योगीचौरा ने पुलिस चौकी को चार अक्टूबर को दिये गये तहरीर के माध्यम से अवगत कराया कि वह बीना में किराये की दुकान में बेल्डिंग का कार्य करता है। बताया कि बीते तीन अक्टूबर की रात दुकान बंद करके घर चला आये थे चार अक्टूबर दिन रविवार को जब दुकान पहुंचे तों देखा कि बाहर रखा हुआ जनरेटर का अल्टरनेटर चोरों द्वारा चुरा लिया गया था। बताया कि उसकी दुकान से करीब 40 कदम की दूरी पर कबाड़ की तीन दुकानों का संचालन होता है। आसपास की दुकानों और मार्ग पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाला जाय तो चोरी की घटना का खुलासा हो सकता है।

रिहंद जलाशय में बगैर अनुमति मछली के अवैध शिकार का आरोप

सोनभद्र। रिहंद जलाशय में बिना अनुमति मछली के शिकार का मामला सामने आने के बाद मत्स्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिकेत निषाद ने आरोप लगाया है कि निर्धारित अवधि के बाद शासन से आवश्यक अनुमति प्राप्त किए बिना ही ठेकेदार द्वारा बड़े पैमाने पर मछलियों का शिकार कर बाजारों में आपूर्ति की जा रही है। इस पूरे मामले में उन्होंने सोनभद्र के सहायक मत्स्य निदेशक शुभम कश्यप की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए मिलीभगत का आरोप लगाया है। अनिकेत निषाद के अनुसार, रिहंद जलाशय में 31 अगस्त के बाद मछली के शिकार के लिए मत्स्य विभाग की अनुमति आवश्यक है। इसके बावजूद 1 सितंबर 2026 से अब तक सहायक मत्स्य निदेशक द्वारा किसी भी प्रकार की अनुमति उपलब्ध नहीं कराए जाने के बावजूद ठेकेदार द्वारा प्रतिदिन लाखों रुपये की

मत्स्य विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

मछलियों का शिकार कर बड़े-बड़े बाजारों सहित अन्य स्थानों पर आपूर्ति किए जाने का आरोप है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिकेत निषाद ने पूर्व में मत्स्य विभाग के अपर मुख्य सचिव से उच्चस्तरीय जांच की मांग की थी। उनके मुताबिक, शिकायत के बाद मछली के शिकार पर रोक भी लगाई गई थी, लेकिन इसके बावजूद कथित रूप से नियमों की अनदेखी किए जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मिर्जापुर मंडल के मत्स्य निदेशक को भी अवगत कराया जा चुका है, लेकिन उनके स्तर से अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं होने का आरोप है। अनिकेत निषाद ने सहायक मत्स्य निदेशक शुभम कश्यप पर ठेकेदार से कथित मिलीभगत कर आर्थिक लाभ के लिए अवैध रूप से मछली के शिकार को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि लगातार शिकायतों और सूचनाओं के बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रभावी रोक नहीं लगाई गई। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब कथित तौर पर मछली के शिकार की अनुमति उपलब्ध नहीं है, तो रिहंद जलाशय में बड़े पैमाने पर मछली का शिकार किसके संरक्षण में किया जा रहा है? क्या विभागीय अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है या शिकायतों के बावजूद जानबूझकर कार्रवाई नहीं की जा रही है?फ्लिहाल, मामले में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच और संबंधित अभिलेखों के सत्यापन की आवश्यकता है। अब देखना होगा कि शासन स्तर से इस गंभीर शिकायत पर क्या कार्रवाई होती है और जांच में ठेकेदार तथा संबंधित अधिकारियों की भूमिका को लेकर क्या तथ्य सामने आते हैं।

आराधना मिश्रा को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर कांग्रसियों में खुशी

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दूबे के नेतृत्व में बांटी गयी मिठाई

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त पदाधिकारी को लेकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दूबे ने कार्यकर्ताओं के साथ शनिवार को नगर स्थित स्वर्ण जयंती चौराहे पर आतिशबाजी करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। आराधना मिश्रा को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष, इमरान मसूद को कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं ने उन लोगों को बधाई दी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के क्रम में आलोक प्रसाद एवं देवेंद्र निषाद को भी बधाई दी गई। नवनियुक्त विधान मंगल दल के नेता वीरेंद्र चौधरी को भी बधाई देते हुए श्री दूबे ने कहा कि संगठन में बदलाव होते रहते हैं। जहां तक



प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना की बात है वह विधानमंडल दल के नेता भी रही और अजेय योद्धा रहे गार्जियन स्वरूप राज्य सभा सांसद प्रमोद तिवारी की पुत्री भी है।उन्होंने कहा कि होने वाले 2027 के चुनाव में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। हम सभी कार्यकर्ता मिलकर पार्टी मजबूत करने का काम करेंगे और शीर्ष नेतृत्व का जो आदेश होगा उस पर हम चलेंगे। इस मौके पर एचपी सिंह यादव, दीपू पांडेय, सूरज वर्मा, दयाराम प्रजापति, अंशु गुप्ता, ओमप्रकाश राव, सुशील राव, राहुल जैन, देवांश केशरी, रोहित भारती, इं. सुधाकर भारती, मिथिलेश शर्मा, अनिल बीयार, देवेंद्र सिंह मौजूद रहे।

जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए आगे आयें आदिवासी समाज

आदिवासी जतरा मेला सह करम पर्व का शुभारंभ

कोन(सोनभद्र)। तीन दिवसीय आदिवासी जतरा मेला सह करम पर्व का शुभारंभ शनिवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। पांच कलश स्थापित करके सतरंगी ध्वज लहराकर आदिवासी विधि विधान से बैगा, मुखिया, धर्माचार्य ने पूजन-अर्चन किया। आदिवासी समाज के महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए सभी आदिवासियों को जोड़े जाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पंकज सिंह चेरो व रमाशंकर गोंड मौजूद रहे। मौजूद अतिथियों ने सभी आदिवासियों को एक साथ रहने, एक मंच पर अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। चेरो आदिवासी राजवंश के राष्ट्रीय संरक्षक पंकज सिंह चेरो ने कहा कि यह कार्यक्रम आदिवासियों की संस्कृति, सभ्यता और पारंपरिक व्यवस्था का मुख्य घटक है, जिसके अंतर्गत करमा पूजा पर्व का आयोजन किया गया है । राजेंद्र प्रसाद एड ने कहा कि जल, जंगल, जमीन की रक्षा, भाषा संस्कृति को मजबूत करने के लिए नौजवानों को आगे आने की जरूरत है। अतिथि पंकज सिंह चेरो व करमा नृत्य कलाकारों द्वारा करमा नृत्य का जोरदार मनोरम प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिए। अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे चंद्रदेव सिंह चेरो एवं शंकर सिंह गोंड ने कार्यक्रम समापन की घोषणा की। इस मौके पर रामशंकर गोंड, ग्राम प्रधान हर्रा अखिलेश, ग्राम प्रधान अमरेश, अर्जुन, डा.राजेंद्र सिंह चेरो, अमरेश सिंह चेरो समेत कई लोग मौजूद रहे।



दुर्गा पूजा, दशहरा को लेकर पुलिस की बैठक

कोन(सोनभद्र)। आगामी दुर्गा पूजा, दशहरा, रामलीला मंचन एवं दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर रविवार को कोन थाना परिसर में बैठक हुई। थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में ग्राम प्रधान, व्यापार मंडल पदाधिकारी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। बैठक में पर्वों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने आयोजकों एवं ग्राम प्रधानों से क्षेत्र में होने वाले दुर्गा पूजा, रामलीला और प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रमों की जानकारी ली। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय शंकर जायसवाल, ग्राम प्रधान कोन संतोष पासवान, चेरवाडीह प्रधान शारदा पासवान, सोमरू पटेल, विमलेश यादव, वीरेंद्र गुप्ता सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

अजीत कुमार को सौंपी गयी क्षेत्रीय अध्यक्ष की कमान

ओबरा(सोनभद्र)। उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारी संघ, शाखा ओबरा की क्षेत्रीय कमेटी का वर्ष 2026-27 का वार्षिक चुनाव रविवार को संगठन के कार्यालय में संपन्न हुआ। चुनाव की अध्यक्षता अजीत कुमार साहू ने की। प्रांतीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे, जबकि केंद्रीय मंत्री श्रीकान्त वर्मा एवं सोनभद्र जिला अध्यक्ष ज्योति रावत की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया पूरी कराई गई। चुनाव के दौरान सैकड़ों बिजली कर्मचारियों की मौजूदगी में सभी पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। अजीत कुमार साहू को क्षेत्रीय अध्यक्ष, शिवम कुमार सिंह एवं दुर्गा मिश्रा को उपाध्यक्ष, यशपाल सिंह एवं मनोज कुमार वर्मा को कार्यकारिणी की जिम्मेदारी दी गई। वहीं प्रदीप कुमार कनौजिया को क्षेत्रीय मंत्री, दिलीप आयुष कुमार को भी कार्यकारिणी में

बिजली कर्मचारी संघ ओबरा की नयी क्षेत्रीय कमेटी का गठन

त्रिपाठी को अतिरिक्त मंत्री, अंजार खान को उपमंत्री तथा बिनोद कुमार यादव को संगठन मंत्री चुना गया। आनंद कुमार सिंह, रामआशीष एवं जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा रामसाहनी को प्रचार मंत्री, राजू सिंह को कार्यालय सचिव तथा बानी ब्रत बनर्जी को कोषाध्यक्ष चुना गया है।

भाजपा नेता के बड़े भाई के निधन पर प्रभारी मंत्री पहुंचे आवास पर

लिलासी(सोनभद्र)। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के मंत्री एवं सोनभद्र जिले के प्रभारी मंत्री हंसराज विश्वकर्मा शनिवार को म्योरपुर पहुंचे। उन्होंने कस्बा निवासी भाजपा नेता सुजीत अग्रहरि के आवास पर पहुंचकर उनके बड़े भाई के निधन पर शोक संवेदना जतायी। उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के प्रदेश उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार, ब्लॉक प्रमुख मानसिंह गोंड,जिला पंचायत सदस्य सुषमा गोंड, शारदा खरवार, मंडल अध्यक्ष रणजीत पनिका मौजूद रहे।

राम प्रसाद खरवार कुसुमलता त्रिवेद सम्मान से सम्मानित

ओबरा(सोनभद्र)। सोनभद्र में वनवासियों के अग्रणी स्वतंत्र सामाजिक कार्यकर्ता रामप्रसाद खरवार को स्थानीय समता-भवन में आयोजित कार्यक्रम में कुसुमलता त्रिवेद पर्यावरण सम्मान प्रदान किया गया। ओबरा के अग्रणी सामाजिक कार्यकर्ता श्री रमेश सिंह यादव ने उन्हें शाल, अंगवस्त्र, मानपत्र, बर्तन तथा रु.1100 ज्ञानराशि भेंट की। विचार मंच कके संयोजक नरेंद्र नीरव ने बताया कि श्री खरवार ने पिछले तीन दशक के दौरान 10 वर्ग किलोमीटर से ज्यादा बड़ा जंगल तैयार किया है। कार्यक्रम में विचार-मंच के कार्यकर्ता स्व.लल्लू दूबे के पुत्र पवन कुमार, शिव कुमार, साथी रामाधार गुप्त, विशंभर खरवार, अजीत गोड़, श्रीमती कौशल्या देवी,सतरंगी प्रसाद, राम धनी खरवार,बबलू पटेल, संजय यादव ,अखिलेश जिज्ञासु ने वन- पर्यावरण सुरक्षा तथा जन-जागरुकता विषय पर चर्चा की । सभी लोगों को गमछा भेंट किया गया। अपने घर के आस-पास वृक्षारोपण, तथा सतत सक्रियता के संकल्प के साथ आयोजन संपन्न हुआ।



अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा डीजल पकड़ा

सिंगरौली। कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से डीजल का परिवहन किए जाने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 20 हजार लीटर डीजल से भरे टैंकर को जब्त किया है। जब्त डीजल की अनुमानित कीमत करीब 19 लाख 99 हजार 600 रुपए, जबकि टैंकर की अनुमानित कीमत 35 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने कुल 54 लाख 99 हजार 600 रुपए की मशरूका जब्त की है। जानकारी अनुसार पुलिस अधीक्षक शियाज के.एम. के निर्देश पर जिले में कोयला कबाड़ और डीजल माफ्यिाओं के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सर्वप्रिय सिन्हा, नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर हेमंत कुमार की सतत निगरानी में थाना प्रभारी बैढ़न अभिमन्यु द्विवेदी की टीम ने कार्रवाई की है।

मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा टैंकर

कोतवाली पुलिस को 4 अक्टूबर को मुखबीर से सूचना मिली कि टैंकर में अवैध रूप से डीजल लोड कर बरगवां की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना के बाद कोतवाली बैढ़न पुलिस टीम ने वाहनों के साथ नोगढ़ कन्वेयर चौराहा के पास पहुंचकर टैंकर के आने का इंतजार किया। कुछ समय बाद बरगवां की ओर से आए नीले-सफेद रंग के टैंकर को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान टैंकर के चारों चौंबरों में डीजल भरा मिला, जिसकी मात्रा करीब 20 हजार लीटर आंकी गई।

आरसीसी सड़क बनने से नीचे आये बिजली के तार

कोन(सोनभद्र)। कोन-विंढमगंज मार्ग पर कचनरवा बाजार में आरसीसी सड़क निर्माण के बाद विद्युत तारों की ऊंचाई कम हो जाने से कुछ समय के लिए राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरे की स्थिति उत्पन्न हो गई। सड़क का स्तर पूर्व की अपेक्षा करीब डेढ़ से दो फीट ऊंचा होने के कारण सड़क के किनारे लगे विद्युत पोलों से गुजर रहे तार नीचे आ गए थे। इससे ऊंचे वाहनों के विद्युत तारों के संपर्क में आने की आशंका बनी हुई थी। मामले की जानकारी मिलते ही कचनरवा विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता अरविंद कुशवाहा ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एसटीपी पोल लगवाकर विद्युत लाइन की ऊंचाई बढ़वाई। विभाग की तत्परता से बाजार क्षेत्र में उत्पन्न संभावित खतरा दूर हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण से पहले सड़क की बढ़ने वाली ऊंचाई और विद्युत लाइन की स्थिति को लेकर संबंधित विभागों के बीच समन्वय किया जाता तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। लोगों ने भविष्य में सड़क निर्माण जैसे कार्यों से पहले विद्युत पोल, तार, पाइपलाइन सहित अन्य सार्वजनिक उपयोगिताओं की सुरक्षा को लेकर संबंधित विभागों के बीच समन्वय सुनिश्चित करने की मांग की है। हालांकि, सड़क निर्माण से पहले विद्युत विभाग को सूचना देने की जिम्मेदारी को लेकर संबंधित विभागों और कार्यदायी संस्था का आधिकारिक पक्ष सामने आना बाकी है। फ्लिहाल विद्युत लाइन की ऊंचाई बढ़ाए जाने के बाद कचनरवा बाजार में स्थिति सामान्य है।

कचनरवा बाजार में बना खतरा, बिजली विभाग ने तत्काल एसटीपी पोल लगाकर बढ़ायी लाइन की ऊंचाई

प्रेम विवाह से नाराज परिजनों ने रितेश को मारने की रची थी साजिश

गोली लगने से युवक घायल, दो गिरफ्तार, तमंचा-कारतूस और मोबाइल बरामद



बलिया। चांद दियर चौकी के जयप्रभा सेतु के मांझी चेकपोस्ट के पास बिहार से आलू बेचकर लौट रहे ट्रैक्टर सवार युवक को गोली मारने के मामले का बैरिया पुलिस ने खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपितों ने अपने गांव की युवती से प्रेम विवाह करने वाले युवक की हत्या की नीयत से फायरिंग की थी। निशाना चूक जाने से गोली उसके साथ ट्रैक्टर पर बैठे बैरिया कस्बा निवासी बबलू कुमार गुप्ता की जांघ में जा लगी थी। मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस और मोबाइल फोन बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक बैरिया राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि तीन अक्टूबर की रात लीला छपरा वार्ड नंबर चार निवासी बबलू कुमार गुप्ता अपने भाई के साथ बिहार से आलू बेचकर ट्रैक्टर से लौट रहे थे। मांझी पुल चेकपोस्ट के पास पहले से मौजूद आरोपितों ने रितेश यादव को निशाना बनाकर गोली चलाई।गोली रितेश को न लगकर ट्रैक्टर पर बैठे बबलू को लग गई। घायल बबलू को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनबरसा ले जाया गया। जहां से चिकित्सकों ने जिला अस्पताल बलिया रेफर कर दिया था।घटना के संबंध में बबलू के भाई सुशील कुमार गुप्ता की तहरीर पर बैरिया थाने में पांच नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि घटना में शामिल आरोपित चांददियर गांव के पास कहीं जाने की फिराक में खड़े हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपितों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान रमाशंकर यादव पुत्र लक्ष्मण यादव तथा दयाशंकर यादव उर्फ टुन्नू पुत्र राजनाथ यादव,निवासी चांददियर के रूप में हुई।तलाशी के दौरान रमाशंकर के पास से 315 बोर का अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।दयाशंकर के पास से एक वीवो मोबाइल फोन मिलने की बात पुलिस ने कही है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पूछताछ में आरोपितों ने पुलिस को बताया कि उनके गांव की एक युवती ने रितेश यादव के साथ प्रेम विवाह कर लिया था। इससे परिवार और खानदान की बदनामी होने की बात मानते हुए रितेश की हत्या की योजना बनाई गई थी। पुलिस के मुताबिक, रितेश के बिहार से लौटने की जानकारी मिलने पर आरोपितों ने मांझी पुल के पास उसका इंतजार किया और उसे निशाना बनाकर फायरिंग की, लेकिन गोली रितेश को न लगकर उसके साथ बैठे बबलू को लग गई।पुलिस ने बरामद तमंचे और कारतूस को कब्जे में लेकर आरोपितों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत भी कार्रवाई की है। दोनों आरोपितों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। अन्य नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है।

ताला तोड़कर लाखों के आभूषण,नकदी की चोरी

बांसडीह (बलिया)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्रीय लोगों और व्यापारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बांसडीह क्षेत्र के डूहीं मूसी चट्टी का है, जहां चोरों ने पंकज सोनी की सोने चांदी की दुकान को निशाना बनाते हुए दुकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के आभूषण, नगदी और जरूरी कागजात पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल में जुट गई। जानकारी के अनुसार बांसडीह बड़ी बाजार निवासी पंकज सोनी पुत्र गुड्डू सोनी की डूहीं मूसी चट्टी पर स्वर्ण आभूषण की दुकान है। रविवार सुबह किसी व्यक्ति ने उन्हें सूचना दी कि दुकान का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही पंकज सोनी मौके पर पहुंचे तो दुकान का शटर खुला था और ताले टूटे पड़े थे। दुकान में रखी अलमारी भी गायब थी। दुकानदार ने आसपास तलाश की तो दुकान से कुछ दूरी पर खेत में अलमारी टूटी हुई पड़ी मिली। पीड़ित के अनुसार अलमारी में करीब एक किलो चांदी के आभूषण, सोने के अन्य आभूषण और नगदी रखी थी। इसके अलावा ग्राहकों को दिए गए आभूषणों और लेनदेन का हिसाब-किताब रखने वाली खाता-बही, पर्चियां और अन्य जरूरी दस्तावेज भी अलमारी में रखे थे, जिन्हें चोर अपने साथ ले गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य माध्यमों से घटना के खुलासे का प्रयास कर रही है।

देशी शराब के साथ महिला गिरफ्तार

मनियर (बलिया)। स्थानीय थाना पुलिस ने अवैध देशी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत ककरघट्टा गांव में कार्रवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार महिला के कब्जे से 8 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की गई। मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ककरघट्टा गांव में बीरबल यादव के घर में अवैध रूप से देशी शराब रखकर बिक्री की जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और महिला को पकड़ लिया। महिला की पहचान गीता यादव, पत्नी बीरबल यादव, निवासी ककरघट्टा, थाना मनियर के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया।

अराजक तत्वों ने संत रविदास की मूर्ति को किया क्षतिग्रस्त, पांच गिरफ्तार

सुखपुरा (बलिया)। थाना क्षेत्र के कुम्मिया ग्राम में शनिवार की रात कुछ अराजक तत्वों ने संत रविदास के मूर्ति का दाहिना हाथ तोड़ दिया। घटना की जानकारी पर दलितों में रोष फैल गया। सूचना पर पहुंची सुखपुरा पुलिस ने आनन-फानन में मूर्ति के टूटे हाथ को तत्काल जोड़वा दिया और देर रात इस घटना में नामजद सात लोगों में पांच को गिरफ्तार कर लिया। पूर्व प्रधान रामनारायण उपाध्याय ने घुरहुन बाबा के लिए गांव में जाने वाले मुख्य मार्ग पर भूमि उपलब्ध कराया था, जहां घुरहुन बाबा की पिंडी स्थापित है। दलित बस्ती के लोग अपने पूर्वज घुरहुन बाबा की बराबर पूजा करते आ रहें हैं। इसी जमीन पर घुरहुन बाबा की पिंडी के पूर्व दलितों ने रविदास मंदिर का निर्माण किया है जिसमें संत रविदास की मूर्ति स्थापित है। इसी मूर्ति का दाहिना हाथ कुछ अराजक तत्वों ने तोड़ दिया। मौके पर थानाध्यक्ष रत्नेश दुबे, सीओ सिटी भी मौके पर पहुंच गए और सबसे पहले मूर्ति के टूटे हाथ का अपने सामने मरम्मत कराया। दलित बस्ती के सोहन राम द्वारा दी गई नामजद तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर राजभर समाज के पांच लोगों मोहन, राकेश, उमेश, शंभू, अशोक को गिरफ्तार कर लिया जबकि नामजद लालबहादुर और वकील को पुलिस फरार बता रही हैं। इधर राजभर समाज के गुलामन, दीपक आदि का कहना है कि राजभरों को गलत फंसाया जा रहा है। दो वर्ष पूर्व भी ऐसी घटना हुई थी जिसके दोषी दलित बस्ती के लोग स्वयं थे। वह जमीन सार्वजनिक हित की है जहां सभी के समारोह होते रहे हैं अब दलित बस्ती के लोग उसे संत रविदास के नाम पर एकतरफा अपने कब्जे में लेना चाहते हैं। सुखपुरा पुलिस ने गिरफ्तार पांच व्यक्तियों को शांति भंग की आशंका में चालान भी कर दिया।

चंद्रशेखर के व्यक्तित्व से युवा पीढ़ी लें सीख-दानिश आजाद

चितबड़ागांव में जननायक चंद्रशेखर जन्म शताब्दी महोत्सव का आयोजन



बलिया। केंद्र सरकार के 12 वर्ष और प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जननायक चंद्रशेखर जन्म शताब्दी महोत्सव का आयोजन रविवार को चितबड़ागांव में हुआ। मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके राजनीतिक जीवन से प्रेरणा लेने का आवाह्न किया। राज्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को भी उनसे सीख लेनी होगी। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि आज सरकार की योजनाएं प्रत्येक जरूरतमंद तक पहुंच रही हैं। राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर तथा उनके परिवार को वर्षों पूर्व से बलिया की जनता का पूरा स्नेह मिला है। पिताजी की तुलना में मैं अभी कुछ भी नहीं हूं, लेकिन हमेशा उनके दिखाए गए पदचिन्हों पर चलने का प्रयास करता हूं। इसमें स्वच्छ राजनीति भी शामिल है। उन्होंने कहा कि मैं किसी पद पर रहूं या ना रहूं, बलिया की जनता का हित हमेशा मेरे लिए सर्वोपरि रहेगा। यहां के लोगों के सुख दुःख में हमेशा रहता हूं और आगे भी रहूंगा। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा पर लगे आरोपों को लेकर नीरज शेखर ने कहा कि संजय मिश्रा के बारे में हम सभी भली-भांति जानते हैं। सबको पता है कि उन पर लगाए गए सभी आरोप गलत है। उन्होंने सभी राजनीतिक व्यक्तियों से आवाहन किया कि इस प्रकरण में सबको संजय मिश्रा के साथ खड़ा होना चाहिए। कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा, पूर्व विधायक कालीचरण राजभर, पूर्व मंत्री राजधारी सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, विजय बहादुर सिंह, जिला महामंत्री हिमांशु सिंह आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में वीरेन्द्र पाठक, इं. दिनेश सिंह, बंशबहादुर सिंह, हीरा सिंह, राघव सिंह, अरुण सिंह, अरविन्द सिंह सेंगर, दिनेश प्रताप सिंह, अमित गिरि, धर्मवीर सिंह, राकेश सिंह, संजय सिंह, डा. प्रवीण सिंह, मदन राजभर, सुरजीत सिंह परमार, संतोष सिंह, अजय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता वृजकुमार सिंह तथा संचालन मनीष सिंह ने किया।

नोट बदलने के बहाने महिला से १८ हजार की ठगी, प्राथमिकी दर्ज

बैरिया (बलिया)। थाना क्षेत्र के पाण्डेयपुर गांव निवासी एक महिला से बैंक से रुपये निकालने के बाद नोट बदलने के बहाने 18 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर बैरिया पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पाण्डेयपुर निवासी उर्मिला देवी पत्नी सुरेंद्र नाथ राम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार को करीब 10:30 बजे वह इंडियन बैंक से 25 हजार रुपये निकालने के बाद बैंक परिसर में ही रुपये गिन रही थीं। इसी दौरान एक व्यक्ति उनके पास पहुंचा और नोट बदलने की बात कहते हुए उनके हाथ से 25 हजार रुपये की गड्डी ले ली। इसके बदले उसने महिला को नोटों की दूसरी गड्डी थमा दी। महिला के अनुसार गड्डी देखने पर उसमें मात्र सात हजार रुपये ही थे। आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने चालाकी से 18 हजार रुपये निकाल लिए और मौके से फरार हो गया। ठगी का पता चलने पर महिला ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में एसएचओ राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। बैंक परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपित की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

रामगोविंद चौधरी का राजनीतिक संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत

सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मंत्री को किया याद



बांसडीह (बलिया)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री स्व. रामगोविंद चौधरी की रविवार को कस्बे के एक मैरिज हॉल में सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और आम लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। सभा को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष सुनील मौर्य ने कहा कि स्व. रामगोविंद चौधरी का लंबा राजनीतिक जीवन जनसरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने समाज के कमजोर और वंचित वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाने का काम किया। उनका व्यक्तित्व और राजनीतिक संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहेगा। सपा नेता नीरज सिंह गुड्डू ने कहा कि रामगोविंद चौधरी से उनका गहरा आत्मीय संबंध रहा है। उनके विचार, संघर्ष और समाज के प्रति समर्पण को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने सहतवार में रामगोविंद चौधरी की प्रतिमा स्थापित कराने की घोषणा भी की। चंद्रशेखर सिंह, पूर्व प्रमुख अनिल सिंह, सुशांत राज पाठक, राजन कन्नौजिया, जलालुद्दीन जेडी, हरेंद्र सिंह, राजू सिंह, हीरालाल वर्मा, फागू यादव आदि थे।

आयुष गुप्ता ने राष्ट्रीय आविष्कार प्रतियोगिता में लहराया परचम



बलिया। सनबीम स्कूल के कक्षा बारहवीं के मेधावी छात्र आयुष गुप्ता ने ऑनलाइन आयोजित होने वाली देश की एक अत्यंत प्रतिष्ठित राष्ट्रीय नवाचार प्रतियोगिता 'जी वाई एस आविष्कार अवॉर्ड 2026 में अपनी शानदार प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए पूरे देश के शीर्ष अस्सी प्रोजेक्ट्स में अपनी जगह पक्की की और प्रभावशाली ऑल इंडिया रैंक पंद्रह हासिल करके पूरे जनपद का नाम रोशन किया है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं में कम लागत वाले जमीनी स्तर के नवाचारों को प्रोत्साहित करना है, जहां आयुष गुप्ता ने 'लो-कॉस्ट कस्टम क्वाडकॉप्टर यूजिंग डुअल ईएसपी32 एंड एफ.एच.एस.एस टेलीमेट्री 'नामक अत्यंत उत्कृष्ट और कम लागत वाला प्रोजेक्ट तैयार कर इस बात को सिद्ध कर दिया है कि सही मार्गदर्शन मिलने पर हमारे युवा वैज्ञानिक देश का भविष्य बदल सकते हैं। विद्यालय के निदेशक डॉ कुंवर अरुण सिंह ने कहा कि यह क्षण हम सभी के लिए अत्यंत गर्व का है क्योंकि बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को सही मंच देना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह ने आयुष को शुभकामना दी है।

बाढ़ ने तोड़ी दियरांचल के लोगों की कमर

बैरिया (बलिया)। सरयू नदी से लगातार हो रहे कटान व एक महीने के भीतर दूसरी बार आई बाढ़ ने दियरांचल के लोंगो की कमर तोड़ दी है। बाढ़ की विभीषिका से उबरने की कोशिश कर रहे सुरेमनपुर दियरांचल के चार ग्राम पंचायतों शिवाल मठिया, गोपाल नगर, मानगढ व बशिष्ठ नगर के लोंगो को फिलहाल बाढ़ से उत्पन्न हुई समस्या का समाधान नहीं सूझ रहा है। गोपाल नगर के पूर्व प्रधान प्रदीप यादव, शिवाल मठिया के प्रधान परमात्मा गोंड, शिक्षक राजप्रताप यादव, भोला यादव ने बताया कि लम्बे समय से दियरांचल के लोंगो के आय के दो मुख्य साधन खेती व दूध उत्पादन रहा है। बिगत 5 वर्षो में सरयू के कटान ने सैकड़ों एकड़ उपजाऊ खेतों को अपने आगोश में ले लिया। दर्जनों किसान भूमिहीन हो गये। खेती चौपट हो गई। जो थोड़ा कसर बाकी था वह बाढ़ ने पूरा कर दिया। खरीफ, सब्जियों व धान की खेती बाढ़ में डूबकर चौपट हो गई। आय के दूसरे व महत्वपूर्ण साधन दूध उत्पादन को भी बाढ़ ने चौपट कर दिया। सुरेमनपुर दियरांचल के चार ग्राम पंचायतों में प्रत्येक दिन कम से कम 20 हजार लीटर दूध का उत्पादन होता हैं जो अब घटकर 10 हजार लीटर हो गया हैं। पशुपालकों ने बताया कि उनका दूध मुख्य रूप से बिहार के सुधा डेयरी को दिया जाता रहा है। अब जबकि दूध का उत्पादन कम हो गया हैं किसानों को आर्थिक तंगी झेलनी पड़ रही हैं। पशुपालकों का कहना हैं बाढ़ में मवेशियों को चारा के साथ ही उनके रहने के लिये भी माकूल व्यवस्था नहीं है। बाढ़ के पानी मे खड़ा होकर पशुओं को रहना पड़ रहा है। सरयू के जलस्तर में लगातार वृद्धि से सुरेमनपुर दियरांचल के गोपालनगर टाड़ी, वशिष्ठनगर, गोपालनगर, धूपनाथ के डेरा, बैज के डेरा, शिवाल मठिया, बकुलहा, फतेह राय का टोला, चांददियर और पलटूनगर में बाढ़ का पानी फिर फैलने लगा है। गोपालनगर टाड़ी और गोपालनगर में कई घरों में पानी घुस गया है। पानी बढ़ने से ग्रामीण अपने घर-गृहस्थी का सामान समेटकर सुरक्षित स्थानों की ओर जाने को मजबूर हैं। गुरुवार को सुरेमनपुर दियरांचल के बाढ़ प्रभावित गांवो का निरीक्षण करने पहुंचे तहसीलदार बैरिया कृपाशंकर ने बताया कि बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। गोपालनगर में चार नावें लगाई गई हैं। आवश्यकता पड़ने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया जाएगा। लेखपालों के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे भी कराया जा रहा है।

मतदाता सूची में छूटे पात्र नागरिकों के नाम जोड़ने पर जोर

बैरिया (बलिया)। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से पात्र नागरिकों से आवेदन लेकर उनका पंजीकरण कराया जा रहा है। निर्वाचन विभाग ने विशेष रूप से युवा, पहली बार मतदाता बनने वाले, दिव्यांग, महिला तथा छूटे हुए मतदाताओं को सूची में शामिल करने पर जोर दिया है। सहायक निर्वाचन अधिकारी/उपजिलाधिकारी बैरिया रमेश चन्द्र वर्मा ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर निरंतर पुनरीक्षण-2026 के तहत मतदाता सूची में ईपी रेशियो और जेंडर रेशियो बढ़ाने के लिए कार्य किया जा रहा है। अभियान में 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के साथ ही ऐसे नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिनका नाम अभी तक सूची में दर्ज नहीं है। उन्होंने बताया कि हर पात्र नागरिक का मतदाता सूची में पंजीकरण सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति अपने मताधिकार से वंचित न रहे। जिन पात्र नागरिकों का नाम विधानसभा निर्वाचन नामावली में नहीं है, वे निर्धारित फॉर्म-6 भरकर संबंधित बीएलओ को उपलब्ध करा सकते हैं। इसके अलावा भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भी किया जा सकता है। उपजिलाधिकारी/सहायक निर्वाचन अधिकारी रमेश चन्द्र वर्मा ने सभी पात्रों से अपील की कि वे अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के साथ-साथ अपने परिवार और आसपास के पात्र लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

पूर्व मंत्री को दी गयी श्रद्धांजलि

सुखपुरा (बलिया)। पूर्व मंत्री व नेता प्रतिपक्ष राम गोविन्द चौधरी को यहां आयोजित एक सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रोहित कुमार सिंह ने कहा कि स्व. चौधरी जन-जन के नेता थे, उनका असमय चले जाना पीड़ा दायक है। अध्यक्षीय उद्बोधन में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह ने स्व. चौधरी द्वारा सुखपुरा को प्रदत्त सीएचसी का जिक्र करते हुए उन्हें लोकप्रिय नेता बताया। कहा कि इस क्षेत्र को उनकी कमी बराबर खलती रहेगी। संचालन लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष रोहित चौबे ने किया। ब्लॉक प्रमुख भोला सिंह, पूर्व प्रमुख अनिल सिंह, नागेन्द्र सिंह, नीरज सिंह गुड्डू, आशीष सिंह, अखिलेश यादव, मुकेश सिंह, लाला मिश्रा, तेज नरायन, पप्पू सिंह, आदित्य प्रताप सिंह योगी आदि मौजूद रहे।

लंबित मामलों में सुधार नहीं तो तय होगी जिम्मेदारी-एसपी

६० और ९० दिन से अधिक लंबित मामलों की एसपी ने की समीक्षा



बलिया। अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था को मजबूत करने और पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने शनिवार को थाना कोतवाली में लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की। उन्होंने 60 और 90 दिन से अधिक समय से लंबित विवेचनाओं की श्रेणीवार समीक्षा करते हुए विवेचकों को समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। 60 दिन से अधिक लंबित विवेचनाओं में महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध तथा पोक्सो अधिनियम से संबंधित मामलों की विशेष रूप से समीक्षा की गई। एसपी ने कहा कि नए विधिक प्रावधानों के तहत ऐसे मामलों में निर्धारित समय में विवेचना पूरी की जाए। बिना ठोस कारण के देरी पाए जाने पर संबंधित विवेचक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं हत्या, डकैती और गैंगस्टर एक्ट जैसे गंभीर अपराधों से जुड़े 90 दिन से अधिक लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। संबंधित क्षेत्राधिकारियों को इन मामलों की स्वयं निगरानी करने के निर्देश दिए गए। फरार वांछित आरोपियों के खिलाफ कुर्की और इनाम घोषित करने की कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय में न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल करने को कहा गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी संजय वर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर सतीश कुमार शर्मा, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली प्रवीण कुमार सिंह सहित अन्य विवेचनाधिकारी मौजूद रहे।

एक नजर इधर भी

करेंट की चपेट में आकर मिस्त्री की मौत

रसड़ा (बलिया)। क्षेत्र के पकवाइनार में रविवार की शाम समरसेबल की मरम्मत कर रहे 25 वर्षीय मिस्त्री विक्की यादव की करंट की जद में आने से उसकी मौत हो गई। मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मऊ जनपद के हलधरपुर थाना क्षेत्र के धर्मागतपुर गांव निवासी विक्की यादव 25 वर्ष पुत्र रामनाथ यादव पकवाइनार चट्टी के समीप एक व्यक्ति का खराब समरसेबल को ठीक रहे थे कि अचानक उनका स्पर्श नंगे तारों से हो गया। अचेता अवस्था में उन्हें रसड़ा सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पकवाइनार चौकी की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

डाक विभाग ने निकाली जन जागरुकता रैली

रसड़ा (बलिया)। डाक विभाग ने जन जागरुकता रैली निकाल कर डाक विभाग की योजनाओं से लोगों को जागरूक किया। जनपद डाक विभाग अधीक्षक राजीव कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में डाक विभाग द्वारा आम जनता में जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मोटर साइकिल रैली बैंक कर्मी हाथों में तख्तियां लेकर प्रधान डाकघर रसड़ा से निकले। रैली रामपुर, प्रधानपुर होते हुए बैजलपुर शाखा डाकघर पहुंची। बैजलपुर शाखा डाकघर में कैंप के द्वारा डाक घर द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से लोगों को जागरूक किया। पुनः रैली मुंडेरा होते हुए प्रधान डाकघर रसड़ा पर समाप्त होगी। डाक विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं बचत खाता, स्पीड पोस्ट पार्सल बुकिंग, आधार सेवाएं, बीमा सेवा आदि के विषय पर प्रकाश डाल कर जागरूक किया। प्रधान डाक घर पोस्टमास्टर अब्दुल कलाम खान, राकेश सिंह, एपी गोस्वामी, संतोष कुमार सिंह, राघवेंद्र सागर, अमित कुमार वर्मा, समशेर बहादुर आदि शामिल रहे।

मारपीट का आरोप, दो के खिलाफ मुकदमा

मनियर (बलिया)। थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव निवासी मारकंडे मिश्रा ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के श्रवण यादव और गोविंद यादव के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने काई आरोप लगाया है। तहरीर के अनुसार दोनों आरोपी शराब के नशे में उनके दरवाजे पर पहुंचे और बिना किसी विवाद के गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। शोर मचाने पर दोनों जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। पुलिस ने 2 अक्टूबर को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक अच्छेलाल सरोज को सौंपी गई है।

सेवा सदन स्कूल के ६ छात्राओं को प्रधानमंत्री ने भेजा पत्र

बलिया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सेवा सदन स्कूल कथरिया-बलिया के 6 छात्राओं द्वारा भेजी गई राखी को स्वीकार करते हुए उनके द्वारा अपना प्यार और आशीर्वाद देते हुए सम्मान पत्र लिखकर भेजा गया। जिसको देखकर स्कूल में उत्साह और उमंग का वातावरण बन गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक डॉ. सुधीर कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री को इस आदर और आशीर्वाद देने पर पूरे स्कूल परिवार की तरफ से आभार व्यक्त किया।



सेवा संकल्प माह में कार्यकेर्ताओं को किया गया सम्मानित



बैरिया (बलिया)। सेवा संकल्प माह के तहत बैरिया विधानसभा क्षेत्र के मठ योगेंद्र गिरी के मठिया में वरिष्ठ भाजपा नेता परशुराम सिंह के नेतृत्व में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें क्षेत्र के सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता परशुराम सिंह ने कहा कि भाजपा संगठन केवल राजनीतिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि सेवा, समर्पण और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहयोग पहुंचाने की भावना के साथ निरंतर कार्य करता है। सेवा संकल्प माह का उद्देश्य कार्यकर्ताओं और समाज के बीच सेवा व समर्पण की भावना को और मजबूत करना है। कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं और उनका सम्मान सेवा कार्यों को नई ऊर्जा देता है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना और क्षेत्र के विकास में अपनी भूमिका निभाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। आपसी सहयोग और समर्पण से ही मजबूत एवं आत्मनिर्भर समाज का निर्माण संभव है। इस दौरान सुनील सिंह पप्पू, बृजेश सिंह, मुन्ना सिंह, मृत्युंजय सिंह, अशोक सिंह, संतोष सिंह, महेश सिंह, नथुनी, कृष्ण कुमार सिंह, प्यारे लाल शर्मा, झुन्ना तुरहा, लल्लन सिंह, बृजेश राम, डॉ. बरमेश्वर, संजय सिंह, कैलाश केसरी, कमला पासवान समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

छापेमारी कर लाखों का अवैध पटाखा बरामद

रसड़ा (बलिया)। श्रीनाथ मंदिर मोड़ स्थित उपजिलाधिकारी रणबीर सिंह एवं क्षेत्राधिकारी रजनीश कुमार के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने पटाखा की दुकान से छापेमारी कर लाखों रुपयों की अवैध पटाखा पकड़ा। पुलिस की इस कार्यवाही पटाखा कारोबारियों में खलबली मच गई। दुकानदार तारकेश्वर को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुट गई। श्री नाथ बाबा मोड़ स्थित तारकेश्वर की मकान से पुलिस ने लाखों रुपयों के पटाखा सामग्री को पकड़ा। पकड़े गए पटाखों को तीन पिकअप गाड़ियों में लदवा कर थाने भिजवाया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे। सीओ रजनीश कुमार ने बताया कि पटाखा पकड़ा गया है मामले की छानबीन कर कार्यवाही की जा रही है।

रेडक्रॉस सोसायटी, जीएनआरएफ के तत्वावधान में रक्तदान शिविर

बलिया। सेवा संकल्प अभियान के तहत रेडक्रॉस सोसायटी एवं गरीब नवाज़ रिलिफ फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में जिला अस्पताल स्थित रक्तदान केन्द्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 42 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी आलोक कुमार एवं मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अभय नारायण राय व प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। सर्वप्रथम डॉ अभय नारायण राय, डॉ संतोष चौधरी, जीएनआरएफ के अध्यक्ष अजहर जमाल एवं रेडक्रॉस से डॉ पंकज ओझा द्वारा बुके देकर तथा डॉ शशी प्रकाश, शैलेन्द्र पाण्डेय, केके पाठक तथा आशुतोष राय द्वारा पौधा उपहार स्वरूप भेंटकर सीडीओ आलोक कुमार का स्वागत किया गया। आलोक कुमार ने कहा कि रक्त मानव जीवन का अमूल्य आधार है। उन्होंने रक्तदान के लिए आगे आने वाले लोगों की सराहना करते हुए रेडक्रॉस सोसायटी एवं गरीब नवाज़ रिलिफ फाउण्डेशन को शिविर के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। डॉ अभिषेक मिश्रा, शैलेन्द्र पाण्डेय, अबू तलहा अतारी, डॉ. रितेश सोनी, सरदार सुरेन्द्र सिंह खालसा, जीके दुबे, कमलेश पांडेय, श्याम जी सिंह, राजेश सिंह, दुष्यंत, अर्जुन मिश्रा, राजेश कुमार, हरिशंकर तिवारी, समाजसेवी सागर सिंह राहुल आदि मौजूद रहे। रक्तदान करने वालों में शमशाद अहमद, शमशाद आलम, सोहरब आलम, मो. शाद, मो. बेलाल, अहमद हसन, शोहरब अख्तर, अफरोज अहमद, सेराज अंसारी, निगाहें आलम, मो. अमजद, इमरान अहमद, मो. अरशद, सेराज अंसारी, शहजाद हासमी, असफाक अहमद, सतीश कुमार गिरि, शहंशाह खान, अजहर जमाल, अफजाल अतारी सहित अन्य रक्तदाता शामिल रहे।

पार्टी प्रभारी की मौजूदगी में भाजपा का जिला कार्यालय बना अखाड़ा

देश की अनुशासित पार्टी के अंदर की सच्चाई का वीडियो वायरल, उठने लगे सवाल

आजमगढ़। खुद को देश की सबसे बड़ी अनुशासित पार्टी मानने वाली भाजपा के अंदर का अनुशासन रविवार

बैठक के दौरान

मंचासीन एक नेता को अपना नाम न पुकारना गुजरा नागवार और हो गया घमासान



को तार-तार हो गया, जब मंचासीन को एक नेता को अपना नाम न पुकारना नागवार गुजरा और उसके साथ ही बैठक स्थल अखाड़े में तब्दील हो गया। बात शायद बैठक के अंदर तक ही रह जाती, लेकिन वहां का वीडियो वायरल होने के बाद चर्चाओं का बाजार काफी गर्म हो गया और पार्टी में अनुशासन पर भी सवाल उठने लगे कि अगर नेताओं के बीच की दरार इतनी चौड़ी है तो 2027 की चुनावी नैया का कम से कम जिले में पार करने के लिए भगवान राम के केवट को ही आना पड़ेगा। कभी कांग्रेस के मंच पर धक्का-मुक्की आम खबर हुआ करती थी, लेकिन अब भाजपा में इस तरह की सच्चाई सामने आने के बाद लोग गंभीर होने लगे हैं। अब जरा इस विषय पर भी गौर करना जरूरी है कि छोटे से लेकर बड़े पदाधिकारी तक विवाद के कारणों पर बोलने से परहेज ही नहीं करते रहे, बल्कि विवाद को ही खारिज करते रहे। हालांकि, बैठक में मौजूद मुख्य अतिथि, पार्टी के जिला प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष डा. धर्मेंद्र सिंह ने मामला शांत कराने का बहुत प्रयास किया, लेकिन मामला ठंडा तब पड़ा जब उन्होंने अपने तेवर गर्म कर दिए और उनके तीखे तेवर के बाद लगा कि सबकी सारी गर्मी पर इंद्र ने बारिश करके ठंडा कर दिया। उसके बाद किसी ने किसी के खिलाफ मोर्चाबंदी की जगह आपस में भाई का रिश्ता भी जोड़ दिया। सूत्र तो यहां तक बताते हैं कि पार्टी प्रभारी ने हंगामा में शामिल ज्ञानेंद्र सिंह उर्फ ज्ञानू को साफ कर दिया कि प्रदेश में एक ही नेता हैं जिनका नाम है योगी आदित्यनाथ और संगठन इस तरह की गतिविधि को स्वीकार नहीं कर सकता।

सूत्र तो यहां तक बताते हैं कि दो वरिष्ठ नेताओं में कथित रूप से हाथापाई और धक्का-मुक्की भी हुई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पार्टी के भीतर और बाहर चर्चा तेज हो गई है। बताया जा रहा है कि भाजपा जिला कार्यालय में रविवार को संगठन से जुड़े विषयों को लेकर बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष, एमएलसी और जिला प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र सिंह समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। इसी दौरान मंच से भाजपा के एक वरिष्ठ नेता का नाम नहीं लिए जाने पर उन्होंने आपत्ति जताई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नाम नहीं लिए जाने को लेकर पहले संबंधित नेताओं के बीच कहासुनी हुई। कुछ ही देर में विवाद बढ़ गया और दोनों वरिष्ठ नेताओं के बीच हाथापाई की स्थिति बन गई। इस दौरान एक-दूसरे को थप्पड़ मारने की बात भी सामने आई है। बैठक में मौजूद अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराने का प्रयास किया। घटना के दौरान मौजूद किसी व्यक्ति ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया। बैठक समाप्त होने के बाद यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद भाजपा के जिला कार्यालय में हुए विवाद को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

समझौते के हथियार से जोड़ा टूटता परिवार

आजमगढ़। नगर कोतवाली परिसर स्थित परिवार परामर्श प्रकोष्ठ/नई-किरण में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में कुल 10 पत्रावलियों में दोनों पक्षों को नोटिस/दूरभाष के माध्यम से सूचित कर मध्यस्थता हेतु बुलाया गया, जिसमें 08 पत्रावलियों में दोनों पक्ष उपस्थित हुए। परामर्श एवं समझाने-बुझाने के अथक प्रयास के उपरान्त 01 प्रकरण में दोनों पक्षों के मध्य समझौता कराया गया। प्रकरण में आवेदिका द्वारा ससुराल पक्ष पर मारपीट एवं अन्य प्रकार से बार-बार प्रताड़ित किये जाने के आरोप अंकित किये गये थे। इसके अतिरिक्त 2 पत्रावलियां अन्य कारणों से बन्द की गयीं तथा शेष प्रकरणों में अग्रिम तिथि नियत कर नोटिस/दूरभाष के माध्यम से सुनवाई हेतु दोनों पक्षों को अवगत कराया जायेगा। इस कार्य में परिवार परामर्श प्रकोष्ठ के डॉ0 उमेशचन्द्र पाण्डेय, एसआई महेन्द्र प्रसाद तिवारी, सत्यनारायण यादव, आरक्षी जितेन्द्र कुमार व सुनील कुमार गुप्ता ने सहयोग किया।

टूटे बिजली तार की चपेट में आने से युवक की मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। तरवां थाना क्षेत्र के रसूलपुर किरहिया गांव में रविवार की सुबह खेत जाते समय

खेत जाते समय हुआ हादसा, घर से २०० मीटर दूर पड़ा था बिजली का तार



फाइल फोटो-लक्ष्मीकांत

टूटे बिजली के तार की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। रसूलपुर किरहिया गांव निवासी 32 वर्षीय लक्ष्मीकांत पुत्र रामबृक्ष राम रविवार सुबह करीब सात बजे पैदल खेत जा रहे थे। वह घर से करीब 200 मीटर दूर पहुंचे थे। इसी दौरान बिजली के खंभे से टूटकर गिरे तार की चपेट में आ गए। करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के लोग मौके पर जुट गए। सूचना पर परिजन भी पहुंच गए। लक्ष्मीकांत की मौत से परिवार में मातम छा गया। उनके एक पुत्री हैं। हादसे के बाद ग्रामीणों में बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर आक्रोश भी रहा। ग्रामीणों का कहना था कि सरकार की ओर से केवल बकाए के भुगतान और गलत कनेक्शन को लेकर अभियान चलाए जाते हैं, लेकिन बाकी कहां क्या समस्या है, इस पर ध्यान नहीं दिया जाता है और उसी का परिणाम रहा कि एक परिवार उजड़ गया।

चौकी पर सो रहे कक्षा सात के छात्र की सर्पदंश से मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। रौनापार थाना क्षेत्र के अजगरा मगरबी बेलहिया गांव में शनिवार की रात चौकी पर सो रहे कक्षा सात के छात्र को सर्प ने डंस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए बिलरियागंज ब्लॉक ले गए। वहां से चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। गांव निवासी मंगल यादव का 13 वर्षीय पुत्र रामविनय शनिवार की रात करीब 11 बजे घर के कमरे में चौकी पर सो रहा था। इसी दौरान सर्प ने उसके दाहिने हाथ की उंगली में डंस लिया। जानकारी होने पर परिजन उसे तत्काल बिलरियागंज ब्लॉक लेकर पहुंचे। वहां उपचार के बाद



फाइल फोटो-रामविनय

चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डाक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। रामविनय कक्षा सात का छात्र था। वह दो भाइयों और तीन बहनों में पांचवें नंबर पर था। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई।

शराब ठेके पर २५ रुपये के विवाद में युवक की पीटकर हत्या

बलरामपुर, आजमगढ़। शहर कोतवाली क्षेत्र के बलरामपुर तिराहे के पास शनिवार की रात शराब ठेके

चना, पानी और गिलास के पैसे को लेकर विवाद, चचेरे भाई को किया घायल

पर चना, पानी और गिलास के 25 रुपये के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में लाठी-डंडों से पीटकर युवक की हत्या कर दी गई। बीच-बचाव करने पहुंचे उसके चचेरे भाई को भी हमलावरों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मृतक के चाचा की तहरीर पर एक नामजद और छह अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के बिजरवां गांव निवासी 35



दुर्गेश चौबे उर्फ राजन ऑटो चलाकर परिवार की जीविका चलाता था। शनिवार रात करीब नौ बजे वह अपने चचेरे भाई 28 वर्षीय शुभम चौबे के साथ बलरामपुर तिराहे के पास अंग्रेजी शराब के ठेके पर गया था। शराब खरीदने के बाद ठेके के पास सामान बेच रहे शहर कोतवाली क्षेत्र के शेखपुरा निवासी विजय चौहान से चना, गिलास और पानी के 25 रुपये के लेनदेन को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि विजय चौहान ने फोन कर अपने कई साथियों को बुला लिया। कुछ ही देर में पहुंचे लोगों ने लाठी-डंडों से दुर्गेश पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पर शुभम को भी पीटकर घायल कर दिया। हमलावर दुर्गेश को गंभीर रूप से घायल कर मौके से भाग निकले। स्थानीय लोगों और शुभम ने ऑटो से दुर्गेश को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्गेश अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ रहता था। उसके पिता कैशाल चौबे छोटे बेटे के साथ रोजी-रोटी के लिए पंजाब में रहते हैं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है। शहर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय ने बताया कि मृतक के चाचा हरिराम चौबे की तहरीर पर विजय चौहान समेत छह अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

कारोबारी, समाजसेवी रामकुमार चौहान का निधन

भीरा, आजमगढ़। बरदह थाना क्षेत्र के भीरा गांव निवासी एवं राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिला उपाध्यक्ष तूफानी चौहान के छोटे भाई प्रसिद्ध कारोबारी व समाजसेवी रामकुमार चौहान का रविवार को निधन हो गया। वह 50 वर्ष के थे और काफी समय से कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे और हैदराबाद में रहकर कारोबार करते थे। निधन की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव सहित क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। रामकुमार चौहान छह भाइयों में सबसे छोटे थे। उनके परिवार में पत्नी, पुत्रवधू और तीन पुत्र हैं। बड़े पुत्र की शादी हो चुकी है और वह हैदराबाद में इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। परिवार की जिम्मेदारियों के साथ समाज के प्रति उनकी भागीदारी भी लगातार बनी रही। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिलाध्यक्ष संजय कुमार, जिला संरक्षक श्रवण कुमार, जिला आईटी सेल प्रभारी सादिक उस्मानी, जिला संगठन मंत्री दीपक लाल, दीपक भारती, जिला प्रवक्ता संजीव, जिला महासचिव महेश कुमार, जिला सचिव अजय चौहान, संगठन मंत्री विनोद कुमार, जिला सचिव रामशब्द, इंदू भारती, जितेंद्र, श्याम भवन, विजय विश्वकर्मा, कमलेश सिंह, अनुराग पांडेय सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

जान से मारने का प्रयास करने वाला गिरफ्तार

आजमगढ़। रौनापार थाने के एसआई चन्द्रदेव यादव की टीम ने मुखबिर की सूचना पर रविवार की सुबह लगभग साढ़े नौ बजे गले में रस्सी का फंदा डालकर जाने से मारने के प्रयास के आरोपी चन्द्रसेन पटेल पुत्र रामाश्रय पटेल निवासी ग्राम इटैली को उसके घर से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। इस मामले में 1 सितंबर को दौलत पाण्डेय पुत्र अनिरुद्ध पाण्डेय निवासी इटैली ने तहरीर दी थी कि उसका भाई सौरभ पाण्डेय गोबर फेंकने अपने खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर पहले से घात लगाकर बैठे लोगों ने सौरभ पाण्डेय को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से उसके गले में रस्सी का फंदा डालकर कस दिया तथा लाठी-डंडा एवं लोहे की सब्बल से मारपीट कर घायल कर दिया गया, जिससे वह मौके पर बेहोश हो गया। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

अज्ञात व्यक्ति के धक्के से घायल व्यक्ति की मौत, दहशत में परिवार

पवई, आजमगढ़। थाना क्षेत्र के खेमीपुर गांव में रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में घायल 50 वर्षीय

पवई क्षेत्र के खेमीपुर गांव में हुई घटना, जांच में जुटी पुलिस

लालचंद मौर्य पुत्र जयराम मौर्य की मौत हो गई। मृतक के भाई फूलचंद की बहू शिवांगी मौर्य के अनुसार, रविवार सुबह करीब 11 बजे वह घर में बच्चे को दूध पिला रही थी। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति घर में घुस आया और उस पर हंसिया से हमला कर दिया, जिससे माथे पर घाव हो गया। शोर सुनकर घर के बाहर मंडई में सो रहे उसके चचेरे ससुर लालचंद मौर्य दौड़कर मौके पर पहुंचे। आरोप है कि अज्ञात व्यक्ति ने लालचंद को धक्का दे दिया और मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल लालचंद को परिजन आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले करीब 20 दिनों से गांव में एक संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधियां देखी जा रही थीं। कभी वह पेड़ पर चढ़ता दिखाई देता था तो कभी किसी के घर में घुस जाता था। गांव की महिलाओं का आरोप है कि शाम के समय बिजली कटने के दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर वह किसी न किसी घर में घुस जाता था। ग्रामीणों ने बताया कि दो दिन पहले भी वह पूर्णमासी के घर में घुस गया था। आरोप है कि उसने घर में रखा बॉक्स खोलकर सामान इधर-उधर कर दिया था। ग्रामीणों के पहुंचने पर वह मौके से भाग गया। हालांकि, इन घटनाओं की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को नहीं दी थी। थानाध्यक्ष पवई मनीष पाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।



फाइल फोटो-लालचंद मौर्य

चोरी के २० घंटे, एक लाख नकदी, दो चार पहिया के साथ छह गिरफ्तार

आजमगढ़। मेंहनगर व थाना तरवां पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार की रात मुखबिर की सूचना पर विशुनपुरा मोड़ के पास से दो चारपहिया सवार छह लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से मंदिरों से चोरी किए गए पीतल के 20 घंटे, चोरी के माल की बिक्री से प्राप्त एक लाख नकद बरामद किया। पकड़े गए लोगों में श्याम गुप्ता पुत्र राजन प्रसाद गुप्ता निवासी ग्राम लहरतारा बौलिया, थाना मंडुवाडीह, वाराणसी, प्रेम कुमार पुत्र स्व. राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम पियरिया पोखरी, थाना चेतगंज, पप्पू राम पुत्र विक्रमा राम निवासी ग्राम महुलसा, थाना सादात, गाजीपुर, हर्ष गुप्ता पुत्र श्याम गुप्ता निवासी चौकाघाट पानी टंकी, थाना जैतपुरा, सतीश कुमार पुत्र लालजीत निवासी बिजरवा पचई पट्टी, थाना सादात, गाजीपुर व अतुल कसेरा पुत्र दिनेश कुमार निवासी ग्राम तुलसी चौक, थाना कटरा कोतवाली, जनपद मिर्जापुर शामिल हैं। पुलिस के अनुसार 29 सितंबर की रात्रि थाना मेंहनगर क्षेत्र के पौहारी बाबा मंदिर से अज्ञात चोरों द्वारा 11 पीतल के घंटे चोरी कर लिए गए थे। इसके पश्चात 1 अक्टूबर की रात्रि पुन: उसी मंदिर से 9 पीतल के घंटे चोरी किए गए। इस प्रकार दोनों घटनाओं में मंदिर से कुल 20 पीतल के घंटे चोरी हुए थे। विवेचना के दौरान अभियुक्तों द्वारा चोरी किए गए घंटों को बेचने की योजना तथा चोरी के माल को खरीदने वाले व्यक्ति के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। पूछताछ में श्याम गुप्ता ने बताया कि उसकी बर्तन की दुकान में लगातार घाटा हो रहा था, जिसके कारण उसने चोरी के माध्यम से रुपये कमाने की योजना बनाई।

खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं- अरुण

अतरौलिया, आजमगढ़। बाबा हनुमंत स्पोर्टिंग क्लब, लोहरा में शेषभान सिंह की स्मृति में आयोजित कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ रविवार को हुआ। मुख्य अतिथि सुभासपा के अरुण राजभर ने फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। अरुण राजभर ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि स्वस्थ और अनुशासित जीवन का महत्वपूर्ण आधार है। खेलों से तन और मन स्वस्थ रहने के साथ ही युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत है कि इन प्रतिभाओं को उचित मंच और अवसर उपलब्ध कराया जाए। मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता के आयोजन के लिए बाबा हनुमंत स्पोर्टिंग क्लब और सभी आयोजकों को हार्दिक बधाई दी।

साइबर ठगी के शिकार के खाते में साढ़े बारह हजार वापस

आजमगढ़। रौनापार थाने की पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार के खाते में 12,470.86 रुपये वापस कराकर बड़ी राहत दी है। क्षेत्र के सहनूपुर निवासी अभिषेक सिंह पुत्र रामसिंह द्वारा विदेश जाने के लिए एक एजेंट को धनराशि दी गई थी। एजेंट द्वारा न तो आवेदक को विदेश भेजा गया और न ही उसकी धनराशि वापस की गई। इसके पश्चात आवेदक द्वारा 22 जून को 3.98 लाख की साइबर धोखाधड़ी के संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत प्राप्त होने के उपरान्त थाना रौनापार साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित बैंकों से ई-मेल एवं दूरभाष के माध्यम से समन्वय स्थापित किया गया। पुलिस की कार्रवाई के फलस्वरूप आवेदक के साथ हुए कुल साइबर धनराशि में से 2,11,238.18 की धनराशि को पोर्टल पर होल्ड कराया गया। होल्ड कराई गई धनराशि में से 12,470.86 की धनराशि को पोर्टल के माध्यम से 2 अक्टूबर को आवेदक के बैंक खाते में वापस कराया गया है। शेष होल्ड धनराशि को भी पोर्टल पर अपडेट होने के उपरान्त नियमानुसार आवेदक के खाते में वापस कराए जाने की कार्रवाई प्रचलित है।

साइबर फ्राड के ३,३९,७०८.१२ रुपये पुलिस ने कराये वापस

आजमगढ़। निजामाबाद थाने की पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार के खाते में 3,39,708.12 रुपये वापस कराकर बड़ी राहत दी है। इस मामले में 6 जनवरी को सोनू यादव पुत्र हीरालाल यादव के यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के खाते से इन्वेस्टमेंट के नाम पर साइबर फ्राड किया गया। आवेदक द्वारा तत्काल साइबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज करायी गयी। शिकायत प्राप्त होने के उपरान्त साइबर पोर्टल के माध्यम से संबंधित बैंकों से समन्वय स्थापित करते हुए धनराशि को विभिन्न खातों में होल्ड कराया गया। शिकायत से संबंधित 3,35,362.20 तथा दूसरी शिकायत से संबंधित 6,457.80 की धनराशि को संबंधित बैंक खातों में होल्ड कराया गया। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह के निर्देशन में साइबर टीम द्वारा प्रकरण में त्वरित एवं नियमानुसार कार्यवाही की गयी। साइबर टीम द्वारा संबंधित बैंकों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूर्ण कराते हुए कोर्ट आर्डर के माध्यम से कुल धनराशि 3,39,708.12 रुपये आवेदक के बैंक खाते में वापस कराए गए।

सड़क हादसे में मौत मामले में वांछित गिरफ्तार

आजमगढ़। बिलरियागंज सड़क हादसे में मौत मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। 3 मार्च को आनन्द सेठ पुत्र स्व. उमेशचन्द्र सेठ निवासी ग्राम व पोस्ट किशुनदासपुर, थाना कन्धरापुर द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया था कि 2 मार्च की दे रात पटवध कौतुक पुलिस बूथ के सामने उनके पिता स्व. उमेशचन्द्र सेठ को अज्ञात वाहन के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी गयी, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी। विवेचना के दौरान घटना में रामसेवक यादव पुत्र स्व. सुबेदार यादव निवासी देवईत, थाना मेहनगर, जनपद आजमगढ़ का नाम प्रकाश में आया। विधिक प्रकिया पूरी करते हुए 3 अक्टूबर को रात्रि लगभग पौने बारह बजे पुलिस टीम द्वारा घर पर दबिश दी गयी, जहां मौजूद मिला। नाम-पता तस्दीक होने के उपरान्त अभियुक्त को गिरफ्तारी का कारण बताते हुए नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

फर्जी विवरण देकर पासपोर्ट बनवाने वाला गिरफ्तार

आजमगढ़। कंधरापुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर फर्जी दस्तावेज के सहारे पासपोर्ट बनवाने के आरोपी सुनील कुमार पुत्र बुद्धिराम निषाद निवासी ग्राम हरीपुर को रविवार की दोपहर लगभग पौने एक बजे चन्द्रमा ऋषि आश्रम पुलिया के पास सड़क किनारे से गिरफ्तार किया। इस मामले में 31 अगस्त को एसआई राकेश तिवारी द्वारा लिखित तहरीर दी गई कि पासपोर्ट धारक सुनील कुमार द्वारा वर्ष 2005 में पासपोर्ट बनवाया गया था, जिसके आधार पर पासपोर्ट का नवीनीकरण कराया गया। इसके पश्चात पासपोर्ट धारक द्वारा पूर्व में जारी पासपोर्ट के विवरण को छिपाते हुए वर्ष 2019 में अपने व्यक्तिगत विवरण जैसे नाम, पिता का नाम एवं जन्मतिथि में परिवर्तन कर पुन: फ्रेश कैटेगरी में आवेदन किया गया।

माफिया कुंटू के सहयोगी की संपत्ति कुर्क करने का आदेश

आजमगढ़। प्रदेश स्तर पर चिन्हित माफिया ध्रुव सिंह उर्फ कुंटू सिंह के सहयोगी सुनील कुमार सिंह की गैंगस्टर एक्ट की धारा के तहत 28.90 लाख बाजार मूल्य की 2 संपत्तियों कुर्क करने का आदेश जिलाधिकारी ने जारी किया है। पुलिस के अनुसार सुनील कुमार सिंह पर विभिन्न थानों में हत्या, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट सहित कुल 7 अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस रिपोर्ट एवं उपलब्ध आपराधिक अभिलेखों के अनुसार अभियुक्त सुनील कुमार सिंह द्वारा अपने गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर आर्थिक, भौतिक एवं दुनियावी लाभ हेतु आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहते हुए अर्जित अवैध धनराशि से अपने नाम से संपत्तियां क्रय की गईं। उक्त संपत्तियों के अर्जन का कोई वैध आय-स्रोत प्रथम दृष्टया ज्ञात नहीं पाया गया। प्रस्तुत रिपोर्ट एवं विधिक अभिमत के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा संपत्तियों को कुर्क किए जाने का आदेश शनिवार को पारित किया गया है।

प्रशिक्षित किये जायेंगे ग्रामीण पत्रकार, सौंपी आयोजन की जिम्मेदारी

आजमगढ़। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की जनपदीय बैठक रैदोपुर में हुई, जिसमें जिले में 25

जिला मुख्यालय पर ग्रापए की बैठक में कई विषयों पर मंथन

अक्टूबर को होने वाले पत्रकार प्रशिक्षण को सफल बनाने के लिए के लिए रणनीति तय की गयी। बैठक में एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष बृजभूषण उपाध्याय द्वारा पदाधिकारियों एवं सदस्यों को पत्रकार प्रशिक्षण को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गयी। जिला अध्यक्ष ने बताया कि पत्रकारों को प्रशिक्षण महाराजा सुहेलदेव विश्व विद्यालय के प्रोफेसर डाक्टर विजय प्रकाश उपाध्याय देंगे। प्रशिक्षण के पश्चात पत्रकारों को प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र दिया जाएगा।



उन्होंने बताया कि पत्रकार प्रशिक्षण में प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र कुमार सिंह के अलावा प्रदेश के पदाधिकारी व जनपदों के जिलाध्यक्ष व मंडल अध्यक्ष प्रतिभाग करेंगे। मण्डल अध्यक्ष वीर भद्र प्रताप सिंह ने बैठक की समीक्षा की। जिसमें जनपद के सभी तहसील अध्यक्षों से तहसील इकाई की जानकारी लिया गया और सभी तहसील में पत्रकार एकता बनाए जाने पर बल दिया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष बृजभूषण उपाध्याय व संचालन कृष्ण मोहन उपाध्याय ने किया। बैठक में प्रभात सिंह, सत्येन्द्र सिंह, महेंद्र सिंह, संतोष कुमार उपाध्याय, चंद्रभान भास्कर, आसीत कुमार श्रीवास्तव, देवेन्द्र मिश्र, प्रदीप कुमार वर्मा, अच्युतानंद तिवारी, संतोष यादव, ओम प्रकाश मिश्रा, नायब यादव आदि मौजूद रहे।

फरार आरोपी के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर मुनादी

आजमगढ़। तरवां एक मामले में आरोपी दीपक गौड़ पुत्र रामबदन गौड़ निवासी ग्राम राजापुर भड़सर, थाना बिरनो, जनपद गाजीपुर लगातार फरार चल रहा है। वह न तो पुलिस के समक्ष उपस्थित हो रहा है और न ही न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर विधिक प्रक्रिया का अनुपालन कर रहा है। उसकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा धारा 82 सीआरपीसी (धारा 84 बीएनएसएस) के तहत आदेश जारी किया गया है। न्यायालयीय आदेश के अनुपालन में रविवार को तरवां पुलिस द्वारा उसके घर एवं मोहल्ले में नियमानुसार मुनादी कराकर न्यायालय के आदेश से आमजन को अवगत कराया गया। मुनादी के दौरान निर्देशित किया गया कि 29 अक्टूबर तक न्यायालय अथवा पुलिस के समक्ष उपस्थित हो, अन्यथा उसके विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही एवं कुर्की की कार्यवाही की जायेगी। कार्यवाही में एसआई रुपेश सिंह चौकी प्रभारी रासेपुर व आरक्षी अरविन्द कुमार शामिल रहे।

बकरी चोर गिरोह का सदस्य गिरफ्तार, दाएं पैर में लगी गोली

सिधारी क्षेत्र के समेंदा-पूरा ठकुराई मार्ग पर लोहारी मोड़ पुलिया के पास आमना-सामना

आजमगढ़। सिधारी थाने के चौकी प्रभारी इटौरा रंजन कुमार साव, एसआई बालेन्द्र कुमार यादव

मुठभेड़

पिस्तौल, कारतूस, बाइक, नकदी बरामद, पुलिस ने किया कई मामलों के खुलासे का दावा

की टीम ने शनिवार की आधी रात बाद समेंदा-पूरा ठकुराई मार्ग स्थित लोहारी मोड़ पुलिया के पास घेराबंदी के दौरान बकरी चोरी गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका एक साथी घेराबंदी के बाद भी अंधेरे का लाभ उठाते हुए फरार हो गया। पकड़े गए आसिफ पुत्र हसीब निवासी अशरफपुर, थाना



जीयनपुर के पास से तमंचा, कारतूस, बाइक व नकदी बरामद किया गया। पुलिस ने बकरी चोरी के कई मामलों के खुलासे का दावा किया है। पुलिस कहानी के अनुसार सिधारी थाने के प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग एवं अपराध की रोकथाम हेतु भ्रमणशील थे। शाहगढ़ चौराहे पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बकरी चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्य मोटरसाइकिल से डेंटल कॉलेज इटौरा की तरफ से समेंदा होते हुए शाहगढ़ की ओर आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने समेंदा-पूरा ठकुराई मार्ग स्थित लोहारी मोड़ पुलिया के पास घेराबंदी की। कुछ समय बाद एक मोटरसाइकिल आती दिखाई दी, जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा करने पर मोटरसाइकिल चालक ने अचानक ब्रेक लगाया, जिससे मोटरसाइकिल गिर गई। चालक ने अपने साथी आसिफ को पुलिस टीम पर गोली चलाने के लिए कहा तथा स्वयं अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से भाग गया। मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे आसिफ द्वारा पुलिस टीम पर फायर किया गया। पुलिस टीम की जवाबी कार्रवाई में एक गोली उसके दाहिने पैर में घुटने के नीचे लगी। उसे पुलिस अभिरक्षा में लेते हुए प्राथमिक उपचार कराया गया तथा उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस की पूछताछ में आसिफ ने बताया कि वह कलीम पुत्र इस्लाम निवासी शाहपुर, थाना जीयनपुर तथा अन्य साथियों के साथ मिलकर आसपास के क्षेत्रों में बकरी चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है।

कलीम गिरोह का मुख्य व्यक्ति है तथा चोरी की घटनाओं के दौरान निगरानी एवं आने-जाने के लिए वाहन का प्रयोग किया जाता है। गिरोह के सदस्य पकड़े जाने अथवा किसी व्यक्ति के जाग जाने पर डराने-धमकाने एवं फायरिंग करने के उद्देश्य से अवैध असलहा रखते हैं। 20 सितंबर को समेंदा क्षेत्र से चोरी की गई बकरी को बेचने के बाद उसके हिस्से में 1,560 रुपये आए थे जो उसके पास से बरामद हुए। आसिफ के खिलाफ 6 तथा फरार कलीम पर 38 मुकदमें दर्ज बताए गए हं।

देश में जनाक्रोश बता रहा अधिकार से वंचित किये गये हैं मतदाता

लालगंज, आजमगढ़। समाजवादी पार्टी विधानसभा लालगंज की मासिक बैठक पार्टी

लालगंज में समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में कई विषयों पर चर्चा

लालगंज पर विधानसभा अध्यक्ष राजनरायन यादव की अध्यक्षता में की गयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए विधायक बेचई सरोज ने कहा कि आज जिस तरह से पूरे प्रदेश में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जनाक्रोश पैदा हुआ है। इससे यह साबित हो गया है कि देश में मतदाताओ को मताधिकार से वंचित किया गया है, जो लोकतंत्र के लिए बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। विधानसभा इकाई अध्यक्ष राजनरायन यादव ने कहा कि देश की संवैधानिक संस्थाओं का भाजपा सरकार दुरूपयोग कर रही है, जो



भारत जैसे लोकतंत्रात्रिक देश के लिए बहुत ही अशुभ है। आज निर्वाचन आयोग जिस प्रकार से लोगों के वोट काटकर उनको अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित किया है, वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।आज उत्तर प्रदेश के युवा किसान मजदूर छात्र सभी लोग समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। बैठक में अनुपम कन्नौजिया, राजेश विश्वकर्मा, दीपक मौर्य, श्रीकांत गौड़, जय सिंह चौहान, अशोक प्रजापति, महेश सोनकर, अजीम अहमद, श्रीराम सरोज, मुन्ना, रम्मन यादव, शैलेश यादव, नूर आलम, सभाजीत राजभर, अमरजीत यादव, आलोक राजभर, मोहम्मद शाहिद, गणेश मौर्य, रामनवल यादव, नीरज राय, मनीष सिंह रहे।

कालीन उद्योग को वैश्विक बाजार से जोड़ रही डबल इंजन की सरकार-योगी

५०वें गोल्डेन जुबली इंडिया कार्पेट एक्सपो मार्ट का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ, निर्यातकों, उद्यमियों से किया संवाद

भदोही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भदोही में 50वें गोल्डन जुबली इंडिया कार्पेट एक्सपो मार्ट का शुभारंभ किया। 4 से 7 अक्टूबर तक आयोजित एक्सपो में प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद मुख्यमंत्री ने कालीन उद्योग से जुड़े निर्यातकों, विक्रेताओं और प्रमुख उद्यमियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कालीन उद्योग को सरकार की प्राथमिकताओं और उपलब्धियों से जोड़ते हुए उद्यमियों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने हुनर को इंफ्रास्ट्रक्चर, कालीन को कौशल, उद्यमी को बाजार और स्थानीय उत्पाद को वैश्विक मांग से जोड़ने का काम किया



है। आज संत रविदास नगर और यहां के शिल्प क्लस्टर से करीब 6100 करोड़ रुपये का निर्यात हो रहा है। इसका सीधा लाभ कालीन उद्योग से जुड़े कारीगरों, हस्तशिल्पियों और अन्य लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ओडीओपी से जुड़ने के बाद कालीन उद्योग को नया बाजार मिला है। डिजाइन के क्षेत्र में सरकार के सहयोग और समर्थन से कारीगरों व हस्तशिल्पियों के लिए आगे बढ़ने के नए अवसर खुले हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भदोही की पहचान केवल कालीन तक सीमित नहीं, बल्कि यहां का हुनर वैश्विक बाजार में अपनी अलग पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि लखनऊ और हरदोई के बीच करीब एक हजार एकड़ क्षेत्रफल में पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क की दिशा में तेजी से काम आगे बढ़ रहा है। यहां तकनीकी शिक्षा के साथ डिजाइनिंग और डिजाइन प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रदेश के प्रत्येक जनपद में सरदार वल्लभ भाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन गठित किए जाएंगे, जिससे उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षित और कुशल मैनपावर उपलब्ध हो सके।मुख्यमंत्री के आगमन पर सांसद डॉ. विनोद कुमार बिंद, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, विधायक दीनानाथ भास्कर, विधायक विपुल दुबे, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा सहित जनप्रतिनिधियों ने बुके देकर स्वागत किया। मंडलायुक्त राजेश प्रकाश और पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी भी मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था में जिलाधिकारी शैलेष कुमार, एसपी अभिनव त्यागी, एडीएम वित्त एवं राजस्व शुभांगी शुक्ला समेत संबंधित अधिकारी तैनात रहे।

१३४० करोड़ की ११२ परियोजनाओं से बदलेगी भदोही की तस्वीर

भदोही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भदोही को विकास परियोजनाओं की बड़ी सौगात दी। भिखारीपुर, अभयनपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 1340 करोड़ रुपये की 112 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसमें 440.84 करोड़ रुपये की 65 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 899.27 करोड़ रुपये की 47 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने योजनाओं की जानकारी लेते हुए पात्र लोगों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा तकनीक और नवाचार के माध्यम से विकास कार्यों को प्रभावी बनाने पर जोर दिया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को डेमो चेक, आवास की चाबी, नियुक्ति पत्र और आयुष्मान कार्ड भी प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी नरेश विश्वविद्यालय की स्थापना हो चुकी है और भदोही के सभी कॉलेजों को इससे जोड़ने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। अब जिले के युवाओं को काशी नरेश विश्वविद्यालय, संत रविदास नगर भदोही के नाम से डिग्री मिलेगी। उन्होंने ज्ञानपुर विधानसभा क्षेत्र में गंगा नदी पर 320.51 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले दीर्घ सेतु का शिलान्यास किया। सीतामढ़ी–धनतुलसी–डेगुरपुर घाट के बीच बनने वाला यह पुल क्षेत्र की कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा। वहीं मुंशीलाटपुर में 209.18 करोड़ रुपये की लागत से 574 बंदी क्षमता वाली नई जिला जेल का भी शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है। सुरक्षित वातावरण से निवेश, उद्योग, रोजगार और व्यापार की संभावनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि भदोही की पहचान कालीन उद्योग के साथ अब संत रविदास की धरती के रूप में भी मजबूत होगी। कार्यक्रम में जिले में विद्युत, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस और नगरीय सुविधाओं से जुड़ी कई पूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ। इनमें 151.42 करोड़ की लागत से भदोही में विद्युत उपकेंद्र, 63.46 करोड़ से ज्ञानपुर–नथईपुर–रोही–इमामगंज मार्ग का चौड़ीकरण, 22.17 करोड़ से माधोसिंह–महथुआ–असनांव–मुंशीलाटपुर मार्ग तथा जिला अस्पतालों में स्वतंत्र विद्युत फीडर जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। निर्माणाधीन और स्वीकृत परियोजनाओं में विंध्य एक्सप्रेस–वे, अमृत–2.0 की पेयजल योजना, पुलिस लाइन ट्रांजिट हॉस्टल, अधिकारियों के आवास और जिला मुख्यालय पर ऑडिटोरियम निर्माण प्रमुख हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व शुभांगी शुक्ला समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

शांतिभंग की आशंका में आठ गिरफ्तार, ३७९ वाहनों का चालान

ज्ञानपुर। जनपद पुलिस ने शांति एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए रविवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए आठ लोगों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 170/126/135 के तहत कार्रवाई करते हुए संबंधित न्यायालय में चालान किया गया। पुलिस के अनुसार ज्ञानपुर थाना क्षेत्र के सिंहपुर गांव में उपनिरीक्षक सत्येंद्र राय ने चार लोगों को गिरफ्तार किया। इसी तरह ऊंज थाना क्षेत्र के कलापुर गांव में उपनिरीक्षक भृगुनाथ यादव ने एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की। गोपीगंज थाना क्षेत्र में उपनिरीक्षक उमेशचंद्र यादव ने सुजातपुर गांव से दो तथा गुलौरी गांव से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। उधर, यातायात पुलिस ने भी सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर अभियान चलाया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 379 वाहनों का चालान किया गया। इनमें 250 दोपहिया और 129 चारपहिया वाहन शामिल रहे। कार्रवाई के दौरान कुल चार लाख चार हजार रुपये का शमन शुल्क किया गया। पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने तथा सड़क पर सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने की अपील की। पुलिस के अनुसार कानून–व्यवस्था और यातायात नियमों के उल्लंघन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

छात्रसंघ बहाली की मांग को लेकर मुखर हुई कांग्रेस

भदोही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भदोही आगमन के दौरान छात्रसंघ की बहाली की मांग को लेकर आवाज उठा रहे एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शक्ति मिश्रा, भदोही नगर अध्यक्ष सरफराज अहमद, जिला सचिव विशाल गौतम, सुरियावां ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश चौहान, पिछड़ा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश पाल, धीरज पाल सहित अन्य कांग्रेसजनों को गिरफ्तार कर भदोही कोतवाली ले जाया गया। सूचना मिलते ही जिला कांग्रेस कमेटी भदोही के अध्यक्ष वसीम अंसारी तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी एससी एस टी विभाग के प्रदेश सचिव उपेंद्र कुमार भारती अपने साथियों के साथ भदोही कोतवाली पहुंचे और गिरफ्तार कांग्रेसजनों से मुलाकात की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि छात्रसंघ छात्रों की लोकतांत्रिक आवाज और उनके अधिकारों का महत्वपूर्ण मंच है। लंबे समय से छात्रसंघ की बहाली की मांग की जा रही है। छात्रों की इस मांग को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आवाज उठाना हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है। कहा कि छात्रसंघ की बहाली केवल छात्रों की मांग नहीं, बल्कि विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में लोकतांत्रिक भागीदारी से जुड़ा विषय है। छात्रों की आवाज को दबाने के बजाय उनकी मांग पर सरकार को सकारात्मक पहल करनी चाहिए। कहा कि हमारे क्षेत्र नौवापुर में बिजली की एक छोटी–सी समस्या पिछले करीब एक वर्ष से बनी हुई है। 40 से अधिक कनेक्शन होने के बावजूद अभी तक 16 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ है। इसलिए सरकार का ध्यान इस जनसमस्या की ओर आकर्षित करने के लिए मुख्यमंत्री जी के आगमन पर हमने अपना विरोध दर्ज कराया। सूचना मिलते ही जिला उपाध्यक्ष मुशीर इकबाल मसूद आलम, त्रिलोकी नाथ बिंद,सुबुकतंगीन अंसारी, शमशीर अहमद रामू गौतम संदीप गौतम इत्यादि लोग पहुंचे।

छात्र-छात्राओं ने साइकिल, पर्यावरण और सेहत का दिया संदेश

गोपीगंज। पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश लेकर रविवार को भदोही साइकिलिंग क्लब की महा साइकिल यात्रा



निकली। करीब 200 छात्र–छात्राओं समेत बड़ी संख्या में युवाओं ने इसमें हिस्सा लेकर लोगों को साइकिल चलाने, पेड़ लगाने और प्रकृति के करीब रहने का संदेश दिया। ‘साइकिल मैन भदोही’ अधिवक्ता अताउल मुस्तफा अंसारी के नेतृत्व में यात्रा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बड़े चौराहे से शुरू हुई। झिलियापुल, अमवा और लालानगर होते हुए यात्रा माँ ज्ञानेश्वरी इंटर कॉलेज मनउरवीर, खमरिया पहुंची। यहां प्रबंधक धीरेन्द्र कुमार मौर्य और प्रधानाचार्या सुमन मौर्या के नेतृत्व में छात्र–छात्राओं और शिक्षकों ने पुष्पवर्षा व जयघोष के साथ साइकिल यात्रियों का स्वागत किया। प्रबंधक धीरेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि प्रकृति से दूरी लोगों को बीमारियों के करीब ले जा रही है। पेड़ लगाने, शुद्ध हवा लेने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। प्रबंधक और प्रधानाचार्या ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को आगे रवाना किया और स्वयं भी साइकिल से इसमें शामिल हुए। यात्रा अलोक नगर, पकरीतर, बरतर, कोटिया दशमी की बारी, मुकुंदपट्टी और झपटपुर होते हुए पुन्न कॉलेज पहुंची। इस दौरान ‘साइकिल चलाएं, ईंधन बचाएं’, ‘वृक्ष लगाओ, पर्यावरण बचाओ’ और ‘करो योग, रहो निरोग’ के नारे गूंजते रहे। राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ यात्रा का समापन हुआ।

दुर्गा पूजा पंडाल में दिखेगा गुजरात के सोमनाथ मंदिर का स्वरूप

गोपीगंज। मां सिंह वाहिनी श्रृंगार समिति (शिवम् क्लब) गोपीगंज की ओर काली महाल मे लगभग 75 लाख रुपए की लागत से एतिहासिक पूजा पंडाल का निर्माण कराया जा रहा हैद्मसमिति इस बार श्री सोमनाथ मंदिर गुजरात का भव्य स्वरूप का प्रतिरुप पूजा पंडाल का निर्माण करा रही है। सोमनाथ मंदिर का भव्य माडल तैयार करने के लिए अपने 25 सहयोगियो के साथ लगभग डेढ़ माह से जुटे है। इसके पूर्व इसी स्थान पर पंडाल के रूप में अयोध्या में प्रस्तावित राम जन्म भूमि अयोध्या.महा कालेश्वर मंदिर उज्जैन,कोणार्क का सूर्य मंदिर उड़ीसा,स्वामी नारायण मंदिर इंग्लैण्ड, श्री रामेश्वरम् मंदिर तमिलनाडु माँ वैष्णो देवी गुफा जम्बू, कारगिल पहाड़ी कारगिल,अक्षरधाम मंदिर गाँधी नगर गुजरात, श्री सोमनाथ मंदिर गुजरात, केदारनाथ मंदिर हिमालय, श्री पशुपति नाथ मंदिर काठमाण्डु नेपाल, दक्षिणेश्वर काली मंदिर कोलकाता वेस्ट बंगाल, श्री बिरला मंदिर कोलकाता,श्री वेलूर मठ कलकत्ता,श्री जगन्नाथ मंदिर पूरी उड़ीसा,श्री द्वारिकाधीश मंदिर द्वारिका गुजरात, श्री मीनाक्षी मंदिर मदुरै तमिलनाडु, श्री कुम्भकोणम मंदिर तमिलनाडु, सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर तमिलनाडु,पदनाथ स्वामी मंदिर केरल, श्री स्वामीनारायण मंदिर टोरंटो कनाडा,श्री जैन मंदिर रणकपुर राजस्थान, श्री स्वामी नारायण मंदिर दिल्ली,श्री स्वामी नारायण मंदिर न्यू जर्सी संयुक्त राज्य अमेरिका, कन्दरिया महादेव मंदिर खजुराहो मध्य प्रदेश भारत,श्री राम मंदिर अबूधाबी,श्री राम मंदिर अयोध्या आदि मंदिरों का माडल तैयार किया जा चुका है।प्रबंधक रामकृष्ण खद्दू ने बताया कि मां दुर्गा महा पूजनोत्सव, समारोह 16 अक्टूबर शुक्रवार से 23 अक्टूबर शुक्रवार तक बड़े ही सज धज व भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इसके अध्यक्ष उदयमान सिंह,संरक्षक



प्रहलाद दास गुप्ता,उपाध्यक्ष संदीप सिंह (पिन्टू सिंह) लोहा सिंह,अजीत सिंह, आनन्द कुमार सिंह,मन्टू सिंह, बांगुर शुक्ला,अजय सिंह, आशीष सिंह,बृजेश गुप्ता, कौशल, डबलू मौर्या, मोहित बाबू उमर, प्रभात जायसवाल, बबलू, रतन लाल गुप्ता,विजय मोदनवाल, आलोक अग्रवाल रोहित केशरवानी, राहुल, अभिषेक,मिठू, प्रियांशु, शैलेश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, बिराट जायवाल, शिवम गुप्ता, प्रणव विश्वास, शुभम कसेरा, दीपक प्रजापति, शुभम प्रजापति, मनीष प्रजापति, प्रतीक जायसवाल आदि लोग सहयोग कर रहे हैं।

६१वीं जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हर्ष ने जीता स्वर्ण

ज्ञानपुर। लखनऊ के गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार से शुरू हुई 61वीं जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भदोही के 18 वर्षीय एथलीट हर्ष मिश्रा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता चार से छह अक्तूबर तक आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के पहले दिन जेवलिन थ्रो (भाला फेंक) में हर्ष मिश्रा ने 72.98 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर पहला स्थान हासिल किया। उनके इस प्रदर्शन से जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई। हर्ष की सफलता को जिले की उभरती खेल प्रतिभाओं के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। हर्ष को बधाई देने वालों में जिला एथलेटिक्स



एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष शाहिद खान, रामआसरे सिंह, श्याम बिहारी मौर्य, राकेश पाल, जितनारायण यादव, खुर्रम खान, श्रीनिवास उपाध्याय, महादेव प्रजापति, मनोज उपाध्याय, समरजीत यादव, अतुल बिंद, राजाराम पाल और कैलाश नाथ पाल समेत अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

ओवरलोड ट्रैक्टर नाले में पलटा, युवक घायल

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के अमवा माफी में शनिवार शाम बांस लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सर्विस लेन किनारे नाले में पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार खरहट्टी मोहाल निवासी शुभम प्रजापति घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। बताया गया कि ट्रैक्टर औराई से काली देवी दुर्गा पंडाल के लिए बांस लेकर आ रहा था। वाहन पर क्षमता से अधिक बांस लदा होने के कारण सर्विस लेन पर अचानक चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और ट्रैक्टर नाले में जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। सूचना पर एनएचएआई की टीम पहुंची और हाइड्रा की मदद से नाले में पलटे ट्रैक्टर को बाहर निकलवाया। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद निजी अस्पताल ले जाया गया। हादसे के बाद मौके पर काफी देर तक लोगों की भीड़ जुटी रही।

२४-२५ को सुरियावां में जुटेंगे कबड्डी के दिग्गज

सुरियावां। महर्षि आजाद राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के पहले संस्करण का आयोजन 24 और 25 अक्टूबर को सेवा श्रम इंटर कॉलेज, सुरियावां में किया जाएगा। दो दिवसीय प्रतियोगिता को भव्य बनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। रविवार को महर्षि आजाद राज्यस्तरीय स्टेडियम, मेंढ़ी में खेल समिति की बैठक में आयोजन को लेकर रणनीति तैयार की गई। बैठक में समिति पदाधिकारियों ने प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं, खिलाड़ियों के स्वागत और आयोजन को सफल बनाने पर चर्चा की। अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कहा कि प्रतियोगिता में देश और प्रदेश की नामी कबड्डी प्रतिभाओं को अपना दमखम दिखाने का मौका मिलेगा। समिति का दावा है कि प्रतियोगिता को यादगार बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। बैठक में सचिव अमर सिंह, संरक्षक मथुरा प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष दिनेश यादव दादा, कार्यालय अधीक्षक संतोष प्रजापति, गौरी शंकर मिश्रा, कमेंटेटर श्याम यादव, आय–निरीक्षक जमींदार बिंद, भोला यादव, मेवा लाल यादव, राजकुमार सरोज समेत बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

विभागों की मदद से चलेगा मतदाता जागरूकता अभियान

‘कोई मतदाता न छूटे’ के लक्ष्य को लेकर होगा व्यापक प्रचार-प्रसार

ज्ञानपुर। निरंतर पुनरीक्षण–2026 के तहत पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए जिले में विभिन्न विभागों की मदद ली जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर चलने वाले विशेष अभियान में महिला, युवा, दिव्यांग, पहली बार मतदाता बनने वाले और सूची से छूटे नागरिकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अभियान के दौरान महिला कल्याण, उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, चिकित्सा, दिव्यांगजन, ग्राम्य विकास और युवा कल्याण विभाग की भूमिका तय की जाएगी। विभाग अपने स्तर से पात्र नागरिकों तक पहुंचकर उन्हें मतदाता सूची में नाम शामिल कराने की प्रक्रिया की जानकारी देंगे। प्रशासन का लक्ष्य ईपी रेशियो और जेंडर रेशियो में सुधार के साथ ही जिले में कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करना है। इसके लिए जनपद स्तर पर विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार–प्रसार भी किया जाएगा। अर्ह नागरिक मतदान केंद्रों पर बीएलओ या पदाभिहित अधिकारी से संपर्क कर आवेदन कर सकेंगे। इसके अलावा तहसील और जिला निर्वाचन कार्यालय से भी फार्म प्राप्त करने की सुविधा रहेगी। ऑनलाइन आवेदन के लिए ऐप और निर्वाचन आयोग की वेबसाइट का इस्तेमाल किया जा सकेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से अभियान को लेकर विस्तृत दिशा–निर्देश अलग से जारी किए जाएंगे।

मोबाइल से भी कर सकेंगे मतदाता सूची में नाम शामिल

ज्ञानपुर। मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए अब पात्र नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी। निरंतर पुनरीक्षण–2026 के तहत निर्वाचन आयोग ने ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध कराई है। पात्र नागरिक ऐप और निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। एक जनवरी 2026 को अर्हता तिथि मानते हुए पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं समेत सूची से छूटे पात्र नागरिकों, महिला, दिव्यांग और बेघर मतदाताओं को अभियान के तहत सूची में शामिल कराया जाएगा। इसके लिए फार्म–6, फार्म–7 और फार्म–8 ऑनलाइन जमा किए जा सकते हैं। जिन नागरिकों का नाम मतदाता सूची में नहीं है, वे मतदान केंद्र पर बीएलओ अथवा पदाभिहित अधिकारी से संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा तहसील कार्यालय और जिला निर्वाचन कार्यालय से भी संबंधित फार्म प्राप्त किए जा सकेंगे।

विजयदशमी, भरत मिलाप की तैयारियों पर बनी रणनीति

गोपीगंज। विजयदशमी और भरत मिलाप को लेकर रविवार को कोतवाली क्षेत्र के खड़हटी मोहाल में संजू जायसवाल के प्रतिष्ठान पर बैठक हुई। इसमें पर्व के दौरान नगर की रोशनी, सुरक्षा, साफ–सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक में आयोजन को शांतिपूर्ण और भव्य तरीके से संपन्न कराने के लिए आपसी सहयोग और समन्वय पर जोर दिया गया। बैठक में नगर अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल, मंडल अध्यक्ष अश्वनी अग्रवाल, संजीव जायसवाल, रितेश जायसवाल, दामोदर अग्रहरि, सुरेश गुप्ता, दिनेश गुप्ता और विशाल अग्रवाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने विजयदशमी और भरत मिलाप आयोजन में सहयोग करने का संकल्प लिया।

श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

कथा व्यास अनुराग जी महाराज ने भक्तों को सुनाया भक्ति, धर्म और सदाचार का संदेश, भजनों व जयकारों से गूंजा कथा स्थल

ज्ञानपुर। क्षेत्र के कौलापुर में पत्रकार लक्ष्मीधर चतुर्वेदी के यहां आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का रविवार को विधिवत समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कथा व्यास अनुराग जी महाराज ने भगवान की भक्ति, धर्म, सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। भगवान की विभिन्न लीलाओं और भक्तों के प्रसंगों का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मनुष्य को जीवन जीने की सही दिशा दिखाने वाला मार्गदर्शक है। भगवान के नाम का स्मरण, सत्संग और धर्म के मार्ग पर चलने से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य सांसारिक मोह–माया के बीच



रहते हुए भी अपने कर्मों के प्रति सजग रहे और सत्य तथा धर्म का साथ कभी न छोड़े। कथा के अंतिम दिन कथा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। कथा जैसे–जैसे आगे बढ़ी, वातावरण भक्तिमय होता गया। भजनों और भगवान के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। कथा में भगवान की लीलाओं और भक्तों की आस्था से जुड़े प्रसंग सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कई श्रद्धालु भाव–विभोर होकर भक्ति में लीन नजर आए। समापन अवसर पर आयोजकों ने कथा व्यास अनुराग जी महाराज के प्रति आभार जताते हुए कहा कि कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान की भक्ति के साथ ही सनातन धर्म के मूल्यों और जीवन में सदाचार के महत्व को समझने का अवसर मिला। कथा समापन के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से ढाबाकर्मी की मौत

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के छतमी स्थित पांडेय ढाबे पर काम करने वाले 25 वर्षीय युवक की शनिवार देर रात सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। हादसे के बाद ढाबा संचालकों ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सुमित तिवारी पुत्र स्व. प्रमोद तिवारी, निवासी चक मलाई, थाना बरसठी, जौनपुर के रूप में हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंचे और पुलिस को तहरीर देकर जांच व कार्रवाई की मांग की। परिजनों के अनुसार सुमित तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था और उसकी शादी नहीं हुई थी। तहरीर में परिजनों ने मौत की परिस्थितियों को लेकर संदेह जताते हुए जांच की मांग की है। बताया गया कि ढाबा संचालक का सड़क के दोनों तरफ ढाबा है और सामान पहुंचाने के लिए कर्मचारियों को सड़क पार करनी पड़ती थी। परिजनों का आरोप है कि सुमित भी इसी काम से सड़क पार कर रहा था। प्रारंभिक जानकारी में अज्ञात कार की टक्कर से हादसा होने की बात सामने आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

महिलाओं, बालिकाओं को अधिकारों की दी जानकारी

ज्ञानपुर। मिशन शक्ति फेज–5 के द्वितीय चरण के तहत रविवार को जिलेभर में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों ने बाजारों, सार्वजनिक स्थलों के साथ ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं को सुरक्षा उपायों और उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में चलाए गए अभियान के दौरान महिलाओं को महिला हेल्पलाइन 181, महिला शक्ति लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आपातकालीन सेवा 112 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 की जानकारी दी गई। पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव के तरीके भी बताए। फिशिंग, साइबर स्टॉकिंग, फर्जी प्रोफाइल और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी से सतर्क रहने की अपील की गई। साथ ही यूपी कॉप एप के जरिए पुलिस सेवाओं का लाभ लेने की जानकारी दी गई।

स्ट्रीट लाइटें खराब, कई महीने से अंधेरे में शास्त्रीनगर की सड़क

सुरियावां। नगर पंचायत सुरियावां के वार्ड चार शास्त्रीनगर में बीड़ा की ओर से बनवाई गई करीब 100 मीटर आरसीसी सड़क पर प्रकाश व्यवस्था के लिए लगाए गए एक दर्जन से अधिक स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं। लाइटें लगने के 10–15 दिन बाद ही बंद हो गईं, जिससे सड़क पर अंधेरा रहता है। यह सड़क मौर्य बस्ती से होते हुए बाईपास लिंक रोड से जुड़ती है। आवागमन के लिहाज से महत्वपूर्ण इस मार्ग पर लंबे समय से प्रकाश व्यवस्था ठप होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़



रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात में सड़क पर अंधेरा रहने से आवागमन में दिक्कत होती है। इस संबंध में नगर पंचायत के ईओ सुजीत कुमार ने बताया कि किसी व्यक्ति द्वारा पुआल जलाए जाने के कारण स्ट्रीट लाइटों की केबल जल गई थी। इसके चलते कई महीने से प्रकाश व्यवस्था बंद है। ठेकेदार को इसकी सूचना दे दी गई है। जल्द ही केबल ठीक कराकर सभी स्ट्रीट लाइटें चालू करा दी जाएंगी।

भदोही के लाल ने देहरादून मैराथन में रचा कमाल

ज्ञानपुर। भदोही के अभोली ब्लॉक के कनकपुर गांव निवासी युवा धावक नायब बिंद ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए देहरादून में आयोजित मैराथन प्रतियोगिता की 10 किलोमीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से जिले का नाम रोशन हुआ है। देहरादून में आयोजित शर्मांग देहरादून मैराथन में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे धावकों ने 10 किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच नायब बिंद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ दिया और प्रथम विजेता बने। नायब की सफलता की खबर मिलते ही कनकपुर सहित अभोली क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों, खेल प्रेमियों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लोगों ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद स्थानीय स्तर से निकलकर नायब ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर युवाओं के लिए प्रेरणा पेश की है। नायब बिंद की इस उपलब्धि को क्षेत्र के लोगों ने भदोही के लिए गौरव का क्षण बताया।

चाकू से हमला करने वाला गिरफ्तार

ज्ञानपुर। चौरी थाना क्षेत्र के परसीपुर रेलवे स्टेशन के पास पुराने विवाद में युवक पर चाकू से हमला करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी सदरे आलम उर्फ शाबे आलम मिर्जापुर के चिल्ह थाना क्षेत्र के सारीपट्टी का रहने वाला है और वर्तमान में चौरी क्षेत्र के पल्हैया गांव स्थित ननिहाल में रह रहा था। पुलिस के अनुसार 26 मई को स्कूल के पुराने विवाद को लेकर आरोपियों ने परसीपुर रेलवे स्टेशन के पास मो. आरिफ (18) पर चाकू से हमला कर दिया था। हमले में वह घायल हो गया था। घटना के बाद उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। मामले में आरिफ के चाचा परवेज आलम की तहरीर पर चौरी थाने में बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को चौरी पुलिस ने आरोपी सदरे आलम को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में विवेचक उपनिरीक्षक नथुनी सिंह, उपनिरीक्षक सुशील सिंह, हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल बृजेश यादव और कांस्टेबल उत्कर्ष सिंह शामिल रहे।

भागवत कथा में एकादशी व्रत का बताया महत्व



कस्तूरीपुर। क्षेत्र के बहरैची गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में रविवार को आचार्य श्री अशोक पांडेय जी महाराज ने श्रद्धालुओं को एकादशी व्रत के महत्व और भगवान की भक्ति का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि एकादशी का व्रत भगवान विष्णु को समर्पित है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन अन्न का सेवन करने से पाप लगता है। भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त करने के लिए श्रद्धालुओं को श्रद्धा के साथ एकादशी व्रत का पालन करना चाहिए। कथा के दौरान आचार्य ने मानव जीवन को दुर्लभ बताते हुए गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई ‘बड़े भाग्य मानुष तन पावा, सुर दुर्लभ सब ग्रंथन्हि गावा’ का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन को केवल सांसारिक कार्यों में नहीं, बल्कि ईश्वर की भक्ति और सद्कर्मों में लगाना चाहिए। कथा के यजमान शंभूनाथ मिश्र, गुलाबदेई, लालचंद मिश्र, निर्मला देवी, कौशलेन्द्र मिश्र और अनिता देवी ने आचार्य का आरती–पूजन किया। इस दौरान रमा शंकर यादव, राधेश्याम उपाध्याय, रामकुमार दुबे, विनय दुबे, मुरली पांडेय, संजय दुबे, प्रकाश चंद मिश्र, नंदू आदि मौजूद रहे।

शत-प्रतिशत पात्र नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ने पर जोर

ज्ञानपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर निरंतर पुनरीक्षण–2026 के तहत जिले में पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शत–प्रतिशत शामिल कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य ईपी रेशियो और जेंडर रेशियो में सुधार के साथ ‘कोई मतदाता न छूटे’ के संकल्प को पूरा करना है। अभियान में एक जनवरी 2026 को अर्हता तिथि मानते हुए पात्र युवाओं, पहली बार मतदाता बनने वाले नागरिकों, मतदाता सूची से छूटे लोगों, बेघर, दिव्यांग और महिला मतदाताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रशासन की ओर से यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रहे। इसके लिए महिला कल्याण, उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, चिकित्सा, दिव्यांगजन, ग्राम्य विकास और युवा कल्याण विभाग का सहयोग लिया जाएगा। विभागों के माध्यम से पात्र लोगों को चिह्नित करने के साथ ही उन्हें मतदाता सूची में नाम शामिल कराने की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी।

बसपा ने की सेक्टर बूथ की समीक्षा

ज्ञानपुर। बहुजन समाज पार्टी की ओर से रविवार को 392 भदोही विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर नंबर 12 अबरना अंतर्गत पूरेबदल (साड़ा) में सेक्टर बूथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत करने और बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में आगामी 9 अक्टूबर को लखनऊ में आयोजित होने वाले कांशीराम साहब के परिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बूथ स्तर पर लोगों से संपर्क करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि बसपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश चौधरी ने संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ पार्टी की गतिविधियों को आगे बढ़ाने की बात कही। इस दौरान हरिशंकर सिंह उर्फ दादा चौहान, राधेश्याम बिंद एडवोकेट, बाबूराम एडवोकेट, सेक्टर अध्यक्ष जयप्रकाश गौतम, जयशंकर, जोखनराम, उदयभान पाल, संदीप, बबलू चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

सुभाषित *धर्म और राजनीति अलग नहीं हैं, बल्कि राजनीतिका उद्देश्य भी समाजमें सत्य, प्रेम और अहिंसा स्थापित करना है।* ❒ **महात्मा गांधी**

एआईकी सेंधमारी

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एजेण्टों ने लक्ष्मणरेखाका उल्लंघन कर सेंधमारी की मजबूत कोशिश की है, जो गम्भीर चिंता और बड़े खतरेका संकेत है। मानवके सहयोगके लिए बनायी गयी एआईपर लगाम नहीं लगाया गया तो यह भस्मासुर की भूमिकामें आ जायगी। एआई अब नियंत्रणसे बाहर जाने लगा है। चैटजीपीटी बनाने वाली कम्पनी ओपन आई ने जो खुलासा किया है वह हैरान करने वाली है। एआई एजेण्टोंकी फौज भी तैयार होने लगी है। ऐसे सात सौ एजेण्टोंने नियंत्रणसे बाहर जाकर गलत तरीकेसे सौ से अधिक संस्थानोंके सिस्टममें जबरन घुसपैठकी है। ओपन आईने एक ब्लाग पोस्टमें स्वयं इसकी जानकारी दी है और इन एजेण्टोंकी गतिविधियोंको लेकर अलर्ट भी भेजा है। कम्पनीका कहना है कि एआईने किसी निजी जानकारी तक पहुंच नहीं बनायी है और सिस्टमके साथ छेड़छाड़ भी नहीं की है। लेकिन इस दावेकी पड़ताल भी जरूरी है। प्रभावित संस्थानोंसे स्पष्टीकरण लेनेकी आवश्यकता है। अलर्ट जारी करनेका एक उद्देश्य यह है कि सम्बन्धित संस्थान तकनीकी समस्याओंकी जांच करें और सम्भव हो तो आवश्यक काररवाई करें। पिछले महीने भी ऐसी समस्याएं आयीं थीं। हैगिंग की यह घटना जुलाईमें हुई थी। सात सौ से ज्यादा एआई एजेण्ट टेस्टके दौरान सीमा पार करके सिस्टममें घुस गये थे। अमेरिका और आस्ट्रेलियाकी सरकारोंकी वेबसाइटमें हस्तक्षेप किया गया। इसके बाद ओपन आई ने सुरक्षा नियम सख्त कर दिये हैं। पर्याप्त सुरक्षा पाबन्दियां नहीं होनेके कारण बाहरी सिस्टमका इस्तेमाल उम्मीदसे परे किया गया। ओपन आईने स्वीकार किया है कि उसके घेरे एआई एजेण्ट्सको काबू करनेमें विफल साबित हुए हैं। ऐसी स्थिति से चुनौतियां बढ़ गयी हैं और विश्वभरके साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ मिलकर इस खतरेका तोड़ नहीं निकाले तो स्थिति भयावह हो जायगी क्योंकि एआई एजेण्ट अब नियंत्रणसे बाहर होने लगे हैं। हागिंग फेसकी घटना एआईकी दुनियाकी अब तक की सबसे चौंकाने वाली घटनाओंमें से एक है। इससे 'आंसर की' चुरायी जा सकती है। टेस्टमें अच्छा स्कोर करनेके लिए एआईने खतरनाक शार्टकट चुना है। उसका सोचना है कि सवालोंको हल करनेसे ज्यादे अच्छा होगा कि 'आंसर की' ही चुरा लिया जाये। इसके लिए पाबन्दी तोड़कर इण्टरनेट तक पहुंचना जरूरी है। इसके लिए दो महीनेसे गुप्त नेटवर्क चल रहा था। एआई शोधकर्ता जैकब काक्सन का दावा है कि यदि एआईपर समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया, तो यह शीघ्र ही मानवताके अन्तका कारण बन सकता है। इसलिए मानवताकी रक्षाके लिए एआईको काबूमें करना बहुत जरूरी है।

पुरुषोंको भी पितृत्व अवकाश

यह अच्छी खबर है कि अब माताकी तरह पिताको भी पितृत्व अवकाश देनेपर ध्यान केन्द्रित किया गया है। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की प्राइवेट क्षेत्रके पुरुष कर्मियोंको भी बच्चोंकी देखभालके लिए अवकाश या चाइल्ड केयर लीव (सीसीएल) देने और सवेतन पितृत्व अवकाश देनेकी सिफारिश मासूम बच्चोंके हितमें बड़ा कदम है। एनसीडब्ल्यू ने मातृत्व और बच्चोंकी देखभालसे सम्बन्धित जो ३७ सिफारिशें, नियमोंमें बदलावके लिए केन्द्र सरकारसे की है वह उपयुक्त और सराहनीय है। इसमें चाइल्ड केयर लीव (सीसीएल) पर पुनर्विचार करने और तीसरे बच्चेके लिए भी चरणबद्ध व्यवस्थाके तहत लाभ मिलनेकी सिफारिश, सीसीएल और मातृत्व लाभ से जुड़े राज्य स्तरीय नियमोंमें एकरूपता लानेकी दिशामें महत्वपूर्ण पहल माना जायगा। दूधमुहें बच्चों वाली महिलाओंको मौजूदा नर्सिंग ब्रेकको १५ मिनट से बढ़ाकर ३० मिनट किये जानेकी मांग भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे माताओंको शिशुओंको दूध पिलानेके लिए पर्याप्त समय मिल सकेगा। इसके लिए कार्यालयोंमें अलगसे लैक्टेशन रूम बनाने और नियमोंके पालनकी निगरानी सुनिश्चित करनेकी पहल जच्चा-बच्चा दोनोंके हितार्थ सार्थक सोचको रेखांकित करता है। इसके लिए राष्ट्रीय महिला आयोगकी वर्ष २०३० तक पांच लाख क्रेच सीटें तैयार करनेका भी प्रस्ताव दिया है जो बच्चोंकी सुरक्षाके लिए आवश्यक है। इससे बच्चा चोरीकी घटनाओंपर अंकुश लगेगा। उल्लेखनीय है कि क्रेच, बाल देखभालका ऐसा केन्द्र होता है, जहां कामकाजी माता-पिताके छोटे बच्चोंकी दिनभर देखभालकी जाती है। आयोगकी सिफारिशें निजी कम्पनियोंमें कार्यरत उन पुरुषोंके लिए वरदान है जो कार्यालयके कार्यके कारण अपने बच्चोंकी देखभालके लिए पर्याप्त समय नहीं दे पाते हैं। केन्द्रको आयोगके इन सिफारिशोंपर गम्भीरतासे विचार करने और सार्थक कदम उठानेकी जरूरत है ताकि बच्चोंकी सुचारु रूपसे देखभाल सुनिश्चित किया जा सके।

लोक संवाद

क्यों किया जाता है श्राद्ध

महोदय,-पितृपक्ष शुरू होते ही लोग अपने पितरोंकी आत्माकी शांति और परिवारकी सुख-समृद्धिके लिए पूजा-पाठ और दान-पुण्य करते हैं। मान्यता है कि पितृपक्षके १६ दिनोंमें शुभ और मांगलिक कार्योंसे दूरी रखी जाती है। लोग पवित्र नदियोंके घाटोंपर जाकर पितरोंका तर्पण करते हैं और अन्न, तिल, चावल, जौ, घी एवं शहदसे बने पिंड अर्पित करते हैं। इसके साथ ही जरूरतमंदोंको भोजन और वस्तुओंका दान भी किया जाता है। धार्मिक मान्यताओंमें पितरोंको विशेष स्थान दिया गया है। माना जाता है कि श्राद्ध और तर्पणके जरिये पूर्वजोंके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की जाती है। गरुड़ पुराणसे जुड़ी मान्यताके अनुसार, जिस तिथिको किसी पूर्वजका निधन हुआ हो, उसी तिथिपर उनका श्राद्ध और दान-पुण्य किया जाना चाहिए। परंपरामें कौआ, गाय, कुत्ते और चींटियोंके लिए भोजन निकालनेकी भी मान्यता है। इसके बाद ब्राह्मणों या जरूरतमंद लोगोंको भोजन कराने और दान करनेकी परम्परा निभायी जाती है। पितृपक्षमें आज भी देशके अलग-अलग हिस्सोंमें लोग अपने पूर्वजोंको श्रद्धापूर्वक याद करते हैं। गया जैसे प्रमुख तीर्थस्थलोंतक लोग पिंडदान और तर्पण करते हैं। यह परम्परा परिवारकी पिछली पीढ़ियोंको याद करने, उनके प्रति सम्मान जतानेका संदेश भी देती है। **-उमेश लाल, वाया ईमेल।**

लोकतंत्रकी शुचिता रहे कायम

भारतीय लोकतंत्रकी सबसे बड़ी शक्ति मतदाता है और मतदाताकी सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पहचान उसका मताधिकार है। इसलिए मतदाता सूची मात्र नामोंका प्रशासनिक दस्तावेज नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्थाकी आधारशिला है। जिस व्यक्तिका नाम पात्र होते हुए मतदाता सूचीमें नहीं है, उसकी लोकतांत्रिक भागीदारी अधूरी रह जाती है।

❒ **ललित गर्ग**

जिस व्यक्तिकी मृत्यु हो चुकी हो, जो स्थानान्तरित हो गया हो अथवा जिसका नाम एकसे अधिक स्थानोंपर दर्ज हो, उसका नाम सूचीमें बने रहना चुनावकी विश्वसनीयतापर प्रश्न खड़े करता है। इसी दृष्टिसे मतदाता सूचियोंका विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है। लेकिन इसकी सफलता केवल गलत या अपात्र नाम हटानेसे नहीं, बल्कि प्रत्येक पात्र नागरिकका नाम सुरक्षित रखने और छूटे हुए मतदाताओंको वापस जोड़नेसे तय होगी। निर्वाचन आयोगने २०२६ में एसआईआरकी प्रक्रियाको कई राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशोंतक विस्तारित किया है। आयोगके कार्यक्रममें घर-घर जाकर सत्यापन, प्रारूप मतदाता सूचीका प्रकाशन, दावे और आपत्तियां लेने तथा अंतिम सूची प्रकाशित करने जैसी प्रक्रियाएं निर्धारित की गयी हैं। यह भी ध्यान देने योग्य है कि २७ मई २०२६ को सर्वोच्च न्यायालयने बिहारमें किये गये एसआईआरकी वैधानिकताको बरकरार रखा और माना कि निर्वाचन आयोगको संविधानके अनुच्छेद ३२४ तथा जन-प्रतिनिधित्व अधिनियमके संबंधित प्रावधानोंके तहत ऐसी प्रक्रिया संचालित करनेका अधिकार है। न्यायालयने यह भी माना कि प्रक्रियाका उद्देश्य मतदाता सूचीकी शुद्धता और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावोंकी रक्षासे जुड़ा वैध उद्देश्य है। एसआईआरके दौरान बड़ी संख्यामें नाम हटाये जानेको लेकर स्वाभाविक रूपसे राजनीतिक और सामाजिक बहस पैदा हुई है। लेकिन बेवजह चुनाव आयोग एवं मुख्य चुनाव आयुक्तको लेकर विवाद खड़े किये जानेकी स्थितियां विडम्बनापूर्ण है। उपलब्ध आंकड़ोंके अनुसार नौ राज्यों और तीन केन्द्रशासित प्रदेशोंकी संयुक्त मतदाता सूचीमें एसआईआरके बाद १०.२ प्रतिशतकी कमी हुई और ६६,८८,६३६ मृत मतदाताओंके नाम हटाये गये। इसी प्रक्रियामें आपत्तियों और जांचके बाद ६३.१६ लाख नाम भी हटाये गये। इन आंकड़ोंको केवल एक राजनीतिक दृष्टिसे देखना उचित नहीं होगा। इनमें एक ओर मृत, स्थानांतरित या दोहराये गये नामोंको हटानेकी प्रशासनिक आवश्यकता दिखाई देती है तो दूसरी ओर इतनी बड़ी संख्यामें नामोंमें परिवर्तन यह भी बताता है कि मतदाता सूचीको नियमित रूपसे अद्यतन करते रहना कितना आवश्यक है। यहींसे इस पूरी प्रक्रियाकी सबसे महत्वपूर्ण कसौटी सामने आती है। यदि किसी अपात्र व्यक्तिका नाम हटाना लोकतंत्रकी शुचिताके लिए जरूरी है तो किसी पात्र नागरिकका नाम गलतीसे हट जाना भी उतनी ही गम्भीर समस्या है। मतदाता सूचीको शुद्ध करने और मतदाता अधिकारको सुरक्षित रखनेके बीच संतुलन ही एसआईआरकी वास्तविक सफलता है। इस दृष्टिसे निर्वाचन आयोगका हालिया विशेष अभियान महत्वपूर्ण है। २ अक्तूबर २०२६ को आयोगने एसआईआर पूरी कर चुके राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशोंमें उन पात्र मतदाताओंको फिरसे सूचीमें शामिल करनेके लिए विशेष अभियान चलानेका निर्देश दिया, जिनके नाम पुनरीक्षणके दौरान छूट गये हों। पहली बार मतदान करने वाले और नये पात्र युवा मतदाताओंके पंजीकरणपर भी जोर दिया गया है।

इस अभियानमें बूथ स्तरके अधिकारियोंको एसआईआरसे पहलेकी मतदाता सूची और वर्तमान सूचीका मिलान कर उन लोगोंकी पहचान करनेको कहा गया है जिनके नाम पहले मौजूद थे लेकिन अंतिम सूचीमें नहीं हैं। इसके बाद घर-घर जाकर सत्यापन और पात्र पाये जानेपर मौकेपर ही फॉर्म-६ प्राप्त करनेकी व्यवस्था की गयी है। प्रत्येक बूथ स्तर अधिकारीके लिए प्रति सप्ताह २० से २५ मतदाताओंके सत्यापन और लगभग एक महीनेमें अभियान पूरा करनेका लक्ष्य रखा गया है। राजनीतिक दलोंके बूथ स्तर एजेंटोंके साथ संबंधित सूचियां साझा करनेका निर्देश भी पारदर्शिताकी दृष्टिसे उल्लेखनीय है। यही वह बिन्दु है जहां मतदाता सूचीके पुनरीक्षणको राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोपसे आगे ले जानेकी आवश्यकता है। विपक्षी दलोंने एसआईआरकी प्रक्रियाको लेकर गम्भीर आरोप लगाये हैं और कहा है कि इससे पात्र नागरिकोंके मताधिकारपर असर पड़ सकता है। दूसरी ओर निर्वाचन आयोगका कहना है कि उसका उद्देश्य मतदाता सूचीकी शुद्धता सुनिश्चित करना है। इन दोनों पक्षोंके बीच अंतिम निष्कर्ष राजनीतिक बयानबाजीसे नहीं, बल्कि पारदर्शी आंकड़ों, दस्तावेजी प्रमाण, आपत्ति और अपीलकी प्रभावी व्यवस्था तथा स्वतंत्र जांचसे निकलना चाहिए। किसी राजनीतिक दलके आरोपको स्वत: सत्य मान लेना भी उचित नहीं है और किसी शिकायतको केवल राजनीतिक आरोप कहकर खारिज कर देना भी लोकतांत्रिक दृष्टिसे उचित नहीं होगा।

भारतीय लोकतंत्रमें निर्वाचन आयोगकी संवैधानिक भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मतदाता सूचीकी शुद्धता बनाये रखना उसी जिम्मेदारीका अनिवार्य हिस्सा है। आयोग के डिजिटल पोर्टलपर मतदाता अपना नाम खोज सकते हैं, अंतिम एसआईआर सूची देख सकते हैं, नया पंजीकरण करनेके लिए फॉर्म-६ भर सकते हैं, आवेदनकी स्थिति देख सकते हैं और शिकायत भी दर्ज कर सकते हैं। यह व्यवस्था नागरिकोंको केवल प्रशासनपर निर्भर रहनेके बजाय स्वयं अपने मतदाता अधिकारकी जांच करनेका अवसर देती है। लेकिन केवल तकनीक पर्याप्त नहीं है। भारतकी सामाजिक और भौगोलिक विविधताको देखते हुए ऐसे नागरिक भी हैं जिनके पास डिजिटल साधनोंकी सीमित पहुंच है। गरीब, श्रमिक, प्रवासी, बेघर, वृद्ध, दिव्यांग और दूरदराजके क्षेत्रोंमें रहने वाले लोगोंतक प्रशासनको स्वयं पहुंचना होगा। आयोगने विशेष अभियानके अंतर्गत बूथ स्तरके शिविरों तथा रातके आश्रयस्थलों, श्रमिक बस्तियों, बेघर और अन्य वंचित समूहोंके लिए विशेष शिविरोंका निर्देश भी दिया है। यही दृष्टिकोण मतदाता सूचीको केवल कागजी शुद्धतासे आगे बढ़ाकर वास्तविक लोकतांत्रिक समावेशनसे जोड़ता है।

यह भी समझना होगा कि मतदाता सूचीमें सुधार कोई एक बार होने वाला अभियान नहीं हो सकता। शहरोंमें तेजीसे बढ़ता प्रवास, गांवोंसे शहरोंकी ओर पलायन, विवाहके बाद निवास परिवर्तन, युवाओंका १८ वर्षकी आयु पूरी करना, मृत्यु और एक स्थानसे दूसरे स्थानपर स्थानांतरण लगातार होते रहते हैं। इसलिए आयोग स्वयं मतदाता पंजीकरणको सतत प्रक्रिया मानता है और पात्र नागरिकोंके लिए फार्म-६ के माध्यमसे पंजीकरणकी सुविधा उपलब्ध कराता है। वास्तविक चुनौती यह है कि पुनरीक्षणके दौरान हटे हुए प्रत्येक नामके पीछे एक नागरिक हो सकता है। इसलिए हर हटाये गये नामको संदेहकी दृष्टिसे देखना और हर शिकायतको गम्भीरतासे सुनना आवश्यक है। इसी तरह हर पुराने नामको केवल इसलिए बनाये रखना भी उचित नहीं होगा कि वह पहले सूचीमें था। लोकतंत्रमें मतदाता सूचीका सिद्धांत स्पष्ट होना चाहिए.न पात्र व्यक्ति छूटे और न अपात्र व्यक्ति मतदान व्यवस्थामें बना रहे।

लोकतंत्रकी मजबूतीका अर्थ केवल अधिक मतदान प्रतिशत नहीं है। उसका अर्थ यह भी है कि जो पात्र नागरिक मतदान करना चाहता है, उसे मतदाता सूचीमें स्थान मिले, जो व्यक्ति मतदानके योग्य नहीं है, उसका नाम नियमपूर्वक हटे, शिकायत करने वालेको सुनवाई मिले और अंतिम निर्णय पारदर्शी प्रक्रियासे हो। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बिहार एसआईआरकी वैधानिकताको स्वीकार किये जानेका अर्थ भी यही है कि मतदाता सूचीकी शुद्धताका संवैधानिक महत्व है, साथ ही प्रक्रियामें निर्धारित सुरक्षा उपायोंका पालन आवश्यक है। इसलिए आज आवश्यकता एसआईआरके पक्ष या विपक्षमें खड़े होनेसे अधिक महत्वपूर्ण उस प्रक्रियाको इतना पारदर्शी और विश्वसनीय बनानेकी है कि किसी पात्र नागरिकको अपने मताधिकारके लिए संघर्ष न करना पड़े। भारतीय लोकतंत्रकी शक्ति चुनाव करानेमें ही नहीं, बल्कि हर योग्य नागरिकको चुनावमें भाग लेनेका समान अवसर देनेमें है। मतदाता सूचीका शुद्धीकरण लोकतंत्रकी सफाई है, लेकिन उस सफाईमें कोई निर्दोष नागरिक बाहर न रह जाय, इसकी जिम्मेदारी भी उतनी ही बढ़ी है। एसआईआर तभी अपने व्यापक उद्देश्यको पूरा करेगा जब शुद्धता और समावेश, दोनों साथ चलें।

आज आवश्यकता एसआईआरके पक्ष या विपक्षमें खड़े होनेसे अधिक महत्वपूर्ण उस प्रक्रियाको इतना पारदर्शी और विश्वसनीय बनानेकी है कि किसी पात्र नागरिकको अपने मताधिकारके लिए संघर्ष न करना पड़े। भारतीय लोकतंत्रकी शक्ति चुनाव करानेमें ही नहीं, बल्कि हर योग्य नागरिकको चुनावमें भाग लेनेका समान अवसर देनेमें है। मतदाता सूचीका शुद्धीकरण लोकतंत्रकी सफाई है, लेकिन उस सफाईमें कोई निर्दोष नागरिक बाहर न रह जाय, इसकी जिम्मेदारी भी उतनी ही बढ़ी है। एसआईआर तभी अपने व्यापक उद्देश्यको पूरा करेगा जब शुद्धता और समावेश, दोनों साथ चलें।

रासुकाके दुरुपयोगका प्रश्न

देशमें राष्ट्रीय सुरक्षा कानूनके दुरुपयोगपर सवाल उठते रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालयके कई फैसलोंसे जाहिर हो गया कि सरकारें किस तरहसे इस कानूनका इस्तेमाल करके राजनीतिक स्वार्थ सिद्धिमें लगी हुई हैं।

❒ **योगेन्द्र**

देशमें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के दुरुपयोगने उत्तर प्रदेशकी योगी सरकारकी फजीहत करा दी। संभल हिंसा मामलेमें सुप्रीम कोर्टने बड़ा फैसला सुनाते हुए मुल्ला अफरोजकी एनएसएके तहत हिरासतको रद कर दिया। इतना ही नहीं, उत्तर प्रदेश सरकारपर दस लाखका जुर्माना भी लगा दिया। सुप्रीम कोर्टने इलाहाबाद हाईकोर्टके उस फैसलेको पलट दिया है, जिसमें मुल्ला अफरोजके खिलाफ जारी डिटेंशन ऑर्डरको सही ठहराया गया था। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस शील नागुकी बेंचने कहा कि प्रीवेंटिव डिटेंशन यानी एहतियाती हिरासतके लिए सिर्फ एक्स्ट्रा-जुडिशियल कंफेशन, अर्थात् न्यायालयके बाहर किये गये कथित कबूलनामेको ही एकमात्र आधार नहीं बनाया जा सकता है। कोर्टने गैर-कानूनी प्रिवेंटिव डिटेंशन ऑर्डर जारी करनेके मामलेमें उत्तर प्रदेश सरकारपर दस लाख रुपयेका जुर्माना लगाते हुए कहा कि हिरासतमें लेने वाले अधिकारीको मामलेसे जुड़ी अन्य परिस्थितियोंपर भी विचार करना चाहिए था। सुनवाईमें अदालतने पाया कि मुल्ला अफरोजके मामलेमें अधिकारियोंने अपनी शक्तियोंका गलत इस्तेमाल किया है। संभलमें नवंबर २०२४ में शाही जामा मस्जिदमें कोर्टके आदेशपर हुए सर्वेके दौरान हिंसाके आरोपमें मुल्ला अफरोजको गिरफ्तार किया गया था।

बादमें इलाहाबाद हाईकोर्टने उसे जमानत दे दी थी। इसके बाद १३ अक्तूबर २०२५ को मुल्ला अफरोजके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानूनके तहत डिटेंशन ऑर्डर जारी किया गया। दरअसल सुप्रीम कोर्टका यह फैसला योगी सरकार और भाजपाके लिए दोहरा झटका है। पहला तो एनएसएका दुरुपयोग और दूसरा अल्पसंख्यकोंके प्रति नजरिया। अल्पसंख्यकोंके मामलेमें सख्तीके भाजपा सरकारोंपर पहले भी आरोप लगते रहे हैं। इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्टने नोएडामें गत अप्रैलमें हुए मजदूरोंके विरोध प्रदर्शनके दौरान छात्रा आकृति चौधरीको राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत हिरासतमें रखनेपर गौतम बुद्ध नगरकी जिलाधिकारी अर्थात् डीएम रूपमपर पांच लाख रुपयेका जुर्माना लगाया था। यह राशि उनकी सैलरीसे काटकर छात्राको देनेका निर्देश दिया गया था। रूपमने हाईकोर्टके आदेशको सुप्रीम कोर्टमें चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्टने इलाहाबाद हाईकोर्टके आदेशपर रोक लगा दी। सरकारों द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा कानूनका दुरुपयोग करनेके मामलोंकी लम्बी फेहरिस्त है। भाजपा सरकारोंको आलोचना पसंद नहीं है। राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम अर्थात् रासुका (१९८०) का मुख्य उद्देश्य देशकी सुरक्षा और लोक व्यवस्थाको बनाये रखना है। हालांकि विपक्ष, मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और कानूनी विश्लेषकों द्वारा केन्द्र और विभिन्न राज्योंकी भाजपा सरकारोंपर राजनीतिक विरोधियों, आलोचकों और प्रदर्शनकारियोंकी आवाज दबानेके लिए इस कानूनका दुरुपयोग करनेके गम्भीर आरोप लगते रहे हैं। पिछले साल सितंबरमें लेहमें हुए विरोध प्रदर्शनोंके सिलसिलेमें पर्यावरणविद और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुकको हिरासतमें लिया गया और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियमके तहत राजस्थानकी जोधपुर जेलमें डाल दिया गया। सरकारने कहा कि हिंसक विरोध प्रदर्शनोंके बाद सार्वजनिक व्यवस्था बनाये रखनेके लिए वांगचुकको हिरासतमें लिया गया था। देशभरमें हुई मोदी सरकारकी तीखी आलोचनाके बाद केन्द्र सरकारने मजबूर होकर वांगचुकसे एनएसए हटा लिया और उन्हें रिहा किया गया। यह वही सोनम वांगचुक हैं, जिन्होंने नीट पेपर लीक प्रकरणमें मोदी सरकारकी सत्ताकी नींवको हिला कर दिया था।

वांगचुकने नीट परीक्षामें अनियमितताओं और शिक्षामंत्रीके खिलाफ जंतर-मंतरपर २८ जून २०२६ से भूख हड़ताल शुरू की थी। तबीयत बिगड़ने और २६ दिनोंतक चले अनशनके बाद, केन्द्रीय मंत्रियों (जेपी नड्डा और डा. जितेंद्र सिंह) के लिखित आश्वासन और सांसदोंकी अपीलपर उन्होंने २४ जुलाई २०२६ को गुरुग्रामके मेदांता अस्पतालमें अपना अनशन समाप्त किया। विडंबना यह है कि जिस वांगचुकपर एनएसए लगाया गया, उन्हींका अनशन शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधानके इस्तीफेका एक बड़ा कारण बना। इसी तरह मणिपुरमें पुलिसने पत्रकार किशोरचंद्र वांगखेम और राजनीतिक कार्यकर्ता एरेंड्रो लीचेम्बमपर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। दोनोंपर आरोप था कि उन्होंने सोशल मीडियापर पोस्ट कर मणिपुरके दिवंगत भाजपा अध्यक्ष एस तिकेन्द्र सिंहकी खिल्ली उड़ायी। ४० वर्षीय दोनों आरोपियोंने फेसबुकपर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए अलग-अलग पोस्ट कर लिखा था कि गायका गोबर या गोमूत्र कोविड-१९ से बचाव नहीं करते हैं। मणिपुर हाईकोर्टके जुलाई २०२१ में दिये गये आदेशपर पत्रकार वांगखेमको रिहा किया गया। जबकि राजनीतिक कार्यकर्ता लिचोमबाम इरेंद्रोको सर्वोच्च न्यायालयके निर्देशके बाद रिहा किया गया था। एनएसएके दुरुपयोगकी सूचीमें साल २०२६ में ही असममें स्वदेशी और भूमि अधिकार कार्यकर्ता प्रणब डोलेका मामला भी है। डोलेको काजीरंगामें लक्जरी होटल निर्माणके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करनेके कारण गिरफ्तार किया गया। इसके बाद सरकारने उनपर एनएसए लगा दिया, जिसकी कांग्रेस और अन्य नागरिक संघटनोंने असाधारण कानूनोंको हथियार बनाकर असहमति दबानेके रूपमें कड़ी आलोचना की थी।

गोलाघाट सत्र न्यायालयने २९ जुलाई २०२६ को उन्हें जमानत दे दी। राजनीतिक दुर्भावनासे एनएसएका इस्तेमाल सहारनपुर हिंसाके मामलेमें २०१७-१८ में भीम आर्मीके संस्थापक चन्द्रशेखर आजादपर किया गया। उत्तर प्रदेशकी भाजपा सरकारने आजादपर एनएसए लगा दिया था। उत्तर प्रदेश सरकारने सितंबर २०१८ में सुप्रीम कोर्टको जानकारी देते हुए बताया था कि भीम आर्मीके संस्थापक चंद्रशेखर आजाद रावणपर से राष्ट्रीय सुरक्षा कानून हटा लिया था। वर्ष २०१९-२० में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनोंके दौरान उत्तर प्रदेश सरकारने डा. कफील खानपर लोक व्यवस्था बिगाड़नेका आरोप लगाकर एनएसएके तहत काररवाई की थी। कफील खानके मामलेमें भी बादमें इलाहाबाद हाईकोर्टने एनएसएको अवैध बताते हुए इसे रद कर दिया था। कानूनी विशेषज्ञों और अदालतोंने कई मौकोंपर चिन्ता जतायी है कि पुलिस और जिला प्रशासन अक्सर सामान्य कानून-व्यवस्थाके मामलों, राजनीतिक विरोधों और यहांतक कि स्थानीय विवादों जैसे गोकशी, बिजली चोरी या माफिया मामलोंमें भी बिना पुख्ता आधारके एनएसएका सहारा लेते हैं। चूंकि इस कानूनमें बिना वकील और बिना औपचारिक आरोपोंके किसीको भी महीनोंतक जेलमें रखा जा सकता है, इसलिए इसे औपनिवेशिक मानसिकताका कानून और असहमतिको दबानेका जरिया माना जाता रहा है। एनएसएका दुरुपयोग रोकनेके लिए ठोस उपाय होने चाहिए।



परमात्माके अधीन

❒ **श्रीराम शर्मा**

इस सृष्टिके कण-कणका विधान परमात्माके हाथमें है। उसे चाहे अटल नियम कहें, काल कहें, विधाता या परमेश्वर कहें, बात एक ही है। इस बातसे इनकार नहीं किया जा सकता कि मनुष्य स्वाधीन नहीं है, उसका जीवन परमात्माके विधानके अनुसार ही चलता है। न्यायकी दृष्टिसे उसका विधान भी स्वतंत्र होना चाहिए। ईश्वरने कर्म फलका एक सुदृढ़ नियम बना दिया है, इसीके अनुसार मनुष्यका भाग्य बनता बिगड़ता है। भ्रम इस बातसे पैदा हो जाता है कि कई बार प्रत्यक्ष रूपसे कर्म करनेपर भी विपरीत परिणाम प्राप्त हो जाते हैं तो लोग उसे भाग्यचक्र मानकर परमात्माको दोष देने लगते हैं। किन्तु यह भाग्य तो अपने पूर्व संचित कर्मोंका ही परिणाम है। यहां मनुष्य जीवनके विराट रूपकी कल्पना की गयी है और एक जीवनका दूसरे जीवनसे संस्कारजन्य संबंध माना गया है। इस दृष्टिसे भी जिसे आज भाग्य कहकर पुकारते हैं, यह भी कलके अपने ही कर्मका परिणाम है। सृष्टिके प्राणियोंमें चेष्टा न हो तो अबतक जो ऐतिहासिक विकास हुआ है, उसकी कल्पना नहीं की जा सकती थी। भाग्यका रोना रोनेका अर्थ तो इतना ही समझमें आता है कि हम अपने कर्मके लिए सचेत नहीं हो पाये हैं। अपनी शक्तियोंका दुरुपयोग अब नहीं तो तब किया था, जिसका कट आघात भोगना पड़ रहा है, परन्तु प्राकृतिक विधानके अनुसार तो यह भाग्य अपनी ही रचना है। परमात्माके न्यायमें अभेद देखें तो यही बात पुष्ट होती है कि भाग्य स्वयं हमारे द्वारा अपनेको संपन्न करता है, उसका स्वतंत्र अस्तित्व कुछ भी नहीं है। वास्तवमें हमें शिक्षा लेनी चाहिए कि कर्म फल किसी भी दशामें नष्ट नहीं होता। किसी न किसी समय वह अवश्य सामने आता है। विवशतावश उस समय उसे भले ही भाग्य कहकर टाल दिया जाय, परन्तु उससे कर्म फलका सिद्धांत तो नहीं मिट सकता। हम जैसा करेंगे वैसा ही तो भरेंगे। यदि स्वच्छापूर्वक परमात्मा ही जिसे जो जी चाहे देने लगे तो इस सृष्टिकी सारी न्याय, व्यवस्था बिगड़ जायगी। हम उस स्वतंत्रताको किस तरह काममें लगायें, यह एक अलग बात है, किन्तु अपना कल्याण करनेका अधिकार हमें ही है। न इसके लिए किसीको दोषी ठहराया जा सकता है और न किसीके भरोसे ही बैठा जा सकता है। ऐसी स्थिति आनेपर तो हमें यह अनुभव करना चाहिए कि हमसे जरूर कोई न कोई भूल हुई है और उसपर पश्चाताप करना चाहिए। यथा संयम न रखनेके कारण आपका स्वास्थ्य गिर गया है। आप थोड़ा-सा भी निष्पक्षता और कठोर सत्यकी साक्षीमें विचार करें तो आप यह माननेके लिए विवश होंगे कि आपने असंयमके कारण ही यह स्थिति बना ली है।

भारतने बदली ब्रिक्स देशोंकी वैश्विक दिशा

❒ **अनुज आचार्य**

नई दिल्लीमें १२ और १३ सितंबर २०२६ को आयोजित १८वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलनने बदलती विश्व व्यवस्थाकी एक महत्वपूर्ण तस्वीरको सामने रखा है। कभी ब्राजील, रूस, भारत और चीनकी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए प्रयुक्त ब्रिक शब्दसे शुरू हुआ यह समूह दक्षिण अफ्रीकाके जुड़नेके बाद ब्रिक्स बना और अब ११ पूर्ण सदस्य देशों- ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया और सऊदी अरबतक विस्तार पा चुका है। आधिकारिक विवरणके अनुसार ये देश मिलकर विश्वकी लगभग ४९.५ प्रतिशत आबादी, करीब ४० प्रतिशत वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद और लगभग २६ प्रतिशत वैश्विक व्यापारका प्रतिनिधित्व करते हैं। इस विस्तारने ब्रिक्सको केवल उभरती अर्थव्यवस्थाओंके मंचसे आगे बढ़ाकर वैश्विक आर्थिक और कूटनीतिक विमर्शका महत्वपूर्ण मंच बना दिया है। भारतकी २०२६ की अध्यक्षता ऐसे समयमें हुई जब विश्व अर्थव्यवस्था व्यापारिक तनाव, युद्धों, ऊर्जा असुरक्षा, आपूर्ति शृंखलामें व्यवधान, जलवायु संकट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी नयी तकनीकोंसे पैदा हो रही चुनौतियोंके बीच परिवर्तनके दौरसे गुजर रही है। भारतने अपनी अध्यक्षताकी थीम 'लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरताके लिए निर्माण' के माध्यमसे ब्रिक्सको किसी एक देश अथवा गुटके विरोधके मंचके बजाय साझा हितोंपर सहयोगका बहुपक्षीय मंच बनानेपर जोर दिया।

१२ सितंबरको स्वीकार किया गया १४० अनुच्छेदों वाला नयी दिल्ली घोषणापत्र इसी दृष्टिकोणका दस्तावेज है। इसमें वैश्विक शासन, व्यापार, आतंकवाद, संघर्ष, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा, स्वास्थ्यए डिजिटल प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और परमाणु सुरक्षा जैसे अनेक विषयोंपर सदस्य देशोंकी साझा चिन्ताओं और प्रतिबद्धताओंको दर्ज किया गया है। नयी दिल्ली घोषणापत्रका एक महत्वपूर्ण पक्ष वैश्विक संस्थाओंमें सुधारकी मांग है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी संस्थाओंमें विकासशील देशोंकी वर्तमान आर्थिक और जनसांख्यिकीय स्थितिके अनुरूप अधिक प्रतिनिधित्वकी मांग उठायी गयी है। आतंकवादके मुद्देपर भी घोषणापत्रने स्पष्ट रुख अपनाया। इसमें अप्रैल २०२५ के पहलगाम आतंकवादी हमलेकी कड़े शब्दोंमें निन्दा करते हुए आतंकवादके प्रति शून्य सहनशीलता, आतंकवादी सुरक्षित ठिकानोंके विरुद्ध काररवाई और आतंकवादियों तथा उनके समर्थकोंकी जवाबदेहीपर जोर दिया गया। घोषणापत्रने एकतरफा शुल्क और व्यापारिक प्रतिबंधोंके प्रति चिंता व्यक्त की तथा अधिक खुली, निष्पक्ष और पूर्वानुमेय व्यापार व्यवस्थाकी आवश्यकतापर बल दिया। हालांकि ब्रिक्सकी कोई साझा मुद्रा बनानेका निर्णय नहीं हुआ है। इसके बजाय स्थानीय मुद्राओंमें व्यापार, सीमा पार भुगतान प्रणालियों और वित्तीय सहयोगको बढ़ानेपर ध्यान दिया गया है। इसका उद्देश्य तत्काल किसी नयी वैश्विक मुद्रा व्यवस्थाका निर्माण करना नहीं, बल्कि सदस्य देशोंके बीच व्यापारिक लेन-देनको अधिक सुविधाजनक और लचीला बनाना है। न्यू डेवलपमेंट बैंकके माध्यमसे स्थानीय मुद्रामें वित्तपोषण और बुनियादी ढांचा निवेश बढ़ानेकी संभावना भी इस आर्थिक सहयोगको व्यावहारिक आधार दे सकती है। भारतके लिए ब्रिक्सका आर्थिक महत्व इसलिए भी बढ़ता है क्योंकि ११ सदस्य देशोंका बाजार भारतीय दवा, कृषि, इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल, सूचना प्रौद्योगिकी और सेवा क्षेत्रके लिए नये अवसर पैदा कर सकता है।

किन्तु केवल विशाल बाजार व्यापारिक लाभकी गारंटी नहीं देता। इसके लिए प्रतिस्पर्धी उत्पादन, बेहतर गुणवत्ता, विश्वसनीय लॉजिस्टिक्स, सुगम वित्तीय व्यवस्था और स्थिर व्यापारिक संबंध आवश्यक होंगे। ब्रिक्सके भीतर आपूर्ति शृंखलाओं, महत्वपूर्ण खनिजों और परिवहन नेटवर्कपर सहयोग इस दिशामें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। तकनीक और नवाचारके क्षेत्रमें भी नयी दिल्ली सम्मेलनने भविष्यकी अर्थव्यवस्थाकी आवश्यकताओंको ध्यानमें रखा है। डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, फिनटेकए सीमा पार डिजिटल भुगतान और उभरती प्रौद्योगिकियोंके नियमनमें विकासशील देशोंकी भागीदारीपर बल दिया गया। भारतके डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचनाके अनुभवके कारण उसके पास इस क्षेत्रमें सहयोगका एक महत्वपूर्ण आधार है। अंतरिक्ष सहयोगमें ब्रिक्स रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट कांस्टेलेशन तथा प्रस्तावित स्पेस काउंसिल जैसी पहलोंसे पृथ्वी अवलोकन, आपदा प्रबंधन और जलवायु निगरानीमें सहयोगकी संभावनाएं बढ़ सकती हैं। कृषि, स्वास्थ्य, ऊर्जा और पर्यावरण जैसे क्षेत्र भी ब्रिक्सके एजेंडेको आम नागरिकसे जोड़ते हैं। जलवायु-सक्षम कृषि, डिजिटल कृषि, खाद्य सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिलाओंकी आर्थिक भागीदारी, स्वच्छ ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजोंकी सुरक्षित आपूर्ति जैसे विषयोंपर सहयोग विकासशील देशोंके लिए व्यावहारिक महत्व रखता है। ब्रिक्सके सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं। सदस्य देशोंकी राजनीतिक व्यवस्थाएं, आर्थिक प्राथमिकताएं और विदेश नीतिके दृष्टिकोण अलग-अलग हैं। भारत और चीनके बीच सीमा तथा व्यापार संबंधी मतभेद, रूस और पश्चिमके बीच तनाव तथा पश्चिम एशियाकी जटिल परिस्थितियां साझा निर्णयोंको प्रभावित कर सकती हैं। सदस्यता बढ़नेके साथ समूहका भौगोलिक और आर्थिक प्रभाव तो बढ़ा है, लेकिन सर्वसम्मति बनाना भी अधिक चुनौतीपूर्ण हुआ है। इसलिए ब्रिक्सकी वास्तविक सफलता घोषणाओंकी लंबाईसे नहीं, बल्कि इस बातसे मापी जायगी कि कितने निर्णय व्यापार, निवेश, तकनीक, रोजगार, ऊर्जा, स्वास्थ्य और विकासकी ठोस परियोजनाओंमें बदलते हैं। भारतने अपनी अध्यक्षताके माध्यमसे ब्रिक्सको संवाद, सहयोग और वैश्विक दक्षिणकी अधिक भागीदारीके मंचके रूपमें आगे बढ़ानेका प्रयास किया है। नयी दिल्ली घोषणापत्रने दिशा अवश्य दिखाई है, लेकिन अब उस दिशाको परिणाममें बदलनेकी जिम्मेदारी सदस्य देशों पर है। ब्रिक्स अब नयी राहपर है।

●●●● ●●●● ●●●● ●●●●

लोन लेना हो सकता है मंहगा, आरबीआई बढ़ा सकता है ब्याज दरें

नयी दिल्ली। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार यह उम्मीद है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया अक्टूबर में रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट की बढ़ोतरी करेगा। महंगाई का रिस्क बना हुआ है इसलिए एफवाई27 में और बढ़ोतरी की संभावना है जिससे बेंचमार्क रेट 5.75-6 प्रतिशत तक जा सकता है और जी-एसईसी यील्ड पर दबाव पड़ सकता है। अगर ऐसा होता है तो लोन लेना महंगा हो सकता है और साथ ही साथ अगर आपका मौजूदा लोन चल रहा है तो उसकी किश्त बढ़ सकती है। बैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि सितंबर में भारतीय सरकारी बॉन्ड दबाव में रहे क्योंकि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और ग्लोबल यील्ड में बढ़ोतरी ने आरबीआई द्वारा रेट बढ़ाने की उम्मीदों को मजबूत किया। साथ ही, घरेलू बॉन्ड की ज्यादा सप्लाई ने दबाव बढ़ाया और कुल सरकारी बॉरोइंग कम होने के बावजूद यील्ड को ऊंचा बनाए रखा। रिपोर्ट में कहा गया, यह दबाव खासकर 5-साल वाले सेगमेंट में दिखा। सितंबर के दौरान 5-साल के जी-एसईसी की यील्ड 45 बीपीएस बढ़ी, जबकि 10-साल वाले की यील्ड 24बीपीएस बढ़ी, जिससे 10-साल और 5-साल के बीच का अंतर (स्प्रेड) 36 बीपीएस से घटकर 16 बीपीएस रह गया। इसमें यह भी बताया गया कि सरकार की योजना एस२एफवाई27 में 7.86 लाख करोड़ रुपए की ग्रॉस डेटेड जी-एसईसी बॉरोइंग की है, जिसमें बजट में तय और अनुमानित ग्रॉस बॉरोइंग के बीच का अंतर लगभग 1.1 लाख करोड़ रुपए है। नेट बॉरोइंग में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है क्योंकि एग्रेसिव स्विच ऑक्शन के जरिए रिडेम्पशन (बॉन्ड की मैच्योरिटी पर भुगतान) को कम किया गया है; बॉन्ड स्विच ने पेमेंट को आगे बढ़ा दिया है, जिससे एफवाई27 में रिडेम्पशन और रीफाइनेंसिंग की जरूरतें कम हो गई हैं। टी-बिल की ज्यादा बिक्री और राज्यों की थोड़ी ज्यादा बॉरोइंग से भी मार्केट में सप्लाई बढ़ने की उम्मीद है। रिपोर्ट में इस बात पर भी जोर दिया गया कि सेंट्रल बैंक वेरिएबल रेट रिवर्स रेपो ऑक्शन, ओपन मार्केट ऑपरेशन सेल और फॉरेन एक्सचेंज स्वैप के जरिए एफसीएनआर से सरप्लस को सोखना जारी रखे हुए है। सितंबर में तीन ऑक्शन में कुल 1 लाख करोड़ रुपए के ओएमओ सेल हुए, जिससे बैंकिंग सिस्टम में लिक्विडिटी सरप्लस घटकर 4.85 लाख करोड़ रुपए रह गई जो 6 सितंबर को 11.16 लाख करोड़ थी।

नेस्ले के दूध पाउडर पर एफएसएसएआई सख्त

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के कनॉट प्लेस स्थित होटल ललित से लिए गए नेस्ले इंडिया के लो-फैट डेयरी व्हाइटनर के एक नमूने को असुरक्षित और मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने यह जानकारी दी। हालांकि, नेस्ले इंडिया ने कहा कि उसका लो-फैट डेयरी व्हाइटनर सेवन के लिए सुरक्षित है और सभी लागू नियामकीय आवश्यकताओं का अनुपालन करता है। खाद्य नियामक ने सोशल मीडिया पर लिखा कि नमूना नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित भारत होटल्स लिमिटेड (द ललित) के परिसर से लिया गया था। एफएसएसएआई के अनुसार,

बिक्री पर लगायी रोक

खाद्य विश्लेषक की प्रयोगशाला की रिपोर्ट में उत्पाद को घटिया और असुरक्षित घोषित किया गया, जो खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत नियमों के अनुरूप नहीं होने का संकेत है। खाद्य नियामक के अनुसार, खाद्य विश्लेषक की प्रयोगशाला की रिपोर्ट में उत्पाद को मानकों के अनुरूप नहीं और असुरक्षित घोषित किया गया। यह खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत नियमों के अनुपालन में कमी का संकेत है। नियामक ने कहा कि प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट की एक प्रति खाद्य कारोबार संचालक (एफबीओ) को जानकारी और आवश्यक कार्रवाई के लिए दी गई है। गैर-अनुपालन वाले उत्पाद को लेकर भारत होटल्स लिमिटेड को नोटिस भी जारी किया गया है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., आजमगढ़

पत्र संख्याः- 2686/14ए   दिनांकः- 29.09.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेन्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।
2. कार्यों का विवरण निम्नवत् है :-

SL No	DIST-RICT	Name of Work	Estimated cost (Rs. In Lakhs)	Bid Security (Rs. In Lakhs)	Cost of Document (in Rs.)	Time of completion work	Address of Executive Engineer of the Executing the work	Address of S.E.	Address of C.E.	Contract or Class
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	Azamgarh	विधान सभा दीदारगंज विकास खण्ड मुहम्मदपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हुसेपुर में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
2	Azamgarh	विधान सभा दीदारगंज विकास खण्ड मुहम्मदपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रीवा में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
3	Azamgarh	विधान सभा दीदारगंज विकास खण्ड मार्टिनगंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत छित्तेपुर में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
4	Azamgarh	विधान सभा दीदारगंज विकास खण्ड मार्टिनगंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत फुलेश में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
5	Azamgarh	विधान सभा दीदारगंज विकास खण्ड मार्टिनगंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कुम्भ में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
6	Azamgarh	विधान सभा दीदारगंज विकास खण्ड मार्टिनगंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत लारपुरबक्सू में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
7	Azamgarh	विधान सभा दीदारगंज विकास खण्ड मार्टिनगंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नोनारी में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
8	Azamgarh	विधान सभा लालगंज विकास खण्ड लालगंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोटाबुजुर्ग में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
9	Azamgarh	विधान सभा लालगंज विकास खण्ड लालगंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत उबारपुर लखमीपुर में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.40	0.84	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
10	Azamgarh	विधान सभा लालगंज विकास खण्ड ठेकमा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सेखवलिया में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
11	Azamgarh	विधान सभा लालगंज विकास खण्ड ठेकमा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बेलउ में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
12	Azamgarh	विधान सभा लालगंज विकास खण्ड ठेकमा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हरईरामपुर में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
13	Azamgarh	विधान सभा लालगंज विकास खण्ड ठेकमा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गढ़हा में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
14	Azamgarh	विधान सभा लालगंज विकास खण्ड लालगंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कस्बा देवगांव में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
15	Azamgarh	विधान सभा सगड़ी विकास खण्ड हरैया के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बघावर में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
16	Azamgarh	विधान सभा सगड़ी विकास खण्ड हरैया के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बनकटा में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
17	Azamgarh	विधान सभा सगड़ी विकास खण्ड हरैया के अन्तर्गत ग्राम पंचायत देवाराखास राजापालकी का पुरा में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	6.00	0.6	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
18	Azamgarh	विधान सभा सगड़ी विकास खण्ड हरैया के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रैनापार (बनहरा) में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
19	Azamgarh	विधान सभा सगड़ी विकास खण्ड हरैया के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हरैया में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
20	Azamgarh	विधान सभा सगड़ी विकास खण्ड अजमतगढ़ के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुहम्मदपुर में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
21	Azamgarh	विधान सभा सगड़ी विकास खण्ड हरैया के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नरहनखास में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
22	Azamgarh	विधान सभा गोपालपुर विकास खण्ड बिलरियागंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत लंगड़पुर में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.40	0.84	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
23	Azamgarh	विधान सभा गोपालपुर विकास खण्ड महराजगंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नौबरार देवारा जदीद किता-। में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.40	0.84	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
24	Azamgarh	विधान सभा गोपालपुर विकास खण्ड महराजगंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत देवारा कदीम में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
25	Azamgarh	विधान सभा गोपालपुर विकास खण्ड महराजगंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सैदपुर में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
26	Azamgarh	विधान सभा आजमगढ़ विकास खण्ड पल्हनी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भागमलपुर में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
27	Azamgarh	विधान सभा आजमगढ़ विकास खण्ड पल्हनी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जाफरपुर में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
28	Azamgarh	विधान सभा आजमगढ़ विकास खण्ड पल्हनी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सरायसादी में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
29	Azamgarh	विधान सभा आजमगढ़ विकास खण्ड रानी की सराय के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खैरा में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	7.70	0.77	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
30	Azamgarh	विधान सभा आजमगढ़ विकास खण्ड रानी की सराय के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सोनवारा में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.40	0.84	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
31	Azamgarh	विधान सभा आजमगढ़ विकास खण्ड रानी की सराय के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गम्भीरवन में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.40	0.84	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
32	Azamgarh	विधान सभा आजमगढ़ विकास खण्ड रानी की सराय के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बेलहता में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति का संरक्षण हेतु सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.40	0.84	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
33	Azamgarh	विधान सभा अतरौलिया विकास खण्ड कोयलसा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भेदौरा में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
34	Azamgarh	विधान सभा अतरौलिया विकास खण्ड कोयलसा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत लहरपार में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
35	Azamgarh	विधान सभा अतरौलिया विकास खण्ड कोयलसा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भरौली टोडर में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
36	Azamgarh	विधान सभा अतरौलिया विकास खण्ड अतरौलिया के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पेंडरा में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
37	Azamgarh	विधान सभा अतरौलिया विकास खण्ड अतरौलिया के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भिउरा में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
38	Azamgarh	विधान सभा अतरौलिया विकास खण्ड अतरौलिया के अन्तर्गत ग्राम पंचायत देहुला सल्तनत में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
39	Azamgarh	विधान सभा अतरौलिया विकास खण्ड अतरौलिया के अन्तर्गत ग्राम पंचायत लोहरा में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
40	Azamgarh	विधान सभा मेंहनगर विकास खण्ड मेंहनगर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हथौड़ी में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
41	Azamgarh	विधान सभा मेंहनगर विकास खण्ड मेंहनगर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अमारी में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
42	Azamgarh	विधान सभा मेंहनगर विकास खण्ड मेंहनगर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत शिवरामपुर में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
43	Azamgarh	विधान सभा मेंहनगर विकास खण्ड मेंहनगर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत इनवल में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
44	Azamgarh	विधान सभा मेंहनगर विकास खण्ड तरवां के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अराजी मेरूकपुर (लोहारपुर) में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
45	Azamgarh	विधान सभा मेंहनगर विकास खण्ड तरवां के अन्तर्गत ग्राम पंचायत असुरायन (तरवां) में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
46	Azamgarh	विधान सभा मेंहनगर विकास खण्ड पल्हना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पवनीकला में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
47	Azamgarh	विधान सभा फूलपुर-पवई विकास खण्ड अहिरौला के अन्तर्गत ग्राम पंचायत ओरिल में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
48	Azamgarh	विधान सभा फूलपुर-पवई विकास खण्ड पवई के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नाहरपुर में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
49	Azamgarh	विधान सभा फूलपुर-पवई विकास खण्ड पवई के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पहाड़पुर दशनवल में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
50	Azamgarh	विधान सभा फूलपुर-पवई विकास खण्ड पवई के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भरचकिया में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
51	Azamgarh	विधान सभा फूलपुर-पवई विकास खण्ड फूलपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुहबुरा में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
52	Azamgarh	विधान सभा फूलपुर-पवई विकास खण्ड फूलपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भोरमऊ में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
53	Azamgarh	विधान सभा निजामाबाद विकास खण्ड तहबरपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पुरवपट्टी में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
54	Azamgarh	विधान सभा निजामाबाद विकास खण्ड तहबरपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत लछेहरा में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
55	Azamgarh	विधान सभा निजामाबाद विकास खण्ड तहबरपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अमिलाई में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
56	Azamgarh	विधान सभा निजामाबाद विकास खण्ड रानी की सराय के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अल्लीपुर में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
57	Azamgarh	विधान सभा निजामाबाद विकास खण्ड रानी की सराय के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अन्धौरी में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.40	0.84	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
58	Azamgarh	विधान सभा मुबारकपुर विकास खण्ड सठियांव के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
59	Azamgarh	विधान सभा मुबारकपुर विकास खण्ड सठियांव के अन्तर्गत ग्राम पंचायत चकशेख अहमदपुर उर्फ चकिया में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
60	Azamgarh	विधान सभा मुबारकपुर विकास खण्ड सठियांव के अन्तर्गत ग्राम पंचायत चकतगे में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
61	Azamgarh	विधान सभा मुबारकपुर विकास खण्ड सठियांव के अन्तर्गत ग्राम पंचायत उदयभानपुर में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
62	Azamgarh	विधान सभा मुबारकपुर विकास खण्ड जहानागंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मसुआ में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.50	0.85	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)
63	Azamgarh	विधान सभा मुबारकपुर विकास खण्ड जहानागंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भोपतपुर में डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति स्थल के बाउण्ड्रीवाल एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.40	0.84	Tender Cost+ Stationery Charges+ GST Rs. 944.00	2 Month	CD, PWD, Azamgarh	Azamgarh Circle, PWD, Azamgarh	Azamgarh Zone, PWD, Azamgarh	A.B. C.D. (Building)

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 07.10.2026 अपरान्ह 12.00 बजे से 15.10.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अन्तिम तिथि 15.10.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 15.10.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, आजमगढ़ में खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्ववत् होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शाई जायेगी।
5. शासनादेश सं0-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
6. शासनादेश सं0-86/2026/649/2026/23-7099/106/2025 लो0नि0अनु0-7 दिनांक 23.05.2026 में दिये गये निर्देश निविदा में प्रभावी होंगे।

नोट :- निविदा की समस्त शर्ते https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

उ.प्र.:- 257425
दिनांक:- 01.10.2026

(इं. आनन्द वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., आजमगढ़

वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

२१ दिवसीय रामलीला का शुभारंभ

एसडीएम ने मुकुट पहनाकर किया शुभारंभ

चुनार। श्री राघवेन्द्र रामलीला नाट्य समिति के तत्वावधान में नगर में चलने वाली 21 दिवसीय रामलीला का शुभारंभ शनिवार की रात बतौर मुख्य एसडीएम अनेग सिंह ने मुकुट पूजन कर किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक मूल्यों को बचाएं रखने के लिए रामलीला का मंचन जरूरी है। पूजन काशी विश्वनाथ मंदिर के अर्चक श्रीकांत मिश्र के बड़े भ्राता प. शशिकांत मिश्र, शिवा कांत पाठक, श्रवण कुमार अवस्थी, बृजेश चतुर्वेदी ने विधि विधान से पूजन कराया।तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने व्यास कैलाशपति त्रिपाठी का माल्यार्पण एवं रामनामी प्रदान किया, जिसके बाद रामायण की चौपाई से पहले दिन की लीला का शुभारंभ हुआ। इसके बाद संरक्षक बचाऊ लाल सेठ ने कमेटी की ओर से मुख्य अतिथि को रामनामी व राम दरबार चित्र भेंटकर उनका स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे कमेटी के पूर्व अध्यक्ष चन्द्रहास गुप्ता ने एसडीएम को 21 दिनों तक नगर में होने वाले लीला मंचन और उपलब्धियों को बताया और रामलीला निर्विघ्न संपादित हो सके, इसके लिए मुख्य अतिथि व कोतवाल से शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए सहयोग की मांग की। आधिकारियों ने पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी अजय कुमार उर्फ छोटू पटेल, नयनागढ महोत्सव समिति के अध्यक्ष दिनेश सिंह पटेल व कोतवाल चुनार विजय शंकर सिंह मौजूद रहे। मुकुट पूजन कार्यक्रम में नगर के अनिल अग्रवाल, विजय बहादुर सिंह, संतोष यादव,विवेक सिंह, निजाम हाशमी, गंगा प्रसाद,अखिलेश पांडेय, आदित्य पदयात्री आदि प्रमुख सम्मानित लोगों सहित कमेटी अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडेय, उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, महामंत्री संजय साहू,पवन जायसवाल, डॉ. बगलेश पाण्डेय, श्याम सुन्दर शाह,कपिल गुप्ता, गोबिंद जायसवाल, फूलचंद, मिडिया प्रभारी शिवा शर्मा, सौरभ पुजारी सहित कमेटी के पदाधिकारी व अन्य सदस्य शामिल हुए।मुकुट पूजन उपरांत उपस्थित लीला प्रेमियों में प्रसाद का वितरण हुआ।



संबोधित करते एसडीएम। छाया:आज

पुल से कूद रही विवाहिता को राहगीरों ने बचाया

चुनार। कोतवाली थाना क्षेत्र के बालू घाट स्थित पक्का पुल पर शनिवार को देर रात एक विवाहिता ने पारिवारिक कलह से परेशान होकर पुल के रेलिंग पर चढ़कर गंगा नदी में कूद कर जान देने की कोशिश कर रही महिला को पुल पर गुज़र रहें राहगीरों ने बचा लिया। लोगों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कस्बा चौकी इंचार्ज अखिलेश कुमार यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच कर महिला को थाने पर ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि मोहिनी साहनी 23 वर्ष की नगर पालिका क्षेत्र के बेलबीर की रहने वाली है। ये प्रेम विवाह लाल दरवाजा निवासी केशव सोनकर से की है। पारिवारिक कलह से परेशान हो कर गंगा नदी में कुदने जा रही थी। पुलिस ने पति पत्नी को सुखमय जीवन जीने के लिए समझा-बुझाकर घर भेज दिया गया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से दो बाइक सवार युवकों की मौत

पटेहरा। थाना संतनगर क्षेत्र के लालगंज कलवारी रोड के करौंदा गांव के पास शनिवार को एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बघौड़ा निवासी दिनेश अपने ससुराल मलुआ आया था जहा से तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर किसी काम से मलुआ से दीपनगर जा रहे थे। जैसे ही वे कारौंदा गांव के पास पहुंचे, सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। ?हादसे के बाद राहगीरों की सूचना पर पहुंची संतनगर थाना के एसआई रमाशंकर यादव द्वारा स्थानीय लोगों की मदद से सभी को पीएचसी पटेहरा पहुंचाया, जहां डाक्टर विभूति नारायण मिश्र ने परीक्षण के बाद थाना क्षेत्र के मलुआ निवासी 28 वर्षीय शत्रुधन और थाना राजगढ़ क्षेत्र के बघौड़ा निवासी30 वर्षीय दिनेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं, हादसे में गंभीर रूप से घायल मलुआ निवासी 39 वर्षीय सूरज का इलाज अस्पताल में चल रहा है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। ?पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद चालक अज्ञात वाहन समेत मौके से फरार हो गया। संतनगर थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश के लिए आसपास के रास्तों और सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

वाराणसी पहुंची २० सदस्यीय टीम

मीरजापुर। कैंसर से जूझ रहे नन्हे-मुन्ने मरीजों की मदद के लिए मीरजापुर से विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट की करीब 20 सदस्यीय टीम वाराणसी पहुंची। होमी भाभा कैंसर अस्पताल में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान एवं सिंगल डोनर प्लेटलेट (एसडीपी) दान शिविर में टीम ने सहभागिता की। शिविर में 70 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें स्वास्थ्य परीक्षण के बाद 28 लोगों ने एसडीपी और 21 लोगों ने रक्तदान किया। मीरजापुर से टीम को नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने हरी झंडी दिखाकर वाराणसी के लिए रवाना किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवन बचाने का माध्यम है और कैंसर से जूझ रहे बच्चों के लिए इसका महत्व और बढ़ जाता है। उन्होंने संस्था के प्रयास की सराहना की। शिविर का आयोजन विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट, काशी रक्तदान नेत्रदान कुटुम्ब और भारत विकास परिषद, काशी प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। ट्रस्ट अध्यक्ष कृष्णानंद हैहयवंशी ने कहा कि एक थैली प्लेटलेट्स किसी बच्चे के उपचार में मददगार बन सकती है और उसके परिवार में उम्मीद जगा सकती है। सचिव अभिषेक साहू ने स्वस्थ लोगों से आगे आकर रक्त एवं एसडीपी दान करने की अपील की। अभियान में कृष्णानंद हैहयवंशी, अभिषेक साहू, सौरभ सिंह, विनय कुमार, मोहित कसेरा, हिमांशु कसेरा, आकाश तिवारी, देवव्रत साहू, दीपक जायसवाल समेत अन्य सदस्यों ने सहयोग किया। मीरजापुर और काशी के रक्तदाताओं की सहभागिता से अभियान को मजबूती मिली।

पूर्व सीएमओ के खिलाफ करणी सेना ने की जांच की मांग

५० बेड के हास्पिटल में बजट आवंटन में वित्तीय अनियमितता का लगाया आरोप

मीरजापुर। जिले में नवनिर्मित 50 शैय्यायुक्त बहुखंडी चिकित्सालय के लिए स्वीकृत करीब 6.01 करोड़ रुपये के बजट से जुड़े वित्तीय कार्यों और पटल आवंटन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष एवं अधिवक्ता दिलीप सिंह गहरवार ने तत्कालीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. छोटेलाल वर्मा पर शासन द्वारा निर्धारित नियमों और विभागीय दिशा-निर्देशों की अनदेखी कर कनिष्ठ सहायक अमित कुमार सिंह को वित्तीय पटल से संबंधित कार्य सौंपे जाने का आरोप लगाया है। संगठन ने मामले की जांच कराकर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वर्गीय भैरो प्रसाद जायसवाल द्वारा वसीयत की गई भूमि पर निर्मित 50 शैय्यायुक्त बहुखंडी चिकित्सालय में चिकित्सा इकाइयों के संचालन, उच्चीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए उपकरण एवं साज-सज्जा की खरीद के लिए शासन स्तर से 6 करोड़ एक लाख रुपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। शिकायतकर्ता के मुताबिक, उपकरणों की खरीद के लिए जेम पोर्टल के माध्यम से प्रक्रिया अपनाई गई थी। आरोप है कि बाद में सामान की आपूर्ति प्राप्त करने, बिलों के सत्यापन और कैशबुक से जुड़े कार्यों के लिए कनिष्ठ सहायक अमित कुमार सिंह तथा डॉ. अवधेश कुमार सिंह को जिम्मेदारी दी गई। शिकायतकर्ता का दावा है कि यह व्यवस्था चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में मिनिस्टीरियल संवर्ग के कर्मचारियों के कार्य एवं दायित्व निर्धारण से संबंधित शासनादेशों और विभागीय निर्देशों के अनुरूप नहीं थी। शिकायत में वर्ष 2024 में अमित कुमार सिंह के स्थानांतरण का भी उल्लेख किया गया है। आरोप लगाया गया कि निदेशक (प्रशासन), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उत्तर प्रदेश द्वारा उनका स्थानांतरण आरएफटीसी, प्रयागराज किया गया था, लेकिन उन्हें तत्काल कार्यमुक्त नहीं किया गया। बाद में 20 जुलाई 2025 को कार्यमुक्त किए जाने का आदेश जारी होने के बावजूद शिकायतकर्ता के अनुसार 30 जुलाई 2025 को उन्होंने पुन: मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में योगदान किया और उनसे पूर्ववत कार्य कराया गया। मामले में शिकायतकर्ता ने एक विभागीय जांच का भी हवाला दिया है। पत्र में दावा किया गया है कि निदेशक (प्रशासन) के स्तर से जांच के लिए अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, विंध्याचल मंडल को जांच अधिकारी नामित किया गया था। 31 दिसंबर को जांच रिपोर्ट में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अमित कुमार सिंह को कार्यमुक्त किए जाने के संबंध में उच्चाधिकारियों को बार-बार भ्रामक सूचना भेजने का दोषी पाए जाने का उल्लेख किया गया है। करणी सेना के जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह गहरवार ने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जांच अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ओझा को शिकायत से संबंधित दस्तावेज और साक्ष्य उपलब्ध कराए हैं। यह कार्रवाई उनके अनुसार 24 सितंबर को मिले पत्र के क्रम में की गई, जिसमें मूल शिकायत की पठनीय प्रति और साक्ष्य मांगे गए थे। शिकायतकर्ता ने करीब 6.01 करोड़ रुपये के बजट से संबंधित पत्रावलियों, भुगतान प्रक्रिया, पटल आवंटन और वित्तीय कार्यों की जांच कराने की मांग की है। साथ ही नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तत्कालीन अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की मांग की गई है।



जांच की मांग करते पदाधिकारी। छाया:आज

साहू राठौर महासभा की बैठक

मीरजापुर। भारतीय तैलिक साहु राठौर महासभा एवं साहु समाज युवा संघ की संयुक्त बैठक रविवार को साहु कटरा संगमोहाल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता ने की। बैठक की शुरुआत समाज के श्री कृष्णा गुप्ता की माता के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना के साथ हुई। बैठक में समाज के विकास और स्थानीय स्तर पर सुधार से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। सदस्यों ने गांधी चौक के निर्माण को जल्द शुरू कराने और इसके लिए आवश्यक समन्वय पर विचार-विमर्श किया। इसके साथ ही तेलीनिया घाट के नाम में सुधार तथा घाट के वातावरण को बेहतर बनाने, स्वच्छता व्यवस्था मजबूत करने और सुंदरीकरण कराने के उपायों पर भी चर्चा हुई। बैठक में समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने की रूपरेखा पर भी मंथन किया गया। संभावित तिथियों और आयोजन की जिम्मेदारियों को लेकर सदस्यों के बीच चर्चा हुई। इस दौरान भोला नाथ साहु, शशिधर साहू, शुभम गुप्ता, बिनोद गुप्ता, अनूप गुप्ता, रवि गुप्ता, मनीष गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, आशीष गुप्ता, वीरेंद्र, दीना गुप्ता, अमर नाथ गुप्ता, अंकित गुप्ता, सुरेश साहू, अक्षय साहू, बाबू राम गुप्ता, गंगाराम, प्रिंस और संजय गुप्ता सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी ने सामाजिक विकास और युवाओं के प्रोत्साहन के लिए सहयोग का संकल्प लिया।



बैठक में मौजूद लोग। छाया:आज

प्राचीन रामलीला का आठ अक्तूबर से होगा मंचन

१५ दिवसीय रामलीला एवं मेले को लेकर आमसभा की बैठक

सीखड़। धर्म, आस्था एवं भारतीय संस्कृति की प्राचीन परंपराओं को जीवंत बनाए रखने वाली प्राचीन रामलीला समिति सीखड़ के तत्वावधान में आयोजित होने वाली 15 दिवसीय वार्षिक रामलीला एवं मेले को लेकर आमसभा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में रामलीला के भव्य एवं सफल आयोजन को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान समिति के प्रबंधक श्रीमान अभयशंकर चतुर्वेदी, अध्यक्ष सौरभ पांडेय, कोषाध्यक्ष योगेश्वर त्रिपाठी, मंत्री रामकृष्ण पांडेय (गुड्डू), सहित समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी, सदस्य एवं आमजन मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2026 में प्राचीन रामलीला समिति सीखड़ की ऐतिहासिक रामलीला अपने 177वें वर्ष में प्रवेश करेगी। रामलीला का शुभारंभ आश्विन मास की तेरस तिथि, 8 अक्टूबर गुरुवार को विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गणेश पूजन एवं मुकुट पूजन से किया जाएगा। इसके साथ ही भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, त्याग, सत्य एवं धर्म की महिमा का गुणगान करते हुए रामायण पाठ का शुभारंभ होगा। प्राचीन रामलीला समिति सीखड़ द्वारा आयोजित रामलीला में रामायण के विभिन्न प्रमुख प्रसंगों का स्थानीय कलाकारों द्वारा सजीव एवं भावपूर्ण मंचन किया जाएगा।

छह के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

अदलहाट। स्थानीय थाना अंतर्गत ग्राम विशेषरपुर माफी निवासी महिला की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत महिलाओं सहित छह के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक वादिनी संगीता पत्नी संजय ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह गांव की किराने की दुकान पर गई थी। विपक्षी मुनक्का व उर्मिला खींच कर अपने दरवाजे पर ले गई और वहां उर्मिला स्त्री बहादुर, मुनक्का स्त्री अखिलेश, बहादुर पुत्र स्वर्गीय मिठाई, अखिलेश, अनिल, सुनील, पुत्रगण बहादुर समस्त निवासी विशेषरपुर माफी थाना अदलहाट ने पुरानी रंजिशन मिलकर मारपीट की, जिससे वादिनी व पुत्री रेशमा को चोटें आई हैं। कानूनी कार्यवाई करने की मांग की गई है। तहरीर के अनुसार उपरोक्त आरोपी छह के खिलाफ पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर जांच कार्यवाई कर रही है।

बदहाल पड़ा शवदाह गृह

परिसर में गोबर और गंदगी का अंबार, ध्यान देने वाला कोई नहीं

हलिया। सरकार गांवों में स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन स्थानीय स्तर पर जिम्मेदारों की अनदेखी से सरकारी व्यवस्थाएं बदहाल होती जा रही हैं। स्थानीय विकास खंड के भैंसोड़ बलाय गांव में बना शवदाह गृह लंबे समय से साफ सफाई के अभाव में अव्यवस्था का शिकार हो गया है। शवदाह गृह परिसर में जगह जगह गोबर बड़ी बड़ी घाश और गंदगी का अंबार लगा हुआ है। परिसर की स्थिति देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां नियमित सफाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सार्वजनिक स्थल की सफाई व्यवस्था के लिए गांव में सफाई कर्मचारी तैनात हैं, इसके बावजूद शवदाह गृह की स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है। वहीं, रात में गोवंशों शवदाह गृह परिसर में पहुंच जाते हैं, जिससे परिसर में गंदगी और अव्यवस्था और बढ़ गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी धन से तैयार किए गए सार्वजनिक स्थल के रखरखाव और सफाई को लेकर जिम्मेदार गंभीर नहीं हैं। परिसर की बदहाल तस्वीरें जिम्मेदारों की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रही हैं। ग्रामीणों ने अधिकारियों से मामले का स्थलीय निरीक्षण कराकर शवदाह गृह की तत्काल सफाई कराने तथा नियमित साफ-सफाई और रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है।

संक्षेप

करेण्ट की चपेट में आकर युवक झुलसा

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव में रविवार की दोपहर घर में इनवर्टर लगाते समय एक युवक करंट की चपेट में आ गया। हादसे में युवक झुलसकर अचेत हो गया। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। परिजन आनन-फानन में युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर पहुंचे। सोनगढ़ा गांव निवासी कृष्ण कुमार 25 रविवार की दोपहर अपने घर में इनवर्टर लगाने का काम कर रहा था। इसी दौरान बिजली का तार उसके हाथ में छू गया। तार में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से वह झुलस गया और मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ा। युवक के करंट की चपेट में आने की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गए, जहां उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर विवेक खरे ने युवक का उपचार किया हालत सामान्य है इस संबंध में डॉक्टर विवेक खरे ने बताया करेंट लगे युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज हेतु लाया गया था। उपचार किया गया है। हालत सामान्य है।

ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार जख्मी

अहरौरा। वाराणसी शक्ति नगर मार्ग पर चित्तविश्रम से घर जा रहे बाइक सवार ट्रक की चपेट मे आ जाने से जख्मी हो गए। जानकारी के अनुसार, चित्तविश्राम से अपने निवास स्थान महुली थाना अहरौरा को जा रहे बाइक सवार साजन पुत्र अनिल 17 वर्ष व गोलू पुत्र कमला 18 वर्ष की ट्रक के चपेट मे आ जाने से गंभीर तरह जख्मी हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 की सहायता से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद वाराणसी अन्य उपचार के लिए रेफर कर दिया गया।

मथुरा गमन का सुनाया प्रसंग

पड़री। विकासखंड पहाड़ी के जद्दूपुर में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास पंडित विष्णु धर द्विवेदी ने भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला, मथुरा गमन, कंस वध और रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया। कथा सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा व्यास ने कहा कि जीवात्मा का निष्कपट भाव से परमात्मा में पूर्ण समर्पण ही रास है। उन्होंने श्रीकृष्ण के मथुरा प्रवेश, कंस वध और माता-पिता को कारागार से मुक्त कराने का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि जरासंध के 17 बार आक्रमण और कालयवन के मथुरा आने के बाद भगवान श्रीकृष्ण ने समुद्र के भीतर द्वारका नगरी बसाई। रुक्मिणी विवाह प्रसंग में बताया गया कि रुक्मिणी ने श्रीकृष्ण को गुप्त संदेश भेजकर उन्हें पति रूप में स्वीकार करने की इच्छा जताई।

शिविर में ७६ मरीजों का हुआ उपचार

छानबे। मुख्यमंत्री आरोग्य मेला में 76 मरीज़ों का इलाज किया गया। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर में डॉ. कविता व होम्योपैथी के डॉ. डीके मिश्रा ने 15, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर सरोंई में डॉ. अवनीश ने 16, नया प्राथमिक नरोइया में डा समित कुमार ने 9, विरौरा में 13, कुशहा मे डॉ।. शिवम फर्मासिष्ट सिद्धनाथ दुबे ने 10, अकोढी में डॉ सोनिया दुबे ने 13, का इलाज किया। मेले में वायरल फ़िवर सर्दी, खांसी, बुख़ार, खुजली, पेट दर्द से संबंधित रोगों के मरीज इलाज कराने पहुंचे थे।

अतिक्रमण रोकने पर मारपीट, तीन घायल

पटेहरा। थाना संतनगर क्षेत्र के सिरसी हिनौती राजा गांव में खेत पर अवैध कब्जे का विरोध करने पर पट्टीदारों ने दंपति माँ बेटे पर हमला कर घायल कर दिया। गांव निवासी 25 वर्षीय राम सिंह का आरोप है कि दो दिन पूर्व विपक्षी मेरी जमीन को जबरन जोतने लगा, विरोध करने पर लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। घटना के कुछ देर बाद बड़ी माँ उषा देवी बड़े पिता के साथ पशुओं को लेकर खेत पर पहुंची तो विपक्षी उनके ऊपर भी हमलावर हो गए और लाठी डंडे से पीटने लगे। किसी प्रकार पीड़ित अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकले। आरोपी द्वारा किए गए इस बर्बर हमले में 48 वर्षीय ऊषा देवी और उनके पति 50 वर्षीय फूलचंद को गंभीर चोटें आई हैं। मारपीट के बाद भी आरोपी घर पर चढ़कर उन्हें और उनके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने आशंका जताई है कि यदि भविष्य में उनके या उनके परिवार के साथ कोई अनहोनी होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी विपक्षी की होगी। पीड़िता ऊषा देवी ने रविवार को संतनगर थाने में लिखित प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाई की मांग किया है। थानाध्यक्ष रमेश प्रसाद ने बताया कि जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई थी। दोनों पक्ष को चोट आई है। मामले की जांच कर कार्यवाई की जा रही है।

कुश्ती प्रतियोगिता सात को

नरायनपुर। विकास खंड नरायनपुर के ग्राम सहसपुरा स्थित परषोधा बाजार में सात अक्टूबर को कुश्ती दंगल और लोक संगीत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। दिन में सुबह 10 बजे से कुश्ती दंगल शुरू होगा। कुश्ती दंगल समिति के संरक्षक मास्टर उदय सिंह ने बताया कि प्राचीन परंपरा के अनुसार प्रदेश और जनपद स्तर के पहलवान इसमें हिस्सा लेंगे। वहीं, शाम को माधव विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, पुरुषोत्तमपुर के परिसर में लोक संगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रसिद्ध लोक गायिका एवं पद्मश्री सम्मान से सम्मानित मालिनी अवस्थी अपनी प्रस्तुति देंगी। आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। समिति ने क्षेत्र के लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

मातृ नवमी तिथि पर सीताकुंड में महिलाओं ने किया तर्पण

मीरजापुर। विंध्याचल धार्मिक नगरी विंध्य क्षेत्र में मातृ नवमी तिथि पर अष्टभुजा के पहाड़ी पर स्थित सीता कुंड पर महिलाओं ने स्नान के बाद तर्पण किया। रविवार की सुबह छह बजे से ही सीता कुंड पर स्नान करने के लिए महिलाओं का रेला उमड़ पड़ा। महिलाओं ने स्नान करने के बाद अपने-अपने पितरों को जल दिया। सीता कुंड में स्नान करने के बाद महिलाओं ने सौभाग्य सामग्री का दान भी दिया। पितरों के लिए एक पक्ष ही निर्धारित कर दिया गया है, जो आश्विन मास से कृष्ण पक्ष के नाम से है, उसे लोग पितृपक्ष के नाम से जानते हैं। बता दें कि पितरों के उद्देश्य से प्रतिपदा से अमावस्या तक कुल 16 तिथियों का उल्लेख है। जिनके पिता या माता दिवंगत हो चुके हैं, ऐसे लोग अपने-अपने पितरों का श्राद्ध पितृपक्ष में करते हैं और जिन लोगों को अपने पितरों की तिथि का ज्ञान नहीं होता, ऐसे लोग स्त्रियों से संबंधित तिथि को मातृ नवमी में मान लेते हैं। जो लोग केवल एक ही तिथि करना चाहते हैं वह अमावस्या में माता-पिता एवं नाना-नानी का श्राद्ध अमावस्या को कर देते हैं। जिसमें से स्त्री समुदाय का मातृ नवमी में ही श्राद्ध किया जाता है। इसे मातृ नवमी एवं बुढ़िया नवमी के नाम से जाना जाता है। मातृ नवमी के दिन सुहागिन स्त्री को भोजन कराकर सौभाग्य की सामग्री भी दी जाती है।



कुंड पर मौजूद महिलाएं। छाया:आज

पीडीएफ चौपाल का आयोजन

मीरजापुर। नगर विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड कोन स्थित मिश्रीलाल पब्लिक स्कूल मवैया में रविवार को संविधान आरक्षण बचाओ पीडीए जन पंचायत सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संविधान बचाओ एवं लोकतंत्र बचाओ सप्ताह को लेकर चर्चा की गई। सम्मेलन की अध्यक्षता सपा के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने की, जबकि संचालन नगर विधानसभा अध्यक्ष सत्य प्रकाश यादव ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अशोक यादव ने संविधान की रक्षा का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाजवादी पार्टी को मजबूत करने और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व को मजबूत बनाने की अपील की। उन्होंने 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लेने की बात कही। अशोक यादव ने चुनाव आयोग पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि आयोग भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि जनपद में लाखों मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से काटे गए हैं। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर 8 अक्टूबर को पैदल मार्च निकाला जाएगा और कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की। सम्मेलन को पूर्व मंत्री कैलाश चौरसिया, सुरेंद्र सिंह पटेल, मुन्नी यादव, आशीष यादव, रोहित शुक्ला, संतोष गोयल, राममिलन यादव, दामोदर प्रसाद मौर्या, परवेज खान, राजेश भारती सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।



चौपाल में मौजूद लोग। छाया:आज

नि:शुल्क नेत्र शिविर सात को

मीरजापुर। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को नेत्र उपचार उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रवादी मंच की ओर से सात अक्टूबर को लालडिग्गी में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की आंखों की जांच करेंगे और मोतियाबिंद पाए जाने पर ऑपरेशन के लिए मरीजों को चिन्हित किया जाएगा। शिविर का आयोजन आर.जे. शंकरा आई हॉस्पिटल, यूनिट ऑफ श्री कांची कामकोटी मेडिकल ट्रस्ट के सहयोग से किया जा रहा है। ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने की व्यवस्था भी मंच की ओर से नि:शुल्क की जाएगी।

देवता मंत्र के अधीन हैं और मंत्र ब्राह्मण के अधीन होता है-पं. विष्णु शंकर

नरायनपुर। चौकी क्षेत्र नरायनपुर के बैकुंठपुर में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत पुराण कथा के पांचवें दिन शनिवार को वाराणसी से आये कथा मर्मज्ञ पं. विष्णु शंकर ने भजन कीर्तन के साथ संगीतमय भागवत कथा का प्रवचन दिया। उन्होंने श्रीकृष्ण का बाल लीला, यशोदा को ब्रह्माण्ड दर्शन, गोवर्धन पर्वत पूजन, माखन चोरी, पूतना उद्धार आदि कथा पर विस्तृत चर्चा किया। उन्होंने कहा कि देवता मंत्र के अधीन है और मंत्र ब्राह्मण के अधीन होता है। पुरोहित को अपने सामर्थ के अनुसार दान करना चाहिए। उन्होंने बताया कि कंस नवजात शिशुओं का बध करा देता था। पूतना राक्षसी गोकुल पहुंची तो आभास हुआ की नंद बाबा के घर नवजात शिशु है। पूतना सुंदर रुप धारणकर घर में प्रवेश कर गयी। पूतना भगवान को गोद में लेकर स्तन पान कराने लगी।

तीन नवंबर को आयोजित होगा कुश्ती प्रतियोगिता

छानबे। क्षेत्र के बबुरा स्थित ठाकुर ब्रह्म दंगल कमेटी की बैठक रविवार को दंगल परिसर में आयोजित की गई, जिसमें तीन नवम्बर को आयोजित होने वाली विशाल कुश्ती दंगल के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया। संरक्षक दीना नाथ सिंह, संयोजक धीरेंद्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष राधे कृष्ण दुबे, महामंत्री पृथ्वी राज सिंह, कोषाध्यक्ष मंगलेश्वर मिश्रा व गुलराज के अलावा आनंद मोहन सिंह विक्रम सिंह अनिल तिवारी नीलकांत पाण्डेय राजेश कुमार सहित 15 लोगों को दायित्व कमेटी में रखा गया है।

पीयू के १२ शिक्षकों ने अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बनायी जगह

स्कालरली इंडेक्स की प्रतिष्ठित टाप-एक हजार स्कालर रैंकिंग में शामिल

शोध व अकादमिक उत्कृष्टता का वैश्विक सम्मान, वाइसचांसलर ने दी बधाई

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के लिए यह अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है कि विश्वविद्यालय परिसर के 12 शिक्षकों ने अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग संस्था स्कॉलरली इंडेक्स की प्रतिष्ठित टॉप-1000 स्कॉलर रैंकिंग में स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं शोध उत्कृष्टता को वैश्विक पहचान दिलाई है। यह उपलब्धि शिक्षकों के निरंतर शोध प्रयासों, अकादमिक प्रतिबद्धता और ज्ञान सृजन के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान का प्रमाण है।

स्कॉलरली इंडेक्स द्वारा जारी यह अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग शोधकर्ताओं के शोध प्रकाशनों, उद्धरणों, एच-इंडेक्स, डी-इंडेक्स तथा समग्र शोध प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण मानकों के आधार पर निर्धारित की जाती है। इस रैंकिंग में न केवल शोध प्रकाशनों की संख्या, बल्कि शोध की गुणवत्ता, प्रासंगिकता, प्रभावशीलता और अंतरराष्ट्रीय अकादमिक जगत में उसकी स्वीकार्यता को भी महत्व दिया जाता है। ऐसे प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर विश्वविद्यालय के 12 शिक्षकों का स्थान प्राप्त करना संस्थान की बढ़ती शोध क्षमता, अकादमिक सक्रियता और गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी चयनित शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षकों की यह अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। यह सफलता शोध, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की निरंतर प्रगति को दर्शाती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि शिक्षकों की यह वैश्विक पहचान विद्यार्थियों एवं युवा शोधार्थियों को उत्कृष्ट शोध कार्य करने के लिए प्रेरित करेगी तथा विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कुलपति ने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय की वास्तविक पहचान उसके शिक्षकों की शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध उपलब्धियों और समाज के लिए किए गए ज्ञानपरक योगदान से स्थापित होती है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शिक्षकों की भागीदारी विश्वविद्यालय में विकसित हो रहे सकारात्मक शोध वातावरण और अकादमिक उत्कृष्टता का परिचायक है। स्कॉलरली इंडेक्स की प्रतिष्ठित टॉप-1000 स्कॉलर रैंकिंग में स्थान प्राप्त करने वाले शिक्षकों में प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव. प्रो. राजकुमार, प्रो. संदीप कुमार सिंह, प्रो. नूपुर गोयल, डॉ. मिथिलेश यादव, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. विक्रांत भटेजा, डॉ. आशीष वर्मा, डॉ. राम नरेश यादव, डॉ. दीपक कुमार मौर्य, डॉ. राम नारायण एवं डॉ. पारुल त्रिवेदी शामिल हैं। विश्वविद्यालय के इन शिक्षकों की उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत अकादमिक एवं शोध कौशल का सम्मान है, बल्कि वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की बढ़ती वैश्विक शैक्षणिक प्रतिष्ठा का भी प्रतीक है।

किसी के प्रभाव में आकर रत्नाकर ने ऐसा बयान दिया - सरफराज खान

जौनपुर में सपा के अंदर विवाद को लेकर सियासी हलचल

तूफानी सरोज और रत्नाकर चौबे आमने-सामने

सिरकोनी। समाजवादी पार्टी के भीतर पिछले कुछ दिनों से विधायक तूफानी सरोज और वरिष्ठ सपा नेता रत्नाकर चौबे के बीच विवाद को लेकर राजनीतिक हलचल तेज है। मामला सार्वजनिक होने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच भी इसको लेकर चर्चाएं चल रही हैं। विवाद की शुरुआत सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में कथित टिप्पणी को लेकर बताई जा रही है। रत्नाकर चौबे ने इस मामले को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। हालिया रिपोर्टों के अनुसार, उन्होंने विधायक तूफानी सरोज के खिलाफ शिकायत भी की है। वहीं, इस पूरे विवाद को लेकर समाजवादी पार्टी से जुड़े कार्यकर्ताओं और स्थानीय नेताओं की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। पार्टी के भीतर चल रही इस खींचतान को लेकर कार्यकर्ताओं में भी चर्चा का दौर जारी है। इसी मामले को लेकर सपा के जिला उपाध्यक्ष सरफराज खान ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा की तूफानी सरोज ने पीडीए के हक एवं अधिकार की बात कही है, जो गलत नहीं है। रत्नाकर चौबे भी सपा के वरिष्ठ नेता है किसी के प्रभाव में आकर उन्होंने विधायक जी का विरोध किया है। पार्टी की नजर विवाद पर है, जल्द ही मामले को सुलझा कर विवाद को खत्म कर दिया जाएगा हालांकि, विवाद से जुड़े आरोपों और कथित वीडियो के पूरे संदर्भ की स्वतंत्र आधिकारिक पुष्टि अभी स्पष्ट नहीं है। ऐसे में दोनों पक्षों के बयान और प्रशासनिक स्तर पर होने वाली कार्रवाई के बाद ही तस्वीर पूरी तरह साफ होगी।

सरकी बाजार दुर्गा पूजा समिति की कार्यकारिणी घोषित

उमाकान्त अध्यक्ष तो चन्द्रिका सिंह बने महामंत्री



केराकत। सरकी बाजार में दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर रविवार को राजकुमारी बालिका विद्यालय में समिति की बैठक हुई। बैठक में दुर्गा पूजा समिति की नई कार्यकारिणी और पदाधिकारियों की घोषणा की गई। आयोजन को बेहतर और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए समिति ने विभिन्न पदों पर सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। उमाकान्त सिंह को अध्यक्ष एवं चन्द्रिका सिंह को महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई। वहीं आयोजन से संबंधित सूचनाओं और गतिविधियों के प्रसार के लिए केतन विश्वकर्मा को मीडिया प्रभारी बनाया गए। समिति में उपाध्यक्ष पद पर विनय सिंह, अशोक यादव, श्यामबहादुर सिंह, फ़िरेंदर यादव और बीरबहादुर सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं मंत्री पद पर डॉ. अशोक यादव, मिथिलेश सिंह, अजय सेठ, राजवन्त सिंह और प्रेमप्रकाश यादव को शामिल किया गया है। समिति के सदस्यों में निशान्त सिंह, किशन सिंह, अजीत सिंह, आनन्द प्रजापति, अमन सिंह, वीरू सिंह (गिल्लू), सन्तोष यादव, महेश यादव और संजीव चौरसिया को शामिल किया गया है। बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि नवरात्र और दुर्गा पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। पूजा पंडाल, प्रकाश, साफ-सफाई, पेयजल और श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी व्यवस्थाओं को समय से दुरुस्त करने पर जोर रहेगा। समिति के सदस्यों ने कहा कि आयोजन को धार्मिक आस्था के साथ-साथ आपसी भाईचारे और सौहार्द के माहौल में संपन्न कराया जाएगा। इसके लिए समिति के पदाधिकारी और सदस्य आपसी समन्वय से तैयारियों को आगे बढ़ाएंगे। बैठक में स्थानीय लोगों से भी पूजा आयोजन में सहयोग करने और व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई।

सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में अजामिल प्रसंग का वर्णन, भावविभोर हुए श्रोता

पराऊगंज। क्षेत्र के थौर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दौरान श्रीधाम अयोध्या से पधारे पूज्य विद्यांशु महाराज ने अजामिल के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। महाराज ने कहा कि जीवन भर पाप कर्मों में लिप्त रहने वाला अजामिल भी अंत समय में अपने पुत्र नारायण के नाम का उच्चारण करने से मोक्ष को प्राप्त हो गया। इससे सिद्ध होता है कि भगवान का नाम कितना शक्तिशाली है। एक सच्चे मन से लिया गया भगवान का नाम बड़े से बड़े पाप को भी नष्ट कर देता है। उन्होंने कहा कि कलयुग में केवल हरि नाम ही कल्याण का एकमात्र साधन है। इसलिए मनुष्य को हर समय भगवान का स्मरण करते रहना चाहिए। इस अवसर पर भूषण मिश्र, पंडित रामसुमेर मिश्र, त्रिलोकी मिश्र, शरद मिश्र पूर्व शाखा प्रबंधक, डॉ. वीडी मिश्र, अशोक सिंह, सुरेंद्र दुबे, लल्लन पाण्डेय, लल्लन पाण्डेय, सोपाड़ी पाण्डेय, डॉ. अखिलेश यादव समेत कथा के दौरान पंडाल में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे और जय कृष्णा के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा। आरती वंदन नन्हेताल मिश्र सपत्नीक परिवार सहित ग्रामवासियों ने आरती किया।

रुपया दोगुना करने का झांसा देकर ठगी, गिरोह का सरगना गिरफ्तार

संदिग्ध विस्फोटक पदार्थ बरामद

आरबीआई के लोगो वाले कागज और कार-मोबाइल व नकदी भी मिली

बरसठी। स्थानीय पुलिस ने दोगुने करने का लालच देकर लोगों को ठगने वाले कथित गिरोह के सरगना को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से आरबीआई के लोगो वाला कागज, नोट के आकार के कागज पर लगा संदिग्ध विस्फोटक पदार्थ, कार, मोबाइल और 2,230 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव के नेतृत्व में टीम तीन अक्टूबर की रात चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान तिराहे पर संदिग्ध कार रोककर तलाशी ली गई। वाहन चालक की पहचान सचिन उपाध्याय (33), निवासी अबरना, थाना सुरियावां, जनपद भदोही के रूप में हुई। तलाशी में नोट के आकार के 22 कागज और करीब 22 इंच लंबा आरबीआई के लोगो तथा 500 रुपये के नोट जैसा रंग वाला कागज मिला। पुलिस के मुताबिक, आरोपी लोगों को रुपये दोगुने करने का भरोसा दिलाकर रकम हासिल करता था। गिरोह पर भयभीत करने और साक्ष्य मिटाने के लिए संदिग्ध विस्फोटक पदार्थ के इस्तेमाल का भी आरोप है। आरोपी को रात 11:55 बजे गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि उसके खिलाफ भदोही और सुरियावां थानों में चोरी, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट समेत कई मुकदमे दर्ज हैं।

तय तिथि से पहले ही युगल ने मंदिर में की शादी

डोभी। रिस्तेदारों की सहभागिता, दोनों परिवारों की पारस्परिक सहमति व रीति रिवाज से युवती व युवक की शादी तय हो गई। तिथि 11 नवंबर नियत की गई। दोनों तरफ से शादी की तैयारियां की जा रही थी। इसी बीच युवक युवती के बीच मोबाइल फोन पर चला बातचीत का शिलशिला इतनी प्रगाढ़ता दोनों के बीच ला दिया कि एक दिन भी दूर रहना मुश्किल हो गया। परिवार की आपत्ति के बावजूद दोनों ने रविवार को चंदवक गांधी पार्क स्थित हनुमान मंदिर में गले में वरमाला डाल हमेशा के लिए एक दूसरे के हो गए। मालूम हो कि चंदवक थाना क्षेत्र के रसड़ा गांव निवासी बेचन की पुत्री चंचल की शादी 11 नवंबर को इसी थाना क्षेत्र के खुज्झी गांव के वकील के पुत्र आकाश से तय थी। दोनों परिवार शादी की तैयारी में जुटे थे। मोबाइल से दोनों में शादी तय होने के बाद बातचीत होती रहती थी। इसी दौरान प्रेम इस कदर परवान चढ़ा की दोनों एक पल भी दूर नहीं चाहते थे। तत्काल शादी करने को परिजनों से कहा तो उन्होंने यह कहते हुए आपत्ति जताई कि महीने भर ही रह गया शादी की तिथि को। लेकिन युगल नहीं माने। रविवार दोपहर हनुमान मंदिर पहुंचे। वरमाला एक दूसरे को पहनाया। मांग में सिंदूर डाली। खुशी खुशी घर चले गए।

कायस्थों की राजनीतिक भागीदारी से ही मजबूत होगी सामाजिक पहचान - राकेश

कायस्थ पार्टी की बैठक में एकजुटता और संघटन को मजबूत करने पर जोर

एक नवंबर को लखनऊ में होने वाले प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में भारी संख्या में पहुंचने की अपील

जौनपुर। किसान, आमजन, युवा, शोषित एवं टेंडर्स हमारी पार्टी (कायस्थ पार्टी) के राष्ट्रीय सचिव अंजनी कुमार श्रीवास्तव के संयोजन में मुक्तेश्वर प्रसाद महाविद्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कायस्थ समाज के लोगों के साथ पार्टी से जुड़े पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में कायस्थ समाज की एकजुटता, राजनीतिक भागीदारी और संगठन को मजबूत करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश महासचिव एवं कर्मचारी नेता राकेश श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ समाज को संगठित होकर अपनी सामाजिक और राजनीतिक शक्ति का परिचय देना होगा। एकता में ही शक्ति है और जातीय शक्ति के साथ संगठन के प्रति समर्पण से ही समाज की मजबूत पहचान बन सकती है। उन्होंने कहा कि कायस्थ राजनीतिक रूप से हाशिए पर है, इसलिए समाज के लोगों को राजनीति में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। राजनीतिक भागीदारी के माध्यम से ही समाज अपने अधिकारों और हितों की प्रभावी आवाज उठा सकता है। गुजरात पिछड़ा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक भाई यादव ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने समाज, जाति और धर्म के हित में सकारात्मक रूप से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कायस्थ पार्टी के



संगठनात्मक प्रयासों को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक के संयोजक एवं कायस्थ पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों का सहयोग, समर्थन, समर्पण और एकजुटता संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगामी एक नवंबर को गांधी भवन, कैसरबाग, लखनऊ में कायस्थ पार्टी द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में जौनपुर सहित प्रदेशभर से बड़ी संख्या में लोगों से पहुंचने की अपील की। इस अवसर पर मनोज श्रीवास्तव, दयाल शरण श्रीवास्तव, दया शंकर निगम, भारती श्रीवास्तव, वंदना सिंह, शमशेर शेख, प्रेमचंद्र, आनंद शंकर श्रीवास्तव एवं विजय कुमार चौबे आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कायस्थ पार्टी को सहयोग एवं समर्थन देने तथा एक नवंबर को बड़ी संख्या में लखनऊ पहुंचने का आह्वान किया। कार्यक्रम में धर्मेंद्र श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव, अवधेश, विनय, सरोज, नीरज, अश्वनी अस्थाना, राजेश अस्थाना, रतन, अजय अज्जू, सरोज यादव, पिंटू सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार संजय अस्थाना ने किया।

सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप, दो पर प्राथमिकी

२९ सितम्बर को जफराबाद पुलिस ने आरोपी का किया था चालान

सिरकोनी। ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रही किशोरी को उसके दूर के ही एक रिस्तेदार द्वारा भगा ले जाने के मामले में एक नया मोड़ तब आया जब किशोरी के परिजन दोबारा शनिवार को एसपी जौनपुर के यहां फरियाद लेकर पहुंचे और गुहार लगाया कि उसकी किशोरी बेटी की फोटो को सिन्दुर पहनाकर आरोपी की मां सहित एक अन्य महिला द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल किया जा रहा है। एसपी ने मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। थाना क्षेत्र के ही एक गांव में अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रही किशोरी को उसका दूर का रिस्तेदार बीते 24 सितम्बर की शाम को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। किशोरी के पिता ने अगले दिन जफराबाद थाने पर प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। पुलिस ने आरोपी युवक कृष्णा गुप्ता पुत्र शिवशंकर गुप्ता नि. फरिदाबाद थाना सरायख्वाजा को थाना क्षेत्र के नेवादा चौराहा से 29 सितम्बर को गिरफ्तार कर उसका चालान न्यायालय भेज दिया था। शनिवार को मामले में एक नया मोड़ तब आया जब किशोरी की मामी अपनी फरियाद लेकर एसपी जौनपुर के यहां पहुंच गयी। आरोप लगाया कि आरोपी युवक की मां सहित एक अन्य महिला द्वारा उसकी भांजी की फोटो को सिन्दूर पहनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया जा रहा है। आरोप है कि जब उसने इसका उलाहना दिये जाने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गयी। यहां बता दें कि मामले में आरोपी युवक अभी जेल में हैं। एसपी ने महिला की फरियाद पर प्राथमिकी दर्ज किये जाने का आदेश दिया है। थाना प्रभारी कमल नयन दूबे ने बताया कि मामले में आरोपों के आधार पर एक और प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। जांच की जा रही है।

रील के चक्कर में रेलवे ट्रैक पर स्टंट, वीडियो वायरल

पुश-अप और चलती मालगाड़ी को धक्का देने का प्रयास; आरपीएफ ने कहा- होगी कड़ी कारवाई

जंघई। सोशल मीडिया पर एक खतरनाक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक युवक रेलवे ट्रैक को जिम बनाकर स्टंट करता नजर आ रहा है। वीडियो में दो हिस्से हैं। पहले हिस्से में युवक रेलवे की पटरी पर पुश-अप लगाते हुए दिख रहा है, जिस पर मेला लिखा हुआ है। वहीं दूसरे हिस्से में वही युवक चलती मालगाड़ी के साथ-साथ दौड़ता और पीछे से गार्ड के डिब्बे को धक्का देने का प्रयास करता दिख रहा है, जिस पर गाड़ी चुला रही है लिखा है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो मीरगंज क्षेत्र के एक युवक का है। युवक का यह कृत्य न सिर्फ उसकी खुद की जान के लिए खतरनाक है, बल्कि रेल यातायात के लिए भी खतरा है। आरपीएफ इंस्पेक्टर जंघई आलोक तिवारी के अनुसार रेलवे ट्रैक पर इस तरह का कृत्य भारतीय रेल अधिनियम 1989 के तहत दंडनीय अपराध है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जांच कर आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि रील और लाइक्स के चक्कर में रेलवे ट्रैक पर इस तरह का जानलेवा स्टंट न करें। रेलवे ट्रैक पर स्टंट करते पकड़े जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जुर्माने के साथ ही 2 वर्ष की जेल भी हो सकती है।

अपराध की पुनरावृत्ति पर होगी कड़ी कारवाई-थानाध्यक्ष

सुइथाकला। स्थानीय थाना परिसर में रविवार को हिस्ट्रीशीटरों, लुटेरों और नकबजनी के मामलों में संलिप्त रहे अभियुक्तों की काउंसलिंग की गई। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय की मौजूदगी में आयोजित बैठक में पुलिस ने संबंधित लोगों को अपराध से दूर रहने और समाज की मुख्यधारा से जुड़कर शांतिपूर्ण जीवन जीने की हिदायत दी गई। पुलिस अधिकारियों ने शासन एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशों से अवगत कराते हुए भविष्य में किसी भी आपराधिक गतिविधि में शामिल न होने की चेतावनी दी। साथ ही क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने को कहा गया। संबंधित लोगों की गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखने और उनका विवरण फ्लाईशीट यक्ष ऐप पर दर्ज करने के लिए पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।काउंसलिंग के दौरान पुलिस ने स्पष्ट किया कि अपराध की पुनरावृत्ति करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

नगरपालिका को नये साल में मिलेगी आधुनिक सुविधाओं से लैस नयी इमारत -कपिल मुनि

मुंगराबादशाहपुर। नगर पालिका परिषद को आगामी नये साल में एक बड़ा तोहफा मिलने जा रहा है। विकास के नित नये आयाम स्थापित कर रही नगर पालिका का निर्माणाधीन नया कार्यालय इस वर्ष दिसम्बर माह तक सभी अत्याधुनिक संसाधनों से लैस होकर पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगा। वर्ष 2027 की शुरुआत के साथ ही नगर पालिका का समस्त प्रशासनिक व जनहित से जुड़ा कार्य इसी नयी व भव्य इमारत से संचालित किया जाएगा। उक्त जानकारी नगर पालिका अध्यक्ष कपिल मुनि उमर वैश्य ने दी। महत्वपूर्ण उपलब्धि की जानकारी देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि नगर के सर्वांगीण विकास और नागरिकों को बेहतर प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस अत्याधुनिक कार्यालय भवन का निर्माण कराया जा रहा है। तीन वर्षों में विकास की नयी इबारत की चर्चा करते हुए बताया कि उनका कार्यकाल क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास कार्यों के लिए जाना जा रहा है। अब तक के तीन वर्षों के कार्यकाल में न केवल बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त किया गया, बल्कि प्रत्येक वर्ष एक मील का पत्थर साबित होने वाली बड़ी परियोजना को धरातल पर उतारा गया है। जिनमें चार प्रमुख और महत्वाकांक्षी निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरे किए जा चुके हैं, जिनसे नगर की तस्वीर और पहचान दोनों बदली हैं। उन्होंने बताया कि बैठको के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त विशाल एवं भव्य स्वामी विवेकानंद सभागार का निर्माण कराया गया है, जहां प्रशासनिक बैठकों के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक व सामाजिक आयोजनों के लिए एक बेहतरीन स्थान उपलब्ध हुआ है। इसी क्रम में जल संरक्षण और नगर के सौंदर्यीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए नगर के भगत सिंह वार्ड में सूरजकुंड जलाशय का पुनरुद्धार और सौंदर्यीकरण कराया गया, जो अब स्थानीय निवासियों के लिए एक प्रमुख आकर्षण केंद्र बन चुका है। नगर के धौरहरा मोहल्ले में लावारिस व बेसहारा गोवंश के संरक्षण और देखभाल के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त कान्हा गौशाला का निर्माण कराया गया, जिससे सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों की समस्या का समाधान हुआ है। नगर की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजते हुए नगर के बहोरिक पुर वार्ड में स्थित प्रसिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर परिसर का भव्य सौंदर्यीकरण कराया गया, जिससे श्रद्धालुओं को सुगम और सुंदर वातावरण मिल रहा है। चेयरमैन कपिल मुनि ने बताया कि उनके कार्यकाल का यह पांचवां महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट नगर पालिका का नया आधुनिक कार्यालय है, जो अब अपने अंतिम चरण में है। उन्होंने बताया कि इस भवन को आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी, कंप्यूटर सिस्टम, सुविधाजनक जन-सुनवाई कक्ष, और आगंतुकों के बैठने की उत्तम व्यवस्था से सुसज्जित किया जा रहा है।



चेयरमैन कपिलमुनि

सफाई कर्मचारियों का सम्मान कर दिखाई सेवा भावना

'हनुमान अंश' फिल्म की कराई विशेष स्क्रीनिंग

जौनपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर प्रारंभ हुए 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत रविवार को जौनपुर के डीडी प्लेक्स सिनेमा हॉल में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। ज्ञानप्रकाश सिंह के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में नगरपालिका जौनपुर के सफाई कर्मचारी बंधुओं को सम्मानित करते हुए उनके लिए 'हनुमान अंश' फिल्म की विशेष नि:शुल्क स्क्रीनिंग कराई गई। कार्यक्रम के माध्यम से सेवा, सम्मान और सामाजिक सहभागिता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों का माल्यार्पण कर तथा अंगवस्त्रम पहनाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए समाज के लिए उनके योगदान को सराहा गया।

वक्ताओं ने कहा कि सफाई कर्मचारी प्रतिदिन अपने श्रम, मेहनत और समर्पण से शहर को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान चालीसा की पुस्तकों के वितरण और सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से हुई। श्रद्धालुओं और उपस्थित सफाई कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद सभी ने सिनेमा हॉल में 'हनुमान अंश' फिल्म का आनंद लिया और फिल्म के माध्यम से बाबा नीब करौरी जी के जीवन, आध्यात्मिक यात्रा, भक्ति और सेवा से जुड़े प्रेरणादायी संदेशों को जाना। 'हनुमान अंश' फिल्म के जरिए बाबा नीब करौरी जी के जीवन और उनके आध्यात्मिक विचारों को प्रस्तुत किया गया। फिल्म में भक्ति, सेवा, मानवता और समर्पण के संदेशों ने उपस्थित लोगों को प्रभावित किया। आयोजकों का उद्देश्य सफाई कर्मचारियों को सम्मान देने के साथ ही उन्हें आध्यात्मिक और प्रेरणादायी अनुभव प्रदान करना भी रहा। कार्यक्रम में



कहा गया कि समाज के प्रत्येक वर्ग के योगदान को सम्मान देना ही सामाजिक सहभागिता और सेवा की वास्तविक भावना है। जो कर्मचारी प्रतिदिन अपने श्रम से शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने में योगदान देते हैं, उनके सम्मान और उत्साहवर्धन की जिम्मेदारी पूरे समाज की है। सफाई कर्मचारियों का सम्मान समाज में श्रम के प्रति सम्मान की भावना को भी मजबूत करता है। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रामसूरत मौर्य, अपना दल (एस) के राष्ट्रीय महासचिव पप्पू माली सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। ज्ञानप्रकाश सिंह के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में फिल्म स्क्रीनिंग के साथ सफाई कर्मचारियों के सम्मान का प्रयास सेवा, संवेदना और सामाजिक सहभागिता का संदेश लेकर सामने आया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने आयोजन की सराहना करते हुए सफाई कर्मचारियों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया।

एक नज़र इधर भी

ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

खेतासराय। रेलवे स्टेशन से करीब 200 मीटर उत्तर की दिशा में रविवार दोपहर ट्रेन की चपेट में आने से करीब 50 वर्षीय अज्ञात महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन देर शाम तक पहचान नहीं हो सकी। जानकारी के अनुसार वाराणसी-अयोध्या रेलखण्ड पर खेतासराय-दीदारगंज रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग के उत्तर पोल संख्या 852/31 के पास रविवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे गोरखपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनल जा रही गोदान एक्सप्रेस की चपेट में महिला आ गई। हादसा इतना गम्भीर था कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुँच गई। पुलिस ने आसपास के लोगों से महिला की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। महिला ने सफेद-काली फूलदार साड़ी, हल्के हरे रंग का ब्लाउज और पेटीकोट पहन रखा था। उसके पैरों में लाल रंग के जूते और पायल थी, जबकि कान में पीली धातु के आभूषण थे। पहचान नहीं होने पर रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस महिला की पहचान कराने के साथ घटना की आवश्यक कार्रवाई में जुटी रही।

ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्राली से बाइक टकरायी, युवक की मौत

बक्शा। थाना क्षेत्र के उटरुकला गांव स्थित राजा ढाबा के पास रविवार को ईंट लदी ट्रैक्टर-ट्राली से बाइक की हुई जोरदार टक्कर में बाइक चालक युवक की मौत हो गयी, जबकि पीछे बैठी महिला गम्भीर रूप से घायल हो गयी। सूचना पर पहुँची पुलिस टीम ने घायल महिला को नौपेड़वा सामुदायिक अस्पताल भिजवाते हुए शव को कब्जे में लेते हुए मृतक के रिश्तेदार को सूचना दी। प्रतापगढ़ जनपद के आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के पीथापुर गौरमाफी निवासी भारत लाल का 27 वर्षीय पुत्र महेन्द्र कुमार गौतम अपनी पड़ोस के रिश्ते की चाची मनीता देवी पत्नी राजेश गौतम के साथ बाइक से नौपेड़वा की तरफ किसी रिश्तेदार की मौत की सूचना पर जा रहें थे। महेन्द्र जैसे ही राजा ढाबा के समीप पहुँचा आगे-आगे धनियामऊ परास ईंट भठ्ठे से ईंट लादकर चल रहा ट्रैक्टर चालक अचानक ट्रैक्टर दाहिने तरफ मोड़ दिया। अचानक हुई घटना के कारण अनियंत्रित बाइक ट्रैक्टर से जा टकराई। जोरदार हुई भिड़ंत से महेन्द्र कुमार की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि बाइक पर बैठी महिला मनीता गम्भीर रूप से घायल हो गयी। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह को दी। उधर चिकित्सक ने बेहतर उपचार हेतु महिला को जिला अस्पताल रैफर कर दिया। उधर मौके से ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़ फरार हो गया।

खेत में सिंचाई के लिए लगाया स्टेबलाइजर चोरी

सुजानगंज। थाना क्षेत्र के डालूपुर गांव निवासी अक्षय आनंद सिंह ने खेत में सिंचाई के लिए लगाए गए स्टेबलाइजर चोरी होने की शिकायत पुलिस से की थी पीड़ित के अनुसार 24 सितंबर 2026 को खेत में लगे करीब 20000 के स्टेबलाइजर को अज्ञात लोगों ने चोरी कर लिया पीड़ित ने थाने में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि चोरी की जानकारी होने के बाद विश्वास सूत्रों से पता चला कि गांव के कुछ लोगों द्वारा स्टेबलाइजर चोरी किया गया है, पूछताछ करने पर संबंधित लोगों ने कथित तौर पर जानकारी देने से इनकार कर दिया पीड़ित ने मामले में सचिन गौतम प्रियांशु सुरेश धर्मराज पटेल रामचंद्र गौतम कल्लू तथा विकास गौतम के खिलाफ आरोप लगाते हुए पुलिस से जांच कर कार्रवाई की मांग की है, पीड़ित अक्षय आनंद सिंह ने थाना सुजानगंज में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की पुलिस मामले की जांच कर रही है, थानाध्यक्ष अमित कुमार पांडे ने बताया इन लोगों के ऊपर कार्रवाई करते हुए मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है तथा संबंधित लोगों से जांच पड़ताल की जा रही है।

आगामी त्योहार को लेकर पुलिस अलर्ट

बरसठी। स्थानीय थाना परसर में दुर्गा पूजा, भरत मिलाप और दशहरा मेले को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए रविवार शाम को प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में पुलिस ने मूर्ति की ऊंचाई आठ फीट तक सीमित रखने, बिजली के तारों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने तथा जुलूस में अश्लील और सांप्रदायिक गाने न बजाने के निर्देश दिए। आग से बचाव के लिए बालू-पानी की बाल्टियां रखने और दो लोगों को निगरानी में तैनात करने को कहा गया। बैठक में प्रधान राजकुमार गुप्ता, रईस अहमद, आनंद यादव एसआई अंब्रिश सिंह, अनिल वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग व भारी संख्या में आयोजक मौजूद रहे।

जोनल क्रिकेट टूर्नामेंट में धांधली का आरोप, खिलाड़ी ने खेल मंत्री को सौंपा ज्ञापन

सिरकोनी। सीबीएसई बोर्ड द्वारा विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल, प्रयागराज में आयोजित जोनल क्रिकेट टूर्नामेंट में चयन प्रक्रिया में धांधली का आरोप लगा है। डॉ. रिजवी लर्नर्स



एकेडमी, जौनपुर के छात्र यूसुफ फराज खान ने इस संबंध में प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव को रविवार को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। नगर पंचायत जफराबाद के ताड़तला मोहल्ला निवासी खिलाड़ी यूसुफ फराज खान पुत्र डॉ. सरफराज खान द्वारा 4 अक्टूबर, रविवार प्रदेश के खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि टूर्नामेंट में विभिन्न स्कूलों से लगभग 2000 बच्चों ने प्रतिभाग किया था। वह स्वयं अपनी एकेडमी के 5 बच्चों के साथ प्रतियोगिता में शामिल हुए थे। आरोप है कि प्रतियोगिता के बाद चयनित 72 खिलाड़ियों की जो दूसरी परिणाम शीट जारी हुई, उसमें सीरियल नंबर 630, 743, 746, 1033, 1037, 1263 और 1451 ऐसे खिलाड़ियों को सीधे शामिल कर दिया गया, जिनका नाम प्रथम प्रतिभागी सूची में शामिल ही नहीं था। ज्ञापन में पीड़ित खिलाड़ी यूसुफ फराज ने इस पूरे प्रकरण में डिप्टी डायरेक्टर स्पोर्ट्स मनजीत सिंह, ऑब्जर्वर अमरजीत और विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल के मैनेजर अभिषेक तिवारी पर मनमानी और साजिश का आरोप लगाया है। यूसुफ फराज खान ने खेल मंत्री को ज्ञापन देते हुए यह मांग की है कि पूरे प्रकरण की जांच कराकर प्रतिभावान खिलाड़ियों के साथ न्याय किया जाए।

शांति भंग की आशंका में चार गिरफ्तार

सुइथाकला। सरपतहां थाना पुलिस ने रविवार को शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से चार लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए चालान किया। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव में शांति भंग की आशंका को देखते हुए कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष रामाश्रय राय के निर्देशन में की गई कार्रवाई के तहत काजीपुर निवासी दीपचन्द्र, अच्छेलाल, दिनेश कुमार और रामदवर शामिल हैं। सभी को संबंधित न्यायालय भेजा गया। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक शैलेश कुमार सिंह, कांस्टेबल विजय प्रताप, रिजर्व कांस्टेबल भोलू जायसवाल तथा रिजर्व कांस्टेबल सतपाल यादव शामिल रहे।

दुष्कर्म मामले में चक्काजाम के दौरान बवाल, ४५ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

सड़क जाम के दौरान पुलिस से अभद्रता का आरोप

सरायख्वाजा। शिकारपुर पुलिस चौकी तिराहे पर हुए बवाल के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 20 नामजद समेत 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मुकदमे में युवराज जौनपुरिया उर्फ लकी समेत 45 लोगों को आरोपी बनाया गया है । गौरतलब है कि क्षेत्र स्थित एक गांव की युवती के साथ दुष्कर्म का आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बैजारामपुर तिराहे के समीप क्षेत्रीय जनता ने पुलिस पर शिथिलता बरतने को लेकर चक्काजाम किया था।उस समय पुलिस आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने के लिए मौके पर पहुंची तों वहां पुलिस से अभद्रता करते हुए सरकारी कार्यों में बाधा डालने का प्रयास किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपितों पर सड़क जाम करने, सरकारी बैरियर हटाने और पुलिसकर्मियों से अभद्रता करने का आरोप है। इसके अलावा दुकानों में तोड़फोड़ तथा पुलिसकर्मियों पर हमले के प्रयास का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

वाहन चेकिंग अभियान में ४० वाहनों का चालान

ब्रेथ एनालाइजर से जांच में तीन चालक नशे में मिले

खेतासराय। कस्बे सहित आजाद रेलवे क्रॉसिंग के पास रविवार को यातायात पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले तथा अनफिट वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने करीब 40 वाहनों का चालान किया। यातायात निरीक्षक राजेश सिंह के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान वाहनों के कागजात, फिटनेस और अन्य जरूरी दस्तावेजों की जांच की गई। गलत तरीके से वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। यातायात निरीक्षक ने बताया कि अभियान के दौरान करीब 100 वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई। जांच में तीन चालक नशे की हालत में वाहन चलाते मिले। उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई। उन्होंने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और नशे की हालत में वाहन न चलाने की अपील की।

शान्तिभंग की आशंका में दो गिरफ्तार

पवांरा। पुलिस ने शान्तिभंग की आशंका में दो सगे भाईयों को गिरफ्तार कर चालान हेतु न्यायालय भेज दिया। पुलिस ने बताया की शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सत्यदेव बिन्द, धोनी बिन्द पुत्रगण श्रीनारायण बिन्द निवासी- कुंवरपुर थाना-पवांरा, जौनपुर को गिरफ्तार कर इनके खिलाफ बीएनएस की धारा 170/126/135 के तहत कार्रवाई की गयी है। उन्हे एसडीएम मछलीशहर के सामने पेश करने के लिए ले जाया गया। गिरफ्तारी टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश कुमार, कान्सटेबल रामनिवास यादव व रिक्रूट महिली कान्सटेबल रूबी शर्मा शामिल रहे।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

सकलडीहा। कस्बा के समाजसेवी तौफिक उर्फ टुन्नू खां के 22 वर्षीय बेटे नौशाद की गुरूवार की देर रात ग्रेटर नोएडा में कंपनी से वापस अपने कमरे में पैदल आते समय ट्रक ने रौंद दिया। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हेागई। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। शनिवार को ग्रेटर नोएडा से पीएम होने के बाद शव घर पहुंचने पर परिवार में कोहराम मच गया। भारी संख्या में ग्रामीण घर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट किया। कस्बा के समाजसेवी तौफिक उर्फ खां टुन्नू के तीन पुत्र इमरान एफिरोज और नौशाद व चार बेटिया है। नौशाद ग्रेटर नोएडा के एक विदेशी कंपनी में काम करता था। गुरूवार की देर रात करीब साढ़े दस बजे कंपनी गेट से बाहर अपने मित्र के साथ पैदल कमरे में जा रहा था। इसी बीच एक ट्रक ने गाड़ी बैंक करते समय युवक को कुचल दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में ग्रामीणों की सहयोग से सरकारी हास्पीटल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया।

पीएम होने के बाद शव शनिवार को घर पहुंचने पर परिवार में मातम छा गया। युवक के अंतिम संस्कार में काफी संख्या में कस्बावासी और मुस्लिम बंधु पहुंचकर शोक संवेदना जताया। इस दौरान परिवार के लोगों का रोते रोते बुरा हाल था। विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष केके सोनी, इकराम, नासिर अली, अरमान, डा. अकबर सहित भारी संख्या में लोगों ने घटना को लेकर मर्माहत थे।

नाला निर्माण का इंतजार,जलनिकासी के लिए तरस रहे ग्रामीण

पड़ाव। विकासखण्ड नियमताबाद जलीलपुर नई बस्ती गांव के करीब 250 से 300 ग्रामीण पिछले ढाई दशक से नाला निर्माण की राह देख रहे हैं। घरों से निकलने वाले नाबदान के पानी की समुचित निकासी नहीं होने के कारण गंदा पानी घरों के बाहर और गलियों में जमा रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से चली आ रही इस समस्या ने उनके जीवन को नारकीय बना दिया है। ग्रामीणों के मुताबिक करीब तीन वर्ष पूर्व नाबदान के पानी की निकासी को लेकर दो पड़ोसियों के बीच विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में मारपीट हुई, जिसमें एक युवक की जान चली गई थी। घटना के बाद तमाम राजनीतिक दलों के नेताओं, सांसद समेत कई जनप्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंचकर अपनी संवेदना प्रकट की थी। ग्रामीणों का कहना है कि उस समय जिस जलनिकासी की समस्या को लेकर विवाद सामने आया था, उसका समाधान आज तक नहीं हो सका। ग्रामीणों का आरोप है कि जब भी कोई जनप्रतिनिधि उनकी समस्या सुनने पहुंचा तो यह कहकर पल्ला झाड़ लिया गया कि 'यह रेलवे की जमीन है।' ग्रामीणों का सवाल है कि यदि जमीन रेलवे की है तो क्या यहां वर्षों से रह रहे लोगों के लिए नाला निर्माण जैसी मूलभूत सुविधा की व्यवस्था भी नहीं हो सकती। ग्रामीणों के अनुसार यहां रहने वाले अधिकांश लोगों के पास अपनी जमीन की रजिस्ट्री है और वे करीब 40 वर्षों से इस स्थान पर रह रहे हैं। उनका कहना है कि वे रेलवे की जमीन पर मकान बनवाने अथवा जमीन पर किसी तरह का अधिकार मांगने की मांग नहीं कर रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों के मुताबिक रोजाना इसी गली से बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे आते-जाते हैं। गली में नाबदान का पानी जमा रहने के कारण बच्चों को गंदे पानी से होकर स्कूल आने-जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। बरसात या अधिक जलभराव के दौरान स्थिति और भी खराब हो जाती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, रेलवे और संबंधित विभाग से समन्वय कर नाला निर्माण की अनुमति और व्यवस्था कराने की मांग की है।ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें न जमीन चाहिए और न कोई अतिरिक्त सुविधा-वे सिर्फ इतना चाहते हैं कि उनके घरों से निकलने वाले पानी की निकासी के लिए नाला बन जाएए ताकि वर्षों से चली आ रही इस समस्या से उन्हें निजात मिल सके।



गंदे पानी से भरे सड़क का दृश्य। छाया: आज

सेमीफाइनल मुकाबले के लिए खिलाड़ियों ने झोंकी ताकत

चंदौली। पांच दिवसीय सीबीएसई नेशनल गर्ल्स हैंडबॉल टूर्नामेंट 2026 अंडर 14 अंडर 17 अंडर 19 का आयोजन जनपद चंदौली के जेएस पब्लिक स्कूल कासिमपुर में 1 अक्टूबर से लगातार सफल रूप से आगे बढता हुआ चौथे दिन के मैचों में जलवा देखने को मिला। अंडर-14 में नोसगे पब्लिक स्कूल राजस्थान संग अवर ओन इंग्लिश स्कूल शारजाह यूएई मे नोजगे 11-2 से अपने पाले में किया। दूसरा मैच केएन मोदी गाजियाबाद संग इन्डियन स्कूल ओमान मे केएन मोदी 12-01 से जीता। तीसरा और लीग मैच का आखिरी मैच दुद्दुपूडी इंग्लिश मीडियम स्कूल संग विरला पब्लिक स्कूल दोहामे दुद्दुपूडी 11-01 से जीत हासिल कर ली। अंडर-17 मेअं इन्डियन स्कूल अल्वाडी अल्कवीर और भारत नेशनल पब्लिक स्कूल दिल्ली मे इन्डियन स्कूल ने 13-09 से अपने नाम कर लिया। दूसरा वेलामल चेन्नई संग आर्मी पब्लिक स्कूल गोपाल पुर मे वेलामल ने बड़े संघर्ष के बाद 10-09 से अपने नाम कर लिये। तीसरा और लीग मैच का आखिरी मैच ब्रिलिएन्ट पब्लिक स्कूल अलीगढ और श्रीजैन युवक गुजरात में गुजरात ने जबरदस्त टक्कर देकर 12-07 से अपने पाले में रखा। वही अंडर-19 में पहला मैच आर्मी पब्लिक स्कूल दिल्ली संग इंडियन स्कूल ओमान में दिल्ली ने 8-6 से जीता। दूसरे मैच मे लक्ष्य पब्लिक स्कूल हिसार और ज्ञानदीप स्कूल कर्नाटक मे लक्ष्य पब्लिक स्कूल ने 14-08 से बढत की। अंडर 19 का आखिरी लीग मैच वेलामल चेन्नई संग विवेकानंद के वी आसाम के बीच खेला गया। जिसमें वेलामल 17-05 से अपने नाम कर लिया।सूचना मिलने तक सेमीफाइनल मैच में अंडर-14 के लिए केएन मोदी गाजियाबाद और दुद्दुपूडी कर्नाटक आपस मेअं भिडी जिसमे केएन मोदी ने अपनी पूरी ताकत झोककर 8-7 से फाइनल के लिए जगह बना ली।



जलजमाव से उपभोक्ता, कर्मचारी परेशान

चंदौली। भूपौली पावर हाउस के रास्ते पर जलजमाव से बिजली उपभोक्ताओं और कर्मचारियों को परेशानी हो रही है। सड़क पर घुटने भर तक पानी जमा है, जिससे पावर हाउस पहुंचना मुश्किल हो रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सिंचाई विभाग की लापरवाही से किसानों के लिए छोड़ा गया पानी सड़क पर बह रहा है। इससे पावर हाउस के रास्ते पर लगातार पानी भरा रहता है। निकासी व्यवस्था न होने से सड़क भी खराब हो रही है। बिजली बिल जमा करने और अन्य कामों के लिए आने वाले उपभोक्ताओं को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। संतोष, रवि, मनोज, प्रियांशु, शंकर, राजू, सोनू और गोलू, स्थानीय निवासियों ने बताया कि लोग पावर हाउस जाने से कतरा रहे हैं। इससे बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या कम हो रही है, जिसका असर राजस्व पर पड़ रहा है।

शराब तस्कर गिरफ्तार, लाखों का शराब बरामद

चन्दौली। उच्चाधिकारीगण के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक स्वाट सेल राम जन्म यादव, प्रभारी सर्विलांस सेल उ०नि० आशीष मिश्रा व थानाध्यक्ष सैयदराजा अशोक कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में स्वाट/सर्विलांस टीम व थाना सैयदराजा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर काले शाह बाबा की मजार एनएच-19 हाईवे, उत्तरी लेन के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। चेकिंग के दौरान चन्दौली की तरफ से आ रहे एक संदिग्ध ट्रक को पुलिस टीम द्वारा सतर्कतापूर्वक रोका गया। ट्रक से उतरकर भागने का प्रयास कर रहे चालक को पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर मौके से पकड़ लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शेरा राम उर्फ सुरेश कुमार पुत्र बाला राम निवासी टाकुबेरी, थाना सिन्धारी, बाड़मेर (राजस्थान) उम्र करीब 23 वर्ष के रूप में हुई। ट्रक के डाले की सघन तलाशी लेने पर पीछे रखी पीली प्लास्टिक की बोरियों में भरे लकड़ी के बुरादे की आड़ में छिपाकर रखी गई विभिन्न ब्रांडों की कुल 1185 पेटी (10451.52 लीटर) अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह पैसों के लालच (1 लाख रुपय) में पानीपत (हरियाणा) के पास एक अज्ञात व्यक्ति से शराब लदा ट्रक लेकर बिहार में ऊंचे दामों पर बेचने हेतु जा रहा था। रास्ते में पुलिस से बचने के लिए उसने ऊपर लकड़ी के बुरादे की बोरियाँ लाद रखी थीं।

संक्षिप्त

आज ११ से दो बजे तक बिजली की सप्लाई रहेगी बन्द

चहनियां। चहनियां क्षेत्र में बिजली उपकेंद्र से जुड़ी कस्बा और गांवो में बिजली की सप्लाई अनुरक्षण माह के कारण सोमवार को तीन घंटे बन्द रहेगी । एसडीओ के निर्देश पर धानापुर से आयी तैतीस हजार की मेन सप्लाई पर पेड़ो के डहन की कटिंग, छटाई होगी। आगामी त्यौहारों को देखते हुए माह में यह कार्य लगातार चल रहा है । सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली की सप्लाई ठप्प रहेगी। यह जानकारी विभाग के जे ई ने दी है ।

गायत्री पूजा, कलश यात्रा का आयोजन

मुगलसराय। नगर के सुभाष नगर स्थित काली मंदिर परिसर में रविवार को गायत्री पूजा एवं कलश यात्रा का आयोजन किया गया। सम्मानित मंच सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूजा-अर्चना के बाद महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली। यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंची। इस दौरान श्रद्धालुओं ने धार्मिक जयघोष करते हुए वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने भी सहभागिता की। आयोजकों ने बताया कि धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा, एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा, राजकुमार जायसवाल, अमरजीत सिंह शर्मा, पप्पू शर्मा, राजेश जायसवाल, राकेश, महामंत्री रुद्र जायसवाल, विकास खरवार, अखिलेश जायसवाल, राकेश पांडेय, सुनील जायसवाल, उपाध्यक्ष रोहित सचदेवा सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

ट्रक में पीछे से घुसी डीसीएम, चालक घायल

कमालपुर। सैयदराजा-जमानिया मार्ग पर तलाशपुर मोड़ के समीप शनिवार की रात गोभी लदी डीसीएम अनियंत्रित होकर आगे जा रहे ट्रक में पीछे से लड़ गई। हादसे में डीसीएम का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और चालक राकेश यादव घायल हो गया। संयोग अच्छा रहा कि बड़ा हादसा टल गया। हादसे की जानकारी मिलते ही कंदवा थानाध्यक्ष विनोद कुमार आंचल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। डीसीएम का केबिन क्षतिग्रस्त होने के कारण चालक उसमें फंस गया था। पुलिसकर्मियों ने काफी प्रयास के बाद चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में उसे हल्की चोटें आईं। परिजन घायल चालक को उपचार के लिए गाजीपुर जिले के एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां उसका उपचार कराया गया। जानकारी के अनुसार अंबेडकरनगर थाना क्षेत्र के महरूवा गांव निवासी राकेश यादव डीसीएम में गोभी लादकर मुंबई से पटना जा रहे थे। शनिवार की रात वह सैयदराजा-जमानिया मार्ग से गुजर रहे थे। तलाशपुर मोड़ के पास पहुंचने पर अचानक उन्हें नींद की झपकी आ गई। इससे डीसीएम अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि डीसीएम का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें लदा गोभी भी सड़क पर गिरकर बर्बाद हो गया।

महात्मा गांधी की मनायी जयंती

मुगलसराय। क्षेत्र के गंगेहरा में 2 अक्टूबर को अखिल भारतीय साहू राठौर सभा के तत्वावधान में साहू भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 157वीं जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने महात्मा गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धां सुमन अर्पित कर सत्य,अहिंसा और स्वच्छता के संदेश को याद किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने कहा समाज के लोगों को गांधी जी के मार्गों पर चलकर सदैव विकास के विषय में सोचने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि के रूप में आशीष गुप्ता, जिला मंत्री भाजपा एवं भैरो गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिलाल साहू ने की तथा संचालन सत्यप्रकाश गुप्ता ने किया। जिला अध्यक्ष हरीलाल साहू जी ने समाज के लोगों से गांधी जी के विचारों को अपने जीवन में अपनाने तथा सामाजिक एकता एवं सद्भाव को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मनोज गुप्ता, मनीष गुप्ता, दिनेश गुप्ता रामप्रकाश गुप्ता (कल्लू मलू) विंदेश्वरी गुप्ता, रामभरोस गुप्ता, सत्य प्रकाश गुप्ता, शीला गुप्ता, विनोद गुप्ता राजीव गुप्ता सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जर्जर रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर चलना दूभर

सकलडीहा। सकलडीहा कस्बा से होकर रेलवे स्टेशन जाने वाली मार्ग जगह जगह जर्जर और पटरी विहिन है। जिसके कारण आवागमन में राहगीरों को काफी समस्या होती है। आरोप है कि पीडब्ल्यूडी विभाग सड़क निर्माण को लेकर अनजान बने हुए है। जिसके कारण आये दिन सड़क दुर्घटना में ग्रामीण और छात्रायें घायल होती है। जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। जनप्रतिनिधियो सहित विभागीय अधिकारियों के खिलाफ आन्दोलन की चेतावनी दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सकलडीहा रेलवे क्रासिंग से चतुर्भुजपुर कस्बा में सीसी रोड का निर्माण कार्यदायी संस्था की ओर से कराया गया। लेकिन पटरी नही होने के कारण रात होते ही वाहन चालक और साइकिल सवार गिरकर घायल हो रहे है। चतुर्भुजपुर कस्बा से लेकर तेनुवट गांव में पटरी नही होने से समस्या गहरा गया है। तेनुवट से सकलडीहा स्टेशन मार्ग पूरी तरह जर्जर है। ग्रामीणो ने विभागीय अधिकारियों से जर्जर सड़क और पटरी निर्माण की मांग किया है।

पंचायत भवन निर्माण की ग्रामीणों ने उठायी मांग

सकलडीहा। बलारपुर गांव में महिलाओं ने जर्जर पंचायत भवन को लेकर तहसील प्रशासन से मांग उठाया है। आरोप है कि भवन की हालत बहुत खराब है और इसी में आंगनबाड़ी के बच्चे पढ़ते हैं। इससे कभी भी कोई हादसा हो सकता है। महिलाओं ने इसकी मरम्मत की मांग की और बताया कि कई बार शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। गांव वालों को पंचायत से जुड़े काम और बैठकों में दिक्कत होती है। महिलाओं और किशोरियों के लिए भी कोई सही जगह नहीं है। महिलाओं ने मांग की कि विभाग इस पुराने पंचायत भवन की जांच करे और नया मिनी सचिवालय बनाने के लिए जरूरी कार्रवाई करे। इस मौके पर ममता यादव, किरण यादव, चिंता, रीमा देवी, फूलमती, निर्मल, किरण देवी और सरिता सहित कई अन्य महिलाएं शामिल थीं।

रेलवे इंटर कालेज के पुनर्मिलन समारोह का समापन

मुगलसराय। पूर्व मध्य रेलवे इंटर कॉलेज के 150 वर्ष पूरे होने पर आयोजित दो दिवसीय पुनर्मिलन समारोह का शुक्रवार को भावपूर्ण समापन हुआ। दूसरे दिन कार्यक्रम की शुरुआत देश के दूसरे प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुरातन विद्यार्थियों द्वारा माल्यार्पण से हुई। माल्यार्पण के बाद आयोजित संवाद कार्यक्रम में पुरातन विद्यार्थियों ने विद्यालय से जुड़ी अपनी यादों और जीवन के अनुभवों को साझा किया। एयर मार्शल रहे कीर्ति शेखर चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि उन्होंने भगवद्गीता के कर्म के संदेश को अपने जीवन में अपनाया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को पूरी निष्ठा से कर्म करते रहना चाहिए और परिणाम की चिंता नहीं करनी चाहिए। 1952 में इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले पुरातन विद्यार्थी गुरमीत ने उस दौर के रेलवे इंटर कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्था और विद्यालय से जुड़ी अपनी पुरानी स्मृतियों को साझा किया। वहीं डॉ. राज कुमार यादव ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए तनाव से बचने और सकारात्मक सोच रखने की सीख दी। इसके बाद पुरातन विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह में उत्साह भर दिया। गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पुराने विद्यार्थियों को उनकी छात्र जीवन की यादों से जोड़ दिया। अंत में लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा के समक्ष 1001 दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

एमएलसी चुनाव, सात अक्तूबर के कार्यक्रम को लेकर मासिक बैठक

मुगलसराय। श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव भवन, गोधना बाईपास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर रविवार को समाजवादी पार्टी मुगलसराय विधानसभा की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी एमएलसी चुनाव तथा 7 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम की तैयारियों, संगठन की सक्रियता और आगामी रणनीति की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया। बैठक में कार्यकर्ताओं से आगामी चुनाव को लेकर पूरी मजबूती के साथ जुटने तथा पार्टी की नीतियों और समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। साथ ही 7 अक्टूबर के जिला मुख्यालय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर मुगलसराय विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी चंद्रशेखर यादव ने कहा कि संगठन की मजबूती ही किसी भी चुनाव में जीत का आधार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूरी एकजुटता के साथ आगामी एमएलसी चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाती रही है और कार्यकर्ता बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने में जुटे। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अयूब खान गुड्डू ने कहा कि आगामी कार्यक्रमों को लेकर विधानसभा क्षेत्र के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पूरी जिम्मेदारी के साथ तैयारियों में जुटें। 7 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर होने वाले कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष तस्लीम अंसारी व संचालन विधानसभा महासचिव अजय इंद्रेश ने किया।



पिकअप के धक्के से टूटा बिजली का खंभा, आपूर्ति बाधित

इलिया । विद्युत उपकेंद्र इलिया के रमैया फीडर से गांवों में बिजली आपूर्ति करने वाली 11 हजार केवीए लाइन का खंभा रविवार को खिलची रजडीहा के पास पिकअप के धक्के से टूटकर तीन टुकड़ों में बंट गया। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। संयोग रहा कि हादसे के समय कोई व्यक्ति करंट प्रवाहित तार की चपेट में नहीं आया। रात मे धरौली से आ रही पिकअप खिलची गांव के पास अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। तेज आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो बिजली का खंभा क्षतिग्रस्त मिला। समाजसेवी विजय शंकर सिंह बाबिल ने तत्काल विद्युत विभाग और पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर इलिया थाने के उपनिरीक्षक असगर अली मौके पर पहुंचे और वाहन चालक को पकड़ कर विधिक कार्रवाई शुरू की। हादसे की जानकारी होने पर खिलची, रजडीहा, बटौवा और खखड़ा गांवों के ग्रामीण भी मौके पर जुट गए। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से बिजली आपूर्ति बंद कराकर ट्रैक्टर-ट्राली पर सीढ़ी लगाकर तार को टूटे खंभे से तार को अलग किया। ग्रामीणों ने भी जल्द से जल्द विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की। अभियंता विनोद कुमार ने बताया कि रात में ही विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई है । शीघ्र ही टूटे खंभे को बदला जाएगा।

लोकतंत्र बचाने के लिए कांग्रेसजनों का जनसंपर्क

मुगलसराय। कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में प्रदेश निर्देशित कार्यक्रम के तहत कांग्रेस जनों ने शहर अध्यक्ष बृजेश गुप्ता के नेतृत्व में संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ तारों के साथ मुंबई परशुरामपुर वार्ड में गली गली डोर टू डोर जुलूस निकाल कर जनसंपर्क किया,कांग्रेस जन ज्ञानेश कुमार मुर्दाबाद के नारे लगा भी लगाये, लोगों से संवाद तक भाजपा सरकार और चुनाव आयोग के मिली भगत और वोट चोरी की कलई भी खोली। तत्पश्चात एक मैरिज लॉन में आयोजित बैठक में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजेश गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार और चुनाव आयोग की कलई जनता के सामने खुल चुकी है। जनता महंगाई, बेरोजगारी, अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा को लाकर चुकी है, लेकिन चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर निरंतर भाजपा को जिताने का कार्य कर रहा है, हम कांग्रेस जनादेश व लोकतंत्र की हत्या नहीं होने देंगे। बैठक में कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष दयाराम पटेल ने कहा भाजपा सरकार पूरी तरह हिटलर शाही रवैया बख्तियार कर रही है भाजपा के विधायक मंत्री अपनी जेबे भरने में मशगुल है, आज देश की सरकार चंद उद्योगपतियों की कठपुतली बनकर रह गई है,सरकार का गरीब जनता से कोई सरोकार नहीं है वोटों का ध्रुवीकरण करने के लिए विशेष वर्ग को टारगेट किया जा रहा है। बैठक में अल्पसंख्यक कांग्रेस के उपाध्यक्ष शाहिद तौसीफ ने कहा कि देश में सिर्फ नफरत की खेती की जा रही है, महंगाई बेरोजगारी पेपर लीक खिलाफ आवाज उठाने पर सरकार दमन का रवैया बख्तियार कर रही है संविधान और लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है।



ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

सैयदराजा । थाना क्षेत्र के फेसुडा गांव में शनिवार शाम तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार पारस पॉल (55) की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार पारस पॉल बाजार से सामान खरीदकर बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह गांव के समीप पहुंचे, तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कराया है। और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। मृतक परिवार के प्रमुख कमाऊ सदस्य थे। उनकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। इस घटना से गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गयी।

सार्वजनिक रास्ता खुलवाने के लिए एसडीएम से लगायी गुहार

चहनियां। बलुआ थाना क्षेत्र के नादी निधौरा में एक सार्वजनिक रास्ते को अवरुद्ध किये जाने से परेशान ग्रामीणों ने शनिवार को सकलडीहा एसडीएम श्रीमती आकांक्षा सिंह से मिलकर प्रार्थना पत्र देते हुए रास्ता खुलवाने की गुहार लगायी। नादी निधौरा के ग्रामीण नागेश्वर यादव, मुरारी यादव, राकेश यादव, बबलू यादव, गुलशन, अदालत यादव, जयद्रथ, प्रमोद यादव, हंसराज यादव, मुंशी, रामसकल यादव आदि ने शनिवार को एसडीएम सकलडीहा श्रीमती आकांक्षा सिंह से मिलकर उन्हें प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि गांव के सामने स्थित माँ गंगा के तट पर आने जाने के लिए कई वर्षों से एक पुराना सार्वजनिक रास्ता है। जिसे एक सप्ताह पहले गांव का ही एक व्यक्ति बांस बल्ली काँटा लगाकर अवरुद्ध कर दिया है। जिससे गंगा स्नान करने जाने वाले लोगों, शव दाह के लिए जाने वाले लोगों को आवागमन में संकट पैदा हो गया है। उक्त रास्ता को अवरुद्ध करने वाले व्यक्ति को ऐसा करने से मना करने के लिए जाने पर वह गाली गलौज करते हुए वह मारपीट करने पर उतारू हो जा रहा है। ग्रामीणों ने एसडीएम से जांच कराकर उक्त सार्वजनिक रास्ते को खुलवाने की मांग किया है।



विधायक की पहल पर एक घंटे में बहाल हुई पंप कैनाल की बिजली

चकिया। नेवाजगंज पंप कैनाल की पश्चिमी और पूर्वी कैनाल पर करीब एक सप्ताह से बिजली आपूर्ति बाधित होने से किसानों की धान की फसल सूखने के कगार पर पहुंच गई थी। सिंचाई के अभाव में परेशान किसानों ने विधायक कैलाश आचार्य से मिलकर अपनी समस्या से अवगत कराया। किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक कैलाश आचार्य ने तत्काल संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर विद्युत आपूर्ति बहाल कराने के निर्देश दिए। विधायक की पहल के बाद महज एक घंटे के भीतर कैनाल की बिजली आपूर्ति बहाल हो गई। बिजली आने के बाद किसानों को राहत मिली और उनके चेहरे खिल उठे। किसानों ने बिजली आपूर्ति बहाल कराने के लिए विधायक कैलाश आचार्य का आभार जताते हुए धन्यवाद दिया। किसानों ने कहा कि समय रहते समस्या का समाधान होने से धान की फसल को सिंचाई मिल सकेगी और उन्हें बड़ी राहत मिली है। विधायक कैलाश आचार्य ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। खेती-किसानी से जुड़ी किसी भी समस्या की जानकारी मिलने पर संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर तत्काल उसका समाधान कराया जाएगा। किसानों की फसल को किसी भी स्थिति में नुकसान नहीं होने दिया जाएगा।

कवियों ने सुनायी मार्मिक रचनाएं

चकिया। चंद्रप्रभा साहित्यिक संस्था की ओर से नगर स्थित आदित्य पुस्तकालय में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कवियों ने पूर्व निर्धारित विषय 'उम्मीदों की अर्थी' पर अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक सरोकारों, किसान-मजदूरों की समस्याओं और बदलते परिवेश को स्वर दिया। कविताओं ने श्रोताओं को भावुक करने के साथ ही सामाजिक चिंतन के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ साहित्यकार जगजीवन ने वाणी वंदना प्रस्तुत कर किया। इसके बाद काव्य पाठ का सिलसिला शुरू हुआ। शिवदास अनपढ़ ने 'कैसा था यह देश हमारा, कैसा होता जा रहा है' सुनाकर वर्तमान परिस्थितियों पर सवाल उठाए। बंधु पाल बंधु ने 'कब तक वह बहाना होगा उम्मीदों की अर्थी' प्रस्तुत की। मनोज द्विवेदी मधुर, राजेश विश्वकर्मा राजू, आनंद माया मार्गदर्शक, अलियार प्रधान और वसीम अहमद ने भी अपनी रचनाएं सुनाई। राजेश पटनवार ने सच्चाई और समय के जरिए हर गुनाह के उजागर होने की बात अपनी कविता में कही। हरिवंश सिंह बवाल ने 'हर ओर है सड़क पर उम्मीदों की अर्थी, दिल हो गया पत्थर उम्मीद की अर्थी' सुनाकर माहौल को गंभीर बना दिया। वहीं जगजीवन ने मोबाइल की बढ़ती उपयोगिता पर 'जय-जय है मोबाइल राजा, तेरे बिना कुछ नहीं भाता' कविता प्रस्तुत की। रामप्रवेश झाऊ ने किसानों के संदर्भ में 'उम्मीदों की अर्थी उठाकर बोलो वंदे मातरम' सुनाई। तेजबली अनपढ़, मूसे मोहम्मद जानी, शशिरंजन श्रीकृष्ण और ज्योति द्विवेदी ने भी अपनी रचनाओं से श्रोताओं की वाहवाही बटोरी। जोखन सिंह और जयप्रकाश सिंह सहित अन्य कवियों ने भी काव्य पाठ किया। कार्यक्रम में एडवोकेट भैया लाल सिंह सहित साहित्य प्रेमी मौजूद रहे। अध्यक्षता गौरीशंकर मौर्य ने की तथा संचालन हरिवंश सिंह बवाल ने किया।



बिहार समाचार

2025 का बिहार विधानसभा चुनाव पूरी तरह फर्जी था- तेजस्वी यादव

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। बिहार के औरंगाबाद ऐतिहासिक गांधी मैदान में रविवार को राजद नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए बड़ा राजनीतिक बयान दिया है। चुनावी प्रक्रिया और निष्पक्षता पर सीधा सवाल उठाते हुए तेजस्वी यादव ने दावा किया 2025 का बिहार विधानसभा चुनाव पूरी तरह से फर्जी चुनाव था। रैली में समर्थकों को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने सत्तारूढ़ गठबंधन और प्रशासनिक तंत्र पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि जन भावना और जनता का असल जनादेश कुछ और था, लेकिन मशीनरी के कथित दुरुपयोग के जरिए चुनाव नतीजे को प्रभावित किया गया। तेजस्वी यादव का यह सीधा और आक्रामक हमला इस बात का संकेत है कि विपक्ष चुनावी नतीजे के लेकर अभी भी सरकार और चुनाव आयोग पर सवाल उठाने के अपने रुख पर कायम है। इस बयान के बाद बिहार के सियासत में चुनावी शुचिता और लोकतंत्र को लेकर पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप- प्रत्यारोप का नया दौर शुरू होना तय माना जा रहा है।

जिउतिया पर्व पर नहाने के दौरान डूबने से दो की मौत

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। जिउतिया पर्व के दौरान स्नान करने गए दो किशोरों की डूबने से मौत हो गई। पहली घटना शिवसागर थाना क्षेत्र के पड़री गांव की है, जहां सूर्यमंदिर तालाब में स्नान के दौरान चेनारी के सबराबाद निवासी अजय नट के 13 वर्षीय पुत्र रंजन कुमार गहरे पानी में चला गया और डूब गया। लोगों ने उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।दूसरी घटना अगरेर गांव की है, जहां 14 वर्षीय बिट्टू कुमार, पिता रूपचंद, मां के साथ मोकर नहर में स्नान करने गया था। नहर में डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से काफी मशक्कत के बाद शव बाहर निकाला।बिट्टू का शव मिलने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर सासाराम-आरा मुख्य पथ जाम कर दिया। ग्रामीणों ने नहर के पास सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने और प्रशासनिक लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजे की मांग की। बाद में अधिकारियों के आश्वासन पर जाम हटाया गया।दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेजा गया है।

भाई ने की भाई का हत्या

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास जिले के दरिगांव थाना के दलेलगंज में रविवार की सुबह आपसी विवाद में भाई ने भाई की धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी ।पुलिस सूत्र के अनुसार दलेलगंज में रोहित पटवा की उसके भाई रवि पटवा ने तेज धारदार हथियार मारकर हत्या कर दी। पुलिस हथियार समेत उसके भाई रवि को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और मामले का अनुसंधान शुरू कर अन्य काररवाई कर रही है।

आपसी विवाद में हुई चाकूबाजी में तीन की मौत, एक गंभीर

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। बात विवाद इतना बढ़ा की जमकर हुई चाकूबाजी में तीन लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। बीते देर शाम सारण के एकमा थाना के परसागढ़ में आपसी विवाद में चार लोगों को चाकू से हमला कर दिया गया। इस चाकूबाजी में तीन लोगों की अस्पताल ले जाने के दौरान जान चली गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है ।मृतकों में छपरा शहर के भगवान बाजार थाना के अंकुर पटेल उर्फ धोनी, एकम क्षेत्र के मुकेश यादव और रमेश यादव शामिल हैं ।घायल विवेक कुमार को चिंताजनक हालत में पटना रेफर किया गया है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

पाली रेलवे पुल का एल ओ ए मिलने के बाद भी निर्माण शुरू नहीं

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। डेहरी स्थित पाली रेलवे ओवरब्रिज पुल तय सीमा में प्रस्तावित एल ओ ए मिल जाने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से नगर वासियों में आक्रोश है। करीब 3 वर्षों से यह ओवर ब्रिज पुल क्षतिग्रस्त है और इसके निर्माण कार्य कछुआ गति से हो रहे हैं। इस जल्द निर्माण कार्य पूरा करने को लेकर समाजसेवी राजन राज के नेतृत्व में सामूहिक एक दिवसीय धरना दिया गया। धरनार्थियों का कहना है कि निर्माण में देरी के पीछे रेलवे अधिकारियों द्वारा अनापत्ति नहीं देना कारण बताया गया है।इसको लेकर धरनार्थियों ने एक हस्ताक्षरित मांग पत्र जारी किया है। उनकी तीन मुख्य मांगें हैं - जब तक पुल का निर्माण पूरा नहीं होता, तब तक वैकल्पिक मार्ग को पिच और कांक्रीट कर दुरुस्त किया जाए, पैदल यात्रियों के लिए रेलवे ट्रैक पार करने हेतु सुरक्षित मार्ग की व्यवस्था की जाए और एल ओ ए का समय निर्धारित कर जल्द से जल्द पुल निर्माण शुरू कर उसे आम लोगों के लिए खोला जाए।उनलोगों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं की गईं तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा और रेलवे सहित संबंधित जिम्मेदार कार्यालयों का घेराव कर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा। धरना में बाबल कश्यप, अमित कुमार सिंह, जुनैद अंसारी, भुलन मिर्जा, मोनू पांडेय, सन्नी, मो नेयाज सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

जेन-जी भारत को भाग्य विधाता बनायेगा-योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गायत्री परिवार की प्रतियोगिता में 11 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं जुड़े। आज का युवा ही भारत का भाग्य विधाता बनने वाला है। हम बिखरा-बंटा, जातीय खेमों में लड़ता भारत नहीं चाहते। ऐसा सोचने वाले पूर्वजों के प्रति श्रद्धा नहीं रखते हैं। हम 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' चाहते हैं, प्रधानमंत्री मोदी ने भी हम सबको ऐसे भारत के लिए कार्य करने के लिए कहा है। मुख्यमंत्री रविवार को राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में अखिल विश्व गायत्री परिवार के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत आयोजित प्रांतीय शिक्षक गरिमा कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मां गायत्री, पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य व माता भगवती देवी के चित्रों के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीएम ने स्मारिका का विमोचन और भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्तर प्रदेश के शीर्ष-10 विद्यालयों को पुरस्कृत भी किया। गायत्री परिवार के पास डॉ. प्रणव पंड्या का मार्गदर्शन और डॉ. चिन्मय पंडया जैसे दूरदर्शी नायक हैं।



इसलिए परिवार को अगले 100 वर्ष के लिए लक्ष्य तय करना है। गायत्री परिवार को तनावग्रस्त, संघर्ष में उलझी, अस्तित्व के जूझती मानवता के जीवन में नया उजाला लाना है। जब देश पराधीन था और व्यक्ति हताश-निराश था, लोगों को लगता था कि गुलामी नियति बन चुकी है। तब ब्रजभूमि आगरा में जन्म लेकर भारतीय संस्कृति, सनातन मूल्यों व परंपरा के प्रति अगाध निष्ठा रखने वाले एक ऋषि का प्रादुर्भाव होता है। पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने मथुरा में प्रारंभिक साधना को बढ़ाते हुए हरिद्वार में जिस गायत्री परिवार की स्थापना की, उसने यज्ञों के माध्यम से सर्वसमाज को एक वेदी पर बैठाकर सामाजिक एकता का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। आजादी के

मुख्य मंत्री ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में शीर्ष दस विद्यालयों को किया पुरस्कृत

आंदोलन से जुड़े अनेक ऋषियों ने इसमें सक्रिय योगदान दिया, लेकिन उन्हें लगा कि सफलता के लिए भौतिक ताकत के साथ आध्यात्मिक शक्ति की भी आवश्यकता है, तो साधना के माध्यम से उसे आगे बढ़ाया। महर्षि विश्वामित्र द्वारा रचित सृष्टि का पहला मंत्र 'गायत्री मंत्र' परमपिता के तेज से जोड़ने का आह्वान करता है। जिसने भी इसकी शक्ति को अंगीकार किया, उसका कल्याण हो गया। पं. श्रीराम शर्मा इस संगठन को अपना नाम दे सकते थे, लेकिन उनका मानना था कि व्यक्ति से बड़ा परिवार होता है। इसलिए इसे गायत्री परिवार नाम दिया। व्यक्ति के नाम पर चलने वाला संगठन कुछ वर्षों के बाद धराशायी हो जाता है, लेकिन विचार के नाम पर चलने वाला संगठन लंबी दूरी तय करता है। 100 वर्ष की यह साधना इसका प्रमाण है। शब्द ब्रह्म है, विचार कभी नहीं मरते, इसी का प्रतीक है अखिल विश्व गायत्री परिवार। सीएम ने शिक्षकों को समाज की चेतना और युगनिर्माता बताया। जब शिक्षक जागृत होता है और ईमानदारी से दायित्वों का निर्वहन करता है तो भारत को विश्वगुरु बनने में देर नहीं लगती। गुलामी के दौर में एक तबका समाज को विभाजित तो एक तबका समाज को जोड़ रहा था। बांटने वाले स्वाधीनता का विरोध करते थे और समाज को विभाजित करते थे। आज भी बांटने वाले तत्व क्षेत्र, जाति, भाषा के नाम पर समाज की एकता को छिन्न-भिन्न कर रहे हैं।

अटलांटिक में लापता एयर एम्बुलेंस का मिला मलबा

नानटुकेट (एजेंसी)। अमेरिकी तटरक्षक बल ने बताया कि खोज अभियान में मैसाचुसेट्स के नानटुकेट तट के पास समुद्र में एक मलबा क्षेत्र मिला है और यह मलबा उस एयर एम्बुलेंस का है, जिसमें छह लोग सवार थे और जो शनिवार को बर्मुडा से बोस्टन जाते समय अटलांटिक महासागर के ऊपर लापता हो गयी थी। तटरक्षक बल की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, विमान में कनाडा के चार नागरिक और बर्मुडा के दो लोग सवार थे। खोज अभियान जारी रहने के दौरान उनके निकटतम परिजनों को सूचना दे दी गयी है। तटरक्षक बल ने बताया कि उसका एक गश्ती जहाज रातभर और रविवार तक समुद्र में खोज जारी रखेगा। हवाई यातायात नियंत्रण से मिली बातचीत की रिकॉर्डिंग से संकेत मिलता है कि विमान में बिजली संबंधी समस्या आ गई थी और शनिवार तड़के उसके लापता होने से कुछ समय पहले उसके सामने एक तूफान आ गया था। ऐसी स्थिति में विमान संभवत: बिना उपकरणों की सहायता के उड़ान भर रहा था। विमान के लापता होने से कुछ समय पहले हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) से हुई बातचीत में पायलट ने बिजली की समस्या की जानकारी दी और आपात स्थिति बताई। बातचीत का यह ऑडियो एक वेबसाइट पर पोस्ट किया गया है, जिसमें नियंत्रक को पायलट से यह पूछते हुए सुना जा सकता है।

आउटसोर्सिंग व्यवस्था खत्म कर देंगे पक्की सरकारी नौकरी-अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने घोषणा की है कि सन् 2027 में समाजवादी सरकार में सरकारी नौकरियों की गारंटी होगी। नौकरियों की भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी होगी। वार्षिक परीक्षा भर्ती का कलेंडर बनेगा। पेपरलीक रोकने के लिए विशेष बल रहेगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। शिक्षकों के लिए अच्छे प्रशिक्षण की व्यवस्था होगी। आउट सोर्सिंग को हमेशा के लिए समाप्त कर दिया जाएगा। पक्की नौकरियां दी जाएगी। यह वायदे उन्होने रविवार को गोमतीनगर स्थित डॉ.राम मनोहर लोहिया पार्क में पीडीए संकल्प शिक्षक अभ्यर्थी संवाद कार्यक्रम में किये। कार्यक्रम में अखिलेश यादव से संवाद के लिए बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और अभ्यर्थियों ने भाग लिया। श्री यादव ने कहा कि बिना नौकरी और रोजगार के कोई भी अर्थव्यवस्था बढ़ नहीं सकती है। अभी शिक्षा और रोजगार के बीच कोई समन्वय नहीं है। परीक्षाओं के पेपर लीक नहीं होते, बल्कि कराए जाते हैं। समाजवादी सरकार में पेपरलीक पर कड़ाई से बंदिश रहेगी।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
सीआईएन:एल 65110टीएन2014पीएलसी097792, पंजीकृत कार्यालय:-केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेतपेट, चेन्नई-600031, दूरभाष: 91 44 4564 4000 | फैक्स: 91 44 4564 4022

सार्वजनिक सूचना
सोने की नीलामी सह आमंत्रण नोटिस

नीचे दिए गए उधारकर्ताओं और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि उक्त उधारकर्ताओं के पास है बार-बार सोने के गहने गिरवी रखकर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (बैंक) से ऋण सुविधाओं का लाभ उठाया अनुस्मारक और नोटिस, उधारकर्ता निर्धारित समय के भीतर बकाया बकाया चुकाने में विफल रहे हैं सुविधा। तदनुसार, बैंक, अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए, गिरवी रखे गए सोने की सार्वजनिक नीलामी करेगा अपने बकाया की वसूली के लिए 12-नवंबर-2026/13-नवंबर-2026/16-नवंबर-2026 से गहने । उधारकर्ता इसके द्वारा हैं यह सूचित किया गया कि लागू प्रासंगिक के साथ संपूर्ण बकाया राशि चुकाने का यह अंतिम अवसर है निरीक्षण / बोली की तारीख से पहले ब्याज, शुल्क और व्यय, जिसमें असफल होने पर गिरवी रखे गए सोने के गहने होंगे नियामकों द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार नीलामी के माध्यम से बेचा जायेगा।

ऋण खाता सं.	उधारकर्ता का नाम	शाखा का नाम
183715137	आलोक नारायण सिंह	वाराणसी लंका शाखा

नीलामी की स्थिति में इस नीलामी से किसी भी अधिशेष राशि का एहसास होता है, उसी को वापस कर दिया जाएगा संबंधित उधारकर्ता और यदि नीलामी के बाद कोई कमी / कमी है, तो शेष राशि वसूली योग्य होगी उधारकर्ता से उचित कानूनी कार्यवाही केमाध्यम से । आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के पास किसी को हटाने का अधिकार है बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी से खाता। इसके अलावा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित है या किसी भी पूर्व सूचना की सेवा के बिना, अपने विवेक पर बाद की तारीख के लिए नीलामी अनुसूची को स्थगित करें । नीलामी आयोजित की जाएगी अपने सूचीबद्ध नीलामी सेवा प्रदाताओं मेसर्स श्रीराम ऑटो मॉल इंडिया लिमिटेड के माध्यम से भौतिक मोड में सुबह 10:00 बजे से शाम 01: 00 बजे तक । यदि ग्राहक मृत हो जाता है, तो नीलामी से संबंधित सभी शर्तें निम्नलिखित पर लागू होंगी उनके नामित / कानूनी उत्तराधिकारी।

नीलामी बिक्री के नियम और शर्तें :
1) संबंधित सोने के गहनों की बिक्री जैसा है वैसा ही है जैसा है वैसा ही है और जो भी हो ऋण वार पर होगी ।
2) इच्छुकबोलीदाता बैंक के अधिकृत नीलामी सेवा प्रदाता के साथ पंजीकरण करेंगे और इसका अनुपालन करेंगे केवाईसी आवश्यकताओं. सहित।
3) यह बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी कि वे गहनों के बारे में खुद का निरीक्षण और संतुष्ट करें और बोली जमा करने से पहले विशिष्टता ।बोलीदाता के साथ परामर्श में गहने का निरीक्षण कर सकते हैं शाखा प्रबंधक.
4) उच्चतम बोली बैंक के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा पुष्टि के अधीन होगी ।
5) सफल बोलीदाता निर्धारितसमय के भीतर पूर्ण बिक्री राशि जमा करेगा, जो पहले से ही राशि को विफल कर देगा जमा जब्त किया जाएगा ।
6) एक बार बेचे जाने वाले सोने के पाउच को किसी भी परिस्थिति में विक्रेता को वापस नहीं किया जा सकता है और विक्रेता के पास नहीं होगा विजेता बोलीदाताध्क्रेता द्वारा एक बार भौतिक रूप से सौंपने के बाद जो भी प्रकृति का दायित्व लिया जाता है ।
7) बैंक का अधिकृत प्रतिनिधि किसी भी बोली को स्वीकारध्अस्वीकार करने या रद्द/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है बिना किसी पूर्व सूचना या किसी भी कारण बताए नीलामी।
8) बिक्री बैंक द्वारा पुष्टि के अधीन है ।

तारीख : 05-10-2026
स्थान: उत्तर प्रदेश

एसडी/-
अधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

गोमती : बाढ़ ने दिखाया विकराल रूप

लखनऊ (आससे)। गोमती नदी के बढ़ते जलस्तर के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के बाद लखनऊ में जिला प्रशासन ने राहत और बचाव अभियान तेज कर दिया है। रविवार को जिलाधिकारी विशाख जी. और संयुक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार ने बरावन कला, सैथा, जेहटा, माल रोड और फैजुल्लागंज समेत प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय और नाव से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने प्रभावित नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राहत एवं बचाव कार्यों को युद्धस्तर पर संचालित करने के निर्देश दिये। ग्राम सैथा में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया कि गर्भवती महिलाओं, बच्चों और वृद्धजनों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाय। प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों तक ले जाने के लिए तत्काल 10 नावों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। राहत शिविरों में स्वास्थ्य सेवाओं की भी जानकारी ली गयी और जरूरतमंदों को पर्याप्त दवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी विशाख जी. अय्यर ने बताया कि सुबह से ही प्रभावित क्षेत्रों में अधिकारियों और कर्मचारियों की टीमें सक्रिय हैं। नावों के माध्यम से घर-घर राहत किट पहुंचाई जा रही है।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
सीआईएन:एल 65110टीएन2014पीएलसी097792, पंजीकृत कार्यालय:-केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेतपेट, चेन्नई-600031, दूरभाष: 91 44 4564 4000 | फैक्स: 91 44 4564 4022

सार्वजनिक सूचना
सोने की नीलामी सह आमंत्रण नोटिस

नीचे दिए गए उधारकर्ताओं और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि उक्त उधारकर्ताओं के पास है बार-बार सोने के गहने गिरवी रखकर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (बैंक) से ऋण सुविधाओं का लाभ उठाया अनुस्मारक और नोटिस, उधारकर्ता निर्धारित समय के भीतर बकाया बकाया चुकाने में विफल रहे हैं सुविधा। तदनुसार, बैंक, अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए, गिरवी रखे गए सोने की सार्वजनिक नीलामी करेगा अपने बकाया की वसूली के लिए 12-नवंबर-2026/13-नवंबर-2026/16-नवंबर-2026 से गहने । उधारकर्ता इसके द्वारा हैं यह सूचित किया गया कि लागू प्रासंगिक के साथ संपूर्ण बकाया राशि चुकाने का यह अंतिम अवसर है निरीक्षण / बोली की तारीख से पहले ब्याज, शुल्क और व्यय, जिसमें असफल होने पर गिरवी रखे गए सोने के गहने होंगे नियामकों द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार नीलामी के माध्यम से बेचा जायेगा।

ऋण खाता सं.	उधारकर्ता का नाम	शाखा का नाम
185438302	पारुल कुमारी	वाराणसी लंका शाखा
181719787	अनीता बरनवाल	मौउनाथ भंजन ग्रामीण
181040954	राजेश यादव	पं. डीडी नगर ग्रामीण
188312866	चंदन गुप्ता	मौउनाथ भंजन ग्रामीण
182203208	सुरेंद्र मिश्रा	पं. डीडी नगर ग्रामीण
180374196	आफताब आलम	वाराणसी लंका शाखा
182021726	पारुल कुमारी	वाराणसी लंका शाखा
184508115	सुनील कुमार तिवारी	मौउनाथ भंजन ग्रामीण

नीलामी की स्थिति में इस नीलामी से किसी भी अधिशेष राशि का एहसास होता है, उसी को वापस कर दिया जाएगा संबंधित उधारकर्ता और यदि नीलामी के बाद कोई कमी / कमी है, तो शेष राशि वसूली योग्य होगी उधारकर्ता से उचित कानूनी कार्यवाही केमाध्यम से । आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के पास किसी को हटाने का अधिकार है बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी से खाता। इसके अलावा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित है या किसी भी पूर्व सूचना की सेवा के बिना, अपने विवेक पर बाद की तारीख के लिए नीलामी अनुसूची को स्थगित करें । नीलामी आयोजित की जाएगी अपने सूचीबद्ध नीलामी सेवा प्रदाताओं मेसर्स श्रीराम ऑटो मॉल इंडिया लिमिटेड के माध्यम से भौतिक मोड में सुबह 10:00 बजे से शाम 01: 00 बजे तक । यदि ग्राहक मृत हो जाता है, तो नीलामी से संबंधित सभी शर्तें निम्नलिखित पर लागू होंगी उनके नामित / कानूनी उत्तराधिकारी।

नीलामी बिक्री के नियम और शर्तें :
1) संबंधित सोने के गहनों की बिक्री जैसा है वैसा ही है जैसा है वैसा ही है और जो भी हो ऋण वार पर होगी ।
2) इच्छुकबोलीदाता बैंक के अधिकृत नीलामी सेवा प्रदाता के साथ पंजीकरण करेंगे और इसका अनुपालन करेंगे केवाईसी आवश्यकताओं. सहित।
3) यह बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी कि वे गहनों के बारे में खुद का निरीक्षण और संतुष्ट करें और बोली जमा करने से पहले विशिष्टता । बोलीदाता के साथ परामर्श में गहने का निरीक्षण कर सकते हैं शाखा प्रबंधक.
4) उच्चतम बोली बैंक के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा पुष्टि के अधीन होगी ।
5) सफल बोलीदाता निर्धारितसमय के भीतर पूर्ण बिक्री राशि जमा करेगा, जो पहले से ही राशि को विफल कर देगा जमा जब्त किया जाएगा ।
6) एक बार बेचे जाने वाले सोने के पाउच को किसी भी परिस्थिति में विक्रेता को वापस नहीं किया जा सकता है और विक्रेता के पास नहीं होगा विजेता बोलीदाताध्क्रेता द्वारा एक बार भौतिक रूप से सौंपने के बाद जो भी प्रकृति का दायित्व लिया जाता है ।
7) बैंक का अधिकृत प्रतिनिधि किसी भी बोली को स्वीकारध्अस्वीकार करने या रद्दध्स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है बिना किसी पूर्व सूचना या किसी भी कारण बताए नीलामी।
8) बिक्री बैंक द्वारा पुष्टि के अधीन है ।

तारीख : 05-10-2026
स्थान: उत्तर प्रदेश

एसडी/-
अधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

विषाक्त पदार्थ खाने से विवाहिता की मौत

दिलदारनगर (गाजीपुर)। दिलदारनगर गांव में विवाहिता मोनिका देवी पत्नी इंग्लिश राम ने विषाक्त पदार्थ खाकर शनिवार की रात जान दे दी।ग्रामीणों ने बताया कि पति पत्नी के बीचविवाद हुआ इसके बाद पत्नी ने विषाक्त पदार्थ खा ली।हालत बिगड़ने पर स्वजन नगर के निजी अस्पताल पहुंचे लेकिन चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।रविवार को पचोखर स्थित मायके पक्ष के लोगों ने विवाहिता की मौत की खबर दी तो पुलिस गांव पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी।थानाध्यक्ष संतोष राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।?

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुर:** बैंक रोड, **प्रयागराज: 3**,लीडर रोड, **कानपुर:** बांसमण्डी, **झांसी:** झोंकन बाग, **लखनऊ: 1**,जापलिंग रोड, **आगरा:** महात्मा गांधी रोड, **बरेली:** रोड नं. **3** परसाखेड़ा, **पटना:** फ्रेजर रोड, **रांची:** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर:** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022440
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोन:- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
Website : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

योगी सरकार में बिजली आपूर्ति को मिली रफ्तार, 24779 मेगावाट की मांग पूरी

लखनऊ (आससे)। योगी सरकार उत्तर प्रदेश निर्बाध, सुलभ और सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। बढ़ती बिजली मांग के बीच सरकार ने आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के साथ ही उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया है। तीन अक्टूबर को प्रदेश में 24,779 मेगावाट की मांग के अनुरूप बिजली आपूर्ति की गई। जबकि दो अक्टूबर को 23,939 मेगावाट और एक अक्टूबर को 23,445 मेगावाट की मांग पूरी की गई। मांग के अनुरूप बिजली आपूर्ति के मामले में उत्तर प्रदेश तेलंगाना, तमिलनाडु, कर्नाटक और पंजाब जैसे राज्यों से आगे रहा। सितंबर के अंतिम सप्ताह में कई वर्षों की सर्वाधिक तेज आंधी-तूफान के कारण प्रदेश में बड़े पैमाने पर विद्युत ब्रेकडाउन हुए। पूर्वांचल और मध्यांचल में विशेष रूप से 100 से अधिक 33 केवी सबस्टेशन और 500 से अधिक 11 केवी फीडर प्रभावित हुए। यूपीपीसीएल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने युद्धस्तर पर दिन-रात मेहनत कर फाल्ट दूर किए और प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति को तेजी से सामान्य किया।सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत अनुरक्षण माह में प्रदेशभर में बिजली व्यवस्था को बेहतर और सुचारु बनाए रखने के लिए विभिन्न अनुरक्षण कार्य कराए जा रहे हैं।

शेष

भदोही के हुनर को मिल रहे विकास...

लिए पलायन करना पड़ता था और प्रदेश में सुरक्षा का माहौल नहीं था। वर्तमान सरकार में निवेश, रोजगार और सुरक्षा को प्राथमिकता देने का दावा उन्होंने किया। भदोही में चार से सात अक्टूबर तक आयोजित 50वें इंडिया कारपेट एक्सपो में 65 देशों के खरीदार और देशभर के निर्यातक भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने एक्सपो में विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया और निर्यातकों से कारोबार की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में ऐसा माहौल बनाया गया है कि कारीगर को अपने हुनर के लिए अपनी माटी छोड़कर पलायन नहीं करना पड़ रहा है। भदोही की कला रोजगार पैदा कर रही है, युवाओं को अवसर दे रही है और क्षेत्र की पारंपरिक पहचान को दुनिया तक पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि कालीन उद्योग में बड़ी संख्या में महिलाएं भी काम कर रही हैं, जिससे यह उद्योग रोजगार के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूत कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार द्वारा किए जा रहे फ्री ट्रेड एग्रीमेंट का लाभ निर्यातकों और कालीन उद्योग को दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। उद्देश्य यही है कि भदोही का स्थानीय उत्पादन दुनिया के बड़े बाजारों तक और बेहतर तरीके से पहुंचे। उन्होंने कारपेट एक्सपो के गोल्डन जुबली वर्ष का उल्लेख करते हुए संबंधित संस्थाओं और सीईपीसी से भी उद्योग को और मजबूत करने की दिशा में काम करने का आह्वान किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडिया कारपेट एक्सपो, एक्सपो और यूपी इंटरनेशनल ट्रेड के बेहतर समन्वय से कालीन उद्योग को और बड़ा मंच मिल सकता है। सभा के अंत में कहा कि जैसे मिर्जापुर के बाद भदोही को भी विश्व विद्यालय मिला उसी तरह शीघ्र यहां पर मेडिकल कॉलेज देने की सौगात पर सरकार विचार कर रही है। इस अवसर पूर्व गृहराज्य मंत्री रंगनाथ मिश्रा सांसद डा विनोद बिंद विधायक विपुल दुबे दीनानाथ भास्कर पूर्व विधायक रवींद्रनाथ त्रिपाठी जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा गोरखनाथ पाण्डेय पप्पू तिवारी आदि मौजूद रहे।

बंगाल में लागू होगा यूसीसी...

देश की विरासत की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोगों से एकजुट रहने और 'विभाजनकारी ताकतों' के खिलाफ सतर्क रहने की अपील की। समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर सीएम ने कहा कि पश्चिम बंगाल भी उत्तराखंड और गुजरात की तरह यूसीसी लागू करेगा। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से कहा कि सरकार को छह महीने का समय दें, इसके बाद 'लव जिहाद' और 'लैंड जिहाद' के खिलाफ सख्त कानून लाये जायेंगे। राज्य सरकार ने यूसीसी के मसौदे की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति बनायी है। सरकार की अधिसूचना के मुताबिक, प्रस्तावित पश्चिम बंगाल यूसीसी विधेयक में विवाह, तलाक, विरासत और गोद लेने जैसे मामलों में सभी समुदायों के लिए नागरिक कानूनों को एक समान करने का प्रावधान है। यूसीसी भाजपा के 2026 के विधानसभा चुनाव के प्रमुख चुनावी वादों में शामिल था। सीएम ने पिछली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार के पतन के कई कारण थे, लेकिन हिंदुओं की भावनाओं, संगठनों, देवी-देवताओं और परंपराओं को बार-बार ठेस पहुंचना प्रमुख कारणों में शामिल था।

महाराष्ट्र में छात्रों का उग्र प्रदर्शन...

उन्हें राज्य के शिक्षा मंत्री को विकेट गिराने वाला छात्र नेता बताया। महाराष्ट्र में एमपीएससी अभ्यर्थी भर्ती प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों, पेपर लीक के विवाद और परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। ताजा विवाद औषधि निरीक्षक भर्ती परीक्षा में कथित पेपर लीक के मामले के बाद बढ़ा है। इसके अलावा, छात्र एमपीएससी अध्यक्ष विवेक भीमनवार के इस्तीफे, खाली सरकारी पदों पर जल्द भर्ती और परीक्षा प्रक्रिया में सुधार की मांग कर रहे हैं। परीक्षा के प्रारूप को लेकर भी अभ्यर्थियों के बीच मतभेद हैं। एक समूह बहुविकल्पीय परीक्षा पद्धति बहाल करने की मांग कर रहा है, जबकि दूसरा 2025 में शुरू की गयी वर्णनात्मक परीक्षा पद्धति जारी रखना चाहता है। अभिजीत दीपके ने हाल ही में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर महाराष्ट्र के मुंबई में आंदोलन किया था। दो अक्तूबर को मुंबई के शिवाजी पार्क में उनकी अगुवाई में हुए प्रदर्शन में हजारों लोग शामिल हुए। दीपके की पार्टी कॉकरोच जनता पार्टी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनावी प्रक्रिया से जुड़े मुद्दे उठाए। पुलिस से प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिलने के बावजूद प्रदर्शनकारी जुटे। दीपके ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को चुनौती देते हुए कहा कि अगर सरकार प्रदर्शनकारियों को जेल भेजना चाहती है, तो ऐसा करके दिखाए। उन्होंने आंदोलन को आगे भी जारी रखने की बात कही।

महिला पत्रकारों ने पुलिस पर यौन...

कराया गया और मामले को क्राइम ब्रांच को सौंप दिया गया है। पुलिस ने संबंधित वीडियो फुटेज उपलब्ध कराने की अपील भी की है।डीसीपी नेहा यादव ने बताया कि नई दिल्ली इलाके में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू होने के बावजूद प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों को वहां से हटने के लिए कहा गया, लेकिन ऐसा नहीं करने पर उन्हें हिरासत में लिया गया। इसी दौरान शाम करीब छह बजे तीन महिलाओं ने पुलिसकर्मियों पर बदसलूकी के आरोप लगाए। घटना को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत विपक्षी नेताओं ने दिल्ली पुलिस पर सवाल उठाए। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान महिला प्रदर्शनकारियों से बदसलूकी, पत्रकारों को घसीटने और कैमरे छीने जाने की शिकायतें सामने आईं। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मामले में जवाब मांगा। पुलिस ने हालांकि कहा है कि महिला पत्रकारों की शिकायतें दर्ज कर निष्पक्ष जांच के लिए क्राइम ब्रांच को भेज दी गई हैं।

अमेरिका ने जानबूझकर खुद को बनाया अकेली...

भी एक नये रूप में ला दिया है। म्यूनिख लीडर्स मीटिंग में बोलते हुए जयशंकर ने अमेरिका के 'बड़े बदलाव वाले रुख' का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह उसकी अपनी पसंद का रुख है और एक तरह से अमेरिका 'जानबूझकर खुद को अधिक अकेली शक्ति बना चुका है।' जयशंकर ने कहा कि आज के परिदृश्य की पहली प्रमुख विशेषता अमेरिका का अपने रुख में बड़ा बदलाव है। यह बदलाव उसकी पसंद का है और एक तरह से उसने जानबूझकर खुद को अधिक अकेली शक्ति बनाया है। उन्होंने कहा कि दूसरी प्रमुख विशेषता चीन का उभार है। जयशंकर के अनुसार, चीन खुद को एक विशिष्ट देश के रूप में देखता है और वैश्विक स्तर पर दोनों के बीच काफी तीखी प्रतिस्पर्धा है। विदेश मंत्री ने कहा कि यह प्रतिस्पर्धा केवल अमेरिका और चीन तक सीमित नहीं है। उनके अनुसार, इसने किसी भी देश के पास मौजूद किसी भी प्रभाव या साधन के इस्तेमाल को एक हथियार के रूप में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि यह प्रतिस्पर्धा आपसी निर्भरता की जटिलता के साथ-साथ चल रही है। जयशंकर ने कहा कि उभरती और मध्यम शक्तियों के बीच जहां उनके हितों का सीधा टकराव नहीं है, वहां वे आपसी सहयोग को मजबूत करने में रुचि रखती हैं। उन्होंने कहा कि इन देशों का अमेरिका और चीन के साथ सहयोग करना भी स्वाभाविक है। उन्होंने इसके उदाहरण के तौर पर क्वाड का जिक्र किया। कनेक्टिविटी के क्षेत्र में उन्होंने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा, अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा और नॉर्दर्न सी रूट का जिक्र किया। जयशंकर ने कहा कि ब्रिक्स भी इसका एक उदाहरण है, जहां विभिन्न पक्षों को लगता है कि उनकी सामूहिक आवाज अलग-अलग आवाजों की तुलना में अधिक प्रभावी है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन और आपदा रोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन का भी उल्लेख किया। जयशंकर ने कहा कि इन दोनों पहलों की शुरुआत भारत ने की और वे सफल रही हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक व्यवस्था में कई देश, जरूरी नहीं कि वे प्रमुख शक्तियां हों, अपने हितों के अनुसार एक साथ आ रहे हैं।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल सोमवार, 5 अक्टूबर 2026

मेष-	निर्णय अहितकर, शंका-कुशंका, व्यवसाय में असफलता, अशांति, व्यय की अधिकता।
वृषभ-	सलाह से कामयाबी, सुसमाचार, प्रोन्नति, आर्थिक प्रगति, दायित्व का निर्वाह।
मिथुन-	भाग्योन्नति, दाम्पत्य मधुरता, उत्साह में वृद्धि, पराक्रम वृद्धि, धन का प्रतिफल।
कर्क-	साहसिक प्रयास, मेल-मिलाप, निर्णय लाभप्रद, आरोग्यसुख, आकस्मिक लाभ।
सिंह-	अशांति का वातावरण, विवाद की आशंका, लाभ में कमी, मित्रों से तनाव, यात्रा कष्टकर।
कन्या-	विशिष्टजनों से सम्पर्क, विवाद हल, हर्षोल्लास, मनोविनोद, दूर-समीप की यात्रा।
तुला-	मनोकामनापूर्ण, आकस्मिक लाभ, वाहन सुख, जनकल्याण की भावना, सुसमाचार।
वृश्चिक-	व्यक्तित्व विकास, राजकीय लाभ, धर्म में आस्था, मित्रों का सहयोग, वाहन सुख।
धनु-	व्यावसायिक निराशा, शत्रु सक्रिय, भाग्योदय में बाधा, कार्य असफल, व्यय की अधिकता।
मकर-	धनागम का सुअवसर, कार्यों में सफलता, सुखशांति, भोग-विलासिता, दायित्व में व्यय।
कुम्भ-	सुसंदेश की प्राप्ति, लाभ का सुयोग, कार्य सिद्धि, दायित्व की पूर्ति, अनुकूलता।
मीन-	धन लाभ, विवाद हल, आर्थिक विकास, मांगलिक आयोजन, मित्रों से विचार-विमर्श।

आज है जिनका जन्मदिन 5 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 5 का स्वामी ग्रह बुध एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। विश्वसनीय और निष्ठावान व्यक्ति होंगे। किसी भी समस्या पर तुरन्त निर्णय लेने में सक्षम होंगे। साथ-साथ दूसरों को भी प्रसन्न रख सकेंगे। कई कार्य को एक साथ करने की कोशिश करेंगे। जिससे कभी-कभी असफलता का सामना भी करना पड़ेगा। उद्देश्य की पूर्ति हेतु सदैव प्रयत्नशील रहेंगे। कला-सौन्दर्य-संगीत में भी आपकी रूचि रहेगी। जन सम्पर्क की गलतफहमी के शिकार होंगे। जीवन में मनोरंजन का यात्रा का भरपूर अवसर मिलेगा। दाम्पत्य जीवन सामान्य रहेगा। स्वार्थ गुण में विशेष रूप से विद्यमान रहेगा। आपके जीवन के साथ सुख-दुःख, लाभ-हानि जुड़े रहेंगे। इष्ट देवी-देवता की आराधना नियमित रूप से करें। दैनिक जीवन में सफेद रंगों से सम्बन्धित वस्तुओं का प्रयोग अधिकतम करें। बुधवार के दिन हरे रंग की वस्तुओं का दान करें। गाय को मीठी रोटी नियमित रूप से खिलावें। समाज सेवा निष्काम भाव से करें। आरोग्य व सौभाग्य के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र : ॐ बुं बुधाय नमः
व्रत : बुधवार
दिन : रविवार, गुरुवार एवं शनिवार
दिनांक : 5, 14, 23
अंक : 4, 6, 8
मास : जनवरी, अक्टूबर एवं दिसम्बर
वर्ष : 5, 14, 23, 32, 41, 50, 59, 68
रंग : सफेद एवं हरा
जन्मरत्न : पन्ना उपरत्न : एक्वामैरीन
जड़ी : विधारा की जड़ दिशा : उत्तर
वर्ष का महत्वपूर्ण समय—21 अक्टूबर से 20 अक्टूबर, 21 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

यन्त्र

9	4	11
10	8	6
5	12	7

सुडोकू ४०७४

				6				8
4	2						1	
		9			1			3
	1		2					
			7		4			
						4	2	
5								
3				9				

तरीका खेलने का :

हल ४०७३

9	4	1	7	5	8	6	3	2
6	3	7	1	9	2	5	8	4
2	5	8	3	6	4	7	9	1
3	8	4	6	1	9	2	5	7
7	2	6	5	8	3	4	1	9
1	9	5	4	2	7	8	6	3
4	7	9	8	3	5	1	2	6
8	6	2	9	7	1	3	4	5
5	1	3	2	4	6	9	7	8

संगीत और रोशनी का अद्भुत संगम



रंगारंग कार्यक्रम के साथ एशियाई खेल सम्पन्न

अलविदा आइची नागोया, दोहा में मिलेंगे


नीरू ढांडा ने थामा तिरंगा



नागोया (एजेन्सियां)। जापान की संस्कृति और मेहमाननवाजी की शानदार झलक के साथ संगीत और रोशनी से सजे भव्य समारोह के बीच रविवार को आइची-नागोया एशियाई खेलों का समापन हो गया। दो सप्ताह से अधिक समय तक चली कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद एशिया के ४५ देशों के खिलाड़ी मिजुहो पार्क अथलेटिक स्टेडियम में खेलों के समापन समारोह में शामिल हुए। इन खेलों के दौरान ३५० से अधिक रेकार्ड बने जिनमें कम से कम ५० विश्व रेकॉर्ड शामिल हैं। हालांकि खेल आयोजन से पहले लाजिस्टिक समस्याओं और कुप्रबंधन से प्रभावित रहे। समापन समारोह करीब ९० मिनट तक चला। भारत ८५ पदकों (२१ स्वर्ण, २७ रजत, ३७ कांस्य) के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा जो चीन के हांग्झोउ में हुए पिछले चरण से २१ कम है। चीन लगातार १२वें चरण में तालिका में शीर्ष पर रहा उसने १६९ स्वर्ण, ८९ रजत और ८३ कांस्य सहित कुल ३४१ पदक जीते जो विदेश में आयोजित एशियाई खेलों में उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मेजबान जापान २६९ पदकों (८३ स्वर्ण, ९५ रजत और ९१ कांस्य) के साथ दूसरे स्थान पर रहा। उसके बाद दक्षिण कोरिया के ३९ स्वर्ण, ४३ रजत और ६८ कांस्य पदक थे। एशिया ओलम्पिक परिषद (ओसीए) के अध्यक्ष शेख जुआन बिन हमद अल थानी ने खेलों के समापन की घोषणा की। बाद में ओसीए ध्वज २०३० एशियाई खेलों के आयोजन समिति के प्रतिनिधि को सौंपा गया। ओसीए ध्वज को दोहा को सौंपने से संबंधित खंड में कतर के ओलम्पिक और विश्व चैम्पियन मुताज बाशिम शामिल थे। ध्वजवाहक ट्रैप निशानेबाज नीरू ढांडा (दो स्वर्ण और एक रजत पदक विजेता) के नेतृत्व में भारतीयों ने भी उत्सवी माहौल में हिस्सा लिया। सफेद और नीले रंग की पोशाक पहने लगभग ३० भारतीय खिलाड़ियों और अधिकारियों ने अथलीट परेड में हिस्सा लिया और तिरंगा लहराया। 'वन एशिया' की अवधारणा को व्यक्त करने के लिए स्टेडियम के केंद्र में एक षट्भुजाकार मंच बनाया गया था और यह शो का मुख्य आकर्षण था। इसे लालटेन से सजाया गया था जो जापानी गर्मियों का एक विशिष्ट प्रतीक है। १९ सितंबर को उद्घाटन समारोह में विभिन्न एशियाई देशों और क्षेत्रों के विविध खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व इंद्रधनुषी रंगों वाले दिलों की कई परतों द्वारा किया गया था। समापन समारोह के लिए दिल के केंद्र में खाली स्थान को भावनाओं और एकता की भावना से खूबसूरती से भर दिया गया। इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को एकजुट करना था ताकि वे एशियाई देशों के लिए कई वर्षों तक शांतिपूर्ण वातावरण में मिलकर काम करते रहने के उत्प्रेरक के रूप में काम कर सकें। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'बोन-ओडोरी' नृत्य रहा जिसकी शुरुआत जापान में हुई थी और अब यह एशिया के कई अन्य देशों में भी लोकप्रिय है। यह नृत्य पीढ़ियों और देशों की सीमाओं से परे लोगों को जोड़ता है। इस नृत्य को 'मत्सुकेन सांबा-२' गीत के जरिए पेश किया गया जिसमें नागोया की खास संस्कृति और आकर्षण की झलक देखने को मिली। यह गीत जापान के लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है। इस दौरान एक चमकदार लेजर लाइट शो हुआ जिसमें नागोया के कलाकारों ने 'चेरी ब्लासम' से सजी पोशाकें पहनकर प्रस्तुति दी। इसके बाद खिलाड़ियों की परेड हुई। भारत की नीरू ढांडा सहित केवल ध्वजवाहकों ने मार्च किया। ४५ देशों के दल फिर रोशनी और संगीत की संगत में मैदान में प्रवेश कर गये। इसके बाद खेलों के दौरान हुए कुछ यादगार प्रदर्शनों और मुकाबलों के दृश्य दिखाये गये। ओसीए अध्यक्ष ने पहले एशियाई खेलों की मशाल, ओसीए का झंडा और मौजूदा ओसीए का झंडा कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी को सौंप दिया। कतर के सबसे सफल खिलाड़ी बाशिम ने केंद्र मंच संभाला। उन्होंने ओसीए ध्वज लिया और विशाल स्क्रीन पर उन्हें ऊंची कूद स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करते हुए दिखाया गया। उन्हें घोड़े की सवारी करते और कड़ाही जलाते हुए भी दिखाया गया। कतर के घुड़सवार खिलाड़ी जासिम अल कुवारी फिर घोड़े पर सवार होकर स्टेडियम में दाखिल हुए और बाशिम से ओसीए ध्वज ले लिया। बाहर जाने से पहले उन्होंने घोड़े पर सवार होकर मंच के दो चक्कर लगाये। रचनात्मक थीम 'अल मकान मकानुकुम' (यह जगह आपकी है) में मेहमान के आने से पहले उसके लिए जगह तैयार करने की परंपरा को दर्शाया गया। 'हैंडओवर' समारोह में ओसीए का झंडा दोहा २०३० का पहला मेहमान बना जो एशियाई खेलों के आयोजन से चार साल पहले ही वहां पहुंच गया। ओसीए अध्यक्ष शेख जुआन बिन हमद अल थानी ने कहा कि आइची-नागोया एशियाई खेलों ने एशियाड के लिए मानक ऊंचा किया है। अल थानी ने कहा मैं आइची-नागोया एशियाई खेलों को आधिकारिक रूप से समाप्त घोषित करता हूं। उन्होंने कहा लौ बुझ सकती है, लेकिन इसने जिन उम्मीदों को प्रज्वलित किया है, वे हमारे महाद्वीप में उज्ज्वल रूप से जलती रहेंगी। उन्होंने कहा हमने शानदार वापसी, अंतिम सेकेंड में मिली जीत और नाटकीय रूप से मामूली अंतर से मिली हार देखी है। हमने नये किशोर सुपरस्टारों और अनुभवी चैम्पियनों के उभरने का जश्न मनाया है जिन्होंने अपनी प्रभावशाली विरासत में और उपलब्धियां जोड़ी हैं। उन्होंने कहा हमने खिलाड़ियों को विपरीत परिस्थितियों और चोटों से जूझते हुए जीत हासिल करते देखा है और प्रतिद्वंद्वियों को अविश्वसनीय खेल भावना और सम्मान का प्रदर्शन करते देखा है। उन्होंने कहा पहली प्रतियोगिता से लेकर आखिरी तक, एशिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से हमें मंत्रमुग्ध किया। परंपरा के अनुसार ओसीए प्रमुख ने एशिया के युवाओं से इस भावना को आगे बढ़ाने और चार साल बाद २०३० में दोहा में होने वाले २१वें एशियाई खेलों में फिर मिलने का आह्वान किया।









शेष भारत ने जीती ईरानी ट्राफी



जम्मू-कश्मीर को १६७ रन से हराया

श्रीनगर (एजेन्सियां)। मुकेश कुमार (६-३३) और आकाश दीप (३-२५) की घातक गेंदबाजी के दम पर शेष भारत ने रविवार को चौथे और आखिरी दिन जम्मू-कश्मीर को १६७ रन से हराकर ईरानी कप का खिताब जीत लिया। जीत के लिए २७९ रन के लक्ष्य का पीछा कर रही जम्मू-कश्मीर की टीम को ट्राफी अपने नाम करने के लिए केवल ड्रॉ की जरूरत थी। पहली पारी म ४१ रन की बढ़त लेने वाली जम्मू कश्मीर की टीम मुकेश और आकाश दीप की धारदार गेंदबाजी के आगे दूसरी पारी में महज १११ रन पर ढेर हो गयी। सलामी बल्लेबाज शुभम खजूरिया (३२) और कामरान इकबाल (३२) ने पहले विकेट के लिए ५४ रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। आकाश दीप ने इकबाल को पगबाधा कर इस साझेदारी को तोड़ा। मुकेश ने लंच से ठीक पहले १५वें ओवर में लगातार दो गेंदों पर शुभम पुंडीर और कमान पारस डोगरा (शून्य) को आउट कर जम्मू-कश्मीर को दोहरा झटका दिया। डोगरा के खिलाफ मुकेश की गेंद हल्की-सी बाहर निकली और उनके डिफेंस को भेदते हुए मिडिल स्टंप उखाड़ गयी लंच के समय जम्मू-कश्मीर का स्कोर तीन विकेट पर ८९ रन था। खजूरिया ३६ और अब्दुल समद छह रन बनाकर क्रीज पर थे। लंच के बाद पहली ही गेंद पर आकाश दीप ने खजूरिया को पवेलियन भेज दिया। इसके बाद जम्मू-कश्मीर की पारी पूरी तरह लड़खड़ा गयी और टीम ने अगले नौ ओवर में महज २२ रन जोड़कर अपने छह विकेट गंवा दिए। मैच में आकाश दीप के शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम प्रबंधन भी खुश होगा। उन्होंने कुल २३.३ ओवर गेंदबाजी करते हुए छह विकेट हासिल किए। न्यूजीलैंड के आगामी दौरे को देखते हुए आकाश का यह प्रदर्शन खासा अहम माना जा रहा है। चोट से उबरने के बाद वह अब चयन के लिए पूरी तरह फिट नजर आ रहे हैं। शेष भारत ने इससे पहले ने अपनी दूसरी पारी में बीते दिन के आठ विकेट पर ३०६ रन के स्कोर से आगे खेलते हुए ज्यादा देर बल्लेबाजी नहीं की और ३१९ रन पर आलआउट हो गयी। उमर नजीर, सुनील कुमार और साहिल लोटरा ने तीन-तीन विकेट लिए।

चोटिल हार्दिक फिर बाहर

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। हार्दिक पंड्या लंबे समय से चोटिल हैं और इसी कारण टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं लेकिन चयनकर्ताओं ने उन्हें आस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ छह अक्तूबर से शुरू हो रही एकदिनी शृंखलाके लिए चुनी गयी इंडिया-ए टीम में जगह दी थी। हालांकि हार्दिकको इस टीम से बाहर कर दिया गया है और इसका कारण चोट है। हार्दिकको टीममें जगह फिटनेसको देखते हुए दी गयी थी। अब रिपोर्टके मुताबिक पंड्याको एक नयी चोट लग गयी है जिसके कारण वह आस्ट्रेलियाके खिलाफ नहीं खेल पायेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक सूर्यांश शेड्गेने पंड्या को इंडिया-ए में रिप्लेस किया है।

१३ साल की यू जिडी बनी मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर

नागोया (एजेन्सियां)। १३ साल की स्विमिंग स्टार यू जिडी को एशियाई खेल-२०२६ की मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर चुना गया है। वहीं पुरुषों में थाईलैंड के स्प्रिंटर पुरीपोल बूनसन ने यह अवार्ड जीता है। ओलम्पिक काउंसिल आफ एशियाने रविवार को मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर अवार्ड के विजेताओं का ऐलान किया। चीन की १३ वर्षीय यू जिडी ने इस इवेंट में कुल तीन स्वर्ण पदक जीते। वहीं थाईलैण्ड के पुरीपोल बूनसन को भी तीन पदक मिले। यू जिडी और पुरीपोल बूनसन ने स्वर्ण पदक जीतने के साथ कई एशियाई खेल और एशियन रेकार्ड्स भी बनाये। दोनों अथलीट्स को ओसीए की तरफ से २५००० अमेरिकी डालर (२,४०८,१३७ रुपये) मिलेंगे।

वैभवको सही समय पर मिलेगा मौका

बोले श्रेयस अय्यर



नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। भारतीय टीम के टी-२० कप्तान श्रेयस अय्यर का मानना है कि १५ वर्षीय वैभव सूर्यवंशी में भारतीय क्रिकेट में बड़ा असर डालने का स्वभाव और काबिलियत है लेकिन उन्होंने कहा कि इस युवा खिलाड़ी के विकास को सिर्फ मैदान पर उनके प्रदर्शन तक ही सीमित नहीं रखा जाना चाहिए। वेस्टइण्डीज के खिलाफ भारत की पांच मैचों की टी-२० अन्तरराष्ट्रीय शृंखला से पहले अय्यर ने कहा कि उन्होंने जान-बूझकर इस युवा खिलाड़ी के साथ क्रिकेट से हटकर जिंदगी के बारे में बात करके एक निजी रिश्ता बनाने की कोशिश की है। अगले टी-२० विश्वकप की तैयारी शुरू होने के साथ ही सूर्यवंशी भारतीय टीम का हिस्सा बने हुए हैं लेकिन अय्यर ने संकेत दिया कि इस युवा खिलाड़ी को बड़ी भूमिका देने में जल्दबाजी करने की जरूरत नहीं है। कप्तान ने भारत के स्थापित विश्वकप विजेता सलामी बल्लेबाज की मौजूदगी का जिक्र करते हुए कहा कि सूर्यवंशी को मौका सही समय आने पर मिलेगा। अय्यर ने कहा मैं वैभव से मैदान के बाहर की चीजों के बारे में बात करता रहता हूं, क्योंकि हर कोई उनसे क्रिकेट के बारे में ही बात करता है और हम जानते हैं कि वह एक खिलाड़ी के तौर पर कितना प्रतिभाशाली और काबिल हैं। इसी वजह से बस उनके बाहर के लाइफस्टाइल, उनके परिवार, वह क्या करता हैं और क्या नहीं, इन चीजों के बारे में बात करने से वह ज्यादा उत्साहित होते हैं क्योंकि इन विषयों पर बात करते समय वह अधिक सहज और असली लगते हैं। भारतीय टी-२० कप्तान ने कहा वह बहुत शांत लड़का है, लेकिन मैदान पर बहुत जबरदस्त क्रिकेट खेलते हैं। उन्हें देखकर यह एक दिलचस्प विरोधाभास लगता है। वह बातचीत करने में बहुत आकर्षक और प्यारा लड़का है और ड्रेसिंग रूम में उनका होना अच्छा लगता है। मुझे पता है कि उनका समय भी आयेगा क्योंकि अभी हम विश्वकप जीतने वाले ओपनर्स के साथ खेल रहे हैं और उन्हें मैदान पर समय मिलना चाहिए। वह अभी भी १५ खिलाड़ियों की टीम में हैं। इसी वजह से निश्चित रूप से जब उनका समय आयेगा तो वह भारतीय क्रिकेट पर छा जायेंगे।

बेघर भी होंगे जनगणना में शामिल-डीएम

मऊ। जनगणना के द्वितीय चरण को सकुशल एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला. धिकारी आनंद वर्द्धन ने कल देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

द्वितीय चरण एक दिसम्बर से चार जनवरी तक

की। बैठक में जनगणना निदेशालय से जनपद के लिए नामित अधिक. ारी कन्हैया जी ने द्वितीय चरण की तैयारियों एवं निर्धारित कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। नामित अधिक. ारी ने बताया कि जनगणना का द्वितीय चरण 01 दिसंबर 2026 से 04 जनवरी 2027 तक संपन्न कराया जाएगा। इसके उपरांत 05 जनवरी से 09 जनवरी 2027 तक पुनरीक्षण कार्यक्रम आयोजित होगा। वहीं स्व-गणना का कार्य 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक किया जाना है। उन्होंने बताया कि 05 से 14 अक्टूबर तक सभी 82 फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण पूर्ण कराया जाना है। इसके साथ ही 18 अक्टूबर तक प्रत्येक चार्ज स्तर पर प्रगणक एवं सुपरवाइजरों की नियुक्ति कर नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे तथा नवंबर के प्रथम सप्ताह तक सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण पूर्ण कराया जाना है। उन्होंने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण में मकान गणना एवं सूचीकरण का कार्य किया गया था, जबकि द्वितीय चरण में व्यक्तियों की गणना की जाएगी। इसके अतिरिक्त 04 जनवरी की मध्य रात्रि तक बेघर व्यक्तियों की गणना भी की जाएगी। द्वितीय



चरण में प्रत्येक व्यक्ति से कुल 40 प्रश्न पूछे जाएंगे। जाति संबंधी प्रश्न के लिए किसी भी प्रकार के दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी और न ही किसी व्यक्ति से दस्तावेज की मांग की जाएगी। बैठक में जिला. धिकारी ने सभी संबंधित अधिका. रियों को जनगणना निदेशालय द्वारा जारी बुकलेट का गहन अध्ययन कर सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों एवं चार्ज आफिसर्स को प्राथमिकता के आधार पर जनगणना से संबंधित सभी कार्य समय से पूर्ण कराने को कहा। जिला. धिकारी ने बेहतर रणनीति तैयार कर प्रत्येक कार्य की समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों की ड्यूटी जनगणना के प्रथम चरण में लगी थी, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर द्वितीय चरण में भी लगाया जाए। प्रथम चरण में मकान गणना एवं सूचीकरण

सभी को करना होगा चालीस सवालों का सामना

का अनुभव होने के कारण ऐसे कार्मिक द्वितीय चरण के कार्यों को अधिक सुगमता से संपन्न करा सकेंगे। जिलाधिकारी ने सभी चार्ज आफिसर्स को जनगणना पोर्टल से संबंधित समस्त प्रक्रियाओं को भली-भांति समझने तथा पोर्टल पर प्रतिदिन दर्ज किए जा रहे आंकड़ों की स्वयं भी जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी आंकड़े शुद्ध एवं सही ढंग से दर्ज किए जाएं, जिससे जनगणना के आंकड़ों में किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। साथ ही प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों की समय से नियुक्ति एवं प्रभावी प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनगणना निदेशालय से नामित अधिकारी को संबंधित अधिकारियों से निरंतर समन्वय स्थापित करते हुए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कराने को कहा। साथ ही किसी भी स्तर पर समस्या आने पर तत्काल नामित अधिकारी से संपर्क कर उसका समाधान कराने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रवेंद्र कुमार, समस्त उप जिलाधिकारी एवं चार्ज आफिसर्स सहित संबंधित अधिक. ारी उपस्थित रहे।

घर और दुकान का ताला तोड़कर चोरी

दोहरीघाट(मऊ)। थाना क्षेत्र के बुढ़ावर गांव में चोरों ने शनिवार की देर रात एक शिक्षिका के किराये के मकान का ताला तोड़कर नकदी, आभूषण, इन्वर्टर-बैट्री, गैस सिलेंडर, टैबलेट समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। वारदात की जानक. ारी रविवार सुबह हुई। ग्रामीणों की सूचना पर शिक्षिका के पति रुपेश सिंह घोसी से बुढ़ावर पहुंचे तो घर का सामान अस्त-व्यस्त मिला और बाहर टूटे ताले पड़े थे। उन्होंने तत्काल 112 नंबर पर काल कर पुलिस को सूचना दी। बाद में थाने पहुंचकर घटना की तहरीर दी। वहीं गोंठा बाजार में विनोद राय के मेडिकल स्टोर का ताला तोड़कर चोरों ने आठ हजार समेत दस हजार का माल उड़ाया। घोसी निवासी रुपेश सिंह की पत्नी तमन्ना सिंह सीएमएस इंटरनेशनल स्कूल में अध्यापिका हैं। वह बुढ़ावर गांव में मोनू विश्वकर्मा के किराये के मकान में रहती हैं। शनिवार को स्कूल के बाद वह अपने घर घोसी चली गई थीं। रविवार को स्कूल की छुट्टी होने के कारण वह बुढ़ावर स्थित मकान पर नहीं आईं। इसी बीच रात में चोरों ने बंद मकान को निशाना बना लिया।

सर्पदंश से छात्रा की मौत

घोसी(मऊ)। कुड़हनी में इण्टर की छात्रा निधि पुत्री मुन्ना गोंड़ उम्र 19वर्ष को सांप ने डंस लिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। वह जिउतिया का थाल सजाने के लिए झोले में रखा सामान निकाल रही थी।

ब्रेकर पर उछल कर ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त, दबकर चालक की मौत

घोसी(मऊ)। घोसी ब्लाक मुख्यालय के सामने शनिवार देर रात तेज रफ्तार सीमेंट लदी ट्रैक्टर-ट्राली ब्रेकर पर उछलकर अनियंत्रित हो गई। देखते ही देखते ट्रैक्टर-ट्राली सड़क पर पलट गई और चालक उसके नीचे दब गया। हादसे में चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।मृतक की पहचान गोंठा निवासी अरविंद यादव उम्र 40वर्ष पुत्र रामसुख के रूप में हुई। बताया गया कि अरविंद यादव इंदारा से ट्रैक्टर-ट्राली पर सीमेंट लादकर अपने घर गोंठा जा रहे थे। शनिवार देर रात करीब 12.30 बजे वह ब्लाक मुख्यालय के सामने पहुंचे। इसी दौरान ब्रेकर पर ट्रैक्टर-ट्राली उछलकर अनियंत्रित हो गई और पलट गई।

संवेदना प्रकट करने पहुंचे अब्बास

रतनपुरा (मऊ)। शनिवार को मार्ग दुर्घटना में मृत इण्टर कालेज के निदेशक जितेंद्र यादव के घर सांत्वना देने सदर विधायक अब्बास अंसारी, जय हिंद यादव, विजेंद्र यादव और कैलाश नाथ यादव पहुंचे।

एसपी का ब्लड प्रेशर डीएम से हाई

मऊ। पुलिस लाइन परिसर में आयोजित वामा सारथी वेलनेस कैंप में रविवार को जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन एवं पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर ने प्रतिभाग कर स्वयं अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। यद्यपि कि दोनों अधिकारी साथ-साथ थे। मगर,पहले एसपी का ब्लड प्रेशर चेक हुआ। इसके बाद डीएम का। डीएम का ब्लड प्रेशर 132/84 तो वहीं एसपी का ब्लड प्रेशर 134/86 रहा। इस प्रकार एसपी का ब्लड प्रेशर डीएम से हाई रहा। शिविर में एलोपैथिक एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा विभाग की टीमों द्वारा पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि नियमित स्वास्थ्य परीक्षण से शरीर में होने वाली बीमारियों का समय रहते पता लगाया जा सकता है, जिससे उनका समय पर बेहतर उपचार संभव होता है। उन्होंने समस्त पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों को प्रत्येक माह आयोजित होने वाले चिकित्सा शि. विर में अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने पुलिस कर्मियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा नियमित रूप से चिकित्सा शिविर में प्रतिभाग कर स्वास्थ्य की जांच कराने की सलाह दी। उन्होंने पुलिस कर्मियों से अपने परिजनों को भी नियमित

वामा सारथी वेलनेस कैम्प में दोनों अधिकारियों ने करायी जांच



स्वास्थ्य परीक्षण के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर ने भी चिकित्सा शिविर में अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। उन्होंने भी पुलिस कर्मियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं का नियमित रूप से लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। जिला अस्पताल के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डाक्टर उमेश कुमार सिंह द्वारा प्रतिभागी 108 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिसमें 51 लोगों को दवा का वितरण करवाया । इसमें प्रमुख रूप से प्रफुल्ल कुमार राय, अवनीश यादव का उल्लेखनीय सहयोग रहा।











नेमडाड़ की चौपाल में गोदभराई



मधुबन(मऊ)। नेमडाड़ में शनिवार की शाम पांच बजे एक चौपाल का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य लोगों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं और जरूरतों को समझ कर निदान करना था । चौपाल में ग्रामवासियों ने अपनी अपनी समस्याओं को सम्बंधित अधिकारियों के समक्ष रखा । आयोजकों ने जन समस्याओं को सम्बंधित स्तर तक पंहुचा कर उन के समाधान के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस दौरान उपस्थित ग्रामवासियों ने सवाद और जनहित के मुद्दे पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया। मुख्य अतिथि एडीओ एसबी अजय गुप्ता ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से आम जन मानस से जुड़ कर उन की समस्याओं को समझने और उस को उचित मंच तक ले जाने का प्रयास आगे भी जारी रहेगा। गर्भावती महिलाओं को चुनरी ओढ़ा कर गोद भराई की रस्म अदा किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य अधिक्षक फतहपुर मण्डाव राजीव कुमार पांडे, आई एस बी गुलाबचंद, ए डी एस बी रवि भूषण शुक्ला, ग्राम पंचायत अधिकारी प्रभान्स यादव, आमिर अख्तर महताब आलम, अब्दुल्लाह खा सहित तमाम अधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

शांतिभंग की आशंका में चार गिरफ्तार

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फुलवरिया में जावेद गालिबपुर में मेटियर रहमान पुत्र मुजीब एवं हबीब खान तथा दूसरे पक्ष के दानिश पुत्र नूर मोहम्मद का शांतिभंग में न्यायालय चालान किया है। इस प्रकार पुलिस ने चार लोगों का शांतिभंग में न्यायालय चालान किया।

चार साल तक युवती को लेकर सूरत में रहा, अब एफआईआर

मधुबन (मऊ)। सद्दोपुर बसदेव निवासी ममता देवी पत्नी महातम का आरोप है कि 08 फरवरी 2020 को मेरी लड़की को गांव का ही लड़का घनश्याम राजभर पुत्र केशव राजभर बहला फुसला एवं शादी का झासा देकर गुजरात ले कर भाग गया था। इस बाबत थाना पर शिकायत किया गया था। मगर कोई कारवाई नहीं हुई थी । घनश्याम सूरत स्थित एक क्वाटर में रख कर चार साल तक मेरी बेटी को प्रताड़ित करता रहा । उसके बाद अपने साथी ललित पुत्र अज्ञात निवासी गुरवल थाना पहाड़पुर जनपद फतहपुर को पैसे के लालच में डरा धमका कर सौंप दिया । उसके बाद भी घनश्याम मेरी लड़की पर अवैध काम करने का दबाव बनाने लगा । घनश्याम की बहन मनीषा भी इसमें शामिल है । मनीषा भी मेरी लड़की को मारती पीटती एवं धमकी देती थी । इस बाबत 05 सितम्बर 2026 को महिला थाना में शिकायत किया। मगर,कोई कारवाई नहीं किया गया। इस मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर भाई बहन के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

४२ वाहनों का चालान

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। पुलिस ने वाहन चेकिंग में 42 मोटरसाइकिलों का चालान किया।

त्योहारों में नयी परंपरा नहीं

घोसी(मऊ)। दुर्गा पूजा, दशहरा और रामलीला को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर रविवार को घोसी कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। क्षेत्राधिक. ारी सत्येंद्र भूषण तिवारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान किसी भी नई परंपरा की शुरुआत नहीं की जाएगी। मूर्ति स्थापना और जुलूस पूर्व निर्धारित स्थान एवं मार्ग से ही निकाले जाएंगे। क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र भूषण तिवारी ने कहा कि दुर्गा पूजा, दशहरा, दीपावली और छठ पर्व आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मनाएं। दवा विक्रेता कल्याण समिति के अध्यक्ष अरविंद पांडेय ने तेज आवाज में डीजे बजने से होने वाली परेशानी का मुद्दा उठाया। वहीं सुधीर श्रीवास्तव और अतुल शर्मा ने बिजली के लटकते तारों की समस्या अधिकारियों के सामने रखी। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आवश्यक कारवाई के निर्देश दिए।त्योहारों को देखते हुए साफ-सफाई, बिजली और पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में तहसीलदार अनीश सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रविंद्रनाथ राय, चेयरमैन मुन्ना प्रसाद गुप्ता, अमिला चेयरमैन डा. रामजतन, अवर अभियंता माजिद समेत पूजा समितियों के पदा. धिकारी और क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

राज्य स्तरीय जूनियर बालिका हाकी प्रतियोगिता का डीएम ने किया शुभारम्भ

मऊ। रविवार को प्रातः 10 बजे डा. भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम, मऊ में राज्य स्तरीय जूनियर बालिका हाकी प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला. धिकारी आनन्द वर्द्धन ने किया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश की 20 से अधिक टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। 4 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक चलने वाली यह प्रतियोगिता प्रदेश की उभरती हुई महिला हाकी प्रतिभाओं को अपनी खेल क्षमता, अनुशासन, टीम भावना और प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी। उद्घाटन समारोह में जिलाधिक.



ारी , पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर, जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष जमाल अर्पण, जिला क्रीड़ा अधिकारी, हाकी अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह, सेक्रेटरी हाजी मुनव्वर, महमूद आलम , जिला संघ के आनंद सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

दीवार गिरी,वृद्धा घायल

मुहम्मदाबाद गोहना(मऊ)। ब्लाक क्षेत्र के खुशामदपुर गांव में शनिवार रात लगभग 12 बजे मिट्टी की जर्जर दीवार अचानक भरभराकर गिरने से उसके बगल में चौकी पर सो रही मुनाकी उम्र 65वर्ष मलबे में दब गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों और आस-पास के लोगों ने किसी तरह मलबा हटाकर वृद्धा को बाहर निकाला। हादसे में वृद्धा को चोटें आई हैं। परिजनों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। आवास योजना का लाभ न मिलने से वृद्धा जर्जर मकान में रह रही है।

कोटेदार कल्याण समिति के अध्यक्ष बने अरविन्द

रतनपुरा (मऊ)। कोटेदार कल्याण समिति रतनपुरा ब्लाक की नई कार्यकारिणी का गठन जिलाध्यक्ष सुभाष पटेल की अध्यक्षता में थलईपुर स्थित कोटेदार राकेश मद्धेशिया के आवास पर आयोजित बैठक में किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से अरविंद कुमार सिंह अइलख को ब्लाक अध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों का कोटेदारों ने फूल-माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। गठित कार्यकारिणी में राजकुमार मद्धेशिया एवं अखिलेश चौहान को उपाध्यक्ष, सुभाष को महामंत्री, धुपेन्द्र सिंह को संगठन मंत्री तथा संजय कुमार मद्धेशिया रिंकू को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके साथ ही आय-व्यय निरीक्षक गांधी विकास सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन किया गया।

ठगी के रुपये पुलिस ने कराये वापस

मुहम्मदाबाद गोहना(मऊ)। कोठिया के विन्ध्याचल यादव का ठगा गया 17723रूपये पुलिस ने वापस करा दिया। सुरहुरपुर निवासी बासुकीनाथ तिवारी का ठगा गया सात हजार रूपये पुलिस ने वापस करा दिया।

गांव की सफाई में दिव्यांग की तैनाती, कैसे करें सफाई

मधुबन (मऊ)। ब्लाक क्षेत्र फतहपुर मण्डाव अंतर्गत ग्राम पंचायत नेमडाड़ में एक विकलांग (नाबिना) सफाईकर्मी तैनात है । ग्रामीण महताब आलम, इकबाल हाज़ी, रामसेवक, कमलेश, गुलाब,मनोज आदि का कहना है कि विकलांग सफाई कर्मी की तैनाती के वजह से गली कूंचों में जगह-जगह गंदगी का अम्बार लगा हुआ है। इस बाबत ग्राम प्रधान जाकिर हुसैन से बात किया गया तो उन्होंने बताया की पांच हज़ार आबादी वाले इस गांव में एक विकलांग सफाई कर्मी है जो चलने का मोहताज है। वह साफ-सफाई क्या करेंगा । कई बार लिखित शिकायत किया गया। मगर, अभी तक कोई सफाई कर्मी नहीं आया। पांच हजार की आवादी वाले गांव में सफाई व्यवस्था का कोई पुरसाहाल नहीं दिख रहा है।

संक्षिप्त समाचार

रास्ता खराब होने से श्रद्धालुओं को परेशानी

अमिला (मऊ)।नगर के अमिला-बोझी मुख्य मार्ग से सटे मोहल्ले में 51 कीट ऊंची बजरंगबली की प्रतिमा के सामने गंदा पानी बहने से श्रद्धालुओं को भी आने-जाने में दिक्कत हो रही है।सामाजिक कार्यकर्ता रिसु राय ने बताया कि प्रतिमा के सामने सड़क की हालत काफी जर्जर है।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत

दोहरीघाट(मऊ)। रविवार को भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष विधान परिषद सदस्य डाक्टर धर्मेंद्र सिंह का गोरखपुर से आजमगढ़ जाते समय दोहरीघाट घाघरा पुल पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गगन भेदी नारे के साथ फूल मालाओं से लाद कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संतोष राय ,हिमांशु राय ,विकास वर्मा ,पप्पू गुप्ता ,राकेश गुप्ता, उज्जवल जयसवाल ,आदर्श राय ,सुभाष चौहान, पारस चौहान, श्रृंगेश साहनी ,अश्वनी चौहान, रामसरीख, काशी गुप्ता, आकाश आदि लोग शामिल रहे।

शिविर में १६८ मरीजों की जांच

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। तहसील के चारों स्वास्थ्य केन्द्र पर 168 मरीजों की जांच कर दवाएं दी गयी। इस मौके पर डा.फैयाज अहमद,डाक्टर जावेद अहमद, डाक्टर संजय चौहान, डाक्टर बलवंत, फार्मासिस्ट सूबेदार सरोज, उपासना राय ,रितेश कुमार राय, सरोज यादव, जेपी मौर्य समेत अस्पताल की एएनएम स्टाफ नर्स विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर उपस्थित रहे।

सर्वपितृविसर्जन

पितृऋण से मिलेगी मुक्ति, पितरों की प्रसन्नता से आयेगी जीवन में खुशहाली



पूर्वजों की आत्मशान्ति के लिए आश्विन कृष्णपक्ष की प्रतिपदा से अमावस्या तिथि तक श्रद्धा के साथ विधि-विधानपूर्वक श्राद्ध करने की परम्परा है। आश्विन मास की अमावस्या तिथि के दिन सर्वपितृविसर्जन करने का विधान है। इस दिन किये गये श्राद्ध से पितृगण प्रसन्न होकर जीवन में सुख-सौभाग्य का आशीर्वाद देते हैं। सनातन धर्म में हिन्दू मान्यता के अनुसार प्रत्येक शुभ व मांगलिक आयोजन पर भी पितरों को निमंत्रित कर पूजा करने की धार्मिक मान्यता है। प्रख्यात ज्योतिषविद् श्री विमल जैन जी ने बताया कि शनिवार, 10 अक्तूबर को सर्वपितृविसर्जनी अमावस्या है। आश्विन कृष्णपक्ष की अमावस्या तिथि शुक्रवार, 9 अक्तूबर को रात्रि 9 बजकर 36 मिनट पर लगेगी जो कि अगले दिन शनिवार, 10 अक्तूबर को रात्रि 9 बजकर 20 मिनट तक रहेगी। हस्त नक्षत्र शुक्रवार, 9 अक्तूबर को रात्रि 9 बजकर 20 मिनट से शनिवार, 10 अक्तूबर को रात्रि 9 बजकर 43 मिनट तक रहेगा। महालया की समाप्ति शनिवार, 10 अक्तूबर को हो जायेगी। आज अमावस्या के दिन अज्ञात तिथि (जिन परिजनों की मृत्यु तिथि मालूम न हो या जिन्होंने किसी कारणवश अपने पितरों का श्राद्ध न कर पाये हों) वालों का श्राद्ध आज शनिवार, 10 अक्तूबर को विधि-विधानपूर्वक किया जायेगा। पितृपक्ष में किसी कारणवश माता-पिता, दादा-दादी एवं अन्य परिजनों का श्राद्ध न कर पाये हों, उन्हें आज के दिन अमावस्या तिथि पर श्राद्ध करके पितृऋण से मुक्ति पानी चाहिए। अमावस्या तिथि के दिन श्राद्ध करने से अपने कुल व परिवार के सभी पितरों का श्राद्ध मान लिया जाता है। ज्योतिषविद् विमल जैन जी ने बताया कि आज के दिन त्रिपिण्डी श्राद्ध करने का भी विशेष महत्व है। त्रिपिण्डी में तीन पूर्वज-पिता, दादा एवं परदादा को तीन देवताओं का स्वरूप माना गया है। पिता को वसु, दादा को रुद्र देवता तथा परदादा को आदित्य देवता के रूप में माना जाता है। श्राद्ध के समय यही तीन स्वरूप अन्य सभी पूर्वजों के प्रतिनिधि माने गये हैं। अमावस्या तिथि पर ब्राह्मण को निमन्त्रित करके उन्हें भोजन करवाने की धार्मिक मान्यता है। ब्राह्मण को भोजन करवाने के पूर्व देवता, गाय, कुत्ता, कौआ व चींटी के लिए श्राद्ध के बने भोजन को पत्ते पर निकाल देना चाहिए जिसे पंचबलि कर्म कहते हैं। पंचबलि कर्म में कौअे के लिए निकाला गया भोजन कौओं को, कुत्तों के लिए निकाला गया भोजन कुत्तों को तथा शेष निकाला गया भोजन गाय को खिलाना चाहिए। तत्पश्चात् निमंत्रित ब्राह्मण को भोजन करवाने का विधान है। ऐसी मान्यता है कि श्राद्ध अपने ही घर पर अथवा नदी या गंगा तट पर करना चाहिए, दूसरों के घर पर किया गया श्राद्ध फलदायी नहीं होता।

श्राद्धकृत्य का विधान- श्राद्धकृत्य में 1, 3, 5 या 16 योग्य ब्राह्मणों को निमंत्रित करके उन्हें भोजन करवाने का विधान है। जिसमें दूध व चावल से बने खीर अति आवश्यक है। इसके अतिरिक्त दिवंगत परिजनों, जिनका हम श्राद्ध करते हैं, उनके पसन्द का सात्विक भोजन ब्राह्मण को करवाना चाहिए। श्राद्धकृत्य में लोहे का बर्तन इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। साथ ही भोजन की वस्तुओं में अरहर, उड़द, मसूर, कद्दू (गोल लौकी), बैंगन, गाजर, शलजम, सिंघाड़ा, जामुन, अलसी, चना, काला नमक, हींग आदि का भी इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। लहसुन, प्याज रहित शुद्ध, सात्विक एवं शाकाहारी भोजन बनाया जाता है। भोजन में मिष्ठान्न का होना अति आवश्यक है। ब्राह्मण को भोजन करवाने के पश्चात् उन्हें यथासामर्थ्य अन्न, वस्त्र, नवीन पात्र, गुड़, नमक, देशी घी, सोना, चांदी, तिल व नकद द्रव्य आदि दक्षिणा के साथ देकर उनसे आशीर्वाद लेना चाहिए। जो किसी कारणवश श्राद्ध न करा पायें तो ब्राह्मण को भोजन के प्रयोग में आने वाली समस्त सामग्री जैसे आटा, दाल, चावल, शुद्ध देशी घी, चीनी, गुड़, नमक, हरी सब्जी, फल, मिष्ठान्न आदि अन्य उपयोगी वस्तुओं के साथ वस्त्र व नकद द्रव्य देकर उनसे आशीर्वाद लेना चाहिए, जिससे पितरों को सन्तुष्टि मिलती है। जो भी व्यक्ति पितरों के नाम से ब्राह्मण भोजन करवाते हैं, पितर उन्हें सूक्ष्मरूप से ग्रहण कर लेते हैं। सायंकाल मुख्य द्वार पर भोज्य सामग्री रखकर दीपक जलाया जाता है, जिससे पितृगण तृप्त व प्रसन्न रहें और उन्हें जाते समय प्रकाश मिले। श्राद्ध अपने द्वारा उपार्जित धन से किया जाना फलदायी होता है। जो व्यक्ति विधि-विधानपूर्वक श्राद्ध करने में असमर्थ हों, उन्हें चाहिए कि प्रातःकाल स्नानादि के पश्चात् काले तिलयुक्त जल से दक्षिण दिशा की ओर मुख करके तिलांजलि देकर अपने पितरों को याद करके उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करनी चाहिए तथा अपने दोनों हाथ ऊपर उठाकर सूर्यादि दिक्पालों से यह कहकर कि मेरे पास धन, शक्ति एवं अन्य वस्तुओं का अभाव है, जिसके फलस्वरूप मैं श्राद्धकृत्य नहीं कर पा रहा हूं। हाथ जोड़कर श्रद्धा के साथ पितृगणों को प्रणाम करना भी पितरों को सन्तुष्ट करना माना गया है। जिनकी जन्मकुण्डली में पितृदोष हो, उन्हें आज के दिन विधि-विधानपूर्वक श्राद्धकृत्य अवश्य करना चाहिए। इस दिन सादगी के साथ रहते हुए समस्त श्राद्धकृत्य सम्पन्न करके अपने पूर्वजों को याद करके उनके प्रति समर्पित रहना चाहिए, जिससे पितृगण प्रसन्न होकर जीवन में सुख-समृद्धि, खुशहाली का आशीर्वाद देते हैं।



तीन पूर्वज- पिता, दादा एवं परदादा को तीन देवताओं का स्वरूप माना गया है। पिता को वसु, दादा को रुद्र देवता तथा परदादा को आदित्य देवता के रूप में माना जाता है। श्राद्ध के समय यही तीन स्वरूप अन्य सभी पूर्वजों के प्रतिनिधि माने गए हैं।





इन्दिरा एकादशी

आत्म श्राद्ध या जीवित श्राद्ध का क्या है अर्थ

भारतीय सनातन परम्परा के हिन्दू धर्मग्रन्थों में हर माह के विशिष्ट तिथि की खास पहचान है। हिन्दू धर्मग्रन्थों के अनुसार तिथियों का सम्बन्ध किसी न किसी देवी-देवताओं से जुड़ा है। तिथि विशेष पर पूजा-अर्चना करके सुख-समृद्धि की प्राप्ति की जाती है। आश्विन मास के कृष्णपक्ष की एकादशी तिथि इन्दिरा एकादशी नाम से जानी जाती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार जो इस इन्दिरा एकादशी का व्रत करके व्रत का पुण्य अपने पितरों को समर्पित करता है उनके पितरों को मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है तथा व्रतकर्ता को भी मृत्योपरान्त मुक्ति मिलती है। प्रख्यात ज्योतिषविद् विमल जैन जी ने बताया कि आश्विन मास के कृष्णपक्ष की एकादशी तिथि 5 अक्तूबर, सोमवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 2 बजकर 8 मिनट पर लगेगी जो 6 अक्तूबर, मंगलवार को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 12 बजकर 35 मिनट तक रहेगी, तत्पश्चात् द्वादशी तिथि लग जायेगी। आश्लेषा नक्षत्र 5 अक्तूबर, सोमवार को रात्रि 11 बजकर 10 मिनट से 6 अक्तूबर, मंगलवार को रात्रि 10 बजकर 18 मिनट तक रहेगा, तत्पश्चात् मघा नक्षत्र लग जायेगा। सिद्धयोग 6 अक्तूबर, मंगलवार को प्रातः 7 बजकर 21 मिनट से सम्पूर्ण दिन रहेगा। 6 अक्तूबर, मंगलवार को एकादशी तिथि का मान होने से इन्दिरा एकादशी का व्रत इसी दिन रखा जायेगा। व्रतकर्ता को संकल्प के साथ व्रत करना चाहिए। सूर्योदय के पूर्व ब्रह्म मुहूर्त में तिथि विशेष पर अपने



दैनिक कृत्यों से निवृत्त हो स्वच्छ जल या गंगाजल से स्नानादि कर स्वच्छ (धुले हुए) वस्त्र धारण करना चाहिए। श्रीगणेशजी का ध्यान करके अपने दाहिने हाथ में जल, पुष्प, फल, गन्ध व कुश लेकर इन्दिरा एकादशी के व्रत का संकल्प लेना चाहिए। इन्दिरा एकादशी के दिन विशेषकर भगवान श्रीविष्णुजी की पूजा-अर्चना करनी चाहिए। उनकी महिमा में श्रीविष्णु सहस्रनाम, श्रीपुरुषसूक्त तथा श्रीविष्णुजी से सम्बन्धित मन्त्र 'ॐ श्रीविष्णवे नमः' या 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' का जप अधिक से अधिक संख्या में करना चाहिए। सम्पूर्ण दिन निराहार रहकर व्रत सम्पन्न करना चाहिए। व्रत का पारण द्वादशी तिथि के दिन किया जाता है। जैसा कि धार्मिक व पौराणिक मान्यता है एकादशी तिथि के दिन किसी भी रूप में चावल ग्रहण नहीं करना चाहिए। इस दिन दूध या फलाहार ग्रहण करना चाहिए। व्रत के दिन व्रतकर्ता को दिन में शयन नहीं करना चाहिए। इन्दिरा एकादशी के व्रत व भगवान श्रीविष्णुजी की विशेष कृपा से व्रतकर्ता के पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है और व्रतकर्ता को भी मृत्योपरान्त मुक्ति मिलती है। व्रतकर्ता को अपने जीवन में मन-वचन कर्म से पूर्णरूपेण शुचिता बरतते हुए यह व्रत करना विशेष पुण्य फलकारी बताया गया है। आज के दिन ब्राह्मण को यथा सामर्थ्य उपयोगी वस्तुओं का दान करना चाहिए, साथ ही दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए। एक समय राजा इन्द्रसेन ने सपने में अपने पिता को नरक की यातना भोगते देखा। पिता ने कहा कि मुझे नरक से मुक्ति दिलाने के उपाय करो। राजा इंद्रसेन ने नारद मुनि के सुझाव पर आश्विन महीने की कृष्ण पक्ष की एकादशी का व्रत किया और इस व्रत से प्राप्त पुण्य को अपने पिता को दान कर दिया। इससे इंद्रसेन के पिता नरक से मुक्त होकर भगवान विष्णु के लोक बैकुंठ में चले गये।

अभी पितृ पक्ष चल रहा है और इसमें लोग अपने पूर्वजों और पितरों की आत्मा की शान्ति के लिए श्राद्ध करते हैं। श्राद्ध का अर्थ होता है- पितरों का स्मरण करना, उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करना। इससे ना केवल पितरों की कृपा प्राप्त होती है, बल्कि पितरों की आत्मा को मोक्ष और मुक्ति भी मिलती है। लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं जो जीते-जी अपना श्राद्ध करते हैं। इसे आत्म श्राद्ध कहा जाता है। लेकिन सवाल यह है कि एक जीवित व्यक्ति जीते-जी अपना श्राद्ध क्यों करता है, जबकि श्राद्ध मरने के बाद किया जाता है? क्या इससे उसकी आत्मा पर कोई असर पड़ता है? आत्म श्राद्ध या जीवित श्राद्ध का अर्थ है - व्यक्ति द्वारा मृत्यु से पहले ही अपने नाम से पितृ कर्म या पिंडदान करना। अक्सर यह देखा गया है कि इस संसार में हर कोई अपना वंश इसलिए बढ़ाना चाहता है, ताकि जब वह मृत्यु को प्राप्त हो, तो इस धरती पर कोई उसका नाम लेने वाला हो। वंशवाद का यही फायदा होता है कि वही वंशज मृत्यु के बाद उनका श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करते हैं। समय-समय पर वे अपने उस पूर्वज के प्रति सम्मान प्रकट करते हैं। किसी की आने वाली पुश्त नहीं चाहती कि उनके पूर्वजों की आत्मा इधर-उधर भटकती रहे या कष्ट में रहे, या फिर उन पूर्वजों का दोष उनके जीवन पर लगे। इसलिए वे अपने सभी पितरों की आत्मा की शान्ति के लिए श्राद्ध करते हैं। लेकिन कुछ लोगों के साथ ऐसा होना संभव नहीं हो पाता



क्योंकि या तो वे अपने वंशजों से इन अनुष्ठानों की अपेक्षा नहीं करते या फिर कुछ की पीढ़ी भी अपने पूर्वजों का श्राद्ध करने या उन्हें याद रखने की चाहत नहीं रखती। ऐसे में, उस व्यक्ति के पास एक ही विकल्प बचता है कि वह जीवित रहते हुए खुद का श्राद्ध कर ले, ताकि मरने के बाद उसका मृत्यु संस्कार अधूरा ना रह जाय। इसके लिए शास्त्रों में आत्म श्राद्ध का नियम भी है। आत्म श्राद्ध अक्सर संन्यास या वैराग्य अपनाने वाले लोग करते हैं क्योंकि वो अपने संन्यासी जीवन जीने के लिए अपने परिवार से सभी संबंध तोड़ लेते हैं। ऐसे में उनके जीवन में उनका श्राद्ध करने के लिए कोई नहीं बचता। इसके अलावा आत्म श्राद्ध वो भी करते हैं, जिनकी कोई संतान नहीं होती या कोई भी वंशज नहीं होता। उन्हें पता होता है कि मृत्यु के बाद उनका कोई श्राद्ध करने वाला नहीं होगा। इसलिए, आत्म श्राद्ध का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मृत्यु के बाद उसकी आत्मा को शांति और मोक्ष प्राप्त हो। गया (बिहार) के जनार्दन मंदिर में आत्म श्राद्ध की परंपरा सबसे प्रसिद्ध है। यहां जीवित व्यक्ति अपने लिए पिंडदान कर सकता है। मान्यता है कि भगवान विष्णु स्वयं मृत्यु के बाद उस आत्मा के पिंड को स्वीकार करते हैं और उसे मोक्ष प्रदान करते हैं। कई लोगों में यह भी अवधारणा होती है कि अगर कोई आत्म श्राद्ध करता है, तो शायद उस आत्मा को वैसी गति प्राप्त नहीं होगी, जैसी उनलोगों को प्राप्त होती है जिनके वंशज होते हैं। गया में होने वाले आत्मश्राद्ध की परंपरा यह दर्शाती है कि आत्म श्राद्ध करने वाले को भी वही गति प्राप्त होती है, जो बाकी आत्माओं को प्राप्त होती है। श्राद्ध का मूल भाव पूर्वजों के प्रति श्रद्धा प्रकट करना होता है, उन्हें इस बात के लिए धन्यवाद देना होता है कि उनके कारण आपको इस धरती पर एक पहचान मिली, नाम और वजूद मिला। उसके बदले वंशज श्राद्ध करने अपने पूर्वजों को शुक्रिया कहते हैं और उनके आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना करते हैं। श्राद्ध करना जीवित वंशजों के लिए ज्यादा सार्थक है, बजाय इसके जिनको मृत्यु प्राप्त हो चुकी है। इसलिए, धार्मिक रूप से श्राद्ध से आत्मा की स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ता, बल्कि मनुष्य का कर्म मृत्यु के बाद उसकी आत्मा की गति पर असर डालते हैं।

व्रत और उपवास

व्रत और उपवास को एक समझा जाता है जबकि इनके नियम और उद्देश्य भिन्न हैं। व्रत किसी मनोकामना पूर्ति के लिए होता है जबकि उपवास का लक्ष्य आध्यात्मिक शुद्धि और ईश्वर के समीप रहना है।

हिंदू धर्म में देवी-देवताओं की पूजा और त्योहारों के दौरान व्रत रखा जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, सच्चे मन से व्रत करने से व्यक्ति को जीवन में शुभ परिणाम मिलते हैं और देवी-देवताओं की कृपा प्राप्त होती है, जिससे सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। व्रत के दौरान कठिन नियमों का पालन करना जरूरी होता है। मान्यता है कि नियमों को नजरअंदाज करने से व्रत का पूर्ण फल प्राप्त नहीं होता। अक्सर लोग व्रत और उपवास को एक ही समझ लेते हैं, जबकि इनके नियम, महत्व और उद्देश्य एक-दूसरे से पूरी तरह अलग हैं। आइए से जानते हैं कि इन दोनों में क्या अंतर है।



व्रत- व्रत किसी विशेष मनोकामना की पूर्ति के लिए किया जाता है। यह पूरी तरह से व्यक्ति द्वारा लिए गये संकल्प पर आधारित होता है। व्रत के दौरान ब्रह्मचर्य से जुड़े नियमों का पालन करना अनिवार्य है। इसमें भोजन का पूरी तरह त्याग नहीं किया जाता, बल्कि एक विशेष आचरण और संयम का पालन करने का कठोर संकल्प लिया जाता है।

उपवास- उपवास शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है उप का अर्थ समीप और वास का अर्थ बैठना या रहना। इसका मतलब है कि ईश्वरके समीप रहना। उपवास का मुख्य उद्देश्य आत्मा की उन्नति और आध्यात्मिक शुद्धि है। उपवास के दौरान सांसारिक नियमों से दूर रहकर अन्न और जल का त्याग किया जाता है। इसके नियम अत्यंत कठिन होते हैं और इसके माध्यम से व्यक्ति परमात्मा से जुड़ने का प्रयास करता है। व्रत और उपवास की शुरुआत करने से पहले स्नान करने के बाद हाथ में जल लेकर व्रत का संकल्प जरूर लेना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि संकल्प न लेने से अनुष्ठान पूरा नहीं माना जाता। इसके अलावा व्रत और उपवास के दौरान ब्रह्मचर्य से जुड़े नियमों का पालन करना चाहिए। किसी के बारे में गलत न सोचें और किसी से वाद-विवाद न करें। व्रत और उपवास के दौरान काले रंग के कपड़े न धारण करें। इसके अलावा किसी को अपशब्द न बोलें। महिलाओं और बड़े-बुर्जगों का अपमान न करें। ऐसा न करने से व्रत का शुभ परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

वेदों में ईश्वर की व्याख्या

हिन्दू धर्म में वेदों को सबसे प्राचीन और विश्वसनीय धार्मिक और दार्शनिक ग्रंथों में गिना जाता है। वेदों में लिखी बातें बहुत हद तक हिन्दू धर्म का आधार है लेकिन आज ईश्वर को लेकर अलग-अलग विश्वास है, सम्प्रदाय और मान्यताएं हैं, ईश्वर के अलग-अलग स्वरूप और शक्तियां हैं। तो, क्या वेद ईश्वर से जुड़ी इन मान्यताओं का समर्थन करता है या ईश्वर को लेकर उसकी अवधारणा बहुत ही अलग है? धार्मिक पुराणों में ईश्वर के रूप, गुण, शक्तियों इत्यादि का बखान मिलता है, लेकिन क्या वेद भी ईश्वर को इसी तरह दर्शाता है? वेदों में आखिर ईश्वर के बारे में क्या बताया गया है और आज की मान्यताओं से वह कितना अलग है, आज हिन्दू समाज भले ही अलग-अलग देवी-देवताओं की मूर्तियां बनाकर उनकी पूजा कर रहा है, लेकिन वेदों में पुराणों की तरह ईश्वर की महिमा और शक्तियों का बखान नहीं मिलता है। वेदों में ईश्वर को अनंत, निराकार, सर्वव्यापी और सच्चिदानंद स्वरूप जरूर बताया गया है, लेकिन वेदांत दर्शन ईश्वर को निर्गुण और सत्ताहीन ब्रह्म भी मानता है। वेदों के अनुसार ईश्वर के पास कोई शक्तियां नहीं है, कोई गुण या उसकी प्रकृति नहीं है, जिससे वो चमत्कार कर सके या खुद की उपस्थिति दर्शा सके। जबकि वहीं पुराणों में सगुण रूपों (शिव, विष्णु, शक्ति आदि) की उपासना का महत्व बताया गया है, जिनके पास ख़ास प्रकृति और शक्तियां हैं। ऋग्वेद में ईश्वर के सगुणी होने या अनेक रूपों के होने के बजाय आत्मा और परमात्मा के एकत्व पर जोर दिया गया है। अहं ब्रह्मास्मि जैसे मंत्र इस बात की व्याख्या करते हैं कि आत्मा और परमात्मा में कोई भेद नहीं किया गया है। जो स्वयं को जानता है, वह ईश्वर को भी जानता है क्योंकि ईश्वर केवल एक चेतना हैं जो सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में हो रही घटनाओं के साक्षी हैं। ऐसा नहीं है कि वेदों में देवताओं का वर्णन नहीं मिलता, बल्कि वेदों में प्रकृति से जुड़े अग्नि, इंद्र, वरुण, सूर्य, उषा आदि



देवताओं की स्तुतियां मिलती हैं। लेकिन वेदों में ऐसे गहरे दार्शनिक विचार भी हैं जो एक परम सत्य और सृष्टि के मूल कारण को समझने का प्रयास करते हैं। वेदों में देवताओं के लिए %देव% शब्द का प्रयोग मिलता है। लेकिन इन देवताओं को यूं ही किसी शक्ति से जोड़कर उसकी उपासना करने नहीं बताया गया है, बल्कि वेदों में ऋषि उस व्यापक सत्य की खोज भी करते हैं जो पूरे अस्तित्व के पीछे है। वैदिक मंत्रों में देवताओं को ब्रह्मांडीय शक्तियों और प्रकृति के विभिन्न आयामों से भी जोड़ा गया है। अग्नि केवल अग्नि नहीं, बल्कि यज्ञ और देवताओं तक पहुंचने वाले माध्यम के रूप में भी वर्णित हैं। सूर्य प्रकाश और जीवन से जुड़े हैं। वरुण ऋत और नैतिक-ब्रह्मांडीय व्यवस्था से जुड़े दिखाई देते हैं। यहाँ %ऋत% का सामान्य अर्थ ब्रह्मांडीय व्यवस्था, सत्य और वह नियम माना जाता है, जिसके अनुसार संसार चलता है। ऋग्वेद में ब्रह्मांडीय सत्ता और विराट पुरुष का वर्णन ऋग्वेद के प्रसिद्ध मंत्र में कहा गया है -इसका सामान्य भावार्थ है - सत्य एक है, ज्ञानी उसे अनेक नामों से पुकारते हैं। इस मंत्र में अग्नि, यम और मातरिश्वा आदि नामों का उल्लेख आता है। ऋग्वेद का नासदीय सूक्त (10.129) सृष्टि की उत्पत्ति से जुड़े सबसे प्रसिद्ध वैदिक चिंतन में से एक है। इसमें ऋषि उस समय की कल्पना करते हैं, जब ब्रह्माण्ड में कुछ भी अस्तित्व में नहीं था। फिर प्रश्न उठता है कि यह सृष्टि आखिर उत्पन्न कैसे हुई? सूक्त के अंतिम भाग में एक सवाल सामने आता है कि सृष्टि की वास्तविक उत्पत्ति को कौन जानता है। इस सवाल के जवाब में देवताओं का अस्तित्व भी सृष्टि के बाद माना जाता है। ऋग्वेद के पुरुष सूक्त (10.90) में एक विराट पुरुष का वर्णन मिलता है। यह पुरुष सामान्य व्यक्ति नहीं, बल्कि एक ऐसी ब्रह्मांडीय सत्ता के रूप में वर्णित है जिसका संबंध संपूर्ण सृष्टि से है। सूक्त में कहा गया है कि विराट पुरुष के यज्ञ से ब्रह्मांडीय व्यवस्था और विभिन्न सृष्टि गत तत्वों की अभिव्यक्ति हुई। बाद की भारतीय दार्शनिक परंपराओं में इस सूक्त को ब्रह्मांड, चेतना और परम सत्ता से जुड़े विचारों के लिए महत्वपूर्ण माना गया।